www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 6 फरवरी 2025 । वर्ष – 66 । अंक– 291 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



अमेरिका में भारतीय नागरिकों को प्रताड़ित करने का विरोध करे केंद्र: कांग्रेस पृष्ठ 2
■ लोकतंत्र को निगलता पूंजीवाद
■ बजट 2025-26 में भारी कर छूट का मोदी का दांव क्यों विफल पृष्ठ 6
■ ट्रंप ने की ईरान को समझौते की पेशकश, विनाश की धमकी भी दी पृष्ठ 7
रोहित और विराट से इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद पृष्ठ 8

# दिल्ली में सरकार पर सस्पेंस

## डीबी लाइव के सर्वे में आप को बहुमत, कई सर्वे भाजपा के तो कुछ आम आदमी पार्टी के पक्ष में

- सर्वे को लेकर भी पैदा हुआ सस्पेंस
- 70 विस सीटों के लिए 699 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद
- आठ फरवरी को आएंगे चुनावी नतीजे



**नई दिल्ली**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोटिंग पूरी हो गई है। देर रात तक 58 प्रतिशत मतदान हुआ। वोटिंग के दौरान सीलमपुर में फर्जी वोटिंग को लेकर भाजपा और आप समर्थक आमने सामने आ गए। वोटिंग खत्म होने के बाद अधिकांश टीवी चैनलों की तरफ से एग्जिट पोल जारी किए गए। लेकिन इन पोल्स में भी तस्वीर पूरी तरह से साफ होते नहीं दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि कुछ एग्जिट पोल आप की सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं तो कुछ भाजपा के पक्ष में परिणाम बता रहे हैं। डीबी लाइन ने भी इलेक्ट लाइन के साथ एग्जिट पोल किया। और डीबी लाइन के एग्जिट पोल में लगातार चौथी बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनते दिखाई दे रही हैं। डीबी लाइव के सर्वे में आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा 46 प्रतिशत वोट मिलते दिख रहे हैं उसे 40 से 46 सीटेंमिलने का अनुमान हैं। भाजपा का वोट शेयर और सीट दोनों ही बढ़ती दिखाई दे रही है। एग्जिट पोल में भाजपा को 41 प्रतिशत वोट मिलता दिख रहा है उसे 22 से 28 सीट मिल सकती है। कांग्रेस का वोट शेयर 2020 की तुलना में दोगुना हो जाएग। पार्टी को 8 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है लेकिन कांग्रेस के लिए इस बार भी खाता खोलना मुश्किल दिखाई दे रहा है। डीबी लाइव के सर्वे में आप को 0 से 2 सीट मिलती दिख रही है। निर्दलीय और अन्य के हिस्से

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधान न्यायाधीश ने किया मतदान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, केंद्रीय मंत्रियों एस जयशंकर और हरदीप सिंह पुरी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद

## मिल्कीपुर में अजीत प्रसाद ने भाजपा एजेंट को धमकाया

**फर्जी वोट डलवाने का लगाया आरोप**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर मतदान के दौरान सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद द्वारा भाजपा एजेंट को धमकाने का मामला सामने आया है। मतदान के दौरान सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद अपने क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान वह घाटमपुर मतदान केंद्र पर पहुंचे। भाजपा के बूथ एजेंट पर फर्जी वोट डलवाने का आरोप लगाते हुए धमकाया। उन्होंने कहा कि फर्जी वोट डलवा रहे हो, मुझे नहीं जानते हो। इसके बाद दोनों में बहस शुरू हो गई। वहां मौजूद लोगों ने दोनों को शांत कराया। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर हुए उपचुनाव में शाम 5 बजे तक 65.25 फीसदी मतदान हुआ। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

# कांग्रेस के घोषणा पत्र में कई लुभावने वायदे



**रायपुर**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। 11 फरवरी को होने जा रहे नगर निगम एवं पालिका चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सम्पत्ति कर, समेकित कर एवं जल उपभोक्ता शुल्क का घर बैठे भुगतान, आगामी 6 माह में जहां-जहां ऑनलाईन भवन अनुज्ञा की सुविधा नहीं है वहां सुविधा तथा मकान आबंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत एवं पारदर्शी करने तथा सभी आवासहीनों को पात्रतानुसार मकान जैसे कई बड़े वादे किए हैं।

इस अवसर पर घोषणा पत्र समिति के संयोजक सत्यानारायण शर्मा एवं कांग्रेस की रायपुर महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे उपस्थित थीं। राजीव भवन में घोषणा पत्र जारी करने से पहले दीपक बैज ने कहा कि भाजपा 2023 में मोदी की गारंटी पर विधानसभा चुनाव लड़ी। भाजपा जान चुकी है कि इस नगरीय निकाय चुनाव में मोदी के नाम से वोट नहीं मिलने वाला तो अटल जी के नाम का इस्तेमाल करते हुए अटल विश्वास पत्र ले आई है। जनता को ठगने का यह नया हथियार है। भाजपा के घोषणा पत्र में कहा गया है कि पट्टाधारियों को भूमि स्वामी बनाएंगे। पिछली बार जब कांग्रेस की सरकार थी इस पर पहले ही निर्णय हो चुका था। जब भाजपा की सरकार आई तो मंत्री मंडल ने प्रस्ताव पास करके उस पुराने फैसले को किनारे लगा दिया।

- तालाबों का संरक्षण व सौंदर्यीकरण करने विशेष पहल
- घाटों एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाये जायेंगे
- शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिला प्रसाधन की व्यवस्था
- महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य कर सभी चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेज के समीप में सी.सी. कैमरा लगाने की व्यवस्था
- सर्व-सुविधायुक्त ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था
- श्रद्धांजलि राशि योजना के बीपीएल कार्डधारियों को 2000रू. से बढ़ाकर 5000रू.
- निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास
- प्रत्येक वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मियों की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जायेगी
- प्रत्येक निकाय में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सर्व-सुविधायुक्त निःशुल्क लायब्रेरी
- नगरीय-निकाय के द्वारा आमजनों को दशगात्र, बेटी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में निशुल्क पानी टैंकर प्रदाय
- यूजर चार्ज का युक्ति-युक्तकरण
- शहर को धूल मुक्त बनाने आवश्यक कदम
- पौनी-पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता
- चलित ठेले व्यवसायियों को संरक्षण, वार्डों के प्रमुख स्थानों पर वेंडिंग-जोन चिन्हांकित कर व्यवसाय हेतु उचित स्थान
- कन्या विवाह के लिए सभी निकाय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन निःशुल्क उपलब्ध
- सामुदायिक भवन की ऑन लाइन बुकिंग सिस्टम
- शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि धारण करने हेतु धारणा अधिकार
- सभी को पात्रतानुसार वृध्दा, दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों को पेंशन सुविधा
- समस्त सरकारी स्कूल एवं आत्मानंद स्कूल में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा
- सभी वार्डों में सर्व-सुविधायुक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण
- स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन
- जन्म-मृत्यु एवं मैरिज सर्टिफिकेट की घर-घर पहुंच सुविधा

⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### सार संक्षेप

#### मोदी ने आगा खान के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्माइली मुस्लिम समुदाय के धर्म-गुरु आगा खान चतुर्थ के निधन पर बुधवार को गहरा शोक व्यक्त किया और उनके अनुयायियों तथा प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा है कि महामहिम राजकुमार करीम आगा खान चतुर्थ के निधन से बहुत दुखी हूं। वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना जीवन सेवा और आध्यात्मिकता के लिए समर्पित कर दिया। स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में उनके योगदान से कई लोगों को प्रेरणा मिलती रहेगी।

#### एससीओ के नए महासचिव से मिले जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नए महासचिव नुर्लान येरमेकेबायेव से मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि आज शाम दिल्ली में एससीओ के महासचिव नुर्लान येरमेकेबायेव से मिलकर खुशी हुई। उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने आगे बताया कि इस मुलाकात में एससीओ के भीतर भारत के योगदान और सुरक्षित एससीओ के निर्माण पर चर्चा की गई।

#### भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ व घुसपैठियों में झड़प

**कोलकाता/दिसपुर।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स पर की सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों ने झड़प हुई। झड़प के दौरान एक जवान घायल हुआ। एक घुसपैठिया भी गिरफ्तार किया गया है। घुसपैठिए भारी संख्या में लाठी-डंडे लेकर आए थे और उनके पास वायर कटर भी था।

#### तिरुपति मंदिर से गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाया

**नई दिल्ली।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने गैर-हिंदू कर्मचारियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। टीटीडी की ओर से एक ज्ञापन भी जारी किया गया है, जिसमें बताया गया 18 कर्मचारियों को संस्थान से हटाया गया है, जो गैर-हिंदू धार्मिक परंपराओं का पालन कर रहे थे।

## नजूल की जमीन का मिलेगा भू-स्वामित्व अधिकार : सीएम



- कोरबा में मुख्यमंत्री की सभा में उमड़ी भीड़, भाजपा महापौर प्रत्याशी व सभी 67 पार्षद प्रत्याशियों को जीताने की अपील

**कोरबा**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन थिएटर मैदान घंटाघर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भाजपा महापौर प्रत्याशी श्रीमती संजू देवी राजपूत व भाजपा पार्षद के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित आमसभा को संबोधित किया।


आम सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि नगर निगम चुनाव के प्रचार की शुरुआत आज कोरबा से करने का अवसर प्राप्त हुआ है। विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए मोदी की गारंटी को हमारी सरकार ने 13 महीने के भीतर लगभग सभी को पूरा कर दिया है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जितनी भी गड़बड़ियां हुई थी उन सभी पर कार्रवाई की जा रही है। कोयला घोटाला और डीएमएफ घोटाला कोरबा में ही हुआ था, आज इसके आरोपी जेल में बंद है। मुख्यमंत्री ने कोरबा नगर निगम में महापौर की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संजू देवी राजपूत को प्रचंड मतों से जीताने अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई पीढ़ियां से नजूल की जमीन में रह रहे लोगों को अब भू-स्वामित्व का अधिकार मिलेगा। बिजली बिल और प्रॉपर्टी टैक्स ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### महाकुंभ में मृतकों के आंकड़े छिपा रहीं सरकार : अखिलेश

**लखनऊ**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट करते हुए महाकुंभ भगदड़ को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में एक खबर शेयर की है, जिसमें भगदड़ के दौरान वहां मौजूद रही महिलाओं ने घटना के बारे में बताया है। महिलाओं का कहना है कि हम जिंदा थे लेकिन सिपाही बोला कि इसे गंगा में बहा दो।

अखिलेश यादव ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, जिन पर है बीती, दुख वो ही जाने, बाकी सत्ता के दावे तो हैं फसाने। उन्होंने सरकार पर मृतकों के आंकड़े छिपाने के साथ ही गायब हुए लोगों के बारे में जानकारी साझा नहीं करने का आरोप लगा है।

## आयकर सर्वे में रायपुर और धमतरी के सर्राफा कारोबारियों की 15 करोड़ की चोरी उजागर



- कारोबारियों ने कबूली कर चोरी, अग्रिम कर के रूप में 4.5 करोड़ जमा करने का निर्देश
- नकद बिक्री छिपाने, फर्जी बिलिंग और अवैध धन उधार देने की गतिविधियां उजागर

**रायपुर**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। आयकर विभाग के असेसमेंट विंग ने रायपुर और धमतरी में स्थित दो प्रमुख सर्राफा व्यापारियों द्वारा 15 करोड़ की कर चोरी का पर्दाफाश किया है। यह खुलासा विभाग द्वारा किए गए 30 घंटे से अधिक चले विस्तृत सर्वेक्षण में हुआ, जिसमें ए. एम. ज्वेलर्स (रायपुर) और श्री सेठिया ज्वेलर्स (धमतरी) के व्यावसायिक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। सर्वेक्षण के दौरान इन प्रतिष्ठानों में बेहिसाब सोने की बड़ी मात्रा, अवैध धन लेन-देन और अकाउंट बुक्स से बाहर किए गए निवेश का खुलासा हुआ।

आयकर अधिकारियों द्वारा गहन पूछताछ के बाद ए. एम. ज्वेलर्स के संचालक सुनील पारख और उनके पुत्र अंकित पारख ने 10 करोड़ की कर चोरी स्वीकार की, जबकि श्री सेठिया ज्वेलर्स के संचालक राहुल सेठिया ने 5 करोड़ की कर चोरी की बात कबूल की। च्ए. एम. ज्वेलर्स की कर चोरी 12 किलोग्राम अतिरिक्त स्वर्ण आभूषणों के रूप में सामने आई, जबकि श्री सेठिया ज्वेलर्स ने 6 किलोग्राम अतिरिक्त सोने के भंडार पर कर देनदारी छिपाई। परिणामस्वरूप, दोनों प्रतिष्ठानों को क्रमशः 3 करोड़ और 1.5 करोड़ का अग्रिम कर 15 मार्च तक जमा करने का ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## बिहार में करवाएंगे तेलंगाना वाली जाति जनगणना : राहुल



**पटना**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को बिहार की राजधानी पटना में कहा कि आज देश में सत्ता संरचना में दलितों और पिछड़ों की भागीदारी नहीं है। दलितों को प्रतिनिधित्व दिया गया, लेकिन सत्ता संरचना में भागीदारी नहीं होने के कारण इसका कोई मतलब नहीं है। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जगलाल चौधरी की जयंती को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार वाली नहीं, तेलंगाना वाली जाति जनगणना करवाएंगे। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना हमें बता देगी कि दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, गरीब, सामान्य वर्ग कौन और कितने हैं। इसके बाद हम न्यायपालिका, मीडिया, संस्थानों और ब्यूरोक्रेसी में इनकी कितनी भागीदारी है, इसकी सूची निकालेंगे और असलियत पता करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को उनकी भागीदारी दिलवाना चाहती है।

### रामलला के दर्शन अब सुबह 6 से रात 10 तक

**अयोध्या**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। राममंदिर में दर्शन की अवधि आज से बदली रहेगी। गुरुवार सुबह छह बजे से रामलला के दर्शन होंगे। श्रद्धालु दर्शन लगातार रात 10 बजे तक कर सकेंगे। इस तरह रोजाना 16 घंटे मंदिर खुलेगा। इसकी सूचना ध्वनि प्रसारण यंत्र से मेला क्षेत्र में भी प्रसारित की जा रही है। रामलला के दरबार में रोजाना ढ़ाई से तीन लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं। प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते रामलला की दर्शन अवधि 14 घंटे से बढ़ाकर 18 घंटे कर दी गई थी। अब भीड़ कम हो रही है तो दर्शन अवधि में बदलाव किया जा रहा है। अभी तक राममंदिर सुबह पांच बजे से लेकर रात 11 बजे तक खुलता रहा है।

## ट्रैक्टर पलटने से तीन नाबालिग की मौत, एक घायल



**कुरुद/धमतरी**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम चर्रा रोड पास एक दर्दनाक सड़क हादसा में तीन नाबालिग लड़को की मौत हो गई। एक घायल हो गया जिसका इलाज जारी है। मृतकों में 2 मोंगरा के और एक चर्रा का है। चारों ट्रैक्टर चलाते कृषि कॉलेज की ओर जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर अचानक का नियंत्रित होकर पलट गई और तीनों की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मोगरा निवासी प्रीतम चंद्राकर पिता हरीश चंद्राकर, मयंक ध्रुव पिता चंद्रिका ध्रुव, चर्रा निवासी हुनेंद्र साहू पिता नरेंद्र साहू और बानगर निवासी अर्जुन यादव चारों प्रीतम के घर की ट्रैक्टर को लेकर घूमने निकले थे। सभी चर्रा होते हुए कृषि महाविद्यालय की ओर आए हुए थे। वहां से वापस लौट रहे थे तभी चर्रा से 100 मीटर पहले ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### रोजगार के लिए लीबिया गए 18 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। लीबिया के बेन्गाज़ी में रोजगार के लिए गए 18 भारतीय नागरिक भारतीय दूतावास की मदद से आज स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में जानकारी दी थी कि लीबिया में भारतीय दूतावास ने लीबिया के बेन्गाज़ी से 18 भारतीय नागरिकों की वापसी की सुविधा प्रदान की है और वे बुधवार को भारत पहुंचेंगे। जायसवाल ने कहा कि ये भारतीय लीबिया में रोजगार के लिए गए थे और कई हफ्तों से फंसे हुए थे। दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया और आवश्यक प्राधिकार और यात्रा दस्तावेज उपलब्ध कराने में भारतीय श्रमिकों की सहायता की।

उन्होंने कहा कि जबकि उनके मामले को देखा जा रहा था, दूतावास उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में रहा और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में उनकी सहायता की। इसी समूह के तीन अन्य भारतीय नागरिक दूतावास की सहायता से पिछले अक्टूबर में भारत लौटे थे। भारतीय दूतावास ने लीबिया के अधिकारियों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## अमेरिका ने 104 भारतीयों को जबरन भारत भेजा

**अमृतसर**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संकल्प और नीतियों का असर दिखना शुरू हो गया है। बीते 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकाले जाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस पर अमल करते हुए अमेरिकी प्रशासन ने सी-17 सैन्य विमान से 104 भारतीय लोगों के एक समूह को अमेरिका से वापस भेज दिया है। 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार दोपहर अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। सूत्रों ने इन बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्लाइट दोपहर 1.55 बजे लैंड हुई। इन निर्वासित किए गए लोगों में से 30 पंजाब से, 33-33 हरियाणा और गुजरात से, तीन-तीन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से और दो चंडीगढ़ से हैं। हालांकि अभी निर्वासित लोगों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले की रिपोर्टों में दावा किया गया था कि अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 205 अवैध अप्रवासियों को ले जा रहा था। यह अवैध भारतीय अप्रवासियों का पहला जत्था है जिसे अमेरिकी सरकार ने निर्वासित किया है। बता दें कि बीते दो हफ्ते की अवधि में भारत के अलावा भी कई देशों के अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निर्वासित किया जा चुका है। सी-17 सैन्य विमान से भारत लौटाए जा रहे प्रवासियों के बारे में समाचार एजेंसी पीटीआई पर आई रिपोर्ट के मुताबिक नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों पर अमल करते हुए अमेरिका आव्रजन कानूनों को कड़ा कर रहा है।

**सुरक्षा** एआई के इस्तेमाल पर वित्त मंत्रालय सख्त

# सरकार ने सभी एआई एप पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, 5 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय वित्त मंत्रालय ने चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे एआई टूल्स और एप्लिकेशन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। 29 जनवरी 2025 को जारी इस सर्कुलर का उद्देश्य संवेदनशील सरकारी डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और संभावित साइबर खतरों को रोकना है।

*सरकारी डेटा की सुरक्षा के लिए कड़ा कदम। संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार सिंह द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश में कहा गया है कि सरकारी कंप्यूटरों पर एआई-सक्षम एप्लिकेशन का उपयोग गोपनीय सरकारी जानकारी को खतरे में डाल सकता है। इसके मद्देनजर, मंत्रालय ने सभी कर्मचारियों को आधिकारिक उपकरणों पर ऐसे टूल्स के उपयोग से बचने की सलाह दी है। यह आदेश वित्त सचिव की मंजूरी के बाद जारी किया गया है और इसे राजस्व, आर्थिक मामलों, व्यय, सार्वजनिक उपक्रम, डीआईपीएम और वित्तीय सेवाओं सहित प्रमुख सरकारी विभागों को भेजा गया है। डेटा लीक का खतरा- चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे एआई मॉडल उपयोगकर्ता द्वारा डाले गए डेटा को बाहरी सर्वरों पर प्रोसेस करते हैं। इसका मतलब है कि यदि सरकारी कर्मचारी गोपनीय जानकारी इन टूल्स में दर्ज करते हैं, तो वह डेटा संग्रहीत, एक्सेस या दुरुपयोग हो सकता है। सरकारी विभागों में वित्तीय डेटा, नीतिगत मसौदे और आंतरिक संचार जैसे संवेदनशील डेटा होते हैं। यदि यह डेटा लीक होता है, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक नीति के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। सरकारी कार्यालयों में उपयोग किए जाने वाले पारंपरिक सॉफ्टवेयर के विपरीत, एआई टूल्स क्लाउड-आधारित होते हैं और निजी कंपनियों के स्वामित्व में होते हैं। उदाहरण के लिए, चैटजीपीटी का स्वामित्व ओपन एआई के पास है, और सरकार के पास यह नियंत्रित करने का कोई तरीका नहीं है कि ये टूल्स जानकारी को कैसे संग्रहीत या प्रोसेस करते हैं। यह विदेशी हस्तक्षेप और साइबर हमलों के*

# देश

**उवाच** “ वह ‘देश को गाली देने के लिए’ ही विपक्ष के नेता बने हैं। अब उन्हें ‘मेक इन इंडिया’ दिखाई ही नहीं दे रहा है, तो क्या किया जाए। उन्होंने कहा कि देश अब ‘मेक इन इंडिया’ से ‘मेकिंग फॉर वर्ल्ड’ की ओर जा रहा है। रक्षा में जहां हम आयात करते थे, आज निर्यात कर रहे हैं। निर्यात बढ़कर अब 90 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, यह ‘मेक इन इंडिया’ का कमाल है: **गिरिराज सिंह, नेता भाजपा**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.7 | 11.0 |
| मुंबई | 32.8 | 17.4 |
| कोलकाता | 30.0 | 17.6 |
| चेन्नई | 33.6 | 21.7 |

# अमेरिका में भारतीय नागरिकों को प्रताड़ित करने का विरोध करे केंद्र : कांग्रेस

## पहले भी भारतीय नागरिकों को प्रताड़ित करने की घटना हुई थी, जिसका कांग्रेस सरकार ने कड़ा जवाब अमेरिका को दिया था

**नई दिल्ली**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका में भारतीय नागरिकों को हथकड़ी पहनाकर प्रताड़ित और निर्वासित करने की घटना अत्यंत दुखद है और भारत सरकार को इस घटना पर कड़ा ऐतराज व्यक्त करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि पहले भी भारतीय नागरिकों को प्रताड़ित करने की घटना हुई थी, जिसका कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने कड़ा जवाब अमेरिका को दिया था और उसके राजदूतों को मिलने वाली सुविधाएं तक बंद कर दी थी। इस बार भी भारत सरकार को उसी तरह का सख्त रूख अपना कर अमेरिका को



अमेरिका में भारतीय नागरिकों को हथकड़ी पहनाकर प्रताड़ित और निर्वासित करने की घटना अत्यंत दुखद है और भारत सरकार को इस घटना पर कड़ा ऐतराज व्यक्त करना चाहिए: **पवन खेड़ा, प्रमुख कांग्रेस संचार विभाग**

जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, ‘अमेरिका से भारतीयों को हथकड़ी लगाकर और अपमानित करके निर्वासित किए जाने की तस्वीरें देखकर, एक भारतीय होने के नाते मुझे दुख होता है। मुझे दिसंबर 2013 की वह घटना याद है जब भारतीय राजनयिक देवयानी खोबरागड़े को अमेरिका में हथकड़ी लगाई गई थी और स्ट्रिप सर्च किया गया था। विदेश सचिव सुजाता सिंह ने अमेरिका की राजदूत नैन्सी पॉवेल के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया था।’

श्री खेड़ा ने कहा, ‘संप्रग सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। मीरा कुमार, सुशील कुमार शिंदे और राहुल गांधी जैसे नेताओं ने भारत दौरे पर आए अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल (जॉर्ज होल्डिंग, पीट ओल्सन, डेविड श्वाइकर्ट, रॉब वुडऑल और मैडेलिन बोर्डालो) से मिलने से इनकार कर दिया था। डॉ. मनमोहन सिंह ने अमेरिका की इस कार्रवाई को ‘निंदनीय’ बताया। भारत सरकार ने अमेरिकी दूतावास को दी जाने वाली कई सुविधाएं वापस ले लीं थी , जिनमें दूतावास कर्मियों के लिए खाद्य पदार्थों और शराब के रियायती आयात की अनुमति भी शामिल थी। आयकर विभाग ने अमेरिकी दूतावास के स्कूल की जांच शुरू कर दी थी।

## ‘तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना है’ : लालू यादव

**बिहारशरीफ,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने बुधवार को लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब एक जगह इकट्ठा हो जाएं। देश में अपनी सरकार बनानी है और बिहार में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। दरअसल, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव बुधवार को नालंदा जिले के इस्लामपुर पहुंचे और राजद विधायक राकेश रौशन के पिता स्व. कृष्ण वल्लभ प्रसाद की 24वीं पुण्यतिथि के मौके पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद लालू यादव ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा पहुंचे लालू यादव ने कहा कि हम लोग हर हाल में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को इकट्ठा होकर इस देश में अपनी सरकार बनानी है। आप लोग कहीं किसी के सामने सिर नहीं झुकाना। न हमने सिर झुकाया है और न आप लोग किसी के सामने झुकना। उन्होंने इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि आप लोग इस देश की रक्षा के लिए एक साथ खड़े रहें। उन्होंने कहा कि हम लोग महागठबंधन की सरकार बनने के बाद प्रत्येक महिला के बैंक खाते में 2,500 रुपए डालेंगे। जैसे झारखंड सरकार ने डाला है। लोगों को बिजली फ्री दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि रोजगार भी मिलेगा, नौकरी भी हम लोग देंगे। हम जो बोलते हैं, वह करते हैं। अपने संबोधन में लालू यादव ने विधायक राकेश रौशन की प्रशंसा की। इससे पहले लालू यादव ने मां जगदंबा स्थान में पूजा-अर्चना की और लोदी शाह की मजार पर जाकर चादरपोशी की। इस दौरान बड़ी संख्या में राजद के कार्यकर्ता खानकाह हाई स्कूल के मैदान में पहुंचे थे।



# धनखड़ ने नई दिल्ली विधानसभा सीट पर किया मतदान

**नई दिल्ली**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी डॉक्टर सुदेश धनखड़ ने बुधवार को नई दिल्ली विधानसभा सीट पर मतदान किया। धनखड़ सुबह अपनी पत्नी के साथ नॉर्थ एवेन्यू स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचे और वोट डाला। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में मतदान करने के बाद उपराष्ट्रपति ने कहा कि सोच-समझकर किया गया मतदान लोकतंत्र को मज़बूत बनाता है। उन्होंने मतदान को लोकतंत्र की ऑक्सीजन बताया। उन्होंने कहा कि मतदान महान दान है। मतदान प्रजातन्त्र का ऑक्सीजन है। प्रजातन्त्र का आधार मतदान है और मतदान सब अधिकारों का मूल है। धनखड़ ने कहा कि मतदान से सर्वोपरि कोई अधिकार नहीं हैं और प्रजातन्त्र का महत्व तब है, जब हर व्यक्ति अपना मतदान विवेकपूर्ण तरीके से, स्वतंत्रता से , देश के लिये करे। इसी से प्रजातन्त्र फलता, फूलता और विकसित होता है।

उन्होंने कहा, ‘भारतवर्ष दुनिया में एक मिसाल है। यह सबसे पुराना लोकतंत्र, सबसे बड़ा लोकतंत्र, सबसे मजबूत लोकतंत्र, सबसे जीवंत लोकतंत्र, जहां सत्ता परिवर्तन या सत्ता का स्थायित्व है, मतदान से ही जाहिर होता है, ये बेशकीमती अधिकार भारत के हर नागरिक को मिला है।’ श्री धनखड़ ने कहा कि भारत जब आज़ाद हुआ तो हर वयस्क व्यक्ति को मतदान का अधिकार दिया गया। दुनिया की बहुत



**‘आज के दिन को मैं प्रजातांत्रिक व्यवस्था का बहुत बड़ा उत्सव मानता हूं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मतदान के लिए चुनाव आयोग व्यवस्था का विश्व कायल है: जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

बड़ी और पहले आज़ादी प्राप्त करने वाली प्रजातान्त्रिक व्यवस्थाओं में ऐसा नहीं था। उन्होंने कहा, ‘आज के दिन को मैं प्रजातान्त्रिक व्यवस्था का बहुत बड़ा उत्सव मानता हूं।’ उप राष्ट्रपति ने कहा कि मतदान के लिए चुनाव आयोग व्यवस्था का विश्व कायल है। तकनीक से त्वरित गति से मतदान का नतीजा सार्वजनिक रूप से घोषित होता है। दुनिया इसकी सराहना कर रही है।

उन्होंने कहा, ‘आज के दिन सभी को मेरी शुभकामनाएं और सभी को आह्वान करता हूं कि अपने मत का दान अवश्य करें।

## निष्पक्ष चुनाव हुआ, तो दिल्ली में सत्ता में आएगी कांग्रेस : नाना पटोले



नागपुर। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर दावा किया है कि अगर चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव कराने में सफल रहा, तो निश्चित ही दिल्ली में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कई सवाल उठाए हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि दिल्ली चुनाव में कांग्रेस ने शि?कायत की है कि? मतदान प्रक्रिया में धांधली होगी, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया है। महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश में किए गए गलत काम अब दिल्ली में दोहराए जा रहे हैं। चुनाव आयोग इस पर जवाब क्यों नहीं दे रहा है। अगर निष्पक्ष चुनाव होते हैं तो कांग्रेस सत्ता में लौटेगी। समाजसेवी अन्ना हजारे के एक बयान पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमने ईवीएम को दोष नहीं दिया है। लोग जानते हैं कि आप किस विचारधारा का पालन करते हैं। आपने दूसरा गांधी बनने की कोशिश की, लेकिन आप नहीं बन पाए। आप जानते हैं कि भाजपा कितनी भ्रष्ट है, चाहे वह मोदी की सरकार हो या भाजपा की राज्य सरकारें। आप कहां थे, क्यों नहीं आपने आवाज उठाई। मैं समझता हूं कि आप एक वरिष्ठ व्यक्ति हैं, और हम आपसे सम्मान के साथ बात कर रहे हैं, लेकिन जनता पूछ रही है कि आप किस दिशा में काम कर रहे हैं।

**सार संक्षेप**

### पुलवामा में भारी मात्रा में युद्धक सामग्री के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में युद्धक सामग्री के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सेना ने बताया कि संदिग्ध को मंगलवार को संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट पर गिरफ्तार किया गया। इस चेक पोस्ट को शाहबाद, पुलवामा में जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से स्थापित किया गया था। सेना की चिनार कोर ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, ‘चार फरवरी 2025 को, विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शाहबाद, पुलवामा में एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित किया था। एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से युद्धक सामग्री बरामद की गयी हैं। सेना ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सुरक्षा एजेंसी घुसपैठ पर अंकुश लगा कर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें: शाह



**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है : अमित शाह**

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां) । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में सभी सुरक्षा एजेंसियों को घुसपैठ पर पूरी तरह अंकुश लगाने का लक्ष्य रखकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का बुधवार को निर्देश दिया। श्री शाह ने जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कल भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक महत्तवपूर्ण समीक्षा बैठक की थी जिसमें थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, और केन्द्रीय गृह सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद का इकोसिस्टम काफी कमजोर हो गया है। गृह मंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जीरो इंफिल्ट्रेशन का लक्ष्य रखकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां घुसपैठ और आतंकवाद पर बेहद सख्ती के साथ और कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा, आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से खत्म

### कश्मीर घाटी में 500 लोगों को हिरासत में लिए जाने पर रूहुल्लाह ने साधा केंद्र पर निशाना, कहा

# कुछ लोगों की हरकतों के लिए पूरी आबादी को दंडित करना आतंकवाद विरोधी कार्रवाई नहीं

**श्रीनगर,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता एवं श्रीनगर से सांसद रूहुल्लाह मेहदी ने कुलगाम हमले के बाद 500 से अधिक लोगों की हिरासत को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों की हरकतों के लिए पूरी आबादी को दंडित करना आतंकवाद विरोधी कार्रवाई नहीं बल्कि सामूहिक प्रतिशोध है। श्री मेहदी उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिनमें कहा गया था कि सोमवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सेवानिवृत्त सैनिक मंजूर अहमद वागे की हत्या के बाद घाटी में बड़े पैमाने पर कार्रवाई में 500 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। आतंकवादी हमले में उनकी पत्नी और भतीजी भी घायल हो गई। रिपोर्ट



**दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सेवानिवृत्त सैनिक मंजूर अहमद वागे की हत्या के बाद घाटी में बड़े पैमाने पर कार्रवाई में 500 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। आतंकवादी हमले में उनकी पत्नी और भतीजी भी घायल हो गई : रूहुल्लाह मेहदी, सांसद**

में कहा गया है कि हिरासत में लिए गए लोग ज्यादातर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रहने वाले कश्मीरी आतंकवादियों के रिश्तेदार थे और इस कदम का उद्देश्य सीमा पार से सक्रिय आतंकवादियों को यह संदेश देना था कि ‘ऐसे हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।’ सांसद ने एक्स पर लिखा मुझे एसओजी (जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह) द्वारा कश्मीर में रात के समय की गई छापेमारी में 500 से अधिक व्यक्तियों को पकड़े जाने की रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई है।

## जम्मू के पुलिस उपमहानिरीक्षक ने अपराध, गैंगस्टरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का दिया निर्देश

जम्मू। जम्मू के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने गोलीबारी और चोरी की बढ़ती घटनाओं की पृष्ठभूमि में अपराध और गैंगस्टरों के खिलाफ बुधवार को जीरो टॉलरेंस पर जोर दिया। श्री शर्मा ने यहां जिला पुलिस लाइन में अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुये गैंगस्टरों, ड्रग तस्करों, चोरों, वाहन चोरों और अन्य असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिये विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे अपराधियों की समुचित सूची बनाये रखने का भी निर्देश दिया ताकि उनकी गतिविधियों पर उचित निगरानी

## बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट : हेमंत सोरेन ने दिया निवेश का न्योता, कहा- झारखंड में अपार संभावनाएं

**रांची/कोलकाता,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिम बंगाल सरकार की मेजबानी में बुधवार को शुरू हुए ‘ग्लोबल बिजनेस समिट’ को संबोधित करते हुए देश-विदेश के उद्यमियों और निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि खनिज संपदाओं से परिपूर्ण झारखंड में औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में कोलकाता में आयोजित हो रहे इस समिट में देश-विदेश के कई बड़े उद्यमी एवं निवेशक भाग ले रहे हैं। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इसमें भागीदारी के लिए खास तौर पर आमंत्रित किया था।



सोरेन ने समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीक के क्षेत्र में आज जिस तेजी से बदलाव आ रहा है, उसमें एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए राज्यों के बीच बेहतर संबंध, समन्वय तथा भागीदारी होना अत्यंत जरूरी है। इस कड़ी में राज्यों में आयोजित होने वाले ग्लोबल बिजनेस जैसे समिट की काफी निर्णायक भूमिका होती है। इससे एक राज्य का अन्य राज्यों तथा देशों से बेहतर व्यापारिक रिश्ते बनते हैं। निवेश और नई टेक्नोलॉजी से विकास की नई संभावनाएं बनती हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समिट में मुझे देश-विदेश से आए मेहमानों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से मिलने का मौका मिल रहा है। इससे यह जानने-समझने का अवसर मिलेगा कि निवेशकों के सहयोग से झारखंड के समग्र विकास की दिशा में कैसे आगे बढ़ सकते हैं।

## केटी राव ने पिछड़ा वर्ग के वादों को पूरा करने में विफल रहने पर कांग्रेस पर साधा निशाना

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने बुधवार को कांग्रेस सरकार पर पिछड़ा वर्ग घोषणा के बारे में झूठे वादे करने का आरोप लगाते हुए इसे ‘100 प्रतिशत झूठा’ बताया। श्री राव ने‘एक्स’ पर कहा कि मंगलवार को राज्य विधानसभा सत्र में दो बातें स्पष्ट हो गयीं, पहली कि कांग्रेस सरकार, जो एक साल से सत्ता में है, पूरी तरह से विफल हो गई है और दूसरी यह कि इसकी नीतियों में स्पष्टता का अभाव है।

## बिहार के मुंगेर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी 438 करोड़ रुपए की सौगात

**मुंगेर,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को अपनी ‘प्रगति यात्रा’ के चौथे चरण में मुंगेर जिले के सदर प्रखंड के चड़ौन गांव पहुंचे। उन्होंने 438.51 करोड़ रुपए की 160 विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तारापुर प्रखंड में विभिन्न विकास कार्यों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रणगांव में मध्य विद्यालय, आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र तथा जीविका पुस्तकालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने व्यवस्थाओं की जानकारी ली और बच्चों से बात करके उत्साहवर्धन किया।



मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत बनाए गए तालाब का निरीक्षण भी किया। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक भी प्रदान किए। उन्होंने मुंगेर में विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने तारापुर प्रखंड के वंशीपुर गांव में प्रस्तावित रिंग रोड (तारापुर बाइपास पथ) का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने हवेली खड़गपुर प्रखंड के ऋषिकुंड पर्यटक स्थल का भ्रमण किया। वहां के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी भी ली।

मुख्यमंत्री ने उच्च विद्यालय परिसर, नौवागढ़ी का भ्रमण किया और 47.14 लाख रुपए की लागत से निर्मित खेल मैदान का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत भी की। उन्होंने खगौल विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन और निरीक्षण किया। उन्होंने चड़ौन गांव में जिले के विकास से संबंधित विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा रिमोट के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।


**HDFC BANK** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट) की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

एतद् द्वारा निम्नवर्णित संबोधितियों को सूचना दी जाती है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संबंधित कर्जदार / बंधकदाता / गारंटर को सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) के तहत संबंधित तिथि को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित सूचना युक्त लिफाफा साधारण तरीके से तामील नहीं करवाया जा सका है।

| कर्जदार / बंधकदाता / गारंटर का नाम एवं पता | मांग सूचना तिथि / एनपीए तिथि | सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|
| 1. मैसर्स यश एग्रो प्रोडक्ट्स, इसके स्वामी श्री हरनाम के माध्यम से दास पंजवानी, भानपुरी औद्योगिक क्षेत्र उरकुरा, 2. श्री हरनाम दास पंजवानी, दोनों का पता : भानपुरी औद्योगिक क्षेत्र उरकुरा, एनएसएमई ऑफिस के पास, भानपुरी, रायपुर-492001 क्रमांक 2 का अन्य पता : अर्जुन हाइट्स, फ्लैट क्रमांक 106, यतियतन लाल वार्ड नंबर 4, इंदिरा टिम्बर मार्किट, भानपुरी, रायपुर, छत्तीसगढ़ 3. श्रीमती मोना पंजवानी, पत्नी श्री हरनाम दास पंजवानी, पता : अर्जुन हाइट्स, फ्लैट क्रमांक 106, यतियतन लाल वार्ड नंबर 4, इंदिरा टिम्बर मार्किट, भानपुरी, रायपुर, छत्तीसगढ़ | 18.06.2024 / 08.01.2024 | रु. 34,15,444.71/- (रुपये चौंतीस लाख पंद्रह हजार चार सौ चौवालीस और पैसे इकहत्तर मात्र) 31-05-2024 तक + भावी ब्याज एवं आकस्मिक व्यय |

बंधक सम्पत्ति का विवरण : आवासीय सम्पत्ति : परिवर्तित भूमि और उस पर निर्माण, फैमिली यूनिट टाइप नंबर 106, प्रथम तल, खसरा नंबर 341 की अंश रूप भूमि, सुपर बिल्ट अप एरिया- 1475 वर्ग फीट, मौजा भानपुरी, इंदिरा टिम्बर मार्किट, यतियतन लाल वार्ड, वार्ड नंबर 4, पी.एच. नंबर 108, आर.आई.सी. रायपुर 1, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001, श्रीमती मोना पंजवानी के स्वामित्वाधीन, निम्नानुसार परिबद्ध : पूरब- फ्लैट नंबर 104, पश्चिम- खुला, उत्तर-खुला, दक्षिण- फ्लैट नंबर 105

अतएव एतद्द्वारा आपको प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के तहत यह सूचना दी जा रही है। आपने क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाया था और आपके द्वारा पुनर्भुगतान में की गई चूक के कारण, आपका खाता भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार और उपरोक्त तालिका में वर्णित संबंधित तिथि को "अनार्जक आस्ति" (एनपीए) की श्रेणी में सूचीबद्ध किया जा चुका है। आपसे अनुरोध है कि आप इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के भीतर पूरी बकाया राशि, संविदात्मक दर पर आगे ब्याज और भुगतान तक अन्य लागत, शुल्क, आकस्मिक व्यय का भुगतान करें, जिसमें असफल रहने पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड प्रतिभूत (बंधक/दृष्टिबंधक) आस्तियां ऊपर वर्णित अनुसार अपने कब्जे में ले लेगा और देश के कानूनों के तहत प्रदत्त किसी भी अन्य अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त सभी अधिकारों और शक्तियों का प्रयोग करेगा।
आपको धारा 13(13) के तहत यह भी सूचित किया जाता है कि आप एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति प्राप्त किए बिना उक्त आस्ति बिक्री, पट्टा या किसी अन्य प्रकार द्वारा हस्तांतरित नहीं करेंगे।
आपको प्रतिभूत आस्तियां छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के बारे में भी सूचित किया जाता है।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 06-02-2025

हस्ता./-
श्री अमित रंजन सिंह सेंगर
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते एचडीएफसी बैंक लिमिटेड



**ICICI Bank** **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा “जहाँ है जैसी है”, “जैसी है वैसी है” एवं “जिस भी स्थिति में है” के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री हरि एंथनी (कर्ज़दार), एंजेला एंथनी (सह-कर्ज़दार), LBBSR00002348109, LBBSR00002348110 | मौजा-तोरवा पट्ट पीएच नंबर 22, एसई नंबर 245, वार्ड नंबर 23, हेमू नगर, खसरा नंबर 1217/2 का हिस्सा, बिल्हा, तहसील और जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़, बिलासपुर मुख्य डाकघर/ प्लॉट का कुल क्षेत्रफल- 1962 वर्ग फुट | रु. 34,14,590/- (जनवरी 30, 2025 तक) | रु. 27,00,000/- / रु. 2,70,000/- | फरवरी 20, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | फरवरी 27, 2025 को सु. 10:30 बजे से |
| 2. | श्री मेहतारू कुमार देवांगन (कर्ज़दार), सरस्वती देवांगन, जनक राम देवांगन, सुनील देवांगन (सह-कर्ज़दार), LBBSR00004701525, LBBSR00004702358 | दुकान नं. डी 07, पीएच नं. 23(पुराना) 27(नया), खसरा नं. 1416/ क, ख, ग, घ, द, च, ग्राम- तिफरा, आर.एन.एम बिलासपुर, कृषि उपज मंडी समिति, तहसील एवं जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़/ क्षेत्रफल- 676 वर्ग फुट | रु. 39,70,322/- (जनवरी 31, 2025 तक) | रु. 22,50,000/- / रु. 2,25,000/- | फरवरी 21, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | फरवरी 27, 2025 को सु. 11:00 बजे से |
| 3. | श्री हेमन्त राव कांडे (कर्ज़दार), कृष्ण कुमार कांडे, रंजीता एम (सह-कर्ज़दार), LBDRG00005357575 | प्लॉट नंबर सी 23, खसरा नंबर 304/33, पी.एच. नंबर 28, गार्डन सिटी कॉलोनी, ग्राम इंदामारा, आर.एन.एम. राजनांदगाँव-1, ग्राम पंचायत इंदामारा, ब्लॉक एवं जनपद पंचायत, तहसील एवं जिला राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़/ क्षेत्रफल- 1125 वर्ग फुट या 104.55 वर्ग मीटर | रु. 27,13,327/- (जनवरी 31, 2025 तक) | रु. 13,50,000/- / रु. 1,35,000/- | फरवरी 19, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | फरवरी 27, 2025 को सु. 11:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **फरवरी 25, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्रि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम **ई** देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **फरवरी 25, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **फरवरी 25, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **फरवरी 25, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **बिलासपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : फरवरी 06, 2025**
**स्थान : बिलासपुर और भिलाई (छत्तीसगढ़)**

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड




# आस्था की डुबकी लगाकर मोदी ने दिया एकता का संदेश

## ■ महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी श्रद्धा के साथ किया त्रिवेणी संगम में स्नान ■ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री ने लगाई पावन डुबकी

**महाकुंभ नगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाकुंभ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए उन्होंने पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया।

त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले पीएम ने सबसे पहले आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया। संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमांचली टोपी पहने पीएम मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहा मौजूद तीर्थ पुरोहित ने



उनका टीका लगाकर अभिनंदन किया। पूजन अर्चन के बाद पीएम मोदी, मुख्यमंत्री के साथ उसी बोट पर बैठकर वापस हैलीपैड की ओर रवाना हो गए।

महाकुंभ में जहां दुनिया भर के श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है, वहां प्रधानमंत्री ने पावन डुबकी के माध्यम से पूरी दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। बुधवार को पीएम मोदी का संगम स्नान बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण रहा। इस दौरान विशिष्ट योग का भी संयोग रहा। दरअसल, बुधवार का दिन विशेष था, क्योंकि हिंदू पंचांग के अनुसार इस समय गुप्त नवरात्रि चल रही है और बुधवार को भीष्माष्टमी भी थी। गुप्त नवरात्रि पर जहां देवी पूजन किया जाता है तो वहीं, भीष्माष्टमी पर श्रद्धालु

- सूर्य को दिया अर्घ्य, की मां गंगा, यमुना और सरस्वती की आराधना
- तीर्थ पुरोहितों की मौजूदगी में विधिवत किया पूजन अर्चन
- प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया स्वागत

अपने पुरखों का तर्पण और श्राद्ध भी करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वह एमआई 17 हेलिकॉप्टर में बैठकर डीपीएस हेलिपैड पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से प्रधानमंत्री अरैल घाट पहुंचे, जहां से विशेष बोट पर सवार होकर उन्होंने त्रिवेणी संगम का रुख किया। बोट पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी जब त्रिवेणी संगम पहुंचे तब आम श्रद्धालु भी संगम स्नान कर रहे थे। पीएम मोदी के आगमन के बावजूद लोगों को स्नान करने से रोका नहीं गया था। वीवीआईपी मूवमेंट के बाद भी कहीं कोई गतिरोध उत्पन्न नहीं हुआ और एक तरह से पीएम मोदी और अन्य श्रद्धालुओं ने एक साथ ही त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। इससे श्रद्धालु भी प्रसन्न नजर आए और संगम तट पर लाखों लोगों की मौजूदगी में हर हर गंगे और मोदी-मोदी के जयकारे गुंजायमान होते रहे। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अब तक वीवीआईपी मूवमेंट के बावजूद श्रद्धालुओं को संगम स्नान में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि मात्र 24 दिनों में अब तक 39 करोड़ श्रद्धालु संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं।

इससे पूर्व पीएम मोदी ने महाकुंभ की शुरुआत से एक माह पूर्व 13 दिसंबर को प्रयागराज का दौरा किया था और 5500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। इसमें यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और डेवलपमेंट के साथ-साथ आरओबी फ्लाईओवर, सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण की प्रमुख परियोजनाएं सम्मिलित थीं। इसके अतिरिक्त, स्थायी घाटों, रिवर फ्रंट, सीवरेज, पेयजल सुविधाओं के साथ विद्युत आपूर्ति से जुड़ी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया था। यही नहीं, पीएम मोदी ने अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, भारद्वाज ऋषि आश्रम कॉरिडोर, श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया था। इन परियोजनाओं और कॉरिडोर के शुभारंभ का उद्देश्य न सिर्फ श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ के अनुभव को यादगार बनाना था, बल्कि तीर्थराज प्रयागराज को प्रगति की नई दिशा दिखाना भी था।

# कबीरपंथी भी 'एकता के महाकुंभ' के संकल्प का कर रहे समर्थन

महाकुंभ नगर, 5 फ़रवरी (देशबन्धु)। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक सम्मेलन महाकुंभ में भारत की सनातन आस्था से जुड़े हुए सभी मत, पंथ और संप्रदाय को मानने वाले प्रयाग में संगम तट पर एकत्रित होते हैं। जिनके ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की त्रिवेणी में सत्संग कर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु जीवन के वास्तविक अमृत का पान करते हैं। ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की इस त्रिवेणी में कबीर पंथ के पारख संस्थान के धर्मेंद्र दास जी संत कबीर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने महाकुंभ में आये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एकता के महाकुंभ के संकल्प का समर्थन करते हुए उनका कहना है समाज में समता, एकता और मानवता के मूल्यों को स्थापित करना ही संत कबीर के जीवन दर्शन का मूल है।



**महाकुंभ में आये कबीर पंथ, पारख संस्थान के धर्मेंद्र दास जी ने गंगा स्नान के बारे में बताए संत कबीर के विचार**

महाकुंभ और गंगा स्नान के बारे में बताते हुए धर्मेंद्र दास जी का कहना है कि संत कबीर ने स्वयं गंगा तट पर काशी में जीवन व्यतीत किया। वो गंगा स्नान को तन से अधिक मन को पवित्र करने वाला मानते थे। उन्होंने बताया कि कबीर साहब ने अपनी एक साखी में गंगा जल को सबसे पावन और निर्मल मानते हुए, मानव मन को गंगा जल के समान निर्मल बनाने को ही ईश्वर प्राप्ति का सच्चा मार्ग बताया।

धर्मेंद्र दास जी ने बताया कि कबीर साहेब कहते हैं कि अगर मानव मन में जो बैर भाव, कलुष, राग-द्वेष भरा हो उसे दूर कर, मन को गंगा जल के समान पवित्र और निर्मल बना ले तो हरि यानि ईश्वर स्वयं उसकी परवाह करने लगता है। उन्होंने बताया कि कबीर साहेब ने ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल और सच्चा मार्ग बताया है मन को निर्मल करना क्योकि ईश्वर का वास हमारे मन में ही है जब वो मन राग, द्वेष से मुक्त होता है तो मानव को स्वंय ईश्वर का साक्षात्कार हो जाता है। अन्यथा बार-बार गंगा स्नान को लेकर कबीर दास तीखा प्रहार करते हुए कहते हैं कि नहाये धोये क्या हुआ, जो मन मैल न जाए । मीन सदा जल में रहे, धोये बास न जाए।

धर्मेंद्र दास जी बताते हैं कि कबीर साहेब पाखण्ड का विरोध करते हैं और मन की सच्चाई पर जोर देते हुए कहते हैं कि आप कितना भी नहा लीजिए, लेकिन अगर मन का मैल दूर नहीं हुआ तो एसे नहाने का कोई लाभ नहीं। जैसे मछली हमेशा पानी में रहती है लेकिन फिर भी वो साफ़ नहीं होती, मछली से उसकी दुर्गंध और बदबू नहीं जाती है। धर्मेंद्र दास जी ने कहा कि गंगा स्नान कर हमें अपने मन को निर्मल बनाना चाहिए। गंगा स्नान कर हम अपने जीवन से कम से कम कोई एक दुर्व्यसन या बुराई का त्याग करें तो यही वास्तविक मोक्ष की ओर हमें ले जाएगा। उन्होंने कहा कि ज्ञान, वैराग्य और भक्ति की त्रिवेणी में निर्मल मन से स्नान करना ही मानव जीवन का वास्तविक मोक्ष है।

प्रयागराज में कबीर दास के आगमन के बारे में बताते हुए धर्मेंद्र दास जी ने बताया कि कबीर दास जी के महाकुंभ में सम्मिलित होने का कोई प्रसंग तो नहीं मिलता पर प्रयाग के झूंसी में उनके आने के बारे में कुछ जिक्र मिलता है। उन्होंने उस काल में झूंसी में कुछ मुस्लिम संतों के पीरों की कब्र या मजार की पूजा का विरोध किया था। कबीर साहब सभी धर्मों में व्याप्त आडम्बर और पाखण्ड का विरोध करते थे। धर्मेंद्र दास जी ने कहा कि कबीर साहेब सभी मानवों में प्रेम, सहिष्णुता, बंधुत्व और एकता की बात करते थे।

# भक्ति के साथ ही मानव कल्याण का भी माध्यम बना महाकुंभ

**महाकुंभ नगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु) ॰ भक्ति के साथ ही मानव कल्याण का भी बड़ा मंच बनकर उभरा है महाकुंभ। मेला क्षेत्र में प्रतिदिन बड़े स्तर पर निशुल्क भंडारा वितरण, श्रद्धालु आवास, कंबल वितरण के साथ ही दिव्यांगों की सेवा में भी विभिन्न प्रकार की संस्थाएं सेवारत हैं। इसी कड़ी में नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा बड़े स्तर पर गरीबों, जरूरतमंदों और दिव्यांगों की सेवा निरंतर की जा रही है। एक ओर, दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी समेत हाई क्वॉलिटी आर्टिफिशियल लिंब्स मुफ्त में उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं संगम में पवित्र डुबकी लगाने, भोजन व आवास की उचित व्यवस्था महाकुम्भ में उपलब्ध कराने की दिशा में भी संस्थान द्वारा बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

सेक्टर 18 में स्वामी अवधेशानंद गिरि के शिविर के सामने स्थित नारायण सेवा संस्थान का यह शिविर मानव कल्याण की दिशा में अद्भुत कार्य कर रहा है। महाकुम्भ में अब तक संस्थान के द्वारा दिव्यांगों को करीब 50 ट्राई साइकिल, 150 से ज्यादा आर्टिफीशियल लिंब्स, वितरित किए जा चुके हैं। बड़े पैमाने पर लोग यहां फिजियोथैरेपी के लिए जुट रहे हैं। भक्तों के लिए भागवत, रामकथा जैसे धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। संस्थान के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि हाई क्वॉलिटी आर्टिफिशियल लिंब्स दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से सहायक हैं, क्योंकि बाजार से खरीदने पर यह काफी महंगा आता है मगर महाकुम्भ क्षेत्र में वह जरूरतमंद दिव्यांगों को इसे मुफ्त में प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी गतिविधियों को 70 सदस्यीय टीम द्वारा प्रतिदिन सुनिश्चित किया जा रहा है।

- गरीबों तथा विशेषकर दिव्यांगों की सेवा के लिए किए जा रहे विशेष प्रयास
- दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, बैसाखी समेत आर्टिफिशियल लिंब प्रदान कर रहा नारायण सेवा संस्थान

नारायण सेवा संस्थान मकर संक्रांति 14 जनवरी से निरंतर महाकुंभ में महापुण्य प्राप्ति के लिए लंगर, भंडारा, कपड़े और कंबल का नि:शुल्क वितरण बड़ी संख्या में कर रहा है। वहीं, सैकड़ों लोगों को नि:शुल्क आवास की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है जिसमें संस्थान के दानी लोग आ रहे हैं।

# सभी संप्रदाय मिल जुलकर बना रहे महाकुंभ को भव्य-दिव्य

## वाल्मीकि संतों ने भव्य महाकुंभ के लिए योगी सरकार को दिया श्रेय

**महाकुंभ नगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु) । महाकुंभ में सभी संप्रदायों की भागीदारी देखने को मिल रही है, जो सीएम योगी के एकता के महाकुम्भ को साकार कर रहा है। इसी क्रम में संतों ने वाल्मीकि समाज से जुड़े संत भी इस भव्य महाकुंभ का श्रेय योगी सरकार को दे रहे हैं। खासतौर पर सीएम योगी के प्रयासों से प्रयागराज में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित किए जाने से समाज के संत खुद को सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने कहा है कि योगी हमारे गुरु भाई हैं। सर्व समाज के विकास के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। वाल्मीकि और रैदासी संत योगी के मुरीद हैं। उन्होंने योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का योगदान अतुलनीय है।

अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महामंडलेश्वर बाल योगी स्वामी प्रगट नाथ महाराज (पंजाब) के सानिध्य में महाकुम्भ में विशेष यज्ञ और हवन कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें देश-विदेश से आए संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। स्वामी प्रगट नाथ महाराज ने बताया कि भगवान वाल्मीकि के प्रति श्रद्धा केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इटली, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी वाल्मीकि समाज की गहरी जड़ें हैं।

इन देशों में भगवान वाल्मीकि के मंदिर स्थापित किए गए हैं। जहां नियमित रूप से रामायण पाठ, भजन-सत्संग और लंगर का आयोजन होता है।

स्वामी जी ने बताया कि इटली में पिछले 12 वर्षों से भगवान राम और वाल्मीकि रामायण पर गहन शोध कार्य चल रहा है। कई विदेशी विद्वान प्राचीन रामायण की पांडुलिपियों और भगवान राम के जीवन पर विस्तृत अध्ययन कर रहे हैं। विशेष रूप से इटली में रविदास समाज और वाल्मीकि समाज के लोग मिल-जुलकर भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए हुए हैं।

महामंडलेश्वर ने वाल्मीकि समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर कहा कि इंग्लैंड में 1920 में वाल्मीकि ज्ञान आश्रम की स्थापना के बाद से ही समाज को जागरूक करने के कार्य निरंतर जारी हैं। कनाडा के टोरंटो में पिछले वर्ष एक नया वाल्मीकि मंदिर स्थापित किया गया है। इसके अलावा दुबई तथा कुवैत में भी ऐसे मंदिरों की स्थापना की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# पिता संग महाकुंभ पहुंचीं साइना नेहवाल, कहा - यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक उत्सव

**महाकुंभ नगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु संगम में स्नान के लिए उमड़ रहे हैं। इसी क्रम में भारत की स्टार शटलर और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल भी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए बुधवार को महाकुम्भ पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है और वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें यहां आने का अवसर मिला। साइना ने कहा, 'इस पवित्र आयोजन का हिस्सा बनकर विशेष अनुभव हो रहा है। मैं उत्तर प्रदेश सरकार को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देती हूं। उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आएंगे और इसे विश्वभर में प्रसिद्ध बनाएंगे।' साइना ने आगे बताया कि वह आज शाम अपने पिता के साथ त्रिवेणी संगम जा रही हैं और भविष्य में अपनी मां के साथ भी यहां आने की इच्छा रखती हैं। साइना ने कहा, 'यह एक बहुत बड़ा उत्सव है। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यहां आने का अवसर मिला।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं खुश हूं कि सभी लोग एकजुट हुए और दिखाया कि हम कितने मजबूत हैं। मुझे गर्व है कि यह उत्सव हमारे देश में हो रहा है।' साइना नेहवाल ने देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि आध्यात्मिक आयोजन हमें ऊर्जा और सकारात्मकता से भरते हैं।

# 'कल्चर कुंभ' में दिखी महाकुंभ की भव्यता

**महाकुंभ नगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु) । प्रयागराज में महाकुंभ के अवसर पर बुधवार को परमार्थ निकेतन की ओर से परमार्थ कैंप, सेक्टर 23, अरैल घाट पर दो दिवसीय कल्चर कुंभ का आयोजन किया गया। बुधवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभी महानुभावों ने महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता की प्रशंसा की। सभी ने सफाई व्यवस्था और सुविधाओं को सराहा।

- परमार्थ निकेतन की ओर से परमार्थ अरैल घाट पर दो दिवसीय कल्चर कुंभ का आयोजन
- सभी ने सफाई व्यवस्था और सुविधाओं को सराहा



नगर विकास, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि दो साल पहले से ही हमने महाकुंभ की तैयारी शुरू कर दी थी। लगभग 40 करोड़ लोगों के महाकुम्भ में शामिल होने की सम्भावना थी, अब तक 38 करोड़ लोग महाकुम्भ में आ चुके हैं। प्रतिदिन करीब सवा करोड़ लोग महाकुम्भ में स्नान कर रहे हैं। हर स्तर पर हम लोगों को महाकुंभ का सुखद अनुभव प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रमुख सचिव ने कहा कि पिछले कुंभ में सरकार ने 23 सौ 15 करोड़ रुपए कुंभ के आयोजन में खर्च किए थे। इस महाकुंभ में सात हजार करोड़ केंद्र सरकार ने और सात हजार 400 करोड़ उत्तर प्रदेश सरकार ने खर्च किए हैं। कुल 14 हजार 400 करोड़ का इंवेस्टमेंट सरकार ने किया है। इस इन्वेस्टमेंट में 75 प्रतिशत खर्च इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया गया है, जो कि न सिर्फ महाकुम्भ में बल्कि आगे आने वाले समय में भी लोगों को सुविधाएं प्रदान करेगा। 500 सड़कें बनाई हैं, नए रेलवे स्टेशन बनाएं। कुम्भ में हमने 65 हजार टॉयलेट्स बनवाए थे। इस बार 1 लाख टॉयलेट्स बनाए गए हैं । 15 हजार सफाईकर्मी पूरे मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था देख रहे हैं। ये सभी सफाई कर्मी दिन रात 24 घंटे मेला क्षेत्र की सफाई में जुटे हुए हैं।

इस दौरान स्वामी चिदानन्द सरस्वती, साध्वी भगवती सरस्वती , ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपदनायक, पूर्व भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, शान्तनु गुप्ता, पुष्कर शर्मा और शेफाली वैद्य मौजूद रहे।

# महाकुंभ ने दिखाई विकसित भारत की शुरुआती झलक : एके शर्मा

**लखनऊ/महाकुंभ नगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने महाकुंभ की शुरुआत से ही कहा है कि इस बार का महाकुंभ विकसित भारत की शुरुआती झलक प्रस्तुत कर रहा है। महाकुंभ भारत की प्राचीन परंपरा है और हजारों बार आयोजित हो चुका है। हालांकि, इस बार यह आधुनिक भारत में हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस महाकुंभ के आयोजन में उसी भावना से कार्य किया जा रहा है और इसका उद्देश्य भारत की शक्ति को पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत करना है। नगर विकास विभाग महाकुंभ में नोडल विभाग होने और नगर विकास मंत्री होने से हमारी जिम्मेदारी भी बड़ी थी, जिसे मैं स्वयं और अपनी टीम के अथक प्रयासों से इस मिशन में सफल होते दिख रहे है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि अमेरिका से आई एक एनआरआई महिला ने महाकुंभ में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जमकर प्रशंसा की। जब उन्हें बताया गया कि महाकुंभ क्षेत्र की वर्तमान जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से अधिक है, तो वे आश्चर्यचकित रह गईं। इसी तरह, मूलरूप से बंगाल के लेकिन अब युगांडा में बसे एक व्यक्ति ने कहा कि महाकुंभ की सुविधाएं शानदार हैं। बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और अन्य कई स्थानों से आए श्रद्धालुओ से यह कहते हुए सुने गए कि महाकुंभ की सुविधाएं कई विकसित और व्यवस्थित शहरों से बेहतर हैं। मंत्री शर्मा ने कहा कि संपूर्ण विश्व से आए श्रद्धालुओ ने विशेष रूप से महाकुंभ में मिले आध्यात्मिक एवं भौतिक अनुभवों की प्रशंसा कर रहे हैं। महाकुंभ की स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था ने उन्हें सबसे अधिक प्रभावित किया। नगर विकास मंत्री शर्मा ने बताया कि इस बार महाकुंभ के अलौकिक बनने का कारण यह रहा कि इस बार तैयारियां अत्यधिक सुनियोजित तरीके से की गई हैं।

# बसंत स्नान के बाद आज से फिर होगा संस्कृति का महाकुंभ

## अगले चार दिन तक देश के नामचीन कलाकारों की प्रस्तुतियों से सजेगी महाकुंभ की सांझ

**महाकुंभ नगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बसंत स्नान के बाद गुरुवार से फिर संस्कृति का महाकुंभ होगा, जिसमें देश की विविध संस्कृतियों का संगम होगा। गंगा पंडाल पर चल रहे मुख्य आयोजन को लेकर संस्कृति विभाग ने एक बार फिर तैयारी पूरी कर ली है।

**7 को डोना गांगुली, 8 को कविता कृष्णमूर्ति, 9 को सुरेश वाडेकर, सोनल मान सिंह व 10 को हरिहरन देंगे प्रस्तुति**

अगले चार दिन तक देश के नामचीन कलाकारों की प्रस्तुतियों से महाकुम्भ की सांझ सजेगी। 7 को डोना गांगुली, 8 को कविता कृष्णमूर्ति, 9 को सुरेश वाडेकर, सोनल मान सिंह व 10 को हरिहरन प्रस्तुति देंगे। 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा स्नान है, इसलिए 11 से 13 फरवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।

### गंगा पंडाल पर मुख्य आयोजन

**7 फरवरी :** डोना गांगुली (कोलकाता)- ओडिशी नृत्य, योगेश गंधर्व एवं आभा गंधर्व-सूफी गायन , सुमा सुधींद्र (कर्नाटक)- गायन , डॉ. देवकी नंदन शर्मा (मथुरा)- रासलीला

**8 फरवरी :** कविता कृष्णमूर्ति, डॉ. एल सुब्रह्मण्यम (सुगम संगीत), प्रीति पटेल (कोलकाता)- मणिपुरी नृत्य, नरेंद्र नाथ (पं. बंगाल)- सरोद वादन, डॉ. देवकीनंदन शर्मा (मथुरा)- रासलीला

**9 फरवरी :** सुरेश वाडेकर - सुगम संगीत

पद्मश्री मधुप मुद्गल- (नई दिल्ली)- हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत, सोनल मान सिंह- ( नई दिल्ली)- ओडिशी नृत्य, डॉ. देवकी नंदन शर्मा- (मथुरा)- रासलीला,

**10 फरवरी :** हरिहरन-सुगम संगीत

शुभदा वराडकर (मुंबई)- ओडिशी नृत्य

सुधा (तमिलनाडु)- कर्नाटक संगीत

रायपुर, गुरूवार 6 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## निर्वासन: काम न आई ट्रम्प-मोदी मित्रता

जिस डोनाल्ड ट्रम्प को उनके दोबारा राष्ट्रपति बनने के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'माई फ्रेंड' कहकर अपनी बधाइयां दी थीं, उन्हीं ट्रम्प ने मोदी को 'रिटर्न गिफ्ट' के रूप में 104 भारतीयों को अवैध प्रवासी कहकर एक सैन्य जहाज में भरकर लौटा दिया है- वह भी अपराधियों की तरह हाथ-पांवों में हथकड़ी-बेड़ियां डालकर तथा उनकी कमर को जंजीरों से जकड़ कर। सी-17 ग्लोबमास्टर नामक सेना का जो हवाई जहाज बुधवार को अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा, उसमें से उतरने वालों के मन में गहन अपमान का दर्द तो साफ दिख रहा था, पूरा देश इसे लेकर अभूतपूर्व बेइज़्ज़ती महसूस कर रहा है जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में उसकी कभी भी नहीं हुई थी। एक ओर तो अपने आप को विश्व गुरु होने का दावा करने वाले मोदी की यह बड़ी कूटनीतिक हार है, तो वहीं दूसरी ओर इस घटना ने यह भी साफ कर दिया है कि भारतीयों का एक बड़ा वर्ग ऐसा है जिनमें न राष्ट्रीय गौरव बचा है और न ही मानवाधिकार की चेतना। यह वह वर्ग है जो भारतीय जनता पार्टी का समर्थक तथा हमेशा की तरह मोदी व सरकार के साथ खड़ा है। जो भी हो, भारत सरकार अपने नागरिकों के साथ उनके जीवन की सबसे दुखद व शर्मसार करने वाली घड़ी में साथ खड़े होने में नाकाम रही है।

यह पहली खेप है। अमेरिका ने लगभग 18 हजार अवैध प्रवासियों की शिनाख्त कर ली है। भारत सरकार की सहमति से उन्हें भेजा गया है, जो और भी शर्मनाक है। यानी अभी इसी तरीके से और भी कई जहाज देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर उतरेंगे। इस जहाज को अमृतसर इस कारण से उतारा गया था क्योंकि इस खेप में ज्यादातर वे लोग हैं जो पंजाब और गुजरात से हैं। हालांकि जिन ऐसे अवैध प्रवासियों को निकाला जाना है उनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि के ज्यादा बताये जाते हैं। ट्रेवल एजेंटों को भारी-भरकम राशि देकर बगैर वैध दस्तावेजों के ये लोग अमेरिका में रह रहे थे। कई लोग कनाडा होकर अमेरिकी सीमा को पार करते हुए बेहतर जीवन-यापन की तलाश में उस विकसित देश में पहुंचे थे। ऐसा नहीं कि केवल भारत के ही लोग इस पद्धति से वहां पहुंचे हैं, जिसे 'डंकी' तरीका कहा जाता है। अनेक लातिन अमेरिकी, अफ्रीकी तथा एशियाई मुल्कों के लोग अमेरिका जाते हैं। चूंकि इन देशों में आजीविका के पर्याप्त अवसर नहीं हैं तथा समानता और रोजगार के लिहाज से अमेरिका दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करता है, वहां एक बड़ी आबादी ऐसे लोगों की है जो इसी तरह से वहां पहुंची हुई है। अवसर मिलने पर वे अपने कागज़ात को ठीक कराते हैं और विभिन्न उपायों से वहां स्थायी व कानूनी रूप से रहने की मंजूरी पा लेते हैं। 2022 में प्रसिद्ध सिने निर्देशक राजकुमार हिरानी ने अवैध आव्रजन के कथानक पर आधारित इसी नाम से एक फिल्म बनाई थी- 'डंकी'। हालांकि उसमें गैरकानूनी तरीके से लंदन जाने की कहानी है पर इस तरीके को पूरे पश्चिम जगत में अपमानजनक व उपहासात्मक तरीके से डंकी कहा जाता है।

2024 में जब अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव हुआ था तो ट्रम्प ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया था। उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति के तहत ट्रम्प ने ऐलान किया था कि वे अगर जीते तो सभी अवैध प्रवासी खदेड़ दिये जायेंगे। उन्होंने इसके लिये अपने देश को यह कहकर तैयार किया कि अवैध प्रवासियों के कारण अमेरिकियों के लिये अवसर और संसाधन पूरे नहीं पड़ते हैं। इस मुद्दे पर उन्हें समर्थन भी मिला था। इसके तहत उन्होंने अपना वादा पूरा किया। भारत के अलावा ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू तथा इक्वाडोर के प्रवासियों को अमेरिका डिपोर्ट कर चुका है। ये बहुत छोटे देश हैं लेकिन कोलंबिया और मैक्सिको ने न सिर्फ रीढ़ की हड्डी दिखलाई बल्कि अपने नागरिकों के सम्मान की रक्षा भी की। उन्होंने अमेरिकी सैन्य विमानों को अपने हवाई अड्डों पर उतरने की अनुमति नहीं दी। बाद में मैक्सिको ने अमेरिका की सीमा से अपने नागरिकों को वापस लिया तथा कोलंबिया ने अपने जहाज भेजकर उनकी सम्मानजनक स्वदेश वापसी कराई।

भारत के लिये यह पूरा वाकया इसलिये दुखद है क्योंकि सरकार ने अमेरिकी प्रशासन के साथ मिलकर ऐसा कोई उपाय ढूंढने की कोशिश ही नहीं की कि अवैध प्रवासी ही सही, लेकिन उनकी सम्मानजनक वापसी हो। भारत सरकार के पास पर्याप्त समय था। भारत ने इसके पहले युद्ध या अन्य परिस्थितियों में अलग-अलग देशों में फंसे भारतीयों को निकाला है। यह माना जा सकता है कि यह विशिष्ट स्थिति है, लेकिन अब कम से कम बचे लोगों की सम्मानपूर्वक वापसी कराई जाये। यह कहकर उन्हें लावारिस नहीं छोड़ा जा सकता कि 'वे अवैध रूप से गये थे' या 'क्या वे सरकार को बता कर गये थे?' भारत को अमेरिकी सरकार से इस बाबत कड़ाई से बात करनी चाहिये क्योंकि बेड़ी-हथकड़ियों में नागरिकों का लाया जाना किसी भी देश के ही लिये नहीं वरन समस्त मानवीयता के लिये एक कलंक है।

इस घटना ने जहां एक ओर भारत सरकार की कमजोरी को साबित किया है वहीं उन लोगों की कथित देशभक्ति का भी खुलासा हो गया जो किसी भी कीमत पर सरकार के साथ खड़े होकर उसकी नाकामियों को महिमा मंडित करते हैं। ऐसे लोगों ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि उनके लिये देश का सम्मान कोई मायने नहीं रखता और उनकी पार्टी उनके लिये स्वाभिमान तथा राष्ट्रीय गौरव से बढ़कर है। दुर्भाग्य से यही वह वर्ग है जो देशभक्ति का दावा करता है।

# लोकतंत्र को निगलता पूंजीवाद

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

अपने दूसरे कार्यकाल में कुछ और ज्यादा दबंग होकर शासन करने की मंशा पाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब बेहद खतरनाक खेल खेलने पर उतारू हो गए हैं। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका के पहले विदेशी मेहमान बने। इस बात से ही जाहिर हो जाता है कि अमेरिका और इजरायल के बीच किस किस्म की घनिष्ठता है। नेतन्याहू से मुलाकात के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग़ज़ा पर अमेरिका के नियंत्रण से जुड़ा चौंकाने वाला प्रस्ताव पेश किया। ट्रंप का मानना है कि ग़ज़ा एक ऐसी जगह है जहां सब कुछ ध्वस्त हो चुका है। अब अमेरिका ग़ज़ा पट्टी को नियंत्रण में लेकर यहां से ज़िंदा बमों को हटाकर, पुनर्निमाण करके अर्थव्यवस्था को गति देने का काम कर सकता है। बकौल ट्रंप फ़िलीस्तीन के लोग केवल इसलिए ग़ज़ा वापस जाना चाहते हैं क्योंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं है। इसलिए ट्रंप ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि गज़ा के 18 लाख लोगों को दूसरे अरब देशों में भेज देना चाहिए, ताकि अमेरिका ग़ज़ा पर नियंत्रण करे और इस बर्बाद हो चुके फ़िलीस्तीनी क्षेत्र को फिर से बनाए। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या उनके इस ताज़ा रुख़ के मायने ये हैं कि वो इज़रायल और फ़िलीस्तीन के विवाद को सुलझाने के लिए 'दो राष्ट्र सिद्धांत' के ख़िलाफ़ हैं। तो ट्रंप ने जवाब दिया, 'इसका दो राष्ट्र या एक राष्ट्र या किसी भी राष्ट्र से कोई मतलब नहीं है।'

गनीमत है कि जवाब देने में ट्रंप ने ईमानदारी दिखाई कि इसका किसी भी राष्ट्र से कोई मतलब नहीं है। वैसे भी ट्रंप इस समय जो कर रहे हैं, वही अमेरिका की मंशा हमेशा से रही है। फर्क यही है कि अब तक के राष्ट्रपतियों ने खुलकर गज़ा पर अधिकार जमाने की बात नहीं की थी, ट्रंप विकास, रोजगार और पुनर्निर्माण जैसे शब्दों की जुगाली करते हुए इस बात को बेझिझक कह रहे हैं। ट्रंप ने ग़ज़ा पट्टी की तुलना नरक से करते हुए कहा, 'यहां लोगों को कभी जीने का मौका नहीं मिला।' हालांकि उनसे पूछा जाना चाहिए कि गज़ा को नरक बनाने में अमेरिका की भूमिका के बारे में वे क्या कहेंगे। यहूदियों को बसाने के लिए इजरायल नाम के नए देश का निर्माण आखिर किस की पहल पर हुआ। ट्रंप अब भी गज़ा के लोगों को दूसरे अरब देशों में भेजने की बात कर रहे हैं, अगर उन्हें भलाई करने का इतना ही शौक है तो क्यों नहीं अमेरिका में उन्हें बसने बुला लेते। अभी तो वे अमेरिका से उन लोगों को भी खदेड़ रहे हैं, जिनके पास अमेरिकी कानून के तहत पूरे कागज़ात नहीं हैं। ऐसे प्रवासी अवैध कहे जा सकते हैं, लेकिन ट्रंप तो इन्हें अपराधियों की तरह हथकड़ी लगाकर वापस भेज रहे हैं। भारत में भी बुधवार को ऐसे प्रवासी भारतीयों की पहली खेप आई है। वैश्विक स्तर पर यह देश का बड़ा अपमान है। अफसोस की बात यह है कि इतनी बड़ी शर्मिंदगी का अहसास प्रधानमंत्री को नहीं है, वे गंगाजी में डुबकी लगाने का आनंद ले रहे हैं।

बहरहाल, गज़ा पर ट्रंप की योजना पर उनसे पूछा गया कि 'क्या भविष्य में ग़ज़ा पर अमेरिका का स्वामित्व होगा, क्या आप किसी संप्रभु क्षेत्र पर कब्ज़ा करने की बात कर रहे हैं?' तो ट्रंप ने कहा, 'हां'. वह अमेरिका की अगुवाई में लंबे समय तक ऐसा नियंत्रण करने की कल्पना कर रहे हैं। उस ज़मीन के टुकड़े पर अधिकार पाना, उसका विकास करना, हज़ारों नौकरियां पैदा करना। ये वाकई शानदार होगा। हर कोई इस विचार को पसंद करता है।' इस हर कोई में कौन-कौन शामिल है, इसका खुलासा तो अभी नहीं हुआ है, लेकिन मिस्र, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, क़तर, फ़िलीस्तीनी प्राधिकरण और अरब लीग ने एक साझा बयान जारी करते हुए ट्रंप की इस योजना को ख़ारिज और चेतावनी दी है कि इस तरह की योजना क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ख़तरा पैदा करेंगी और संघर्ष तेज़ होने का जोख़िम भी बढ़ाएगी। हमास भी स्वाभाविक तौर पर इस योजना से नाराज़ है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत किसी जगह की आबादी को जबरन कहीं और भेजना प्रतिबंधित है। लेकिन ट्रंप खुलेआम इस कानून की धज्जियां उड़ाने की योजना बता रहे हैं। अरब देश इसकी मुखालफत भले ही कर लें, लेकिन क्या ट्रंप को इस योजना पर अमल करने से रोका जा सकेगा, यह बड़ा सवाल है। क्योंकि ट्रंप के इर्द-गिर्द इस समय जो लोग खड़े हैं, उनके लिए मुनाफा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसमें इंसानियत जैसे शब्दों की कोई जगह नहीं है।

गज़ा को स्वर्ग बनाने के पीछे किस तरह भू राजनैतिक स्थितियों से छेड़छाड़ होगी, इजरायल और अमेरिका की खुफिया एजेंसियां, सेनाएं और तकनीकी ताकतें किस तरह के दुष्चक्र रचेंगी, इनका अंदाजा भी फिलहाल नहीं लगाया जा सकता। हालांकि

> ट्रंप को सत्ता संभाले अभी महीना भर भी नहीं हुआ और उनके फैसले जाहिर कर रहे हैं कि अमेरिका में पूंजीवाद और अमेरिका का पूंजीवाद पूरी तरह बेनकाब होकर दुनिया के सामने आ गए हैं। दुनिया में लोकतंत्र की रक्षा और बहाली के नाम पर अपनी पिट्ठू सरकारें बनवाने वाला अमेरिकी पूंजीवाद अब कौन से कहर ढाएगा, यह सोचकर ही डर लगता है। क्योंकि इस खेल का प्रतिरोध भी होगा और उससे नए संघर्षों का जन्म होगा। भारत इन बदले हालात में किस तरह अपनी मजबूती दिखाएगा, इसमें भी संशय है।

ट्रंप के एक और फैसले से इस खेल की चालाकी समझी जा सकती है। टेस्ला कंपनी के मालिक, दुनिया के सर्वाधिक अमीर कारोबारियों में से एक और इस समय ट्रंप के सबसे करीबी माने जाने वाले एलन मस्क की पहुंच अब अमेरिकी सरकार की भुगतान प्रणाली तक हो गई है। मस्क द्वारा संचालित डीओजीई यानी सरकारी दक्षता विभाग को सामाजिक सुरक्षा और मेडिकेयर ग्राहक भुगतान प्रणालियों सहित संवेदनशील वित्तीय डेटा तक पहुंच मिल गई है। डीओजीआई को लेकर पहले ही अमेरिका में संदेह व्यक्त किया जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने इस टास्क फोर्स का गठन ही इसलिए किया है ताकि संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने, कार्यक्रमों में कटौती करने और संघीय नियमों को कम करने के तरीके खोजे जा सकें। आसान शब्दों में कहें तो सरकार अपनी जिम्मेदारी इस टास्क फोर्स के जरिए कम करना चाहती है। इसकी कमान एलन मस्क के हाथों में है, जो विशुद्ध कारोबारी हैं और जिन्हें सरकार के संचालन में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी जनता ने निर्वाचित नहीं किया। अमेरिकी जनता ने डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुना है। लेकिन ट्रंप बेहतर प्रशासन के नाम पर कारोबारियों को बढ़ावा दे रहे हैं। अमेरिकी ट्रेजरी तक मस्क की पहुंच इसका बड़ा प्रमाण है। डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सांसद इस बात से काफी परेशान हैं कि मस्क के पास अमेरिकी सरकार में बहुत अधिक शक्ति है, उन्हें डर है कि मस्क के लोग अपने राजनीतिक एजेंडे के अनुरूप भुगतान को अवैध रूप से रोक सकते हैं। मस्क सोशल मीडिया पर भी इस बात को कह चुके हैं कि वे चैरिटी यानी कल्याणकारी कार्यों के लिए दिए जाने वाले भुगतान को बंद कर देंगे। ध्यान रहे कि ट्रेजरी के भुगतानों का प्रबंधन राजकोषीय सेवा द्वारा किया जाता है, जो सालाना 1.2 बिलियन डॉलर से अधिक लेनदेन करती है। अब इस लेनदेन तक मस्क की पहुंच हो चुकी है, जिसकी आलोचना अमेरिका में मीडिया और विपक्ष दोनों कर रहे हैं।

ट्रंप को सत्ता संभाले अभी महीना भर भी नहीं हुआ और उनके फैसले जाहिर कर रहे हैं कि अमेरिका में पूंजीवाद और अमेरिका का पूंजीवाद पूरी तरह बेनकाब होकर दुनिया के सामने आ गए हैं। दुनिया में लोकतंत्र की रक्षा और बहाली के नाम पर अपनी पिट्ठू सरकारें बनवाने वाला अमेरिकी पूंजीवाद अब कौन से कहर ढाएगा, यह सोचकर ही डर लगता है। क्योंकि इस खेल का प्रतिरोध भी होगा और उससे नए संघर्षों का जन्म होगा। भारत इन बदले हालात में किस तरह अपनी मजबूती दिखाएगा, इसमें भी संशय है। ट्रंप के शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रण नहीं था, लेकिन मुकेश अंबानी वहां सपत्नीक मौजूद थे। अमेरिका में पहले विदेशी मेहमान इजरायली प्रधानमंत्री बने और उस समय अमेरिका से अवैध प्रवासियों को भारत भेजने की तैयारी हो रही थी। नरेन्द्र मोदी के अपने दोस्त ट्रंप से फोन पर की गई बातचीत से भी कोई खास उम्मीद नहीं बंधी। जिस तरह नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में कुछ खास उद्योगपतियों को बढ़ावा मिला, उसी तरह मस्क अमेरिकी सरकार पर हावी दिख रहे हैं। एक उद्योगपति के सरकार पर नियंत्रण बढ़ने के नतीजे अमेरिका में सामने आने लगे हैं, भारत के नागरिकों को भी अपने देश में ऐसे ही हालात बनने का डर लगना चाहिए। राहुल गांधी ने संसद में इस बात को समझाने की कोशिश की थी, लेकिन उनके एआई के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने डबल एआई वाला बयान देकर बता दिया कि अमेरिका का जो अभी हाल है, जल्द ही भारत में भी पूंजीवाद लोकतंत्र को ऐसे ही निगलेगा।

# बजट 2025-26 में भारी कर छूट का मोदी का दांव क्यों विफल होगा?

■ नित्य चक्रवर्ती

2025-26 के केन्द्रीय बजट को संसद में पेश किये जाने के बाद देश के आयकरदाताओं को भारी राहत दिये जाने पर भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रियों में जो उत्साह है, उसमें देश के उन अनुमानित एक करोड़ लोगों का भी योगदान हो सकता है, जिन्हें बजट प्रस्तावों से लाभ मिला है। लेकिन लोगों के उपभोक्ता व्यवहार पर इसका प्रभाव सीमित होगा और उतना बड़ा नहीं होगा, जितना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित नीति निर्माता उनके होने का अनुमान लगा रहे हैं।

2025-26 के बजट के दो कार्य हैं, जो नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा महत्वपूर्ण कार्य है। पहला, खपत को बढ़ावा देना, क्योंकि चालू वित्त वर्ष में खपत सुस्त रही है और दूसरा, युवाओं के लिए नौकरियों का तेजी से सृजन करना, क्योंकि बेरोजगारी चरम संकट बिंदु पर पहुंच गयी है। इन दोनों मामलों में, 2025-26 के बजट प्रस्तावों में कोई उम्मीद की किरण नहीं है। बजट निर्माताओं, खासकर प्रधानमंत्री में, भारी सुधार लाने की हिम्मत गायब है, हालांकि इसके लिए यह सबसे अच्छा समय था क्योंकि लोकसभा चुनाव चार साल दूर हैं। सत्तारूढ़ सरकार को अपने अस्तित्व के लिए तत्काल कोई खतरा नहीं है।

भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने अर्थव्यवस्था में खपत और उसके परिणामस्वरूप मांग को बढ़ावा देने के लिए आधा-अधूरा दृष्टिकोण अपनाया और रोजगार सृजन के कार्य को पूरी तरह से छोड़ दिया। इसका कुल प्रभाव यह होगा कि कुछ क्षेत्रों में खपत में वृद्धि की कुछ लहरें उठेंगी, लेकिन एक लाख करोड़ की कुल कर राहत, मांग चक्र को गति देने में सक्षम नहीं होगी क्योंकि ग्रामीण और शहरी गरीबों की खराब खर्च क्षमता सहित अन्य कारक स्थिर रहेंगे, जिससे खपत में सामान्य उछाल की प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

आयकरदाताओं को एक लाख करोड़ रुपये की राहत के बारे में वास्तविकता पर नजर डालते हैं। 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में सामने आये आंकड़ों के अनुसार, वेतनभोगियों में, 2023-24 में पुरुष श्रमिकों के लिए वास्तविक औसत मासिक वेतन 2017-18 में 12,665 रुपये से 6.4 प्रतिशत कम होकर 11,858 रुपये था। महिला श्रमिकों के लिए, इस अवधि के दौरान वास्तविक मजदूरी में और अधिक गिरावट आई। इसका क्या मतलब है? इसका मतलब है कि वेतनभोगी लोगों के एक बड़े हिस्से, विशेष रूप से निचले और मध्यम वर्ग को कुछ आवश्यक सामान प्राप्त करने के मामले में भी बदतर जीवन स्थितियों का सामना करना पड़ा। यह वर्ग नये सामान खरीदने नहीं जायेगा, बल्कि इस अवधि में छूटी हुई कुछ जरूरी चीजें वापस पाने की कोशिश करेगा।

पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार की नीतियों का सबसे ज्यादा फायदा कॉरपोरेट सेक्टर को हुआ है। यह प्रक्रिया पिछले पांच वर्षों में ज्यादा स्पष्ट हुई। 2023-24 में मुनाफे में 22.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, लेकिन रोजगार में महज1.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 2024-25 में व्यक्तिगत कर संग्रह में पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कॉर्पोरेट कर के मामले में यह वृद्धि केवल 7 प्रतिशत रही। इसका मतलब यह है कि मध्यम वर्ग के आयकरदाता कॉर्पोरेट क्षेत्र की तुलना में सरकार के कर राजस्व में अधिक योगदान दे रहे हैं, जिसे नरेंद्र मोदी शासन के दौरान सबसे अधिक लाभ हुआ है।

2025-26 के बजट में रोजगार पहल के संबंध में, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना पर नवीनतम रिपोर्ट कुल मिलाकर बिल्कुल भी आशाजनक नहीं है, हालांकि कुछ क्षेत्रों में परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। दिसंबर 2024 में सीएमआईई की नवीनतम रिपोर्ट में बेरोजगारी का प्रतिशत 7.8प्रतिशत बताया गया है। भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 में उल्लेख किया गया है कि आकस्मिक श्रमिक, जो कार्यबल का 25प्रतिशत हिस्सा हैं, उन्हें लगभग 4,712 रुपये मासिक वेतन मिलता है। स्व-नियोजित श्रेणी के लोग (जो कार्यबल का 42प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं) प्रति माह लगभग 6,843 रुपये कमाते हैं। कर राहत से मध्यम वर्ग (5 से 30 लाख रुपये के बीच वार्षिक आय वाले) और निम्न आय वाले परिवारों (2 से 5 लाख रुपये के बीच वार्षिक आय वाले) के बीच उपभोग संकट को कम करने में मदद मिल सकती है। वे उपभोक्ता बाजार में सतर्कता से खर्च करने वाले होंगे क्योंकि उनके पास पहले से ही शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत सहित आवश्यकताओं की मांग है। इनमें से अधिकांश समूह कृषि क्षेत्र, स्व-स्वामित्व वाले व्यवसायों और एमएसएमई क्षेत्र में कार्यरत हैं। साथ में, वे भारत की कामकाजी आबादी का 70प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं, जिसमें 40 करोड़ कम उत्पादक कृषि क्षेत्र और लगभग 25 करोड़ एमएसएमई क्षेत्र में फंसे हुए हैं।

> बढ़ती अर्थव्यवस्था में हाउसकीपिंग, सुरक्षा सेवाएं और अन्य गिग प्रकार की नौकरियों जैसे कम वेतन वाली और कम उत्पादक नौकरियों का सृजन भी हो रहा है। इस बजट में मोदी सरकार का पूरा दृष्टिकोण एक लाख करोड़ रुपये की राहत के तथाकथित गुणक प्रभाव पर आधारित है और यह अनुमान लगा रहा है कि पूरी राशि उपभोग के लिए खर्च की जायेगी, जो वास्तव में होने वाला नहीं है।

बढ़ती अर्थव्यवस्था में हाउसकीपिंग, सुरक्षा सेवाएं और अन्य गिग प्रकार की नौकरियों जैसे कम वेतन वाली और कम उत्पादक नौकरियों का सृजन भी हो रहा है। इस बजट में मोदी सरकार का पूरा दृष्टिकोण एक लाख करोड़ रुपये की राहत के तथाकथित गुणक प्रभाव पर आधारित है और यह अनुमान लगा रहा है कि पूरी राशि उपभोग के लिए खर्च की जायेगी, जो वास्तव में होने वाला नहीं है। अधिकतम 50,000 करोड़ रुपये कुल राशि का आधा हिस्सा नये उपभोग के लिए खर्च किया जा सकता है। आयकर देने वाले वर्ग के बाहर के लोग वस्तुओं की मांग में योगदान करने की किसी भी क्षमता के बिना उसी तरह संघर्ष करेंगे। बहुसंख्यक आबादी को उनकी व्यय शक्ति से वंचित रखकर विकास नहीं हो सकता।

सरकारी नीतियों में विरोधाभास पर एक नजर डालें। रुपये में धन से लबालब देश के अमीर और उच्च मध्यम वर्ग पहले की तुलना में सोने की खरीद और विदेश यात्रा पर बड़ा खर्च कर रहे हैं। विदेशी मुद्रा की लगातार मांग है। इसकी आपूर्ति सीमित होने के कारण, दैनिक आधार पर रुपये का विनिमय मूल्य लगभग लगातार घट रहा है। द्वितीयक बाजार से एफपीआई द्वारा बड़ी मात्रा में निकासी ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। 2024 के पहले 11 महीनों में, भारत के सोने के आयात ने 47 अरब डॉलर का सर्वकालिक रिकॉर्ड बनाया। लाभार्थी कौन हैं? रत्न और आभूषणों का व्यापार करने वाले गुजरात के व्यापारी।

साथ ही, पिछले वित्त वर्ष में अमीर भारतीयों ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर रिकॉर्ड 17 अरब डॉलर खर्च किये, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। भारतीय आबादी के ऊपरी तबके के पास धन की भरमार है, जबकि निचले स्तर के लोग दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। 2025-26 के बजट में गरीबों और निम्न मध्यम वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कोई दृष्टि नहीं है। यह बेरोजगारी, विकास और समानता के विस्तार के उसी पुराने रास्ते पर चलता है और आयकर देने वाले वर्ग के बाहर की विशाल आबादी के हाथों में अधिक पैसा देकर उपभोग को बढ़ावा देने के लिए कोई बड़ा जोर नहीं देता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सही थे जब उन्होंने कहा कि यह 2025-26 का बजट गोली के घाव पर महजपट्टी बांधने जैसा है।

## आपके पत्र

### प्राचीन रोम के लोगों ने सीसा प्रदूषण झेला है

पैक्स रोमन काल (27 ईसा पूर्व से 180 ईसवीं तक का समय) रोम के सुनहरे युग के रूप में देखा जाता है। इस दौरान रोम में अपेक्षाकृत शांति और समृद्धि थी। इसी दौर में रोमन साम्राज्य की शुरुआत हुई, कोलोसियम का निर्माण हुआ, और साम्राज्य पूरे भूमध्य सागर और अधिकांश ब्रिटिश द्वीपों तक फैला। लेकिन प्रोसिडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेस में प्रकाशित शोध बताता है कि रोमवासियों ने इस समृद्धि की कीमत भी चुकाई है- चांदी खनन और गलाने के काम के चलते उस दौरान रोमवासी सीसा प्रदूषण का भी शिकार हुए थे और इसके चलते उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ संज्ञान क्षमता में भी गिरावट आई।

दरअसल रोमन साम्राज्य में चांदी के सिक्के बनाने के लिए गैलेना नामक सीसा-समृद्ध खनिज से चांदी का निष्कर्षण किया जाता था। खनन व निष्कर्षण के दौरान सीसा ज़हरीली वाष्प के रूप में निकलता है। एक ग्राम चांदी बनाने पर लगभग 10 किलोग्राम सीसा निकलता था।

अनुसंधानों की बदौलत आज हम यह जानते हैं कि सीसा (लेड) से संदूषित चीज़ों, जैसे पाइप, पेंट, खिलौने वगैरह के संपर्क में आने से हृदय और संज्ञान सम्बंधी समस्याएं हो सकती हैं और सीसे का संदूषण शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए ज़्यादा जोखिम भरा है। फिर, यह भी देखा गया है कि प्राचीन रोम में सीसे का खूब उपयोग होता था - चीनी मिट्टी के बर्तन, सौंदर्य प्रसाधन, चमकदार पेंट, पानी के पाइपों से लेकर वाइन के मिठासवर्धक के रूप में। हालिया अध्ययन का एक तर्क यह भी है कि इतने व्यापक इस्तेमाल के चलते सीसे की विषाक्तता ने रोमन साम्राज्य के पतन को गति दी होगी।

कुछ प्रमाण यह भी मिलते हैं कि रोमन लोग सीसा के खतरों को भांप चुके थे। प्लिनी दी एल्डर ने रोमन सौंदर्य प्रसाधनों में इस्तेमाल किए जाने वाले सफेद सीसा पाउडर को ज़हर कहा था। और प्राचीन रोमन लोगों के दांतों के एनेमल और कंकाल सीसा विषाक्तता का शिकार होने की गवाही तो देते ही हैं और, जिस तरह मिट्टी, चट्टानें अपनी परतों में अतीत की बातें छिपाए होती हैं, वैसे ही आर्कटिक में जमा बर्फ भी इतिहास की चुगली कर सकती है। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में आर्कटिक कोर बर्फ में पैक्स रोमन काल में सीसा प्रदूषण और उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव को बयां करते संकेत खोजे।

फिर शोधकर्ताओं ने देखा कि इस स्तर के उत्सर्जन और संपर्क का मनुष्य पर किस तरह का संज्ञानात्मक प्रभाव पड़ सकता है। देखा गया कि वहां के रहवासियों के रक्त में सीसे का स्तर पैक्स रोमन काल में पहले या बाद की तुलना में बहुत अधिक था और संभवत: इस अतिरिक्त सीसा के चलते पूरे साम्राज्य की संज्ञानात्मक क्षमता में औसतन 2.5 से 3 अंकों की कमी आई होगी। और इसका खामियाजा चांदी खदानों के आसपास के बाशिंदों को अधिक भुगतना पड़ा होगा, जैसे आधुनिक फ्रांस, स्पेन, यू.के. और पूर्वी एड्रियाटिक।

हालांकि इस पर थोड़े भिन्न मत भी हैं। अन्य वैज्ञानिकों का कहना है कि संज्ञानात्मक क्षति के लिए पूरी तरह सीसे को ज़िम्मेदार ठहराने के पहले कई सामाजिक कारकों (जैसे युद्ध की परिस्थितियां, भोजन की कमी) का भी आकलन किया जाना चाहिए। बहरहाल, महामारी विज्ञानियों और इतिहासकारों के आगे के अध्ययन इस सम्बंध पर और अधिक प्रकाश डाल सकेंगे। **( स्त्रोत फीचर्स )**



## ललित सुरजन की कलम से

### अमेरिका को फिर अमेरिका बनने दो

*अफ्रीकी-अमेरिकी कवि लैंगस्टन ह्यूज़ की कविता का अंश*

**रूपांतर- ललित सुरजन**

*कहो तो, कौन हो,*
*तुम जो अंधेरे में बुदबुदा रहे हो?*
*कौन हो, तुम जो सितारों को ढांप रहे हो?*
*मैं गरीब श्वेत हूँ, छला गया और ढकेला गया,*
*मैं नीग्रो हूँ, गुलामगिरी के निशान ढोता हुआ,*
*मैं आदिवासी हूँ, अपनी धरती से बेदखल,*
*मैं अप्रवासी हूँ, मुट्ठी में आशा का बीज दबाए,*
*लेकिन घटित होते देखता हूँ*
*वही पुराना किस्सा हर रोज़,*
*एक दूसरे को नोंच खाने और*
*कमज़ोर पर सितम ढहाने का,*
*मैं नौजवान हूँ, उम्मीद और शक्ति से लबरेज़*
*लेकिन जकड़ा हुआ हूँ*
*उन्हीं पुरानी अंतहीन जंज़ीरों से*
*मुनाफा, ताकत, संचय और ज़मीन हड़पने की!*
*या सोना हड़पने की!*
*या अपने आराम के लिए अवसर हड़पने की!*
*दफ़्तर में गुलामी की!*
*वेतन का हिसाब लगाने की!*
*अपने लालच में सब कुछ हड़प लेने की!*
*मैं किसान हूँ, अपने गिरवी खेतों का मालिक,*
*मैं मज़दूर हूँ, मशीन के हाथों बिका,*
*मैं नीग्रो हूँ, तुम सबका क्रीतदास,*
*मैं व्यक्ति हूँ, लाचार, भूखा, क्षुब्ध,*
*भूखा हूँ आज भी, स्वप्न के बावजूद*
*पिटा हूँ मैं आज भी, हे अग्रगामी!*
*मैं वह हूँ जो कभी आगे नहीं बढ़ पाया-*
*बोलियाँ लगती रहीं जिस पर साल-दर-साल*
*मैं वह कमज़ोर कमिया हूँ।*
*फिर भी मैं वही हूँ*
*जिसने देखा था पहला स्वप्न*
*उस पुरानी दुनिया में*
*राजाओं की गुलामी करते हुए,*
*जिसने देखा था सपना*
*इतना दृढ़, इतना साहसमय, इतना सच्चा कि*
*उसका संगीत बहता है आज भी*
*हर ईंट और पत्थर में,*
*खेत की हर कतार में,*
*जिसने अमेरिका को बनाया वह जो आज है।*

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/11/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### अपनी सृजनात्मक क्षमता कुछ ऐसे बढ़ाएं

मनुष्य की सबसे बड़ी सामर्थ्य उसकी सृजनात्मक क्षमता। इसके बल पर वह कुछ भी नया रच सकता है, गढ़ सकता है और जीवंत कर सकता है। बस, उसके चाहने भर की देर है। शून्य से कुछ नया पैदा करने की सामर्थ्य संस्कृति के विकास की कहानी वास्तव में इसी का ही चमत्कार है। निस्संदेह जीवन में सृजनात्मक शक्ति सर्वोपरि है। सृजनात्मक व्यक्ति ही वास्तव में मानवीय जीवन को सार्थक करता है तथा इसका भरपूर आनंद पाता है। किसी ने ठीक ही कहा है कि सृजनात्मक व्यक्ति जिज्ञासा से भरा होता है, प्रयोगधर्मी होता है, जोखिम उठाता है, गलतियां करता है, उनसे सीखता है और विकसित होता है। व्यक्ति की सृजनात्मकता, अर्थहीन अस्तित्व को जीवंत करती है। किसी ने सच ही कहा है जब आप कुछ सृजन कर रहे होते हैं जो पहले नहीं था, जगत अधिक अर्थपूर्ण लगता है, अधिक प्रकाशवान अनुभव होता है। सृजनात्मकता का अर्थ है कुछ नया करना, जो पहले नहीं था। वैज्ञानिक आइंस्टाइन के शब्दों में सृजनात्मकता एक नया सृजन है जिसको सभी देखते तो हैं, लेकिन जिसके बारे में किसी ने सोचा नहीं था, सृजनात्मक व्यक्ति लीक से परे सोचने का साहस करता है। सेब सदियों से पेड़ से गिर रहा था लेकिन न्यूटन को इसी घटना में प्रश्न कौंधा कि आखिर सेब नीचे ही क्यों गिरा? और तभी गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत सामने आया। जीवन में हर क्षेत्र में ऐसे ही सृजनात्मकता को अंजाम देते हैं। भारतीय ऋषियों के अस्तित्व को मथते प्रश्नों ने ही पिंड से लेक ब्रह्मांड के रहस्य सूत्रों को जन्म दिया, जिनको देखकर आज विश्व मनीषा चमत्कृत होती है। एक सामान्य व्यक्ति का जीवन भी रचनात्मकता के समावेश से नया अर्थ पाता है, गहन सार्थकता से भर जाता है। एक सृजनात्मक जीवन एक परिवर्धित जीवन होता है, एक व्यापकता लिए होता है, अधिक प्रसन्नता से भरा होता है, एक रोचक एवं रोमांचक जीवन होता है।

इस तरह सृजन संग जीवन अधिक रुचिकर आनंददायक एवं अर्थपूर्ण बनता है। सृजन के अभाव में जीवन नीरस, बोझिल, निराश एवं अवसाद से भरा हुआ रह जाता है। जीवन में सृजनात्मक क्षमताएं विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त होती है, यथा कविता, कहानी, गीत, संगीत, नृत्य, पटकथा जैसे कलात्मक रूपों में। विज्ञान के आविष्कार एवं तकनीकी के नित-नूतन प्रारूप भी इसी सृजनात्मक शक्ति के प्रतिफल हैं। इसी तरह मानवीय जीवन की सर्वोत्कृष्ट संभावनाएं, यथा धर्म, दर्शन, अध्यात्म, साहित्य आदि भी इसी के गर्भ से प्रकट होते हैं। नरपशु से नरमानव, महामानव और देवमानव बनने का पथ इसी आधार पर प्रशस्त होता रहा है। इनकी अभिव्यक्ति के लिए कुछ विशेषताएं भी अपेक्षित हैं, जो सृजन को समग्र रूप में संभव बना सके। इन गुणों के अभाव में सृजन की संभावनाएं भी सीमित हो जाती हैं। जिज्ञासा पहला गुण है। हमारे अध्यात्म शास्त्रों का प्रारंभ भी था तो ब्रह्म जिज्ञासा से ही होता है। इसी तरह जीवन के हर क्षेत्र में सृजन का प्रारंभ बिंदु यही है। इसके साथ सृजन के लिए संवेदनशील का होना अनिवार्य है। बिना इस सद्गुण के किया गया सृजन एकांगी ही होगा। इसके साथ ही व्यक्ति में खिलाड़ी भाव का होना भी आवश्यक है, जो जीवन के उतार-चढ़ाव एवं हार-जीत के मध्य स्थितप्रज्ञ रहकर अपने ध्येय की ओर बढ़ता रहे। इसके साथ ही मन का खुलापन भी महत्वपूर्ण है। खुले एवं ग्रहणशील में ही सृजनात्मक संभावनाएं हिलोरें मारती हैं।

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में बढ़ती हिंसा पर जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। सूडान के उत्तर दारफुर और दक्षिण कोर्डोफान में बढ़ती हिंसा से आम लोगों को भारी नुकसान हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने इसे लेकर गहरी चिंता जताई है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के अनुसार, पिछले 10 महीनों में 6 लाख से ज्यादा लोग उत्तर दारफुर के एल फाशेर और आसपास के इलाकों से जान बचाने के लिए भाग चुके हैं। हाल के हफ्तों में, एल फाशेर और उसके आसपास के इलाकों में हमले हुए हैं। इनमें अबू शौक विस्थापन शिविर, सऊदी अस्पताल और शहर के पश्चिमी इलाके शामिल हैं। दिसंबर में अबू शौक शिविर में भुखमरी की स्थिति पाई गई थी, जो मई तक बनी रह सकती है।

# ट्रंप ने की ईरान को समझौते की पेशकश, विनाश की धमकी भी दी

**न्यूयार्क,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ समझौता करने की पेशकश की, लेकिन साथ ही यह भी चेतावनी दी कि अगर ईरान नहीं मानता है, तो यह उसके घातक साबित होगा। इसके अलावा, उन्होंने ईरान की तेल बिक्री को रोकने के लिए उस पर 'अधिकतम दबाव' डालने का आदेश दिया। व्हाइट हाउस में एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने कहा, 'मैं ईरान से यह कहना चाहता हूं कि मैं एक बड़ा समझौता करना चाहता हूं। एक ऐसा समझौता जिससे वे अपनी जिंदगी आगे बढ़ा सकें।' लेकिन उन्होंने साफ कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो यह ईरान के लिए बहुत दुर्भाग्यशाली साबित होगा। ट्रंप के इस रुख में बदलाव देखा गया क्योंकि अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए हुए बहुराष्ट्रीय समझौते को रद्द कर दिया था।

> मैं ईरान से यह कहना चाहता हूं कि मैं एक बड़ा समझौता करना चाहता हूं। एक ऐसा समझौता जिससे वे अपनी जिंदगी आगे बढ़ा सकें।' लेकिन उन्होंने साफ कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता : डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी

बाद में, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अगर ईरान उनकी हत्या का प्रयास करता है, तो उसे पूरी तरह मिटा दिया जाए। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले ही ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने उन्हें मारने की साजिश रची थी। इस मामले में न्यूयॉर्क में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने दोहराया कि अगर ईरान ने उनकी हत्या की, तो 'यह उसका अंत होगा।' उन्होंने कहा, 'मैंने पहले ही आदेश दे दिए हैं, अगर



## ट्रंप ने 'अमेरिका विरोधी' बताते हुए संयुक्त राष्ट्र की फंडिंग की समीक्षा करने की मांग की

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अपने देश की भूमिका और वित्तीय योगदान की समीक्षा करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि अमेरिका अब संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में भाग नहीं लेगा और न ही फिलिस्तीनियों की सहायता करने वाली संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को धन देगा। मंगलवार को हस्ताक्षर किए गए अपने कार्यकारी आदेश में, ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र पर अमेरिका के हितों के खिलाफ काम करने, उसके सहयोगियों पर हमला करने और यहूदी विरोधी विचार फैलाने का आरोप लगाया। अमेरिका सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है और यूएन के कुल बजट का 22 प्रतिशत देता है। ट्रंप इसे अनुचित बोझ मानते हैं। यदि अमेरिका अपने योगदान में कोई बड़ा बदलाव करता है, तो इसका यूएन पर गहरा असर पड़ सकता है। ट्रंप से पहले राष्ट्रपति रहे जो बाइडेन के कार्यकाल में भी अमेरिका पहले ही मानवाधिकार परिषद से बाहर हो चुका था और यूएनआरडब्ल्यूए को फंडिंग बंद कर दी गई थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टेफेन डुजारिक ने ट्रंप के आदेश से पहले कहा, 'अमेरिका जो भी फैसला करेगा, वह उसका अधिकार है, लेकिन मानवाधिकार परिषद की अहमियत पर हमारी राय नहीं बदलेगी।' आदेशों पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने कहा कि यूएनआरडब्ल्यूए का पैसा हमास तक पहुंचा, जो मानवता के खिलाफ काम करता है। बाइडेन प्रशासन ने भी यूएनआरडब्ल्यूए की फंडिंग इसलिए रोकी थी क्योंकि उस पर आरोप था कि उसके कुछ कर्मचारी हमास से जुड़े थे और उसकी सुविधाओं का आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल हुआ। ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिका ने यूनेस्को से भी खुद को अलग कर लिया था, जिसे बाइडेन प्रशासन ने फिर से जॉइन किया। व्हाइट हाउस के अनुसार, ट्रंप ने यूनेस्को की समीक्षा के लिए तेज़ प्रक्रिया अपनाने को कहा, क्योंकि इसका 'इजरायल विरोधी रुख' रहा है। राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने सबसे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को बाहर कर दिया था, क्योंकि उन्होंने उस पर कोविड संकट को गलत तरीके से संभालने और चीन का समर्थन करने का आरोप लगाया था।

## ट्रंप ने गाजा पट्टी पर 'अमेरिकी अधिकार' का रखा प्रस्ताव

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दशकों पुराने पश्चिम एशिया संकट को हल करने के लिए एक योजना प्रस्तावित की है। इस प्रस्ताव में अमेरिका के गाजा पट्टी पर कब्जा करने और यहां रहने वाले या विस्थापित फिलिस्तीनियों को पड़ोसी देशों मिस्र और जॉर्डन में शरण लेने के लिए भेजने की बात शामिल है। इसके अलावा फिलिस्तीनियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को हो रही फंडिंग में कटौती करने के आदेश पर भी हस्ताक्षर किए हैं। ट्रंप ने कहा कि आदेश पर हस्ताक्षर करना उनके लिए काफी कठिन रहा। नया कार्यकारी आदेश ईरान के लिए भी बहुत कठोर होगा। ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं मजबूती से मानता हूं कि गाजा पट्टी, जो इतने दशकों से मौत और विनाश का प्रतीक रही है, इसके आस-पास के लोगों के लिए बहुत बुरी है। विशेष रूप से जो लोग वहां रहते हैं, यह लंबे समय से एक बदकिस्मत जगह रही है।' ट्रंप ने ये बात नेतन्याहू के अमेरिकी दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा, 'हमें मानवीय दिलों के साथ रुचि रखने वाले अन्य देशों में जाना चाहिए।

## सुडोकू 6817

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 6 फरवरी, 2025 माघ शुक्ल पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आज अत्यधिक धन खर्च की संभावना है, इसलिए संभलकर खर्च करने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ आर्थिक व्यवहार करते समय काफी सावधानी बरतें।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक होगा। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति निखर उठेगी। मन दुविधा से मुक्त होने के कारण आप हिम्मत से काम कर सकेंगे और उत्तरदायित्वों का अच्छी तरह निर्वाह कर सकेंगे।

मिथुन - आपकी वाणी और व्यवहार से किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ भी व्यवहार में सावधानी रखनी पड़ेगी। दुर्घटना या बीमारी से बचना होगा। आपकी प्रतिष्ठा में कलंक लग सकता है।

कर्क - अचानक धन लाभ हो सकता है। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और स्नेहीजनों के साथ दिन आनंद और रोमांच से भरपूर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। बिजनेस में लाभदायक लेन-देन और सौदा कर सकेंगे।

सिंह - काम में विलंब होगा। घर और ऑफिस में उत्तरदायित्व बढ़ जाएंगे। जीवन अधिक गंभीर होता हुआ प्रतीत होगा। नए रिलेशन या काम के सम्बंध में अभी कोई महत्वपूर्ण निर्णय ना लें। पिताजी के साथ मतभेद हो सकता है।

कन्या - आज शारीरिक सुस्ती और मानसिक थकान महसूस होगी। संतान के साथ अनबन या संघर्ष रहेगी। ऑफिस में उच्च अधिकारी के साथ भी विवाद हो सकता है। किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

तुला - आज आप नए काम की शुरुआत ना ही करें। भाषा और व्यवहार पर संयम रखने से आपको लाभ होगा। गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। तबियत का ध्यान रखें। ज्योतिष विद्या और धार्मिक काम आपको आकर्षित करेंगे।

वृश्चिक - आज आपका दिन कुछ अलग तरीके से गुजरेगा। खुद के लिए आप समय निकाल सकेंगे। दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन, पर्यटन तथा भोजन आदि से आप बहुत आनंदित रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

धनु - आज आपको आर्थिक लाभ की संभावना है। परिवार में सुख- शांति और आनंद व्याप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को नौकरी में लाभ और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधीनस्थ व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आपको मानसिक भय और उलझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है।

कुंभ - मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। समय पर भोजन नहीं मिल सकेगा। नींद नहीं ले पाएंगे। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मीन - आज नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। भाइयों के साथ आनंद के पल गुजारेंगे। मानसिक स्वस्थता के साथ निर्णय ले सकेंगे। विरोधियों के समक्ष आपकी जीत होगी। किसी के साथ प्रेम संबंध में बंधने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## सिंगापुर ने नस्लीय सद्भाव बनाए रखने के लिए कानून पारित किया

**सिंगापुर,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। सिंगापुर की संसद ने नस्लीय सद्भाव को ध्यान में रखते हुए मेंटेनेंस ऑफ रेसियल हार्मनी बिल और इसके साथ जुड़े संवैधानिक संशोधनों को पारित कर दिया है। इस बिल में मुख्य प्रावधानों में 'रोकथाम आदेश' प्रणाली, नस्लीय घटनाओं को संबोधित करने के लिए एक सामुदायिक दृष्टिकोण और नस्ल-आधारित संस्थाओं को विदेशी प्रभाव का उपकरण बनने से रोकने के लिए सुरक्षा उपाय शामिल हैं। इस नए कानून के तहत, गृह मंत्री को उन व्यक्तियों के खिलाफ रोकथाम आदेश जारी करने का अधिकार होगा जो ऐसी सामग्री का संचार, उत्पादन या वितरण करते हैं जो नस्लीय सौहार्द को खतरा पैदा करती है।



एक बार आदेश जारी होने के बाद, उसे एक नए स्थापित राष्ट्रपति परिषद द्वारा समीक्षा की जाएगी, जो राष्ट्रपति को सिफारिश करेगी। राष्ट्रपति, परिषद की सिफारिश और मंत्रिमंडल की सलाह को ध्यान में रखते हुए, आदेश को रद्द, पुष्टि या बदलने का अधिकार रखेंगे। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार की बहस के दौरान, विपक्षी वर्कर्स पार्टी ने राष्ट्रपति की भागीदारी के बारे में चिंता जताई और तर्क दिया कि मंत्री के फैसलों की संसदीय और सार्वजनिक निगरानी पर्याप्त होनी चाहिए। इसके जवाब में, गृह मंत्री के. षणमुगम ने कहा कि सरकार का विचार है कि संसद और जनता मंत्री की शक्ति पर महत्वपूर्ण नियंत्रण हैं, लेकिन परिषद और राष्ट्रपति के माध्यम से एक अतिरिक्त निगरानी रखना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति सीधे जनता द्वारा चुने जाते हैं। मंत्री द्वारा इस्तेमाल की जा सकने वाली शक्ति पर राष्ट्रपति का नियंत्रण रखना उचित है।' उन्होंने यह भी कहा कि 'इसमें, यह एक निर्णय का सवाल है।'

यह बिल पहले 2021 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ली शियन लूंग द्वारा प्रस्तावित किया गया था। उस वर्ष अपने राष्ट्रीय दिवस रैली भाषण में ली ने नस्लीय सद्भाव के लिए कानून बनाने की योजना की घोषणा की थी ताकि सिंगापुर की नस्लीय सद्भाव खतरों से निपटने की क्षमता को बढ़ाया जा सके और समाज में नस्लीय और धार्मिक सामंजस्य के समान महत्व को स्थापित किया जा सके।

## तुर्की और सीरिया के राष्ट्रपतियों ने सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर की चर्चा

**अंकारा,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को पूरी तरह से बहाल करने और सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एर्दोगन ने मंगलवार को अंकारा में अल-शरा के साथ अपनी वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'तुर्की तबाह हो चुके सीरियाई शहरों के पुनर्निर्माण में सहयोग करने के लिए तैयार है।' एर्दोगन ने सीरिया में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तुर्की की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। खासकर इस्लामिक स्टेट और कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स जैसे आतंकवादी समूहों पर नकेल कसने के लिए, जिन्हें तुर्की प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी की सीरियाई शाखा मानता है। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा, 'सीरिया के साथ एकजुटता से काम करके, मेरा मानना है कि हम अपने साझा क्षेत्र में आतंकवाद से मुक्त शांति और सुरक्षा का माहौल पूरी तरह से स्थापित

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**दिल्ली में सरकार पर...**

भी 5 प्रतिशत वोट आता दिखाई दे रहा है और उन्हें भी 0 से 2 सीट मिलती दिखाई दे रही हैं। डीबी लाइव और इलेक्ट लाइन के सर्वे में जहां आम आदमी पार्टी की सरकार बनती दिखाई दे रही हैं। तो कई सर्वे ऐसे भी सामने आए हैं जिसमें भाजपा की सरकार बनते दिखाया जा रहा है। ऐसे में तस्वीर क्या होगी ये 8 फरवरी को आने वाले नतीजों से साफ होगा। 70 विधानसभा सीटों के लिए 699 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दिल्ली की कुल 70 विधानसभा सीटों के लिए 699 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मतदान के दौरान ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस चिराग दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर लोगों को वोट डालने से रोकने की कोशिश कर रही है। जंगपुरा सीट से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि जंगपुरा सीट पर बीजेपी के बूथ के साथ वाली बिल्डिंग में मतदाताओं को पैसे दिए जा रहे हैं।

उत्तर-पूर्वी जिले में सबसे अधिक मतदान

दिल्ली में लगभग 1.56 करोड़ मतदाता हैं। सबसे अधिक मतदान उत्तर-पूर्वी जिले में 63.83 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि सबसे कम मतदान नई दिल्ली जिले में 54.37 प्रतिशत दर्ज किया गया। अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में मुस्तफाबाद में सबसे अधिक 66.68 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि करोल बाग में सबसे कम 47.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, शाहदरा में 61.35 प्रतिशत, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में 58.86 प्रतिशत, उत्तर-पश्चिम दिल्ली में 58.05 प्रतिशत, उत्तरी दिल्ली में 57.24 प्रतिशत, मध्य दिल्ली जिले में 55.24 प्रतिशत, दक्षिण-पूर्व दिल्ली में 53.77 प्रतिशत मतदान हुआ। दिल्ली विधानसभा के लिए 2020 में हुए चुनाव में कुल 62.59 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 के लोकसभा चुनावों में केवल 56 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

**मिल्कीपुर में अजीत प्रसाद न...**

पार्टी के बीच मुख्य मुकाबला है। 255 मतदान केंद्रों के 414 बूथों पर मतदान हुआ। इस सीट पर मतदाताओं ने 10 प्रत्याशियों के चुनावी भाग्य का फैसला करेंगे। प्रमुख रूप से भाजपा के चंद्रभानु पासवान और सपा के अजीत प्रसाद चुनाव मैदान में हैं। सपा के बागी संतोष कुमार (आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)) के टिकट चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से निष्पक्ष मतदान की अपील की थी। उन्होंने प्रशासन पर लोगों को वोट नहीं डालने देने का आरोप लगाया। पुलिस मतदाताओं में भय पैदा कर रही है। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी के नेता माता प्रसाद पांडेय का कहना है कि भाजपा सरकार जानती है कि वह चुनाव हार चुकी है। चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए लोगों को वोट नहीं डालने दिया, उन्हें धमकाया गया और कुछ पोलिंग बूथों से हमारे पोलिंग एजेंटों को भगाया, यह सब लोकतंत्र के खिलाफ है।

**कांग्रेस के घोषणा पत्र की...**

- विकास कार्य में पारदर्शिता सामूहिक जिम्मेदारी एवं कसावट की दृष्टि से निकायों के अध्यक्षों के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिये गये अधिकार वापस करते हुए प्रत्येक भुगतान में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों के चेक हस्ताक्षर करने के अधिकार वापस दिलाने हेतु प्रयास
- युवाओं को रोजगार देने सभी निकाय क्षेत्रों में यूथ हब
- महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार देने विशेष पहल
- सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा
- कांग्रेस शासित सभी निकायों में जनता को उनके कार्यों के पूर्ण होने की समय सीमा निर्धारित कर सिटीजन चार्टर
- संपत्तिकर की राशि नियमित समयावधि पर पर भुगतान करने पर विशेष छूट
- सभी नगर निगमों में पत्रकारों के लिये हाईटेक रेस्ट रूम
- प्रत्येक वार्ड में सब्जी बाजार
- नगरों को आवारा पशुओं से मुक्ति

**नजूल की जमीन का ...**

जमा करने वाले लोग अब पीएम आवास की पात्रता श्रेणी में शामिल होंगे। नगर विधायक, वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि कोरबा शहर की विशेष चिंता करने वाले प्रदेश की मुखिया को जब भी किसी भी विकास कार्य के लिए आवेदन किया गया। उन्होंने हर बार मांग से बढ़कर दिया। कोरबा शहर को 1 साल के भीतर 400 करोड़ से अधिक की राशि उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, निकाय चुनाव प्रभारी रजनीश सिंह, बिलासपुर के पूर्व सांसद लखन लाल साहू, हर्षिता पांडे, प्रदेश मंत्री विकास महतो, गोपाल मोदी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र पांडे, वार्ड 18 के निर्विरोध निर्वाचित पार्षद नरेंद्र देवांगन, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, नवीन पटेल, अन्य पांचों निकाय के भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी, सभी मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा महिला मोर्चा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।त

**आयकर सर्वे में ...**

निर्देश दिया गया है। साथ ही कर चोरी पर अतिरिक्त दंड भी लगाया जाएगा,ज्ज असेसमेंट विंग के सूत्रों ने पुष्टि की।

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दोनों सर्राफा व्यापारियों ने एक संगठित तंत्र विकसित कर नकद बिक्री को आधिकारिक रिकॉर्ड से छुपाया। ये व्यापारी अपने स्वर्ण आभूषणों को छत्तीसगढ़ और ओडिशा के दूर-दराज क्षेत्रों के छोटे व्यापारियों को आपूर्ति कर रहे थे, जिनका भुगतान नकद में किया जाता था, जिससे यह पूरी आय कर व्यवस्था के बाहर रह जाती थी।

सर्वेक्षण के दौरान श्री सेठिया ज्वेलर्स के परिसर से बड़ी संख्या में प्रॉमिसरी नोट्स भी जब्त किए गए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह प्रतिष्ठान अवैध रूप से गिरवी रखे गए गहनों के बदले नकद उधार देने के व्यवसाय में भी शामिल था। च्च्इस लेन-देन की पूरी रकम, जिसमें नकद आगमन और निर्गमन शामिल था, को अकाउंट बुक्स से पूरी तरह बाहर रखा गया था,ज्ज असेसमेंट विंग के सूत्रों ने जानकारी दी।

इसी बीच ए. एम. ज्वेलर्स के स्वामियों द्वारा बेहिसाब नकदी से अचल संपत्ति में निवेश किए जाने के प्रमाण भी सामने आए, जिससे यह संकेत मिलता है कि इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में उजागर की गई 15 करोड़ की कर चोरी केवल शुरुआती आंकड़ा हो सकता है। पिछले वित्तीय वर्षों की जांच जारी है, और यह राशि और बढ़ सकती है।

सर्वेक्षण के बाद की प्रक्रिया के तहत कर अधिकारियों ने दोनों सर्राफा व्यापारियों के बयान आयकर अधिनियम की धारा 133 (॰) (1) के तहत दर्ज कर लिए हैं। आगे की जांच और दस्तावेजी प्रमाणों की समीक्षा के लिए उन्हें शीघ्र ही फिर से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

मंगलवार दोपहर 12ञ्30 बजे शुरू हुए इस सर्वेक्षण का संचालन मुख्य आयकर आयुक्त ( अपर्णा करन और प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप हेडाउ की देखरेख में किया गया। फील्ड ऑपरेशन संयुक्त आयुक्त बीरेंद्र कुमार और उप आयुक्त राहुल मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। रायपुर में 22 कर अधिकारियों, फोरेंसिक विशेषज्ञों, सरकारी स्वीकृत मूल्यांकनकर्ताओं और सशस्त्र पुलिसकर्मियों सहित कुल 32 सदस्यों की टीम तैनात की गई थी, जबकि धमतरी में 16 कर अन्वेषकों, फोरेंसिक विशेषज्ञों, स्वर्ण मूल्यांकनकर्ताओं और पुलिसकर्मियों सहित कुल 22 सदस्यों की टीम ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती किसी भी संभावित प्रतिरोध को रोकने के लिए की गई थी।

इस सर्वेक्षण में नकद उत्पन्न करने के लिए फर्जी बिलिंग तंत्र, कर चोरी के लिए बनाई गई फर्जी व्यय प्रविष्टियां और डिजिटल लेन-देन के अनेक अनियमितताओं का भी खुलासा हुआ। जांचकर्ताओं ने लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल डेटा भंडारण उपकरणों से डिजिटल साक्ष्य का क्लोनिंग कर कई गंभीर वित्तीय विसंगतियों को चिह्नित किया।

इस कार्यवाही में नागपुर से आए स्वर्ण मूल्यांकनकर्ताओं और मुंबई के साइबर फोरेंसिक विशेषज्ञों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने सोने की सही कीमतों की पुष्टि के साथ-साथ डिजिटल डेटा से साक्ष्य एकत्र किए।


आयकर विभाग इस कार्रवाई को उच्च-मूल्य वाले सर्राफा व्यापारियों पर सख्ती बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम मान रहा है। कर अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि इसी तरह की सख्त कार्यवाहियां जल्द ही अन्य बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी की जाएंगी, ताकि नकद-आधारित उद्योगों में कर चोरी को पूरी तरह रोका जा सके।

**ट्रैक्टर पलटने से ...**

ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चारों दब गए तीनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अर्जुन यादव घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना को देखते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई और हड़कंप मच गया। गांव में सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई है।

इस संबंध में कुरूद थाना प्रभारी अरुण साहू ने बताया कि चार बच्चे ट्रैक्टर चलाते हुए निकले थे अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें तीन के मौके पर मौत हो गई एक घायल हो गया, जिसका इलाज जारी है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## वर्ग पहेली 6817




**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला, संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०. स्वेच्छारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बढ़ाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेने देन में खरा न हो (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं या राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा, मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम,, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. जिद

### वर्ग पहेली-6816



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1890- महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान का जन्म।
1911- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन का जन्म। वह इस पद पर पहुंचने वाले एकमात्र फिल्म अभिनेता थे।
1931- भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के पिता मोतीलाल नेहरू का इलाहाबाद में निधन।
1952- एलिजाबेथ द्वितीय ने ग्रेट ब्रिटेन की राजगद्दी संभाली। उन्होंने वर्ष 2002 में ब्रिटेन के राज सिंहासन पर अपने 50 वर्ष पूरे करने का जश्न मनाया था।
1958- म्यूनिख में एक विमान दुर्घटना में 21 लोग मारे गए। इनमें मैनचेस्टर युनाइटेड फुटबाल क्लब के सात खिलाड़ी भी थे।
1959- अन्ना चांडी केरल उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश नियुक्त हुईं।
1971- अपोलो 14 के जरिए चांद पर पहुंचे एलन शेपर्ड ने दो दिन तक चांद पर चहलकदमी के दौरान एक गोल्फ़ क्लब से गोल्फ बॉल को हिट किया और चांद पर गोल्फ़ खेलने वाले पहले व्यक्ति बन गए।
1993- अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी आर्थर ऐश का एड्स से जुड़े निमोनिया से निधन। वह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले अश्वेत खिलाड़ी थे।
1994- पाकिस्तान में सार्वजनिक फांसी पर प्रतिबंध लगा।
2001- इजरा/ल में दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी के एरियल शेरॉन ने चुनाव में जीत हासिल की। शेरॉन ने 1982 के लेबनान हमले में रक्षामंत्री के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी।
2002- भारत ने सीमा में घुस आए पाकिस्तान के जासूसी विमान को मार गिराया।
2007- अमेरिका के इमोरी यूनिवर्सिटी में दलाई लामा प्रोफेसर नियुक्त हुए।
2008- भारत सरकार ने असम के माजुली द्वीप को वर्ष 2008 की विश्व विरासत सूची में शामिल करने के लिए सांस्कृतिक भू-स्थल के वर्ग में मनोनीत किया।
2017- वीके शशिकला तमिलनाडु की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनीं।

## दुनिया को जानें

### जापान में 40 प्रतिशत से अधिक लोग शादी के बाद भी ऑफिस में करना चाहते हैं पुराने सरनेम का उपयोग

**टोक्यो,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। जापान में एक सर्वे के अनुसार, 40 प्रतिशत से अधिक लोग शादी के बाद भी अपने पुराने सरनेम को दफ्तर में इस्तेमाल करना चाहते हैं। कैबिनेट ऑफिस द्वारा किए गए इस सर्वे में 43.3 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपने पुराने नाम से ही काम करना पसंद करेंगे। यह संख्या 2023 के मुकाबले 4.2 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, 55.2 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपना नाम बदल लेंगे। आयु वर्ग के आधार पर देखा जाए तो 30 से 39 साल के लोगों में यह इच्छा सबसे ज्यादा दिखी। इस उम्र के 57.8 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपना पुराना उपनाम बनाए रखना चाहेंगे। महिला और पुरुषों के विचारों में भी अंतर दिखा। पुरुषों में 47.7 प्रतिशत लोग पुराने उपनाम को बनाए रखने के पक्ष में थे, जो पिछली बार की तुलना में 3.5 प्रतिशत अधिक है। महिलाओं में यह संख्या 39.6 प्रतिशत रही, जो 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। सर्वे में यह भी पूछा गया कि क्या जापान में महिलाओं और पुरुषों को बराबरी का दर्जा मिलता है? इस पर सिर्फ 16.7 प्रतिशत लोगों ने हां कहा। यह सर्वे 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 5,000 जापानी नागरिकों पर किया गया था, जिसमें 53.3 प्रतिशत लोगों ने जवाब दिया।

# खेल जगत

**वनडे क्रिकेट हाशिये पर चला गया है, लेकिन खिलाड़ी अभी भी इसे पसंद करते हैं: जोस बटलर**

**नागपुर,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के वनडे कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि चारों ओर फ्रेंचाइजी क्रिकेट के प्रसार के साथ, 50 ओवर के क्रिकेट को हाशिये पर धकेल दिया गया है और क्रिकेट क्षितिज पर अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह टी20 विश्व कप की तुलना में वनडे विश्व कप जीतने को अधिक महत्व देंगे। बटलर से यह सवाल इसलिए पूछा गया क्योंकि इंग्लैंड 2023 विश्व कप के बाद से भारत में अपना पहला वनडे मैच खेल रहा है, जबकि भारत ने अपना दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाले वर्ष में केवल तीन 50 ओवर के मैच खेले हैं। दोनों टीमों को इस महीने के अंत में चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना है, इसलिए वे केवल मौजूदा तीन मैचों की श्रृंखला के साथ टूर्नामेंट में उतरेंगे।



# रोहित और विराट से इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## ■ चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रंगत वापस पाने का आखिरी मौका ■ भारत के लिए कई सवालों का जवाब तलाशने के लिए अहम होगी सीरीज

■ सत्येन्द्र पाल सिह



**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में बृहस्पतिवार से पहले वन डे अंतर्राष्ट्रीय से शुरू हो रही तीन मैचों की सीरीज आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से कई सवालों का जवाब तलाशने के लिए बेहद अहम है क्योंकि उसने बीते बरस अगस्त से एक भी वन डे मैच नहीं खेला है। भारत के ऑस्ट्रेलिया में उससे पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर -गावसकर ट्रॉफी 1-3 से हारने और उसके बाद अपनी अपनी रणजी टीमों के लिए खेले इकलौते मैच में भी अपने दोनों धुरंधर बल्लेबाजों कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाकाम रहने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ यह वन डे सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रंगत वापस पाने का आखिरी मौका है। रणजी ट्रॉफी में रोहित मुंबई के लिए जम्मू -कश्मीर के खिलाफ रणजी मैच में 3 और 28 रन बना कर जबकि विराट रेलवे के खिलाफ इकलौती पारी में15 गेंद खेल मात्र एक चौका लगा छह रन बनाकर आउट हुए। विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जड़ लेकिन इसके बाद टेस्ट सीरीज में एक ही अंदाज में ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर कैच थमा आउट हुए।अपनी इस दिक्कत से निपटने के लिए विराट ने रणजी मैच से पहले मुंबई में भारत के पूर्व और आरसीबी के बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ मेहनत की। वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट रोहित के लिए बतौर सलामी बल्लेबाज और विराट के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में सबसे बेहतरीन फॉर्मेट है। विराट ने भारत के 2023 में ऑस्ट्रेलिया को पहले मैच में हराने के बाद उससे वन डे विश्व कप में फाइनल के रूप में इकलौता मैच हारने से पहले सबसे ज्यादा 765 रन बनाए थे। वहीं रोहित ने बीते बरस अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वन डे सीरीज में तीन मैचों मे 157 रन बनए थे। भारत ने इंग्लैंड से बीते चार बरस में पांच वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं इनमें चार जीते हैं जबकि मात्र एक मैच उससे लॉडर्स में 2022 में हारा जरूर था लेकिन सीरीज 2-1 से जीती थी। भारत के चीफ कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा को एकादश को अपनी एकादश को चुनने के लिए माथापच्ची करनी पड़ेगी।

भारत के लिए बड़ा सवाल यह रहेगा कि बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज 2023 में आईसीसी वन डे विश्व कप में खासे कामयाब रहे केएल राहुल और कार दुर्घटना के बाद फिट होकर कामयाब वापसी कर भारत को टी 20 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले ऋषभ पंत में से कौन इंग्लैंड और चैंपियंस ट्रॉफी में कौन एक विकेटकीपिंग करेगा। या फिर ये दोनों ही एकादश में शामिल रहेंगे और केएल राहुल खालिस बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे क्योंकि श्रेयस अय्यर ने भी शॉर्ट गेंद पर अपना विकेट गंवाने के बावजूद 2023 के वन डे विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में श्रेयस अय्यर को एकादश में शामिल करने के लिए चीफ कोच गौतम गंभीर को खासी माथापच्ची करनी पड़ेगी क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पारी का आगाज कप्तान रोहित शर्मा और उपकप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ही करेगी और तीसरे नंबर पर विराट कोहली के उतरने की पूरी उम्मीद है।

विराट कोहली अब वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 14 हजार रन बनाने के बेहद करीब खड़े हैं। भारत ही नहीं दुनिया के सर्वकालीन महानतम बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर(350 पारियों) और श्रीलंका के कुमार संगकारा (378 पारियों) में इस मुकाम तक पहुंच पाए जबकि विराट ने अब तक 283 पारियां खेली हैं और उन्हें वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 14 हजार तक पूरे करने के लिए मात्र 94 रन और बनाने हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की इसी सीरीज में यह मुकाम हासिल कर लेंगे।

जो रूट को छोड़ कर इंग्लैंड की तीन अंतर्राष्ट्रीय वन डे मैचों की सीरीज के लिए टीम वही है जो कि बीत रविवार पांच टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज भारत से 1-4 से हारी थी। भारत की वन डे मैचों की सीरीज की टीम में कप्तान रोहित, शुभमन गिल, विराट,केएल राहुल,श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव के रूप नौ ऐसे खिलाड़ी इस वन डे भारतीय टीम का हिस्सा जो कि टी 20 सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थी। निश्चित रूप से भारत की वन डे टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिहाज से बेहतर है। जो रूट की बतौर बल्लेबाज इंग्लैंड टीम के लिए अहम है लेकिन वह मोहम्मद शमी और खासतौर पर लेग स्पिनर कुलदीप यादव के खिलाफ जूझते नजर आए हैं। टी 20 सीरीज में इंग्लैंड के लिए अर्द्धशतक बेन डकेट और हैरी ब्रुक ने जड़े जबकि कप्तान जोस बटलर ने तेज बल्लेबाजी करने के बावजूद अर्द्धशतक को तरस गए थे। भारतीय गेंदबाज बेशक इंग्लैंड की संघर्ष करती बल्लेबाजी को सस्ते में बिखेर कर भारत को वन डे सीरीज जिताने के लिए बेताब होंगे।

भारत ने साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा कुल 14 विकेट चटका भारत को रविवार को सम्पन्न पांच टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज 4-1 से जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले मिस्ट्री स्पिनर को 17 वें खिलाड़ी के रूप में टीम से इसलिए जोड़ा है कि केवल उसके तीन तुरुप के गेंदबाज- तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी व जसप्रीत बुमराह तथा बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। भारत यदि तीन स्पिनरों के साथ उतरने का फैसला करता है तो फिर बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के साथ जगह मिलेगी और अक्षर पटेल को एकादश से बाहर बैठना पड़ेगा। भारत की तेज गेंदबाजी का जिम्मा बाएं हाथ के रंग में चल रहे नौजवान तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह होंगे और यह हार्दिक पांड्या के टी 20 सीरीज में पूरे रंग में होने पर क्या केवल दूसरे तेज गेंदबाज के रूप में कप्तान रोहित उनसे पूरे दस ओवर फिकवाना चाहेंगे या फिर अंतिम टी 20 में इंग्लैंड के खिलाफ रंग में लौटे मोहम्मद शमी को भी एकादश में जगह मिलेगी।

भारत की पारी का आगाज बेशक रोहित और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी करेगी जबकि विराट नंबर तीन पर और श्रेयस और केएल राहुल में जो भी खेलेगा वह चौथे, ऋषभ पंत के पांचवें , हार्दिक के छठे, रवींद्र जडेजा के सातवें नंबर बल्लेबाजी के लिए उतरने की उम्मीद है भारत के लिए इसके बाद चार गेंदबाजों अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी और दो लेग स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के साथ उम्मीद है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम वन डे 2023में लखनउ में खेला था और इसमें शमी के गेंद से 'चौके', जसप्रीत बुमराह के तीन के चटकाए तीन और कुलदीप यादव के दो विकेट तथा कप्तान रोहित शर्मा की 89 की तेज पारी से 100 रन से हराया। अब भारत को बुमराह सीरीज के शुरू के दो मैचों के लिए पूरी तरह फिट न होने के चलते उपलब्ध नहीं हैं वह तीसरे और आखिरी वन डे ही उपलब्ध हो सकेंगे। ऐसे में भारत के नंबर एक गेंदबाज के रूप में बुमराह की जिम्मेदारी अर्शदीप सिंह के ही संभालने की उम्मीद है।

# एफसी गोवा के खिलाफ आईएसएल में पहली जीत दर्ज करने उतरेगी ओडिशा एफसी

**फतोर्दा,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। एफसी गोवा गुरुवार को शाम 7:30 बजे फतोर्दा स्थित अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में ओडिशा एफसी की मेजबानी करेगी, तो गौर्स का लक्ष्य जगरनॉट्स पर तीसरी बार लीग डबल पूरा करना होगा, क्योंकि उन्होंने 4 जनवरी को खेला गया रिवर्स फिक्स्चर 4-2 से जीता था। वहीं, ओडिशा एफसी आईएसएल के इतिहास में पहली बार एफसी गोवा पर जीत दर्ज करना चाहेगी। एफसी गोवा 18 मैचों में नौ जीत, छह ड्रा और तीन हार से 33 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। ओडिशा एफसी 18 मैचों में छह जीत, सात ड्रा और पांच हार से 25 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। ओडिशा एफसी लय पकड़ती नजर आ रही है, क्योंकि उसने अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ घर पर 2-2 से ड्रा खेला था और उससे पहले बेंगलुरू एफसी को 3-2 से हराया था।

**गौर्स की जीत का सिलसिला**

घरेलू फॉर्म: गौर्स ने ओडिशा एफसी के खिलाफ तीनों घरेलू मैच जीते हैं, जिसमें तीन-तीन तीन गोल किए हैं।



शॉट लेने वाले: आईएसएल 2024-25 में गौर्स की शॉट रूपांतरण दर 12.8 फीसदी है। उन्होंने सभी टीमों में चौथे सबसे अधिक शॉट (195) लगाए और चौथे सबसे ज्यादा गोल (33) किए हैं।

**जगरनॉट्स गोल करते हैं**

मजबूत आक्रमण: ओडिशा एफसी के 36 गोल इस सीजन में दूसरे सबसे ज्यादा हैं, जिसमें डिएगो मौरिसियो, जैरी माविहिमिंगथांगा और मुर्तदा फॉल का योगदान क्रमश: 9, 5 और 4 गोल हैं।

फॉल का प्रभाव: मुर्तदा फॉल ने इस सीजन में 21 ब्लॉक दर्ज किए हैं, जिससे वह 20 से ज्यादा ब्लॉक करने वाले दूसरे खिलाड़ी (एलेक्स साजी - 23 के बाद) हैं।

**आमने-सामने**

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11 मुकाबले हुए हैं। एफसी गोवा ने सात बार जीत दर्ज की है और चार मैच ड्रा रहे हैं। इस मैच में औसतन 3.27 गोल हुए हैं।

**कोच कॉर्नर**


गौर्स के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्क्वेज ने जमशेदपुर एफसी से 3-1 की हार के बाद एफसी गोवा को फिर से फॉर्म पाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, 'हमें वैसे ही खेलना होगा जैसा हम खेलते रहे हैं और पिछले मुकाबलों की तरह प्रतिस्पर्धी होना होगा।'

जगरनॉट्स के सहायक कोच एंथनी फर्नांडिस ने ओडिशा एफसी के प्लेइंग स्टाइल पर बात की। उन्होंने कहा, 'हमें गेंद कब्जे में रखना पसंद है और हम काफी हद तक ऐसा करते हैं। हम बहुत सारे मौके बनाकर अपनी क्रिएटिविटी दिखाते हैं।'

# दीक्षा, त्वेसा के साथ रूकी अवनी प्रशांत मोरक्को में लल्ला मेरीम कप में होंगी शामिल

**रबात ( मोरक्को ),** 5 फरवरी (एजेंसियां)। अनुभवी दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक के साथ रूकी अवनी प्रशांत मोरक्को में रॉयल गोल्फ डार एस सलाम में होने वाले सीजन के पहले एलईटी इवेंट, लल्ला मेरीम कप में शामिल होंगी। दीक्षा और त्वेसा पिछले कुछ समय से खेल रही हैं, जबकि अवनी एलईटी क्यू-स्कूल से आने के बाद किसी प्रो इवेंट में पदार्पण कर रही हैं। पिछले साल एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट में 17वें स्थान पर रहने वाली शीर्ष भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स अगले सप्ताह रियाद में अरामको सीरीज में अपना सीजन शुरू करेंगी। प्रणवी दीक्षा, त्वेसा और अदिति अशोक के साथ खेलेंगी। दीक्षा को 2024 के लल्ला मेरीम कप की अच्छी यादें हैं, जहां वह शीर्ष 10 में रही थी, और वह इसे बेहतर करने की कोशिश करेंगी। दिलचस्प बात यह है कि प्रणवी, जो पिछले साल पांचवें स्थान पर थी, इस सीजन में इस इवेंट में भाग नहीं ले रही है।

अवनी प्रशांत, जिन्होंने शौकिया तौर पर महिला प्रो गोल्फ टूर पर भारत में कुछ पेशेवर खिताब जीते, उन्होंने एलईटी एक्सेस सीरीज़ में भी जीत हासिल की। वह अब लेडीज़ यूरोपियन टूर के लिए तैयार है और एक विस्तृत कार्यक्रम की योजना बना रही है। अवनी भारतीयों में सबसे पहले टी-ऑफ करेंगी, और वह स्पेन की ब्लैंका



फर्नांडीज और थाईलैंड की औंचिसा उतामा के साथ सुबह 8.50 बजे दसवें टी से खेलेंगी। त्वेसा मलिक को दोपहर 1 बजे दसवें टी से फिनलैंड की सना नुटिनेन और नॉर्वे की डोर्थिया फ़ोरब्रिगेड के साथ जोड़ा जाएगा और दीक्षा दोपहर 1:40 बजे दसवें टी से स्लोवेनियाई पिया बाबनिक और स्थानीय स्टार इनेस लकलालेच के साथ खेलेंगी। गत चैंपियन 29 वर्षीय ब्रोंटे लॉ, रॉयल गोल्फ डार एस सलाम में अपने 2025 सीज़न की शानदार शुरुआत की उम्मीद में वापस आ गई हैं।

## सार संक्षेप

### धीमी रफ्तार वाली डीपीएल में सीआईएसएफ, दिल्ली एफसी और गढ़वाल का दबदबा

**नई दिल्ली।** धीमी रफ़्तार से, गिरते पड़ते औऱ अनुशासनहीनता क़े तमाम रिकार्ड तोड़ते हुए डीएसए प्रीमियर लीग लंबे विश्राम क़े बाद फिर से उठ खड़ी हुई है द्य 26 सितम्बर से शुरू हुई लीग का मिड नवम्बर में समापन होना था लेकिन कभी मैदान की अनुपलब्धता तो कभी अन्य कारणों से देर पर देर होती चली गई। फिलहाल एक बार फिर से डीपीएल पटरी पर लौट आई है औऱ वीरवार, 6 फरवरी को यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में 12 बजे खेले जाने वाले मैच में दिल्ली एफसी का मुकाबला हिंदुस्तान एफसी से होने जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि डीपीएल डबल लेग मुकाबले फरवरी- मार्च तक निपट जाएंगे। अब तक खेले गए मैचों क़े आधार पर सीआईएसएफ, गढ़वाल हीरोज, रॉयल रेंजर्स, दिल्ली एफसी औऱ सुदेवा ख़िताब क़े प्रबल दावेदारों में शुमार हैं द्य हालांकि सीआईएसएफ 16 मैचों में 34 अंक बना कर दौड़ में सबसे आगे है लेकिन 14 मैचों में 29 अंक जुटाने वाली दिल्ली एफसी, 15 मैचों में 29 अंक बनाने वाली गढ़वाल, 14 मैचों में 27 अंक बनाने वाला वाला रॉयल रेंजर्स भी ज्यादा पीछे नहीं हैं।

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने त्रिशा के लिए 1 करोड़, ध्रुति और मुख्य कोच नूशिन को 10-10 लाख रुपए देने की घोषणा की

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हाल ही में मलेशिया के कुआलालंपुर में संपन्न अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए गोंगडी त्रिशा को 1 करोड़ रुपए का नकद प्रोत्साहन देने की घोषणा की है। भारत की महिलाओं ने पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट की शानदार जीत के बाद अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का सफलतापूर्वक बचाव किया। इसके अलावा, वे बिना कोई मैच हारे खिताब जीतने वाली पहली टीम भी बन गईं। त्रिशा ने बुधवार को हैदराबाद में मुख्यमंत्री के जुबली हिल्स निवास पर उनसे मुलाकात की, जहां रेड्डी ने ऑलराउंडर को बधाई दी और नकद प्रोत्साहन की घोषणा करते हुए उन्हें शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने विजयी भारतीय टीम की सदस्य ध्रुति केसरी, प्रशिक्षक शालिनी और मुख्य कोच नूशिन अल खादीर को 10-10 लाख रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए मेंडिस और निसंका को वापस बुलाया

**गाले,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से गाले में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले अपनी टीम में अहम बदलाव किए हैं। ऑफ स्पिनिंग ऑलराउंडर रमेश मेंडिस को वापस बुलाया गया है, जबकि तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लाहिरू उदारा को टीम से बाहर कर दिया गया है। यह फैसला पहले टेस्ट में श्रीलंका के गेंदबाजी आक्रमण के संघर्ष के बाद लिया गया है, जिसमें पहली पारी में 654/6 रन का विशाल स्कोर बना था,



जबकि ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान टीम को पारी और 242 रनों से हरा दिया था। डेली मिरर के अनुसार, मेंडिस, जिन्हें नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टेस्ट इलेवन और फिर पूरी टीम से बाहर कर दिया गया था, ने श्रीलंका के मेजर लीग टूर्नामेंट में प्रभावशाली फॉर्म के साथ वापसी की है।

28 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने घरेलू प्रतियोगिता में 21.91 की औसत से 24 विकेट लिए हैं, जबकि 52 की औसत से 260 रन भी बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दो टेस्ट (दोनों गॉल, 2022 में) में 40.85 की औसत से सात विकेट के साथ अपने मामूली अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड के बावजूद, मेंडिस को प्लेइंग इलेवन के लिए विचार किए जाने की संभावना है।

# टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने राशिद खान

**गकेबेहरा,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। लंबे समय से टी20 क्रिकेट में चमक रहे अफ़ग़ानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद ख़ान टी20 क्रिकेट में अब सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए हैं। 26 साल के कलाई के स्पिनर ने ड्वेन ब्रावो के 631 विकेटों को पीछे छोड़ा। यह सफलता उन्हें मंगलवार को एसए 20 क्वालीफायर 1 में पार्ल रॉयल्स के ख़िलाफ़ दुनित वेल्लालगे को बोल्ड करके मिली, जहां वह एमआई केपटाउन के लिए खेल रहे थे। राशिद ने मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से कहा, 'यह एक बड़ी सफलता है, मैंने कभी इसके बारे में नहीं सोचा था। अगर आप 10 साल पहले की बात करें तो मैंने नहीं सोचा था कि मैं यहां तक पहुंच पाऊंगा। अफ़ग़ानिस्तान से होने के नाते यह मेरे लिए गर्व की बात है। ब्रावो टी20 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ों में से एक हैं। यह बड़ा सम्मान है और मैं इसको आगे



बढ़ाने की ओर देखूंगा।' राशिद ने अक्टूबर 2015 में किशोरावस्था में ही अपना टी20 डेब्यू किया था। वह अब तेज़ी से 500 मैचों के क़रीब पहुंच रहे हैं और दुनिया भर की लीगों में बेहद लोकप्रिय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने एक आईपीएल ख़िताब और एक पीएसएल ख़िताब जीता है और एडिलेड स्ट्राइकर्स (बीबीएल) में वह एक घरेलू नाम थे, जहां उन्होंने स्ट्राइकर्स के लिए 69 मैच खेले, जिसमें 17 रन देकर छह विकेट उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है।

हवा में तेज़ी से गेंदबाज़ी करने और स्टंप्स को गेम में बनाए रखने की क्षमता ने राशिद को सामना करने के लिए एक बेहद मुश्किल गेंदबाज़ बना दिया, ख़ासकर तब जब यह चुनना मुश्किल था कि गेंद किस तरफ़ मुड़ेगी। वह बल्लेबाज़ों को सामंजस्य बिठाने का समय नहीं देते हैं और बहुत कम संकेत देते हैं कि क्या होने वाला है। आखिरकार अब टीमों ने ज़्यादा जोखिम न लेते हुए उन्हें आराम से खेलना शुरू कर दिया है। राशिद किसी भी टीम में फिट बैठ सकते हैं। उन्होंने 20 बार चार या उससे अधिक विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी गुणवत्ता यह है कि वह हमेशा विपक्षी बल्लेबाज़ों को नियंत्रण में रख सकते हैं।

# अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड पर 4-1 से टी20 सीरीज जीतने के बाद, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज और ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा

**टी20 रैंकिंग**

तथा कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी20 रैंकिंग में हाल ही में किए गए अपडेट में बड़ी छलांग लगाई है। अभिषेक ने हाल ही में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच में 135 रनों की शानदार पारी खेलकर अपने उभरते अंतरराष्ट्रीय



करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और अब वह बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक, जो अब सबसे छोटे प्रारूप में किसी भारतीय पुरुष खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड रखते हैं, शीर्ष रैंकिंग वाले ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड से सिर्फ 26 रेटिंग अंक पीछे हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में तिलक वर्मा तीसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव पांचवें स्थान पर हैं, जिससे शीर्ष पांच में भारतीय प्रतिनिधित्व बरकरार है।

दूसरी ओर, चक्रवर्ती इंग्लैंड के खिलाफ अपने 14 विकेट और प्लेयर ऑफ द सीरीज प्रयास के दम पर पुरुष गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों में हार्दिक पांड्या (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 51वें स्थान पर) और शिवम दुबे (38 पायदान ऊपर चढ़कर 58वें स्थान पर) शामिल हैं, जो टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पांच विकेट चटकाए थे।

वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन ने एक सप्ताह पहले इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद को नंबर एक रैंकिंग गंवाने के बाद फिर से पुरुष टी20 गेंदबाज का स्थान हासिल कर लिया है। इस बीच, गाले में श्रीलंका पर ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत के बाद, उसके खिलाड़ियों ने पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है।

# कोएट्जी को दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के लिए छह अनकैप्ड खिलाड़ियों में किया शामिल

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी बाएं हैमस्ट्रिंग खिंचाव से उबर चुके हैं और अब उन्हें पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के लिए दक्षिण अफ्रीका की 12 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है, जो 10 फरवरी को लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। कोएट्जी कमर और हैमस्ट्रिंग की चोटों से जूझ रहे हैं, जिसके कारण श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैचों में उनकी भागीदारी प्रभावित हुई, जबकि बाएं हैमस्ट्रिंग खिंचाव का मतलब था कि वह सिर्फ एक मैच के बाद जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए एसए20 2024 से बाहर हो गए। त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के लिए, दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी तेम्बा बावुमा करेंगे, जिसमें बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मीका-ईल प्रिंस, तेज़ गेंदबाज़ गिदोन पीटर्स और ईथन बॉश के साथ-साथ स्पिनर सेनुरन मुथुसामी और ऑलराउंडर मिहलाली मपोंगवाना के रूप में छह अनकैप्ड खिलाड़ी होंगे। 24 वर्षीय मपोंगवाना ने 2023 में भारत के खिलाफ़ एकदिवसीय टीम का हिस्सा बनने के बाद 50 ओवर के सेटअप में अपना दूसरा कॉल-अप अर्जित किया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा कि बुधवार को सनराइजर्स ईस्टर्न केप और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच होने वाले एसए20 एलिमिनेटर के बाद खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाएगा।

**सुडोकू 6817 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी होटल्स | 2.70 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.60 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.20 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.91 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 3.38 प्रतिशत |
| टाइटन | 3.02 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.23 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 2.03 प्रतिशत |
| एलटी | 1.72 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 85,383 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,01,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.33 | 86.35 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# आरबीआई रेपो रेट में कर सकता है 25 आधार अंक की कटौती

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आगामी मौद्रिक नीति में देश की विकास दर को रफ्तार देने के लिए रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। गोल्डमैन सैश में भारत के अर्थशास्त्री, शांतनु सेनगुप्ता ने एक मीडिया रिपोर्ट में कहा कि मौजूदा समय में काफी अनिश्चितता है। नीति निर्माताओं को इस मिश्रण के बीच ही रास्ता निकालना है। उन्होंने आगे बताया कि दुनियाभर में टैरिफ में हुए बदलाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था का ढांचा बदलने के कारण महंगाई में हल्की तेजी देखने को मिल सकती है, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था अन्य देश के मुकाबले कम प्रभावित होगी।



आरबीआई के नए गवर्नर संजय संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में चल रही मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5 फरवरी से लेकर 7 फरवरी तक चलेगी। 7 फरवरी को आरबीआई गवर्नर द्वारा एमपीसी के फैसलों का ऐलान किया है।

सेनगुप्ता ने आगे कहा कि पिछले साल के अधिकांश समय में भारत की मुद्रा में बहुत कम अस्थिरता रही। हालिया मूल्यह्रास एक कैच-अप समायोजन है, जो पहले हो जाना चाहिए था। यह एक सकारात्मक समायोजन है।

बजट में खपत को बढ़ाने के लिए इनकम टैक्स छूट की सीमा 12 लाख रुपये तक करने के बाद इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। इस बार ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना है। आरबीआई द्वारा आखिरी बार ब्याज दरों में बदलाव फरवरी 2023 में किया गया था। उस समय केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट को 25 आधार अंक बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया है।

कुछ समय पहले आरबीआई ने सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए थे।

इसे लेकर जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए उठाए गए कदम काफी सकारात्मक हैं। हाल ही में आरबीआई द्वारा की गई घोषणा से आने वाले हफ्तों में (फरवरी के अंत तक) बैंकिंग सिस्टम में 1.5 लाख करोड़ की लिक्विडिटी आएगी।

## भारत में तेजी से बढ़ रहा कारोबार, वित्त वर्ष 24 में बड़े पोर्ट्स ने संभाला 819 मिलियन टन कार्गो

**नई दिल्ली।** भारत में कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। देश के बड़े पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में 819.23 मिलियन टन कार्गो संभाला है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 581.34 मिलियन टन था। यह 3.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) को दर्शाता है। यह जानकारी सरकार ने बुधवार को संसद में दी।

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि 2023-24 के दौरान संभाले गए कार्गो में 33.80 प्रतिशत लिक्विड बल्क, 44.04 प्रतिशत ड्राई बल्क और 22.16 प्रतिशत कंटेनर कार्गो शामिल था। उन्होंने आगे कहा कि प्रमुख पोर्ट्स का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और क्षमता वृद्धि एक सतत प्रक्रिया है।

# इंडिगो एयर लाइन पर साढ़े चार लाख का जुर्माना

**रामपुर,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में विधिक माप विभाग ने इंडिगो एयरलाइंस पर साढ़े चार लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एयरलाइंस अपनी गलती मानते हुए जुर्माना जमा भी कर दिया है। विधिक माप विज्ञान विभाग अधिकारी मनोज कुमार ने बुधवार को बताया कि इंडिगो एयर लाईन ने यू ट्यूब पर अपनी एयर लाइन के एयर बस 320 में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को लुभाने के लिए रिक्लाइन सीट एंगल और लॉन्ग स्पेस का साइज गैर कानूनी यूनिट इंन्च मे दिया था। केंद्र सरकार के द्वारा 1956 में मीट्रिक प्रणाली को अपनाया गया था, इसलिए विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की धारा 4 में प्रावधान है कि बाट माप की हर यूनिट, यूनिट्स की इंटरनेशनल सिस्टम पर आधारित मैट्रिक सिस्टम पर होगी।

उन्होने बताया कि विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की धारा 11 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी माल, वस्तु, सेवा के बारे में स्टैंडर्ड यूनिट्स के अलावा इस्तेमाल, एक्सप्रेस, डेमोंस्ट्रेट नहीं करेगा। कथित एडवर्टिजमेंट की आनलाईन यू ट्यूब पर जांच पड़ताल करने पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम का उल्लघंन पाया गया।



■ एयरलाइंस अपनी गलती मानते हुए जमा किया जुर्माना


**REQUIRED**

REQUIRED QUALIFIED COMPANY SECRATORY (FCS/ACS) TO WORK ON WHOLE TIME BASIS FOR OFFICE AT RAIPUR (C.G.)

APPLY TO VARDA ENERGY AND ENGINEERING PVT. LTD

R. NO-215, 2ND FLOOR DESHBHANDHU PRESS COMPLEX AGRASEN CHOWK, RAIPUR (C.G.)- 492001

MOBILE- 9425501774

CIN: U4012CT2008PTC020596


# भारत एक अहम एआई बाजार : सैम ऑल्टमैन

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। ओपनएआई के सह-संस्थापक और सीईओ सैम ऑल्टमैन ने बुधवार को कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का एक अहम मार्केट है और कंपनी के लिए वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।

चैटजीपीटी एआई मॉडल के चलाने वाली कंपनी ओपनएआई के सीईओ ने यह बात केंद्रीय रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में एक कार्यक्रम में कही। इसके अलावा, ऑल्टमैन ने कहा कि भारत एआई मॉडल की रेस में लीडर होना चाहिए। ऑल्टमैन के मुताबिक भारत एआई के लिए काफी अहम बाजार है और हमारा दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। मॉडल अभी भी सस्ते नहीं हैं। भारत को इस क्षेत्र में लीडर होना चाहिए। ऑल्टमैन ने हाल ही में अमेरिका में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए 500 अरब डॉलर के प्रोजेक्ट स्टारगेट का ऐलान किया है।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे फर्म गौरव प्रमोटर्स एंड बिल्डर्स, स्थान-टाटीबंध रायपुर में दिनांक 1 अप्रैल 2024 को श्री जितेंद्र चंद्राकर पिता स्वर्गीय श्री नूपसिंह चंद्राकर अपनी स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हुए हैं तथा उनके स्थान पर 1) श्री गौरव चंद्राकर पिता श्री जितेंद्र चंद्राकर, 2) श्री पार्थ चंद्राकर पिता स्वर्गीय श्री राजेंद्र चंद्राकर तथा 3) श्री अंश चंद्राकर पिता स्वर्गीय श्री रमाकांत चंद्राकार नए भागीदार के रूप में शामिल हुए हैं। अतः दिनांक 1 अप्रैल 2024 से फर्म में 1) राघवेंद्र चंद्राकर 2) गौरव चंद्राकर 3) पार्थ चंद्राकर तथा 4) अंश चंद्राकर कुल 4 भागीदार रहेंगे। जिस किसी के लिए भी यह आपत्ति का विषय हो वह हमारे टाटीबंध रायपुर कार्यालय में उचित कारण एवं दस्तावेज के साथ संपर्क कर सकता है।

**गौरव प्रमोटर्स एंड बिल्डर्स**
**द्वारा भागीदार राघवेंद्र चंद्राकर**
**मोबाइल नंबर 9406170000**



**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.अ/24 वर्ष 2024-2025
ग्राम सिलतरा प.ह.नं. 20
रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा
तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 29.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बंदना बाजपेयी पति स्व. राजीव कांत बाजपेई निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम सिलतरा प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 554/3 का भाग रकबा 1000 वर्गफुट को विक्रेता जी.के. डेवलपर्स द्वारा अभिषेक अटलानी पिता सुरेश अटलानी निवासी रायपुर से पंजीकृत बैनामा से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। जिसमें क्रेता राजीवकांत बाजपेई की मृत्यु दिनांक 16.10.2021 को हो गयी है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि से विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदिका स्वयं का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत नामांतरण बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 10.02.2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/अ-6-अ/वर्ष 2024-2025
ग्राम धरसींवा प.ह.नं. 18
रा.नि.मं. धरसींवा, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 20.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बशीर खान पिता बहार खान निवासी वार्ड नंबर 19 पुरानी चौक के पास तहसील धरसींवा जिला रायपुर द्वारा अभिलेख सुधार बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम धरसींवा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 527 रकबा 0.5020 हे. भूमि अब्दुल रउफ खां नाबा. बशीर खां, नाबा. मुस्तफा खां पिता बहार खां नाबा. सुहरन बी महफूज बी पिता बहार खां वली बड़ा राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक एवं अन्य सह खातेदार वर्तमान में बालिग हो चुक है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से स्वयं एवं सह खातेदार का नाम नाबालिक शब्द को विलोपत किये जाने का निवेदन किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो व नियत सुनवाई दिनांक 07.02.2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी ) तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 05.02.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार साहू पिता स्व. एम.एल. साहू निवासी गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 37 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 597/1, 601/1, 605/1 रकबा क्रमशः 0.0160, 0.2360, 0.0890 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. क/अ-12/वर्ष 2024-2025 रायपुर के आदेश दिनांक 14.01.2025 के परिपालन में दिनांक 24.02.2025 को समय 1 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 37 के गोंदवारा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी )**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00047 पंडरीतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440 724100028

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00047 के अंतर्गत ग्राम पंडरीतराई के वर्तमान भूमिस्वामी काशीराम पिता/पति-पि धनाराम पता मोहरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 494/2 0.0160 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता टिकेन्द्र वर्मा पिता/पति स्व. काशी राम वर्मा पता सरस्वती नगर, पंडरी रायपुर छ.ग., टिकेन्द्र वर्मा पिता/पति स्व. काशी राम वर्मा पता सरस्वती नगर पंडरी रायपुर छ.ग., देवेन्द्र वर्मा पिता/पति स्व. काशी राम वर्मा पता सरस्वती नगर पंडरी रायपुर छ.ग., श्रीमती तारनी वर्मा पिता/पति स्व. काशी राम वर्मा पता सरस्वती नगर पंडरी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**सूचना-पत्र**

क्रमांक/क/वाचक/तह./2025
रायपुर, दिनांक 05.02.2025
प्रति,

1. नरेन्द्र कुमार वर्मा पिता देवचरण लाल वर्मा निवासी-महाराष्ट्र मंडल के पास रामकुण्ड रायपुर छ.ग. 2. 1. कमलेश भाई पटेल 2. प्रवीण भाई पटेल दोनों पिता हरमन भाई पटेल निवासी-गोलबाजार रायपुर छ.ग.

विषय- रा.प्र.क्रमांक /202412110200076/-6/वर्ष 2024-25 पकार श्रीमती पूजा कसार बनाम छत्तीसगढ़ शासन, ग्राम-रायपुर खास, तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदिका श्रीमती पूजा कसार पति श्री आशीष कुमार कसार निवासी म.नं.-44/469, पुरानी बस्ती थाना के पास, महामाया क्लिनिक कंकालीपारा, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व सहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-रायपुर खास, प.हं.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खाता क्रमांक-835, खसरा नंबर-1074/75 1074/92-93 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदिका की सास श्रीमती पद्मा कसार पति जयनारायण कसार ने विक्रेता नरेन्द्र कुमार वर्मा पिता देवचरण लाल वर्मा निवासी महाराष्ट्र मंडल के पास रामकुण्ड, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30/11/2007 को क्रय किया है। तथा नरेन्द्र कुमार वर्मा पिता देवचरण लाल वर्मा ने विक्रेता 1. कमलेश भाई पटेल 2. प्रवीण भाई पटेल दोनों पिता हरमन भाई पटेल निवासी गोलबाजार, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 04/10/2007 को क्रय किया है। आवेदिका की सास श्रीमती पद्मा कसार ने अपने जीवनकाल में एक अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 19/06/2023 को निष्पादित कर उक्त संपत्ति को आवेदिका श्रीमती पूजा कसार पति श्री आशीष कुमार कसार को वसीयत प्रदान किया है। तथा आवेदिका की सास स्व. श्रीमती पदमा कसार को मृत्यु दिनांक 25/06/2024 को हो चुकी है। अतः आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख/अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदिका अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप आपत्तिकर्ता/भूमिस्वामी है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 22/02/2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखो अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 05.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202412114900026/
अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69
रायपुर, दिनांक 05.02.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दीपक कुमार नांजयानी पिता स्व. ईश्वरदास नांजयानी निवासी गंगा विहार कॉलोनी अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन-पत्र अंतर्गत धारा 110 छ.ग.भू.रा.सं. प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 रा.नि.मं. रायपुर 11 तहसील व जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 18/170 (शामिल खसरा नंबर 20/160, 117/147, 118/142) रकबा 0.0330हे. भूमि आवेदक की माता श्रीमती राधादेवी नांजयानी पति स्व. ईश्वरदास नांजयानी एवं सहखातेदार सोनिया पति दीपक कुमार नांजयानी के नाम पर संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार आवेदक की माता श्रीमती राधादेवी नांजयानी पति स्व. ईश्वरदास नांजयानी की मृत्यु दिनांक 03/10/2016 को तथा आवेदक के पिता श्री ईश्वरदास नाजयानी की भी मृत्यु कई वर्षों पूर्व हो गई है, मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान आवेदक हैं, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतः प्रश्नाधीन भूमि पर से मृतका खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसान आवेदक का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 14.02.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्री ओमकेश्वर कुमार देवांगन, पिता-श्री पुनाराम देवांगन, मुख्त्यारआम (मूल भूमिस्वामी श्री कमल कुमार देवांगन, पिता-श्री रामासाव देवांगन) की भूमि, वाके मौजा ग्राम देवपुरी, प.ह.नं.-00073, रा.नि.मं. रायपुर-10, डूमरतराई, तहसील-रायपुर जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित व्यपवर्तित भूमि/संपत्ति जिसका खसरा नं. 65/20 रकबा 1500 वर्गफीट भूमि को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती बसंता बाई सिन्हा, पति-श्री बलदाउ राम सिन्हा, पता-05, बोरसी, तहसील-फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद से दिनांक 05-12-2024 को दो गवाहों के समक्ष विक्रय ईकरारनामा निष्पादित किया गया है। उक्त ईकरारनामा के अनुसार दिनांक 05-12-2024 से दो माह के भीतर बैनामा पंजीयन निष्पादित करवाये जाने की सहमति दोनों पक्षों के द्वारा दी गई थी। उक्त ईकरारनामा के अनुसार बैनामा पंजीयन / रजिस्ट्री, निर्धारित समयावधि में करवा लेने हेतु क्रेता को विधिक सूचना पत्र भी दिनांक 23.01.2024 को पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित किया गया है, किन्तु क्रेता के द्वारा बैनामा पंजीयन / रजिस्ट्री हेतु किसी भी प्रकार से संपर्क मेरे पक्षकार से नहीं किया है। ईकरारनामा तिथी दिनांक 05.12.2024 से 02 माह के भीतर अर्थात् दिनांक 04.02.2025 तक क्रेता द्वारा बैनामा पंजीयन / रजिस्ट्री निष्पादित नहीं कराने की स्थिति में उक्त ईकरारनामा रद्द / निरस्त मानी जावेगी, का शर्त निर्धारित था। जिसकी 02 माह की वैधता अवधि की अंतिम तिथी दिनांक 04-02-2025 को पूर्ण चुकी है।

उपरोक्त ईकरारनामा की वैधता अवधि समाप्त हो जाने के उपरांत मेरा पक्षकार अब किसी अन्य व्यक्ति / संस्था को अपनी मर्जी से उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु स्वतंत्र है। यदि क्रेता/किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो वे सुसंगत एवं समुचित दस्तावेजों सहित, इस ईश्तहार/आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति प्रस्तुत नहीं कर पाने कि स्थिति में, उसके पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति अवैध एवं शून्य माना जावेगा।
दिनांक 05/02/2025

**महेन्द्र कुमार देवांगन, अधिवक्ता**
**जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर ( छ.ग. )**
**निवासी/कार्यालय ब्लॉक कमांक-24 फ्लैट क्रमांक-377, ए.आई.जी. बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कालोनी, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर ( छ.ग. )**
**मो.नं.-98939-50819**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202502115600007/अ-6/2024-2025
ग्राम-डंगनिया, प.ह.नं. 58
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 03.02.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमला जैन पति प्रभात चंद जैन निवासी ए 8 बंगला कालोनी व्यापार विहार रोड भारतीय नगर बिलासपुर द्वारा इस न्यायालय में धारा-109 एवं 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 58, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि जिसका भू खण्ड क्रमांक बी-2/10 खसरा नंबर 147/2 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि विक्रेता लोकमान्य सह. गृह निर्माण संस्था मर्यादित रायपुर तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05/11/1986 के माध्यम से प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 19/02/2025 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 19/02/2025 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियांद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा, जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202412111000531/अ/6 अ वर्ष 2024-25
ग्राम तिवरैया प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा
तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 27.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक घृतलहरे पिता परसादी घृतलहरे निवासी ग्राम तिवरैया, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा विरूद्ध रामगुलाल, रामु, रमेश कुमार, धनेश कुमार पिसरान दशरथ सभी निवासी तिवरैया, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत् अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम तिवरैया प.ह.नं. 18 रा.नि.म. धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग. में कृषि भूमि खसरा नंबर 100 रकबा 0.036 हे. खसरा नंबर 353 रकबा 0.2670 हे. राजस्व अभिलेखों में आवेदक की गोद माता बुधियारिन बाई पति दशरथ सतनामी के नाम पर पूर्व वर्ष 1990-91 से 1995-1996 के राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी हक में दर्ज रहा है। जिस पर भूमि स्वामी की मृत्यु पश्चात् वर्तमान में आवेदक दाखिल व काबिज होकर उपयोग एवं उपभोग कर रहा है। उपरोक्त कृषि भूमि के वर्तमान अभिलेखों की आवश्यकता होने पर आवेदक द्वारा वर्तमान अभिलेख के जांच करने पर पाया कि उक्त भूमि अनावेदकगण के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। उपरोक्त आवेदित भूमि के भूमि स्वामी बुधियारिन बाई पति दशरथ का स्वर्गवास हो गया है।, जिसके उत्तराधिकारी एक मात्र आवेदक है। अनावेदकगण उपरोक्त भूमि को जो उनके नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेखों में त्रुटिपूर्ण दर्ज है, को सुधार करते हुए पुर्व भूमि स्वामी बुधियारिन बाई पति दशरथ के नाम पर दर्ज करने में सहमत है। आवेदक आवेदित भूमि के त्रुटिपूर्ण दर्ज भूमि स्वामी का नाम सुधार कर पूर्व भू स्वामी बुधियारिन बाई पति दशरथ का नाम राजस्व अभिलेख में भूमि सवामी हक में दर्ज किय जाने हेतु यह त्रुटि सुधार आवेदन पत्र माननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया है। आवेदक आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न किया है, तथा भविष्य में प्रकरण के निराकरण में लगने वाले अन्य आवश्यक दस्तावेज को प्रस्तुत करने के अपने अधिकार को सुरक्षित रखता है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि के अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज भूमि स्वामियों का नाम को सुधार कर आवेदक की माता अर्थात बुधियारिन बाई पति दशरथ के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः आवेदक द्वारा आवेदन अनुविभागीय अधिकारी महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 10/02/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 27/01/2025 को हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार, धरसींवा

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 रावांभाठा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 29.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सरिता मुंघडा पति सुरेश कुमार मुंघडा निवासी होटल बेबीलोन के साईड लाईन जेल रोड सांई नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 रावांभाठा स्थित भूमि खसरा नंबर 446/2 रकबा 0.0890 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा.क्र./वाचक/तह./वर्ष 2024-2025 धरसींवा के आदेश दिनांक 10.01.2025 के परिपालन में दिनांक 06.02.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 86 के रावाभाठा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-1 रावांभाठा**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 1315/रा.शा./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 05.02.2025**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-06 योजनांतर्गत मोहम्मद आसिफ वैद पिता युनुस अहमद वैद को भूखंड क्रमांक सी-105 रकबा 71.875 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती मोहम्मद आसिफ वैद पिता युनुस अहमद वैद द्वारा दिनांक 24.01.2025 को श्री प्रवीण झट्टा पिता स्व. सुशील कुमार झट्टा को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री प्रवीण झट्टा पिता स्व. सुशील कुमार झट्टा के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 05.02.25 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 1241/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 03.02.2025**

प्राधिकरण की टिकरापारा (48 फ्लैट) योजनान्तर्गत फ्लैट क्रमांक एम-06 क्षेत्रफल 440 वर्गफुट श्री जिगनेश पोपट पिता श्री दीपक कुमार पोपट को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट को फ्री- होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राहय नहीं होगा।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ई.क्र./202501110200102/अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-पंडरीतराई प.ह.नं. 47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.02.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. श्रीमती आमना सिद्दीकी पति स्व. मोहम्मद जियाउद्दीन सिद्दीकी 2.मुबाशा शिरिन सिद्दीकी 4. नौरीन सिद्दीकी तीनों पिता स्व. मोहम्मद जियाउद्दीन अनसरीन सिद्दीकी सिद्दीकी सभी निवासी झंडा चौक, न्यू शांति नगर पंडरी, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-30, प्लाट नंबर-27/2, खसरा नंबर-466 का भाग रकबा 1400 वर्गफुट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में जियाउद्दीन सिद्दीकी पिता मर के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण के पति/पिता स्व. मोहम्मद जियाउद्दीन सिद्दीकी की मृत्यु दिनांक 12/01/2024 को हो चुकी है। स्व. मोहम्मद जियाउद्दीन सिद्दीकी के विधिक वारिसान में 1. श्रीमती आमना सिद्दीकी पति स्व. मोहम्मद जियाउद्दीन सिद्दीकी 2. अनसरीन सिद्दीकी 3. मुबाशा शिरिन सिद्दीकी 4. नौरीन सिद्दीकी तीनों पिता स्व. मोहम्मद जियाउद्दीन सिद्दीकी है। इनके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अतः आवेदकगण द्वारा मृतक खातेदार का का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 22/02/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VINAMRA KESOR S/O RATAN LAL KESOR resident of KILKARI NIWAS, HOUSE NO.-4043 WARD NO. 2, MEDIA CITY ROAD, RAIPUR 492099 (C.G.) have changed my old name VINAMRA KESOR S/O RATAN LAL KESOR so in future I should be recognized by my new name that is VINAMRA KUMAR KESOR S/O RATAN LAL KESOR in all Government and other documents.

**VINAMRA KUMAR KESOR**
KILKARI NIWAS, HOUSE NO.-4043 WARD NO. 2, MEDIA CITY ROAD, RAIPUR 492099 (C.G)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NARESH AGRAWAL S/O TARACHAND AGRAWAL resident of 101,BLOCK B, INDRAPRASHTH, SAMRAJYA RESIDENCY, 0, KHAMTARAI, RAIPUR, (C.G.) 492008 have changed my old name NARESH AGRAWAL S/O TARACHAND AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is NARESH KUMAR AGRAWAL S/O TARACHAND AGRAWAL in all Government and other documents.

**NARESH KUMAR AGRAWAL**
101,BLOCK B, INDRAPRASHTH, SAMRAJYA RESIDENCY, 0, KHAMTARAI, RAIPUR, (C.G) 492008

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHARAT AGRAWAL S/O NATHMAL NANDKISHORE AGRAWAL resident of J-701, PALM BELLAJIO IN FRONT OF SMC HOSPITAL,VIDHAN SABHA ROAD, SHANKAR NAGAR RAIPUR, (C.G) 492007 have changed my old name BHARAT AGRAWAL S/O NATHMAL NANDKISHORE AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is BHARAT NATHMAL AGRAWAL S/O NATHMAL NANDKISHORE AGRAWAL in all Government and other documents.

**BHARAT NATHMAL AGRAWAL**
J-701, PALM BELLAJIO IN FRONT OF SMC HOSPITAL,VIDHAN SABHA ROAD, SHANKAR NAGAR RAIPUR, (C.G) 492007

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00081 बोरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072 6400070

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00081 के अंतर्गत ग्राम बोरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी सुशीला ज्योति कटारिया, सिंधु कुकरेजा, सावित्री कोमल रतनानी पिता/पति स्व. संत गोविन्द राम पता संत युधिष्ठिर लाल, भरत लाल, सत्यव्रत, भीषमलाल, अजीत कुमार पिता/पति स्व. संत गोविन्द राम पता शदानी दरबार कोरियाकला के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1411/1 0.0116 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जगदीश स्टोर्स गोल बाजार रायपुर द्वारा प्रोप्राईटर जगदीश छाबड़िया पिता/पति परमानंद छाबड़िया पता रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726700059

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00072 के अंतर्गत ग्राम डूंडा के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 110/3, 0.0220, 112/17 0.0310 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विरेन्द्र कुमार जैन पिता/पति स्व. मन्ना लाल जैन पता दावडा स्कूल के पास दावडा कॉलोनी रायपुर छ.ग., उमेश कुमार जैन पिता/पति स्व. मन्ना लाल जैन पता दावड़ा स्कूल के पास दावड़ा कॉलोनी रायपुर छ.ग., विशेष जैन पिता/पति श्री सुनील कुमार दूगड पता दावडा स्कूल के पास दावडा कॉलोनी रायपुर छ.ग., अभय कुमार दुगड़ पिता/पति स्व. मन्ना लाल जैनपता दावड़ा स्कूल के पास दावड़ा कॉलोनी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ई.क्र./202502110200001/अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-पंडरीतराई प.ह.नं. 47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.02.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. मिर्जा ईस्माईल बेग 2. दिलशाद बेगम 3. हुस्न बानो सभी पिता स्व. मरहूम मिर्जा हनीफ बेग सभी निवासी आदर्श चौक, राजातालाब, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-20, प्लाट नंबर-191, रकबा 528 वर्गफुट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में रविन्द्र अग्रवाल वो प्रदीप वो नागेन्द्र वो योगेन्द्र वो जितेन्द्र पिता स्व. बृजभूषण अग्रवाल के नाम पर दर्ज तथा कब्जेदार मुस, हाजरा बाई जौजे हनीफ बेग के नाम पर दर्ज है। अनावेदक श्रीगती हाजरा बी जौजे मरहूम मिर्जा हनीफ बेग ने उक्त वर्णित संपत्ति को आवेदकगण 1. मिर्जा ईस्माईल बेग 2. दिलशाद बेगम 3. हुस्न बानो सभी पिता स्व. मरहूम मिर्जा हनीफ बेग को हीबानामा के तहत दिनाक 20/09/2024 को प्रदान किया है। अतः आवेदकगण द्वारा अनावेदक नाम विलोपित कर हीबानामा के आधार पर आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 22/02/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRAMIL VERMA S/O JIWAN RAM VERMA resident of PLOT NO. 72, STREET NO. 7, AVINASH CAPITAL HOMES-2, NEAR SCIENCE CENTER, SADDU, RAIPUR (C.G.) have changed my old name PRAMIL VERMA S/O JIWAN RAM VERMA so in future I should be recognized by my new name that is PRAMIL KUMAR VERMA S/O JIWAN RAM VERMA in all Government and other documents.

**PRAMIL KUMAR VERMA**
PLOT NO. 72, STREET NO. 7, AVINASH CAPITAL HOMES-2, NEAR SCIENCE CENTER, SADDU, RAIPUR (C.G)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MAHESH KUMAR AGRAWAL S/O GAJANAND AGRAWAL resident of HNO.C-9/16, LANE-2, HARSHIT RATNA, NEAR AGRASEN BHAWAN UDHIYA SOCIETY, TATIBANDH RAIPUR.DISTRICT- RAIPUR-492099 (C.G.) have changed my old name MAHESH KUMAR AGRAWAL S/O GAJANAND AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is NAVEEN AGRAWAL S/O GAJANAND AGRAWAL in all Government and other documents.

**NAVEEN AGRAWAL**
HNO.C-9/16, LANE-2, HARSHIT RATNA, NEAR AGRASEN BHAWAN UDHIYA SOCIETY, TATIBANDH RAIPUR.DISTRICT- RAIPUR-492099 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RESHU AGRAWAL W/O BHARAT NATHMAL AGRAWAL resident of J-701, PALM BELLAJIO FRONT OF SMC HOSPITAL,VIDHAN SABHA ROAD, SHANKAR NAGAR RAIPUR, (C.G) 492007 have changed my old name RESHU AGRAWAL W/O BHARAT NATHMAL AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is RESHU KEJRIWAL W/O BHARAT NATHMAL AGRAWAL in all Government and other documents.

**RESHU KEJRIWAL**
J-701, PALM BELLAJIO FRONT OF SMC HOSPITAL,VIDHAN SABHA ROAD, SHANKAR NAGAR RAIPUR, (C.G) 492007

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DEEPAK KUMAR KHANDELWAL S/O CHANDRA SEKHAR KHANDELWAL resident of HOUSE N. 2, NEAR PRAKASH PROVISION VINAYAK VIHAR COLONY, GANESH CHOUK SECTOR 3 SHIVANAND NAGAR, KHAMTARAI-2 (KHAMTARAI) RAIPUR (C.G.) 492006 have changed my old name DEEPAK KUMAR KHANDELWAL S/O CHANDRA SEKHAR KHANDELWAL so in future I should be recognized by my new name that is DEEPAK KHANDELWAL S/O CHANDRA SEKHAR KHANDELWAL in all Government and other documents.

**DEEPAK KHANDELWAL**
HOUSE N. 2, NEAR PRAKASH PROVISION VINAYAK VIHAR COLONY, GANESH CHOUK SECTOR 3 SHIVANAND NAGAR, KHAMTARAI-2 (KHAMTARAI) RAIPUR (C.G.) 492006

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202501110200110/अ-6/वर्ष 2024-2025
रायपुर, दिनांक 31.01.2025

[illegible]

आज दिनांक 30/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

# अपर मुख्य सचिव ने राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियों का लिया जायजा



**राजिम,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियां नए मेला स्थल पर जोरों पर चल रही हैं। यह भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन 14 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने मंगलवार राजिम कुंभ स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन:** राजिम कुंभ कल्प मेला छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसे छत्तीसगढ़ का प्रयाग भी कहा जाता है। त्रिवेणी संगम राजिम में यह कुंभ माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक आयोजित होता है, जिसमें संत समागम, आरती और विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। देशभर से साधु-संत, श्रद्धालु और पर्यटक इस कुंभ में शामिल होते हैं।

**श्रद्धालुओं की सुविधा कार्यों को तेजी से पूरा कराने दिए निर्देश**

अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मेला स्थल पर सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंच निर्माण, दुकानों, विभागीय स्टॉल, मीना बाजार, फूड जोन, पार्किंग, हेलीपैड, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं परिवहन व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव ने राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच, संत समागम स्थल, आरती स्थल एवं कुलेश्वर महादेव मंदिर में आवश्यक प्रबंध के साथ ही श्रद्धालुओं के ठहरने एवं भोजन के लिए दाल-भात केंद्र, अस्थायी कुटिया एवं जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला परिसर सीसीटीवी निगरानी, पुलिस सुरक्षा, फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस की तैनाती, नदी किनारे सजावट, लाइटिंग, शौचालय एवं हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था, बस स्टैंड से मेला स्थल तक श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित शुल्क पर बस सेवा के साथ ही वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग सहित अन्य विभागों को अपने कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव श्रीसाहू ने नए मेला स्थल पर वीआईपी पार्किंग, आम श्रद्धालुओं के आवागमन, मंच व्यवस्था, मीना बाजार, फूड ज़ोन और हेलीपैड स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजीव लोचन मंदिर, संत समागम स्थल और आरती स्थल से नए मेला स्थल निर्माणाधीन सड़क कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

# साजा पुलिस टीम की कार्रवाई

**अश्लील गाली गुप्तार कर हमला कर गंभीर चोट पहुचाने के मामले में 1 और आरोपी गिरफ्तार**

**प्रकरण में फरार एक आरोपी की पतातलाश**

**बेमेतरा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। दिनांक 03.11.2024 को प्रार्थी पवन साहू पिता खेलू साहू उम्र 21 साल वार्ड 1 साजा थाना साजा जिला बेमेतरा ने आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 02.11.2024 को दोपहर करीबन 2.00 बजे गुप्ता किराना दुकान के पास 5-6 लोग खड़े थे उसी समय सुभम वर्मा, मोनू साहू व 02 अन्य आये और मेरे साथी के कालर को पकडकर जबरदस्ती अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया उसी समय अरुण यादव तथा मित्र पंकज साहू तथा राकेश, पिंटू के द्वारा छुडाने का कोसिस करने पर योगेश साहू द्वारा चाकू से अरुण यादव को मारा गया, जिससे अरूण यादव के पिठ में चोट लगा, जिसे ईलाज के लिए शासकीय अस्पताल साजा में लाकर भर्ती किये डा. साहब द्वारा रिफर करने पर बेमेतरा ले गये फिर बेमेतरा से अस्पताल से रिफर करने पर मेकाहारा हस्पिटल रायपुर में भर्ती कर ईलाज चल रहा है कि रिपोर्ट पर थाना साजा में आरोपी के विरूद्ध अपराध सदर धारा 296, 351 (3), 115 (2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने तत्काल आरोपी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना दौरान मुर्तजरुन का ईलाज संबधित दस्तावेज प्राप्त होने पर डॉक्टर साहब द्वारा ईलाज संबंधी दस्तावेज का क्युरी कराया गया क्युरी रिपोर्ट में गंभीर चोट व मृत्यु होना संभावित होना लेख किये है। प्रकरण में धारा 109 बीएनएस जोडी गई है। प्रकरण में दिनांक 03.02.2025 को आरोपी सुभम वर्मा एवं ओमप्रकाश साहू उर्फ मोनू साहू को गिरफ्तार किया गया था।

प्रकरण में फरार आरोपियो कि पतातलाश के दौरान आज दिनांक 04.02.2025 को आरोपी योगेश साहू पिता विनोद साहू उम्र 19 साल साकिन वार्ड नं. 11 साजा थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से आज दिनांक 04.02.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में फरार एक आरोपी की पतातलाश जारी हैं।

# डायमंड जुबली जम्बूरी तमिलनाडु में शामिल हुए बलौदाबाजार जिला के स्काउट्स गाइड्स




**बलौदाबाजार,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। डायमंड जुबली जम्बूरी में छत्तीसगढ़ राज्य ने लोक संस्कृति की छाप छोड़ी। दल में सम्मिलित बलौदा बाजार भाटापारा जिला से 5 स्काउट्स, 6 गाइड, 1 रोवर्स, 1 प्रभारी गाइडर ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में भागीदारी करते हुए च्च्एज्ज एवं च्च्बीज्ज ग्रेड का उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75 वें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में डायमंड जुबली जम्बूरी का आयोजन तमिलनाडु स्थित त्रिची, मन्नापराई में 28 जनवरी 2025 से 03 फरवरी 2025 तक किया गया। इस जम्बूरी में देश- विदेश से लगभग 15 हजार की संख्या में स्काउट आंदोलन से जुड़े लोग शामिल हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ से 200 की संख्या वाले दल ने राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन और राज्य सचिव कैलाश सोनी ,सयुक्त राज्य सचिव श्रीमती शिवानी गणवीर के दिशा-निर्देश पर भागीदारी की। जिसमें बलौदाबाजार भाटापारा जिले से जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट हिमांशु भारतीय के आदेशानुसार जिला सचिव डॉ जगदीश कुमार साहू, जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार के मार्गदर्शन में जिला प्रभारी श्रीमती सावित्री वर्मा, गुरूकुल इंगलिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल से स्काउट से प्रणय नायक, राजवीर सिंग ठाकुर, स्तेश मिरी, शिवम साहू, धनजंय पैकरा, गाइड से कु. गीतांजली साहू, कु. जानवी साहू, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हथबंध से सर्विस रोवर देवन्द्र साहू, गाइड कु. नेहा साहू, कु.रितु देवागन, सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय टुंड्रा से कु. दीप्ति देवागन, कु.रिया साहू सम्मिलित हुए।

छत्तीसगढ़ के दल ने पीजन शो एवं फिजिकल डिस्प्ले की प्रस्तुति में ग्रेड का उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। कलर पार्टी, मार्च पास्र्ट, कैम्प क्राफ्ट, कैम्प फायर, राज्य प्रदर्शनी, स्किल-ओ-रामा, लोक नृत्य, फूड प्लाजा में ठ ग्रेड मिला। इसके अलावा दल ने अन्य गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर भागीदारी की। खास बात यह रही कि छत्तीसगढ़ की परेड प्लाटून को सभी राज्यों के सामूहिक कार्यक्रम में सलामी देने का अवसर मिला। चलित झांकी तथा छत्तीसगढ़ डे के दौरान छत्तीसगढ़ के दल ने अपनी पारंपरिक लोक संस्कृति के माध्यम से पूरे देश का ध्यान आकृष्ट किया और प्रशंसा प्राप्त की। छत्तीसगढ़ डे में राष्ट्रीय और कई राज्यों के डेलिगेट्स सम्मिलित हुए। इनकी अगुवानी राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ डा. यादव ने की। डायमंड जुबली जम्बूरी का समापन समारोह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने डायमंड जुबली जम्बूरी के समापन आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को मशाल सौंपी। यहां बताना होगा कि डायमंड जुबली जम्बूरी का समापन, 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा प्रथम विश्व गर्ल गाइड जम्बूरी का आयोजन इसी साल छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित है। तीनों आयोजन संयुक्त रूप से होंगे। जंबूरी में सम्मिलित पूरे टीम को इस उपलब्धि पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती वंदना तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला संयुक्त सचिव श्रीमती कीर्ति वर्मा, जिला संगठन आयुक गाइड सुश्री नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मनीष बघेल, गाइड सुश्री रजनी कला पाटकर सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारी, सचिव, सहित जिला संघ के समस्त पदाधिकारी स्काउटर, गाइडर एवं संस्था प्रमुख ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

# चुनाव प्रचार-प्रसार कर रहे तीन डीजे व्हीकल जप्त

**महासमुंद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत प्रचार.प्रसार में उपयोग किए जा रहे तीन डीजे वाहनों को जप्त कर महासमुंद थाने में रखा गया है। बुधवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी एवं नायब तहसीलदार द्वारा यह कार्यवाही की गई। जप्त किए गए वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति ली गई है परंतु आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि लाउडस्पीकर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग के लिए सीमा निर्धारित की गई है। साथ ही उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के अनुक्रम में अनुमति दी गई है। वर्तमान में किसी भी वाहन में डीजे लगाकर ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति नहीं दी गई है। इस तारतम्य में नगरपालिका महासमुंद अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस के अभ्यर्थी का प्रचार.प्रसार कर रहे वाहन सीजी.06, जीएच 3747, भाजपा अभ्यर्थी के प्रचार.प्रसार में लगे वाहन सीजी.06, जीवाई 6045 तथा निर्दलीय प्रत्याशी के प्रचार.प्रसार के लिए उपयोग वाहन सीजी.06, जीवाई 0478 को जप्त कर महासमुंद थाने में रखा गया है। कलेक्टर ने नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार चुनाव प्रचार हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्र उपयोग की अनुमति 01 फरवरी से 09 फरवरी 2025 तक निम्नलिखित शर्तों के अधीन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया है। जिसके अंतर्गत वर्तमान में नगरपालिका आम निर्वाचन के तहत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है जिसका पूर्णत: पालन किया जाना आवश्यक होगा। लाउड स्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र या अन्य ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्र का उपयोग सार्वजनिक स्थानों पर किया जा रहा हों तो उसकी सीमा उस क्षेत्र के परिवेशीय ध्वनि पैमाने से 10 डीबी ए से अधिक नहीं होगा या 75 डीबी ए से अधिक नहीं होगा अथवा इनमें से जो भी कम है, उससे अधिक नहीं होगा। अस्पताल, शिक्षण संस्थायें, न्यायालय आदि के कार्यालयीन अवधि के दौरान 100 मीटर की दूरी तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा पटाखों का उपयोग नहीं किया जायेगा। निर्वाचन प्रचार अभियान के लिए लाउडस्पीकर के उपयोग संबंधी जारी निर्देश के संबंध में लाउडस्पीकर का उपयोग समय रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे के मध्य नहीं किया जावेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र की उपयोग हेतु निर्धारित समय सीमा का पालन करना अनिवार्य होगा। इस अनुमति प्रत्रक की मूल प्रति आयोजक कोए जब भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा मांगा जावे, प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। उक्त शर्तों का उल्लंघन पाए जाने की स्थिति में ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग की सशर्त अनुमति स्वमेव निरस्त मानी जायेगी तथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आयोजक की होगी। यदि मतदान 11 फरवरी को होना है तो चुनाव प्रचार 09 फरवरी की मध्य रात्रि 12 बजे तक ही किया जा सकता है अर्थात् 09 फरवरी की रात्रि 12 बजे के पश्चात कोई चुनाव प्रचार नहीं होगा। यहां यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि 09 फरवरी की रात्रि 10 बजे के पश्चात ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति नहीं होने के कारण रात्रि 10 बजे से 12 बजे के बीच होने वाले चुनाव प्रचार की अनुमति देते समय इन सभी प्रावधानों का ध्यान रखा जावे।




---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री एम.एल. गुप्ता आ. स्व होरीलाल गुप्ता निवासी-एम.डी.-14, पद्मनाभपुर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.डी.-14, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों 1) श्री मनोज गुप्ता आ. स्व. मित्र लाल गुप्ता एवं 2) श्री मनीष गुप्ता आ. स्व. मित्र लाल गुप्ता ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.डी.-14, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को 1) श्री मनोज गुप्ता एवं 2) श्री मनीष गुप्ता के संयुक्त नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. एम.एल. गुप्ता के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: 1) श्री मनोज गुप्ता एवं 2) श्री मनीष गुप्ता के संयुक्त नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 4.2.25 को जारी किया गया।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

**मार्कशीट गुम**

मैं शपथकर्ती डिम्पल पिता श्री टेक सिंह ठाकुर उम्र 34 निवासी क्वा नं. 02, सड़क नं. 02, मधुबन नगर बोरसी दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं। मैंने 2015-19 में जी.एन.एम. नर्सिंग की परीक्षा सेन्ट्रल इंडिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग देवादा से उत्तीर्ण की हूं जिसके पश्चात मुझे अंकसूची प्राप्त हुई थी।

मेरे द्वारा अक्टूबर महीने में 2024 में घर से कॉलेज जाते समय अपनी प्रथम और द्वितीय वर्ष GNM नर्सिंग सर्टिफिकेट व रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट खो दी। रोल नंबर 19411 पंजीयन नंबर XXIII है,इसके लिए एक एफआईआर भी दर्ज की गई है। एलआर संख्या 012024/2024। जिसके भविष्य में मिलने की कोई संभावना नहीं है यदि किसी को उक्त दस्तावेज मिलते हैं तो कृपया निम्नलिखित से संपर्क करें- डिम्पल - 9993336631

शपथकर्ती
डिम्पल

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम अमोदी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विष्णु प्रसाद साहू पिता श्री डोमार सिंह साहू ग्राम अमोदी तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री ऐम्पिया साहू के जन्म/मृत्यु दिनांक 31.03.2003 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताक जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 10.02.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार
आरंग

**न्यायालय तहसीलदार समोदा**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00004 भण्डारपुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2024254402 10700008

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00004 के अंतर्गत ग्राम भण्डारपुरी के वर्तमान भूमिस्वामी पलटन पिता/पति पि बोधी पता निवासी ग्राम के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 702 1.3500 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता घनश्याम पिता/पति चेतावन पता बृजमोहन पिता/पति चेतावन पता, धीरन बाई बेवा चेतावन पिता/पति चेतावन, चितेश्वर पिता/पति अमर सिंह, मोहित पिता/पति चेतावन, चंद्रदेव पिता/पति चेतावन, जनक राम पिता/पति चेतावन, संजय पिता/पति चेतावन पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार
समोदा

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SAGAR KUMARE S/O KAMAL NAGO KUMARE resident of H.NO. I-50 IRRIGATION COLONY NEAR OLD R.T.O. OFFICE RUDRI DHAMTARI, (C.G.) 493776 have changed my old name SAGAR KUMARE S/O KAMAL NAGO KUMARE so in future I should be recognized by my new name that is SAGAR KAMAL KUMARE S/O KAMAL NAGO KUMARE in all Government and other documents.

**SAGAR KAMAL KUMARE**
H.NO. I-50 IRRIGATION COLONY
NEAR OLD R.T.O. OFFICE RUDRI
DHAMTARI, (C.G.) 493776

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KAILASH CHAND SABLANI S/O PURAN SINGH SABLANI resident of SANT KANWAR RAM WARD NEAR BABA DAAL MIL BHATAPARA DIST. BALODA BAZAR BHATAPARA (C.G.) 493118 have changed my old name KAILASH CHAND SABLANI S/O PURAN SINGH SABLANI so in future I should be recognized by my new name that is KAILASH SABLANI S/O PURAN SINGH SABLANI in all Government and other documents.

**KAILASH SABLANI**
SANT KANWAR RAM WARD
NEAR BABA DAAL MIL
BHATAPARA DIST. BALODA
BAZAR BHATAPARA (C.G.)
493118

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANOJ KUMAR S/O DHANUKRAM DEWANGAN resident of 66 DEWANGAN PARA DEURJHAL NANDINI KHUNDINI DURG (C.G.) 490036 have changed my old name MANOJ KUMAR S/O DHANUKRAM DEWANGAN so in future I should be recognized by my new name that is MANOJ KUMAR DEWANGAN S/O DHANUKRAM DEWANGAN in all Government and other documents.

**MANOJ KUMAR DEWANGAN**
66 DEWANGAN PARA
DEURJHAL NANDINI
KHUNDINI DURG (C.G.)
490036

**न्यायालय तहसीलदार धमधा**
**जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**रा.प्र.क्रं-2024-2025, ग्राम. खजरी प.ह.न.-26**
**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक लतमारूराम पिता पीलूराम जाति-गोड निवासी ग्राम-खजरी प.ह.नं. 26 तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वयं का जन्म लतमारूराम आ. पीलूराम का जन्म दिनांक 15/04/1964 को स्थान खजरी में जन्म हुआ है। जन्म का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं होने से संबंधित विभाग में जन्म का पंजीयन करने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छ.ग. राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, प्राथमिक शाला प्रमाण पत्र, आवेदक का आदेश 18 नियम 04 के तहत शपथपूर्वक कथन आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 12/02/2025 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक:-28/01/2025
पेशी दिनांक:- 12/02/2025

नायब तहसीलदार
धमधा जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव 2 के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202409090100030/ए-19 (3)
विषय-अ-19 (3) सन् 2023-2024
मोहड़ प.ह.नं. 00025

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग, राजनांदगांव, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग, राजनांदगांव द्वारा पत्र क्रमांक 1378/फा.नं./एल-3/कार्य.अभि./तक शाखा/2024 दिनांक 19.09.2024 के माध्यम से शासन के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी क्षेत्रों में सर्वसुविधायुक्त आवासीय बसाहट की अत्यधिक मांग को दृष्टिगत रखते हुये योजना अंतर्गत मुख्य रूप से कमजोर, निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लिए ई.डब्ल्यू.एस., एल.आई.जी. तथा एम.आई.जी. श्रेणी के भवनों के निर्माण हेतु ग्राम मोहड़ प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. खुज्जी तहसील डोंगरगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 210/1 रकबा 16.12 हे. में से रकबा 5.00 हे. 12.35 एकड़ भूमि को अटल विहार योजना के क्रियान्वयन हेतु छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग-राजनांदगांव को आबंटित किये जाने का निवेदन किया गया है। पत्र के साथ आवेदित स्थल पर नक्शा, खसरा एवं शासन के आदेश की छायाप्रति प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07.02.2025 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार
डोंगरगांव

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र... अ/6 वर्ष 2024-2025**
**ग्राम तुरमा प.ह.नं. 47**

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है आवेदक पुष्पेन्द्र त्रिपाठी पिता रामनोहर त्रिपाठी निवासी वार्ड नंबर 15 हनुमान नगर नई बस्ती रघुराज नगर सतना (म.प्र.) के व्दारा ग्राम तुरमा प.ह.नं. 17 रा.नि.नं. खोखली तहसील भाटापारा स्थित भूमिस्वामी कृशि भुमि खसरा नंबर 56/10 एवं 431/44 रकबा कमश: 0.3140 एवं 0.4950 हे कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.8090 हे. भू-राजस्व 1.55 रूपये भू-स्वामी रामस्वरूप पिता सीतावल्लभ जाति ब्राम्हण के नाम पर दर्ज है, जिसके मृत्यु दिनांक 15/10/2021 को हो जाने आवेदक/वसीयतग्रहिता के व्दारा वसीयतनामा दिनांक 17/03/2021 के आधार पर राजस्व अभिलेखों मे वसीयतग्रहिता /आवेदक के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय व्वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ दस्तावेज पेश की है। तत्ससबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 21/02/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उपरोक्त भूमि के सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 21/02/25 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: उपरोक्त उद्घो षणा आज दिनांक 29/01/25 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

सील तहसीलदार
भाटापारा

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार से श्री शत्रुहन लाल यादव पिता श्री लालू यादव निवासी ग्राम बिरकोनी, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम बिरकोनी, प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. तुमगांव, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. स्थित खसरा नं. 2391/2 रकबा 0.23 हे. भूमि को विक्रय करने का सौदा कर दिनांक 21/12/2024 को सौदा पेटे अग्रिम रकम प्राप्त कर अनुबंध पत्र निष्पादित किया है।

उक्त खसरा नंबर के भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक, सोसायटी का किसी प्रकार से आपत्ति अथवा उक्त भूमि पर किसी प्रकार का स्वत्व आधिपत्य प्राप्त हो तो इस सूचना प्रकाशन के तिथि से एक सप्ताह की अवधि में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् की गयी आपत्ति निष्प्रभावी होगी। हमारा पक्षकार वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन कर सीदा की गयी भूमि का विक्रय विलेख निष्पादित कर उपपंजीयन कार्यालय में पंजीयन करायेगा।

सो सूचना ज्ञात हो।

महासमुन्द, (छ.ग.)
दिनांक 02/02/2025

**दिनेश राव भोसले**
**सोमनाथ साहू, ऋषभ भार्गव**
**कु. नित्या कौशिक अधिवक्तागण**
**कार्यालय**
**श्री शैलेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता**
**स्टेशन रोड महासमुन्द**
**जिला महासमुन्द (छ.ग.)**
**मो.न. 94252 12035**

**शपथ - पत्र**

मैं श्रीमती चंद्रकला वर्मा पति श्री डॉ. अमरीश वर्मा उम्र 50 वर्ष, निवासी शांति विहार कालोनी डंगनिया, रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं-

1. यह कि मेरी विवाह डॉ. अमरीश वर्मा पिता श्री अमरनाथ वर्मा, निवासी शांति विहार कालोनी डंगनिया, रायपुर (छ.ग.) से हुई है।
2. यह कि मैं ग्रामीण चिकित्सा सहायक के पद पर चिकित्सा विभाग छत्तीसगढ़ शासन में कार्यरत हूं।
3. यह कि विवाह पूर्व मेरी नाम चंद्रकला नायक पिता श्री भूषण लाल नायक था, जो कि अभी तक कायम है।
4. यह कि अब मुझे श्रीमती चंद्रकला वर्मा पति श्री डॉ. अमरीश वर्मा के नाम से जाना पहचाना जावें। मेरी सभी प्रमाण पत्र अभिलेख को इसी नाम से मान्यता दिया जावें तथा भविष्य में श्रीमती चन्द्रकला वर्मा पति श्री डॉ. अमरीश वर्मा के नाम से उल्लेख किया जावें।

शपथकर्ती

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**स. लोहारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2025
ग्राम सा. लोहारा, प.ह.नं. 09

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम सा. लाहारा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. सा. लोहारा तहसील सा. लोहारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अंजु विश्वकर्मा पिता/पति जगत विश्वकर्मा निवासी ग्राम सा. लोहारा तहसील सा. लोहारा जिला-कबीरधाम छ.ग. द्वारा अपने स्वयं अूं विश्वकर्मा के मृत्यु 12.10.1984 व स्थान सा. लोहारा के पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु मुख्य नगर पंचायत सा. लोहारा जिला कबीरधाम छ.ग. को निर्देशित करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 28.01.2025
पेशी दिनांक 11.02.2025

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुहर सहसपुर लोहारा

**शपथ-पत्र**

मैं शिवनन्दन यादव पिता मेघनाथ यादव आयु 60 वर्ष निवासी मकान नं. अस्पतालपारा चितालंका, पोस्ट चितालंका तहसील दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग., पिन नं. 494449 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्ति करता हूं कि:-

1. यह कि मेरे नाम शिवनन्दन यादव पिता मेघनाथ यादव Shivnandan Yadav S/o MeghnathYadav) के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 7655 5054 5720 में शिनंदन पिता मेघनाथ Shinandan S/o Meghnath)अंकित है जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है।
2. यह कि मेरा वास्तविक व सही नाम शिवनन्दन यादव पिता मेघनाथ यादव (Shivnandan Yadav S/o MeghnathYadav) है जो सत्य एवं सही है एवं मेरे मतदाता पहचान पत्र क्रमांक NOF2507606 में दर्ज नाम से प्रमाणित है।
3. यह कि मेरे उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण शिवनंदन पिता मेघनाथ (Shinandan S/o Meghnath ) के स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम शिवनन्दन यादव पिता मेघनाथ यादव (Shivnandan Yadav S/o MeghnathYadav) सुधार कर अंकित किया जावे।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरे शिवनन्दन यादव पिता मेघनाथ यादव (Shivnandan Yadav S/o MeghnathYadav) का नाम आधार कार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ती राशिका चौरसिया पिता श्री राजेश चौरसिया निवासी 8/ए, सडक नं. 22, सेक्टर 01, वार्ड नं. 38, भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूँ व शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे कक्षा दसवीं, बारहवीं के अंकसूची, आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरे पिता का नाम राजेश चौरसिया दर्ज है, तथा मेरे पिता के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में मेरे पिता का नाम राजेश कुमार चौरसिया है।
3. यह कि उक्त दोनों नाम राजेश चौरसिया एवं राजेश कुमार चौरसिया एक ही व्यक्ति का नाम है, जो कि मेरे पिता का नाम हैं।
4. यह कि उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति होने के सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता ऋषि चौरसिया पिता श्री राजेश चौरसिया निवासी 8/ए, सडक नं. 22, सेक्टर 01, वार्ड नं. 38, भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ व शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे कक्षा दसवीं, बारहवीं के अंकसूची, आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरे पिता का नाम राजेश चौरसिया दर्ज है, तथा मेरे पिता के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में मेरे पिता का नाम राजेश कुमार चौरसिया है।
3. यह कि उक्त दोनों नाम राजेश चौरसिया एवं राजेश कुमार चौरसिया एक ही व्यक्ति का नाम है, जो कि मेरे पिता का नाम हैं।
4. यह कि उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति होने के सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम अमोदी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विष्णु प्रसाद साहू पिता श्री डोमार सिंह साहू ग्राम अमोदी तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री महिमा साहू के जन्म/मृत्यु दिनांक 14.06.2005 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताक जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 10.02.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार
आरंग

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम अमोदी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विष्णु प्रसाद साहू पिता श्री डोमार सिंह साहू ग्राम अमोदी तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री अनिमा साहू के जन्म/मृत्यु दिनांक 15.06.2007 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताक जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 10.02.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार
आरंग

# नवा रायपुर में दिखेगी ब्रिटिश कालीन जनजाति विद्रोह की झांकी

- संग्रहालय निर्माण के 70 फीसदी कार्य पूर्ण
- मुख्य गेट के पास बनेगा वॉटर फॉउंटेन
- हल्बी या गोंडी बोली में लिखा जाएगा संग्रहालय का नाम
- प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने किया निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण की स्मृति में नवा रायपुर में पुरखौती मुक्तांगन के समीप निर्माणाधीन जनजातीय संग्रहालय का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस संग्रहालय में अंग्रेजी हुकुमत के दौरान हुए जनजातीय विद्रोहों की झांकी का निर्माण किया जा रहा है।

आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने निर्माणाधीन संग्रहालय का आज निरीक्षण किया और संग्रहालय निर्माण की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने संग्रहालय के शेष कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों, ठेकेदारों और क्यूरेटर का एक दल बनाकर एक-एक गैलेरी का कार्य उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव बोरा ने कहा कि संग्रहालय के आस-पास जल जमाव की स्थिति निर्मित न हो, इस पर विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने मुख्यद्वार के पास वाटर फॉउटेन भी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय का नाम हल्बी एवं गोंडी बोली में भी अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय के भीतर लगने वाली दुकानों को ट्राइफेड को दिए जाने के संबंध में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संग्रहालय परिसर सौर ऊर्जा से उत्पन्न विद्युत से जगमगा सके, इसे ध्यान में रखते हुए सोलर प्लांट स्थापना की जाए। इस अवसर पर आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त पदुम सिंह ऐल्मा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना की 12वीं किश्त माताओं के खाते में

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना की 12वीं किश्त की राशि जारी कर दी गई है, जिसके अंतर्गत 69 लाख 53 हजार 994 महिला हितग्राहियों के बैंक खातों में 650.32 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महतारी वंदना योजना के तहत फरवरी माह में बालोद जिले में 2,50,768 हितग्राहियों को 23.10 करोड़ रुपए, बलौदा बाजार जिले में 3,27,476 हितग्राहियों को 30.97 करोड़ रुपए और बलरामपुर जिले में 2,13,300 हितग्राहियों को 19.79 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार बस्तर जिले में 1,91,609 हितग्राहियों को 18 करोड़ 87 हजार रुपए, बेमेतरा जिले में 2,52,906 हितग्राहियों को 23.96 करोड़ रुपए और बीजापुर जिले में 38,273 हितग्राहियों को 3.67 करोड़ रुपए की राशि का वितरण किया गया। बिलासपुर जिले में 4,22,741 हितग्राहियों को 39.54 करोड़ रुपए, दंतेवाड़ा जिले में 54,579 हितग्राहियों को 5.16 करोड़ रुपए और धमतरी जिले में 2,34,046 हितग्राहियों को 21.76 करोड़ रुपए की सहायता दी गई। दुर्ग जिले में 4,02,211 हितग्राहियों को 38.33 करोड़ रुपए और गरियाबंद जिले में 1,81,791 हितग्राहियों को 16.75 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में 95,401 हितग्राहियों को 8.72 करोड़ रुपए की सहायता राशि मिली।

जांजगीर-चांपा जिले में 2,88,420 हितग्राहियों को 26.91 करोड़ रुपए, जशपुर

- 69 लाख 53 हजार 994 हितग्राहियों के बैंक खातों में 650.32 करोड़ का अंतरण

जिले में 2,30,609 हितग्राहियों को 21.50 करोड़ रुपए और कबीरधाम जिले में 2,53,149 हितग्राहियों को 23.53 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। कांकेर जिले में 1,83,279 हितग्राहियों को 17.46 करोड़ रुपए, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 1,16,472 हितग्राहियों को 10.99 करोड़ रुपए, और कोंडागांव जिले में 1,39,784 हितग्राहियों को 13.08 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई।

कोरबा जिले में 2,93,353 हितग्राहियों को 27.34 करोड़ रुपए, कोरिया जिले में 59,625 हितग्राहियों को 5.62 करोड़ रुपए और महासमुंद जिले में 3,22,519 हितग्राहियों को 30.11 करोड़ रुपए की राशि का वितरण हुआ।मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 1,00,895 हितग्राहियों को 9.70 करोड़ रुपए, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 81,831 हितग्राहियों को 7.59 करोड़ रुपए और मुंगेली जिले में 2,12,511 हितग्राहियों को 19.44 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। नारायणपुर जिले में 27,258 हितग्राहियों को 2.54 करोड़ रुपए, रायगढ़ जिले में 3,03,934 हितग्राहियों को 27.72 करोड़ रुपए और रायपुर जिले में 5,31,558 हितग्राहियों को 51.19 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। राजनांदगांव जिले में 2,56,724 हितग्राहियों को 24.22 करोड़ रुपए, सक्ती जिले में 1,98,777 हितग्राहियों को 18.22 करोड़ रुपए और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 1,89,156 हितग्राहियों को 16.67 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। सुकमा जिले में 52,065 हितग्राहियों को 4.91 करोड़ रुपए, सुरजपुर जिले में 2,15,518 हितग्राहियों को 20.29 करोड़ रुपए और सरगुजा जिले में 2,31,456 हितग्राहियों को 21.38 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया।

# पैसों के लिए बैंक खाता, एटीएम, सिम उपलब्ध कराने वाले व सायबर नौ ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बालोद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। चंद पैसो के लिए बैंक खाता, एटीएम, सिम उपलब्ध कराने वालो लोगों पर बालोद पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त 09 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक एस आर भगत के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के पर्वेक्षण व एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र मे आनलाईन के माध्यम से लोगो से ठगी करने वालो पर सतत नजर रखी जा रही है इसी कम मे भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समनवय पोर्टल के माध्यम से थाना बालोद क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र बालोद शाखा के म्यूल एकांउट खाता धारको का अवलोकन पर पाया गया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में कुल 10 बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाता धारको के एकाउंट में देश के अलग अलग राज्यो मे हुए अनेको लोगो से हुए अलग अलग सायबर फ्राड का कुल रकम करीब 3,19,145 रूपये को 10 खातो मे प्राप्त किया



गया है। उपरोक्त कुल 10 बैंक खातो में अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए बैंक खातो का इस्तेमाल कर रकम प्राप्त करना पाया गया तथा उन खातो में आन लाईन ठगी के रकम प्राप्त हुई है। इन खातो के संबंध मे दिगर राज्यों से आन लाईन शिकायत पंजीबद्ध होना पाया गया है। संदिग्ध उक्त कुल 10 बैंक खातो का उपयोग आनलाईन ठगी के रकम प्राप्त करने में प्रयोग होने व अवैध धन लाभअर्जित करने के लिए उपयोग मे लिया जाना तथा उपरोक्त खाता धारको द्वारा यह जानते हुए कि उक्त रकम छल से प्राप्त किया गया रकम है तथा कई खाते जिसमे साईबर फ्राड के पैसे एक से अधिक बार जमा हुए है उपरोक्त सभी खाता धारको के द्वारा अपराधिक षडयंत्र कर साईबर फ्राड कर अवैध धन अर्जित करना पाये जाने से उपरोक्त बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सभी 10 म्यूल बैंक खाता धारको के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र बैंक के खाता धारको को नोटिस जारी कर थाना बुलाकर पुछताछ किया गया जिस पर आरोपीगण द्वारा देश के अलग अलग हिस्सो से साइवर ठगी की राशि को अपने एकाउंट मे लेना स्वीकार किये। तथा बैंक खाता को किराये पर देने एवं किराये पर लेने वाले के उपर कार्यवाही की गई। तथा अब तक 3,19,145 लाख का ट्रांजेक्शन डिटेल की जानकारी प्राप्त की गई है। अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है एवं अन्य म्यूल खाता धारको के सबंध में जानकारी प्राप्त हुई है जिस पर कार्यवाही किया जाना है। उक्त म्युल एकांउट पर कार्यावाही में एसण्डीओपीण् देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय, सायबर प्रभारी उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू सायबर सेल प्रण् आरक्षक समलाल चुरेन्द्र, विवेक शाही, आरक्षक भौपसिंह साहू, संदीप यादव, विपिन गुप्ता, मिथलेश यादव, पूरन प्रसाद, योगेश पटेल, गुलझारी साहू, योगेश गेडाम, थाना बालोद से सउनि रामप्रसाद गजभिये, प्रधान आरक्षक दुर्योधन यादव, आरक्षक बनवाली साहू, मोहन कोकिला, खिलेश नेताम का विशेष योगदान रहा।

# राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में बालोद चैंपियन

**बालोद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। 26 वीं राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर बैच प्रेस डेड लिफ्ट एवं पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 1 एवं 2 फरवरी को बालोद के बुधवारी बाजार दुर्गा मंच में किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डोमेन्द्र भेड़िया, अध्यक्षता आर पी यादव, विशेष अतिथि में गणेश राम अग्रवाल, प्रशांत परख, नरेंद्र सोनवानी, राकेश जी एवं उत्तम साहू थे। उद्घाटन के बाद बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई जिसमें सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा इस आधार पर चैंपियन ऑफचैंपियन बालोद जिला रहा और रनर अप का धमतरी जिला रहा।




खिलाड़ियों में स्ट्रांग मैन का अवार्ड बिलासपुर के अनुसार निसार अहमद खान को मिला और स्ट्रांग वूमेन का अवार्ड अंजना सिंह दल्ली राजहरा को मिला वहीं सीनियर स्ट्रांग मेन का अवार्ड संतोष साहू राजनांदगांव को मिला और स्ट्रांग वूमेन का अवार्ड किरण यादव धमतरी को मिला। और बालोद जिला के लिए स्ट्रांग मैन का अवार्ड भास्कर साहू को दिया गया। पावरलिफ्टिंग के इस प्रतियोगिता में कोरबा से आए राजू सिंह ने डेड लिफ्ट में सर्वाधिक 268 किलो वजन ग्राम उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही बेंच प्रेस में सर्वाधिक 190 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बालोद के समाजसेवी फ्री हर्षद पटेल थे और अध्यक्षता आर पी यादव जी थे। वही विशेष अतिथि के रूप में बालक के समाजसेवी नरेंद्र कुमार साहू, जयंत साहू समाजसेवी, कृतिका साहू, निर्मल नाथ योगी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं आर पी यादव न आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम की सफ्ल आयोजन का श्रेय फ्टिनेस वर्ल्ड जिम बालोंद एवं बालोद जिला वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू को जाता है।

# निकाय चुनाव: कई नेताओं के रिश्तेदार चुनावी मैदान में

**सीएम साय के समधि को भी मिला टिकट**

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का दंगल शुरू हो गया है. इस चुनाव में परिवारवाद भी दिख रहा है. बीजेपी-कांग्रेस दोनों ही दलों में कई बड़े नेताओं के रिश्तेदार चुनाव लड़ रहे हैं. इनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समधि और स्वास्थ्य मंत्री की बहू भी मैदान में हैं. एक मंत्री के भाई निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं. वहीं कांग्रेस के एक पूर्व मंत्री के परिवार का सदस्य चुनाव लड़ रहा है. कांग्रेस मेयर के पति पूर्व विधायक और एक पूर्व महापौर की पत्नी चुनावी मैदान में हैं.

सीएम विष्णुदेव साय के समधि टीकाराम कंवर जिला पंचायत का चुनाव लड़ रहे हैं. उन्हें धमतरी जिले के क्षेत्र क्रमांक 9 से भाजपा ने चुनावी मैदान में उतारा है. वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की बहू चंपा जायसवाल नगर पंचायत झगराखांड से अध्यक्ष के लिए चुनावी मैदान हैं. इसके अलावा बीजेपी और कांग्रेस के कई नेता चुनावी मैदान में दम दिखा रहे हैं. सबकी नजरें इन सीटों पर है.

### सीएम के समधि की आपति चुनाव अधिकारी ने की खारिज

धमतरी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 में कांग्रेस प्रत्याशी उत्तम मरकाम मारागांव के नामांकन पर मुख्यमंत्री के समधि व भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने आपत्ति जताई थी, जिसे रिटर्निंग अधिकारी ने खारिज कर दिया है. आपत्ति थी कि 2005 में गरियाबंद के गांव पथरामोहंदा में सरपंच रहते उत्तम के खिलाफ शासकीय देनदारी है. यह शिकायत 28 जनवरी को सूचना के अधिकार के तहत की थी. इसी आधार पर उत्तम का आवेदन निरस्त करने की मांग की थी, लेकिन इस मामले में भाजपा कोई सत्यापित प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सकी. इसके चलते चुनाव अधिकारी ने आपत्ति को खारिज कर दिया.



### चुनावी प्रचार में जुटे भाजपा-कांग्रेस के नेता

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रचार में बड़े नेता जुट गए हैं. सीएम विष्णुदेव साय आज से चुनावी प्रचार में जुट रहे हैं. वे रायगढ़ में रोड शो कर भाजपा के पक्ष में जनता से समर्थन मांगेंगे. वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी लगातार चुनावी प्रचार कर कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांग रहे. बघेल आज पांडातराई कबीरधाम, पंडरिया, कुनकुरी में जनसभा को संबोधित करेंगे. वहीं बिलासपुर, अकलतरा और जांजगरी में रोड शो करेंगे.

### इन नेताओं के रिश्तेदार लड़ रहे चुनाव

सीएम विष्णुदेव साय के समधी टीकाराम कंवर जिला पंचायत का चुनाव लड़ रहे हैं.

मंत्री लखनलाल देवांगन के भाई नरेंद्र देवांगन कोरबा जिले में निर्विरोध पार्षद का चुनाव जीत गए हैं.

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की बहू चंपा जायसवाल नगर पंचायत झगराखांड से अध्यक्ष चुनाव लड़ रहीं.

रायपुर में भाजपा ने मीनल चौबे को महापौर पद का प्रत्याशी बनाया है, जिनके पति छगन चौबे हैं, जो पार्षद रह चुके हैं.

पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी विधायक रेणुका सिंह की बेटी मोनिका सिंह भी जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही हैं. जबकि यहां भाजपा ने वेद प्रकाश सिंह को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है.

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर की बहू जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ी रही हैं.

रायपुर के मेयर रहे कांग्रेस नेता प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे रायपुर नगर निगम में महापौर का चुनाव लड़ रही हैं.

चिरमिरी नगर निगम में महापौर रही कंचन जायसवाल के पति विनय जायसवाल मेयर का चुनाव लड़ रहे हैं. वे कांग्रेस से विधायक भी रह चुके हैं.

कांग्रेस के पूर्व विधायक गुलाब कमरो की बहन भी जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही हैं, जबकि वह जिला पंचायत सदस्य भी हैं.

बीजेपी विधायक आशाराम नेताम की पत्नी सुरेखा नेताम जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही हैं. वे पहले सरपंच भी रह चुकी है.

कांकेर जिले में भाजपा विधायक लता उसेंडी की बहन किरण नरेटी भी चुनावी मैदान में हैं.

# मुखबिरी के संदेह में ग्रामीण की हत्या



**दंतेवाड़ा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के अरनपुर थाना अंतर्गत ककाड़ी में नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या कर दी। पंचायत चुनाव से ठीक पहले ग्रामीण की हत्या के बाद गांव में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण हेमला हड़मा की हत्या पुलिस मुखबिरी के शक में की गई है। ग्रामीण की हत्या धारदार हथियार से की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आबकारी विभाग ने निकाय चुनाव के बीच पकड़ी 20 लाख की शराब, तस्कर गिरफ्तार

**कवर्धा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। आबकारी विभाग और कवर्धा पुलिस की संयुक्त टीम को शराब तस्करी मामले में बड़ी सफलता मिली है. 20 लाख रुपए से अधिक की शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. मध्यप्रदेश से बड़ी मात्रा में शराब ट्रक में भरकर आ रही थी. जिसे नगरीय निकाय चुनाव में खपाए जाने की आशंका जताई जा रही है. यह मामला चिल्फी थाना क्षेत्र का है.



जानकारी के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में शराब भरकर छत्तीसगढ़ की ओर आ रही है. आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार देर रात नाकेबंदी कर शराब तस्कर को पकड़ा. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश जमरे और इंदौर का रहने वाला बताया. ट्रक पर स्क्र09त ॥5531 नंबर लिखा हुआ था.

पुलिस को चेकिंग में ट्रक में से 393 पेटी देसी शराब और 100 पेटी अंग्रेजी शराब मिली. आरोपी राजेश जामरे को धारा 34(1)क, 34(2) 36,59 (क) के तहत गिरफ्तार किया गया है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

# कई महीनों से नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म कर रहा था शिक्षक

**बलरामपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिले से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जहां एक शिक्षक पिछले 6 महीनों से नाबालिग छात्रा को हवस का शिकार बना रहे थे। छात्रा शिक्षक के डर से किसी को कुछ नहीं बता रही थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब नाबालिग गर्भवती हुई ,तो इसकी जानकारी पुरिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला डिंडो थाना क्षेत्र का है।



- गर्भवती होने पर हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

वहीं 9 जनवरी को कोरबा जिले के छात्रावास में एक छात्र ने बच्ची को जन्म दिया था। इस मामले में पुलिस ने प्रेमी राम कुमार कमरो को तेलंगाना से गिरफ्तार किया है। आरोपी शादी का झांसा देकर नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म था। इस मामले में कलेक्टर छात्रावास के प्रभारी को निलंबित किया था। बच्ची को जन्म देने के बाद छात्रा ने बाथरूम की खिड़की से बाहर फेंक दिया था। जिसका जिला मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

पोड़ी उपरोड़ा स्थित कस्तूरबा बालिका हॉस्टल में रहकर 11 वीं में अध्ययन करने वाली एक नाबालिग छात्रा ने बीती रात हॉस्टल में एक बच्ची को जन्म दिया है। इस घटना के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। यह जानकारी जब हॉस्टल अधीक्षिका श्रीमती रात्रि को मिली तो उन्होंने छात्रा के कमरे में जाकर बच्चे के बारे में पूछा। पूछने पर छात्रा ने अपनी संतान होने से इंकार कर दिया। हॉस्टल प्रबंधन की ओर से पौड़ी उपरोड़ा से लगभग 40 किलोमीटर दूर निवासरत छात्रा के माता-पिता को बुलाकर जब उनसे पूछा गया तो छात्रा की मां ने बताया कि, उन्हें भी उनकी बेटी ने गर्भवती होने की सूचना कभी नहीं दी। हॉस्टल में रह रही नाबालिग छात्रा के मां बन जाने की खबर से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी हॉस्टल पहुंचकर मामले की जानकारी हासिल कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक नाबालिग छात्रा ने अपना बच्चा होना स्वीकार नहीं किया है।

# बोलेरो और बाइक में भिड़ंत, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**कांकेर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। एक भीषण सड़क हादसे की खबर आ रही है। हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब बोलेरो ने एक बाइक को टक्कर मार दी। सभी मृतक एक ही बाइक में सवार थे।



जानकारी के मुताबिक बोलेरो ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे 3 की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक देर रात संबलपुर -दमकसा स्टेट हाइवे में बोलेरो ने एक बाइक को चपेट मे लिया । बाईक सवार पिता पुत्री और भतीजी की मौत हो गई ।मौके पर दो की मौत हो गई तो वहींघायल युवती की भी जिला अस्पताल में मौत हो गई।

आरोप है कि हादसे के बाद एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच सका, जिसकी वजह से हादसे में घायल हुए लोगों की जान चली गई।एम्बुलेंस सेवा को लेकर विधायक ने नाराजगी जाहिर की है।

# नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर में स्थित समस्त सरकारी कार्यालयों और संस्थाओं हेतु कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गए है। यह तीन स्थानीय अवकाश 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 30 सितंबर को महाअष्टमी एवं 21 अक्टूबर दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) के लिए घोषित किया गया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

**NECC**

| 06.02.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 450 | 60 | 175 |
| चिल्हर | 6 | 82 | 200 |
| डिलीवरी | 465 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### निर्माण सामग्रियों से होते हादसे

छत्तीसगढ़ में हमेशा कई तरह के निर्माण कार्य चलते रहते है। इसके कारण स्वाभाविक है कि बड़े पैमाने पर निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता पड़ती है। निजी, सरकारी या स्थानीय निकाय विभिन्न निर्माण कार्य कराते हैं। इन सभी तरह के निर्माण कार्यों में अक्सर जो बात देखने को मिलती है, वह है इसके लिये आवश्यक सामग्रियों का कहीं भी डाल दिया जाना। इनमें सरिया, बालू, ईंटें, बजरी, गिट्टी आदि समेत कई तरह की वस्तुएं होती हैं। सामग्री इस तरह खुले में भंडारण करने वालों की इस बात की कतई चिंता नहीं रहती कि इसके कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है या इससे हादसे हो सकते हैं। राज्य सरकार और स्थानीय निकायों को चाहिये कि उन लोगों पर सख्त कार्रवाई करें जो लापरवाहीपूर्वक भवन निर्माण सामग्रियों को इस तरह से रखते हैं कि जिनसे लोगों को असुविधा हो या कोई अनहोनी हो जाये।

प्रदेश भर में कहीं भी देखें तो सड़कों के दोनों ओर सामग्रियों के ढेर नज़र आयेंगे। फिर, उन्हें इतनी अदूरदर्शितापूर्वक रखा जाता है कि आवाजाही करने वाले वाहनों को या तो गति धीमी करनी होती है या बहुत सम्हाल कर चलाना पड़ता है। इसके बावजूद हादसे हो ही जाते हैं। अंबिकापुर के नज़दीक मेंड्राकला के पास एक बाइक सवार गिट्टी के ढेर से टकराकर बुरी तरह से गिर पड़ा। इस दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। इस तरह की दुखद घटनाएं होती रहती हैं। दिन में तो ये सामग्रियां दिख भी जाती हैं परन्तु रात में ये नहीं दिखाई देतीं। यह भी नहीं पता चलता कि ये ढेर कितने बड़े हैं। कुछ समय पहले रायपुर नगर निगम ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू की थी पर वह जारी नहीं रही।

शहर हों या कस्बे अथवा गांव, जहां भी किसी तरह का कोई निर्माण होता है तो सामग्रियां रख दी जाती हैं। बार-बार सामान न लाना पड़े इसके लिये अक्सर इसे बड़े पैमाने पर लाकर रख दिया जाता है। फिर, ये कई दिनों तक पड़े रहते हैं। संकरी गलियां हों तो आना-जाना तक मुश्किल हो जाता है। होना तो यह चाहिये कि सामग्रियों का भंडारण इस प्रकार से हो कि लोगों को असुविधा न हो तथा काम भी चलता रहे।

इस बात को स्वीकार किया जा सकता है कि लोगों के पास और कोई विकल्प नहीं रहता, सिवाय इसके कि वे सामग्री सड़क किनारे रखें। गरीब व मध्यवर्गीय कोई भूखंड लेकर घर बनाते हैं या मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कराते हैं तो उनके पास पर्याप्त जगह नहीं होती, परन्तु जिन लोगों के पास पर्याप्त स्थान होता है वे भी इसकी परवाह नहीं करते। सामग्रियों के परिवहनकर्ता भी इसकी चिंता नहीं करते। उन्हें जहां सुविधा होती है वहां सामग्री गिराकर चले जाते हैं। जनता हेतु असुविधा पैदा करने वालों के खिलाफ़ कार्रवाई हो।

## उल्टा पुल्टा

पति- मैच वाला चैनल लगाओ।
पत्नी- नहीं लगाऊंगी, क्या करोगे?
पति- देख लूंगा।
पत्नी- क्या देख लोगे?
पति- वही, जो चैनल तुम देख रही हो।

# मंत्री कश्यप ने ली प्रेस वार्ता, ननि के लिए अटल संकल्प पत्र की घोषणा

## नजूल भूमि पर काबिज लोगों को बीजेपी सरकार प्रदान करेगी भू स्वामी पट्टा : केदार कश्यप



**जगदलपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बुधवार को भाजपा कार्यालय में बुधवार को वन मंत्री और बीजेपी जगदलपुर नगरीय निकाय चुनाव संचालक केदार कश्यप ने प्रेस वार्ता के दौरान अटल संकल्प पत्र में सरकार बनने के बाद नगर में किए जाने वाले अपने विकास कार्यों और वादों के विषय में जानकारी दी, जिसमें प्रमुख रूप से नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाने और उन्हें पट्टा देने के साथ ही, सभी पट्टा धारकों को भू- स्वामी प्रधानमंत्री आवास देने की जानकारी मंत्री केदार कश्यप ने कही। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हम रुके हुए पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को, और वर्तमान में स्वीकृत हुए 3 लाख घरों को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही, जो बिजली बिल और समेकित कर पटाते है, उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी।

केदार कश्यप ने बताया कि अटल संकल्प पत्र में महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रॉपर्टी कर में 25 प्रतिशत की विशेष छूट और प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान करने की घोषणा भी की गई है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हम प्रत्येक नगर निगम में 'महापौर सम्मान निधि' की स्थापना करेंगे, जिसके तहत यू.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा (मैंस) उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को 1 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। हम प्रत्येक नगर निकाय के व्यावसायिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करेंगे यह प्रावधान भी भाजपा ने अटल संकल्प पत्र में की गई है। नगर निगम में नालंदा शिशा परिसर की तर्ज पर किया जाएगा पुस्तकालय का निर्माण और पुस्तकालयों में सीटों की संख्या भी बढ़ाएंगे।

**महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की घोषणा :** केदार कश्यप ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि नगर में महिलाओं के लिए शौचालय न होना एक गंभीर समस्या है, जिसको चिन्हांकित करते हुए भाजपा ने अटल घोषणा में इसका समाधान निकाला है। हम बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधाओं का विस्तार करेंगे, ताकि उन्हें साफ, सुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय मिल सके। युवाओं को लुभाने के लिए, फ्री वाईफाई जोन की घोषणा।

- **जगदलपुर बस स्टैंड सहित विश्वविद्यालय और महाविद्यालय परिसर में फ्री वाईफाई जोन की होगी स्थापना**
- **महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट के स्थापना की भी घोषणा**

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हम बस स्टैंड और विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा सुनिश्चित करेंगे। स्ट्रीट वेंडरों पर भी ध्यान केंद्रित करते हुए श्री कश्यप ने कहा कि हम स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग के लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से ?30,000 की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, हम स्मार्ट वेंडिंग ज़ोन, फूड स्ट्रीट्स की स्थापना करेंगे और एक समुचित नीति बनाएंगे, जिससे सड़क व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

**महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, स्व सहायता समूहों के लिए विशेष योजना :** केदार कश्यप ने कहा कि अटल संकल्प पत्र के माध्यम से हम स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजीएस) के लिए हर नगर निगम में बर्तन बैंक की स्थापना करेंगे। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के एसएचजी लाभार्थियों को आरएसआरएस 2.5 लाख तक का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बने।

### नगर में स्वच्छता के लिए विशेष योजना

केदार कश्यप ने कहा कि हम स्वच्छ और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हर घर में कचरा बाल्टी मुहैया कराएंगे। रात्रिकालीन सफाई सुनिश्चित करेंगे और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गों की ट्रैकिंग करेंगे। हम 'माई सिटी ऐप' लॉन्च करेंगे, जो नगर निगम की सभी ऑनलाइन सेवाओं को सुनिश्चित करेगा। हम हर ज़ोन में एक एकीकृत सेवा केंद्र स्थापित करेंगे ताकि लोगों को बार बार निगम दफ्तर नहीं जाना पड़े। केदार कश्यप ने कहा कि हम हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए नल से जल की व्यवस्था को बेहतर करेंगे। नए जल टैंक बनाएंगे और पुराने कुओं का संरक्षण और पुनरुद्धार करेंगे। हम शहरों में शासकीय जगहों पर कार और दोपहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण करेंगे, जिससे यातायात पार्किंग की समस्याओं और जाम का समाधान सुनिश्चित होगा।

# गोलाबेकुर पंचायत के ग्रामीणों ने किया पंचायत चुनाव का बहिष्कार

**सुकमा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सिफारिशों के बाद ओबीसी समुदाय की जनसंख्या के अनुपात पर आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। परंतु सुकमा जिले के गोलाबेकुर पंचायत में 97 प्रतिशत जनसंख्या ओबीसी समुदाय की होने के बावजूद इसका लाभ ओबीसी समुदाय के ग्रामीणों को नही मिलने की वजह से गोलाबेकुर के ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव का बहिष्कार किया है। मिली जानकारी अनुसार गोलाबेकुर ग्राम पंचायत में 741 मतदाताओं में 729 मतदाताओं के ओबीसी समुदाय और 12 मतदाताओं के एसटी समुदाय के होने के बावजूद गांव में सरपंच पद हेतु एसटी समुदाय के लिए आरक्षित होने की वजह से नाराज ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव का बहिष्कार किया है। नाराज ग्रामीणों ने होने वाले पंचायत में सरपंच और पंच पद हेतु नामांकन दाखिल नही किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में 97 प्रतिशत जनसंख्या ओबीसी समुदाय का होने के बावजूद भी सरपंच पद हेतु ओबीसी समुदाय को प्रतिनिधित्व करने नही मिलने से नाराज होकर हम सभी ने पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। हमारी मांग है कि नए सिरे से >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**ओबीसी बाहुल्य पंचायत होने के बावजूद ओबीसी को आरक्षण नहीं मिलने से ग्रामीणों ने जताई नाराजगी**

# बीएमओ ने दिया फाइलेरिया प्रशिक्षण



**जगदलपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश मरकाम ने उपस्थित आंगनबाड़ी एवं मितानीन को फाइलेरिया होने का कारण लक्षण एवं बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण देकर समझाया एवं कहा कि प्रत्येक परिवार के सदस्य को दवा खिलाना अनिवार्य है। गंभीर मरीज एवं एक वर्ष से छोटे बच्चे तथा गर्भवती माता को दवा नही देना है। फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 फरवरी से 28 फरवरी तक दवा खिलाई जायेगी एवं इस हेतु ग्राम पारा मे अधिक से अधिक प्रचार प्रसार नारा लेखन कर लोगों में जनजागृति लाकर इस भयंकर बिमारी से बचा जा सकता है। यह बिमारी क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है। रात को जब भी सोये मच्छरदानी अवश्य लगाकर सोये अति आवश्यक है। यह बिमारी का पता बहुत देर से लगभग 5 से 10 वर्ष में पता चलता है। इस अवसर पर बीपीएम संतोष सिंग, बीईटीओ पदमनी लाल, पर्यवेक्षक रोहित पांडे, दिनेश पराते, रागिनी मसीह, मीना बघेल, रैमती पटेल, खेमेन्द्री नाग, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में हुआ खेल महोत्सव



**विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए संस्था के बच्चे**

**जगदलपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमपुरा में बुधवार को खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यार्थियों के स्कूल से क्रीड़ा परिसर तक मार्चपास्ट के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य हेमलता त्रिपाठी के प्रेरक भाषण के बाद विद्यार्थियों के अलग अलग समूहों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई। प्राथमिक वर्ग में खुर्सी दौड़, मेंढक दौड़, जलेबी दौड़, पिट्ठुल आदि खेल का आयोजन किया गया। माध्यमिक वर्ग में बालिकाओं की कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, बैडमिंटन और बालकों के 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, कबड्डी, क्रिकेट, रिले रेस आदि खेलों का आयोजन हुआ। उच्चतर माध्यमिक वर्ग में फूडबॉल, क्रिकेट, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस और रिले रेस का आयोजन हुआ जिसमें हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। खेल आयोजन के उपरांत सभी विजेताओं के नामों की घोषणा प्राचार्य के द्वारा किया गया एवं आगामी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जगदलपुर में कांग्रेस की नगर सरकार आई तो मिलेगी मुफ्त वाईफाई की सुविधा



**जगदलपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी ने आज अपने महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह का चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। साथ ही चुनाव समिति के सदस्यों के नामों की भी घोषिणा की गई। घोषणा पत्र की जानकारी देने के लिए बुधवार को विधायक लखेश्वर बघेल, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू व अन्य नेताओं ने पत्रवार्ता ली। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जगदलपुर नगर निगम में कांग्रेस की सत्ता आने पर पौनी-पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी एवं स्थान को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा। चलित ठेला व्यवसायियों को संरक्षण दिया जाएगा एवं वार्डों के प्रमुख स्थानों पर वेंडिग जोन चिन्हांकित कर व्यवसाय हेतु स्थान दिया जाएगा विकास कार्यों में पारदर्शिता, सामुहिक जिम्मेदारी एव कसावट की दृष्टि से निकायों के अध्यक्षों के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिए गए अधिकार वापस लेकर हर भुगतान में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों के चेक हस्ताक्षर करने के अधिकार वापस दिलाने हेतु प्रयास किया जाएगा। बेटियों के विवाह के लिए सभी निकाय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि धारणा अधिकार दिया जाएगा। बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं निराश्रितों को पेंशन दी जाएगी, सभी सरकारी एवं आत्मानंद स्कूलों में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हर वार्ड में सर्व सुविधायुक्त आंगनबाडी केंद्र का निर्माण होगा। स्कूली एवं कॉलेज छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन दी जाएगी। जन्म - मृत्यु एवं मैरिज सर्टीफिकेट की घर पहुंच सुविधा प्रदान दी जाएगी। युवाओं को रोजगार देने के लिए सभी निकाय क्षेत्रो में यूथ कांग हब बनाया जाएगा। महिला स्वसहायता समूहों को रोजगार देने विशेष पहल होगी। शहर के सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान की जाएगी। संपत्तिकर की राशि नियमित समयावधि पर पर भूगतान करने पर विषेश छूट दी जाएगी। सभी नगर निगमों में पत्रकारों के लिए हाईटेक रेस्ट रूम बनाया जाएगा। हर वार्ड में सब्जी बाजार बनाया जाएगा। शहर को आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाई जाएगी।

- **यूथ हब बनाकर देंगे रोजगार, हर वार्ड में होगा सब्जी बाजार**
- **कांग्रेस के घोषणा पत्र में चुनावी वादों का भंडार**

# बीमा कंपनी अदा करेगी उपचार व्यय की राशि 10 लाख, जिला उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला




**जगदलपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोगये द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को उसकी माता के उपचार में हुए व्यय की राशि 10 लाख रु और शारीरिक, मानसिक परेशानी हेतु 20 हज़ार रु की क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश प्रदान किया गया है। प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि आवेदक नरेंद्र कुमार लाहोटी द्वारा अपनी माता सरस्वती देवी लाहोटी के नाम पर स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से एक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी प्राप्त की गई थी। आवेदक द्वारा पॉलिसी प्राप्त करते समय बीमा कंपनी को इस बात की जानकारी दी गई थी कि आवेदक की माता शुगर, हाई ब्लड प्रेशर और हाइपरटेंशन की बीमारी से पीड़ित है जिस पर बीमा कंपनी द्वारा 20 लाख रुपए का जोखिम कव्हर किया गया था। आवेदक की माता का स्वास्थ्य खराब होने पर उसे इलाज हेतु हैदराबाद ले जाया गया था जहां पर इलाज पर हुए की राशि कैशलेस माध्यम से प्राप्त करने के लिए बीमा कंपनी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने पर उनके द्वारा 10 वर्ष पुरानी बीमारी होने के कारण कैशलेस दावा निरस्त कर दिया गया था। यह संबंध में अस्पताल प्रबंधन द्वारा त्रुटिवश बीमारी को 10 वर्ष पूर्व बताया जाना स्वीकार किया गया था। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी को अधिवक्ता के माध्यम से विधिक सूचना पत्र प्रेषित कर भी उपचार पर हुए व्यय की राशि की मांग की गई थी जिसका बीमा कंपनी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा बीमारी 10 वर्ष पूर्व की बताई गई थी जबकि आवेदक की माता को वर्ष 2022 में उपचार हेतु भर्ती किया गया था। बीमा कंपनी द्वारा 10 वर्ष पूर्व बीमारी होने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# निगम के चुनावी रण में कूदे बस्तर सांसद



**जगदलपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली प्रवास से जगदलपुर पहुँचे बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बुधवार को शहर के जवाहर नगर वार्ड क्रमांक 24 में पहुँचकर भाजपा के महापौर प्रत्याशी संजय पांडे व जवाहर नगर वार्ड से पार्षद प्रत्याशी बलराम विश्वकर्मा एवं संजय गांधी वार्ड की पार्षद प्रत्याशी को रेखा नायक के पक्ष में प्रचार करते हुए भाजपा को वोट देने की अपील की है।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अधिकारी सजग होकर संपन्न करवाएं मतदान कार्य : कलेक्टर



**जगदलपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र और पंचायत स्तर के संवेदनशील मतदान केंद्रों पर एसडीएम, पुलिस के ई अधिकारी, कार्यपालिक दंडाधिकारी और सेक्टर अधिकारी सजग होकर मतदान कार्य सम्पन्न करवाएंगे। इसके अलावा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन को सुनिश्चित करवाएं, साथ ही चुनाव प्रचार में उपयोग की जा रही लाउडस्पीकर का निर्धारित डेसीबल लेबल से अधिक होने पर संबंधितों को समझाईश दें और आवश्यकता के अनुरूप कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने पंचायत निर्वाचन के स्ट्रांग रूम की व्यवस्था को समय पर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर आफिसर अपने दायित्व के प्रति सजग रहें और त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचन में पूरा प्रयास किया जाए कि मतगणना उसी मतदान केंद्र में पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने जाबो कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता और नगरीय निकाय में ईवीएम मशीन डेमो को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में वोटर इनफार्मेशन स्लीप बांटने, नगरीय निकाय निर्वाचन में महिला मतदान कर्मी का उपयोग करने, मतदान और >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मंत्री कश्यप ने किया रोड शो, बोले - कवासी लखमा का नगर में नहीं चलेगा जादू



**सुकमा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए केबिनेट मंत्री केदार कश्यप एक दिवसीय दौरे पर सुकमा पहुंचे। जहां उनका भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया जिसके बाद सुकमा नगर पालिका चुनाव में 15 वार्डों के भाजपा पार्षद और अध्यक्ष पद प्रत्याशी के समर्थन में वन मंत्री केदार कश्यप ने रोड शो किया। सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि इस बार सुकमा में भाजपा की सरकार बनेगी। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा का नहीं चलेगा कोई जादू मंतर। जनता इस बार भाजपा को भारी मतों से जीता रही है।

केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने सुकमा बस स्टैंड में आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि निचले स्तर तक विकास पहुंचाने के लिए पार्षद से लेकर प्रधानमंत्री तक एक ही पार्टी के कार्यकर्ता को चुनना होगा जिससे विकास की गति कहीं भी अवरुद्ध न हो सके। हमारी डबल इंजन की सरकार ने एक वर्ष में ही अपने किए गए वादों को पूरा करने का काम किया है। बीते पांच वर्षों में कांग्रेस ने गरीबों को मिलने वाले आवास में अड़ंगा डाल दिया था और अब जैसे ही हमारी सरकार बनी हमने गरीबों को 12 लाख से ज्यादा आवास की स्वीकृति दी है। इसके साथ ही जल्द ही स्वसहायता समूह की महिलाओं को भी काम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बस्तर के साथ ही छत्तीसगढ़ को सिर्फ लूटने का काम किया है जिसके कारण आज उनके कई नेता जेल में है। श्री कश्यप ने कहा कि अटल संकल्प पत्र में शहरों के विकास के लिए बहुत से वादे किए गए हैं उनको हम नगरीय निकाय की सरकार बनाते ही पूरा करेंगे।

**समेकित कर अदा करने वाले नजूल भूमि धारकों को भी मिलेगा आवास :** केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को अपार सफलता मिल रही है। 32 पार्षद के साथ ही बसना नगर पंचायत अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। 3 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अटल संकल्प पत्र लांच किया है जिसमे शहरों के विकास के लिए बहुत से वादे किए गए हैं जिसमें विशेष रूप से नजूल भूमि पर समेकित कर अदा करने वालों को आवास की सुविधा दी जाएगी। साथ ही महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट और लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की गई है। हमे पूरा भरोसा है कि विधानसभा और लोकसभा के बाद अब जनता नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को अपना आशीर्वाद देगी।

# नागरिकों को बेहतर जीवन देने का संकल्प पत्र : मद्दी

**दंतेवाड़ा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र अटल विश्वास पत्र जारी कर दिया है। भाजपा जिला संगठन प्रभारी दंतेवाड़ा श्रीनिवास मद्दी ने पत्रकारों को दंतेवाड़ा में घोषणापत्र की विस्तृत जानकारी दी।

पत्रवार्ता में श्री मद्दी ने बताया कि यह घोषणापत्र अटल बिहारी बाजपेयी की 100 वीं जयंती और अटल निर्माण वर्ष के अवसर पर, उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण को सम्मानित करते हुए समर्पित किया गया है। घोषणापत्र को तैयार करने के लिए हमने प्रदेशव्यापी सुझाव संग्रहण अभियान चलाया, जिसमें जनता से उनके सुझाव और अपेक्षाएं मांगी गईं। हमें हज़ारो सुझाव प्राप्त हुए, जिनमें से महत्वपूर्ण सुझावों को हमारी घोषणापत्र समिति ने शामिल किया है ।

श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि नगरीय विकास के क्षेत्र में, हमारा घोषणा-पत्र हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकताओं और बेहतर जीवन की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प लेता है। हम नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे और सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाएंगे। रुकी हुई पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को तेज़ी से पूरा करेंगे और वर्तमान में स्वीकृत 3 लाख पीएम आवास का निर्माण सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा, जो लोग बिजली बिल और समेकित कर चुकाते है, उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी। हम सिकल सेल एनीमिया मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए निकाय क्षेत्रों में स्क्रीनिंग केंद्र स्थापित करेंगे और सभी मरीज़ों को सिकल सेल एनीमिया पहचान पत्र जारी करेंगे। नगर पालिका एवं पंचायत की सेवाओं को डिजिटल और सरल बनाने के लिए माई सिटी ऐप लॉन्च किया जाएगा, जिसमें सभी ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही, हम सरकार तुंहर द्वार योजना के तहत शासकीय सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करेंगे।



हर ज़ोन में एकीकृत सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे ताकि नागरिकों को बार-बार नगर पालिका या पंचायत कार्यालय न जाना पड़े। निदान हेल्पलाइन के माध्यम से जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। संपत्ति कर समय पर चुकाने वाले नागरिकों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट और महिलाओं के नाम पर पंजीकृत संपत्तियों पर 25 प्रतिशत विशेष छूट दी जाएगी। हम शुद्ध पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए नल से जल योजना को सुदृढ़ करेंगे, नए जल टैंक बनाएंगे और पुराने कुओं का संरक्षण और पुनरुद्धार करेंगे। महिलाओं और छात्राओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए, हम विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त सैनिटरी नैपकिन की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। साथ ही, बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट्स की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे वे साफ और सुरक्षित सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

■ दंतेवाड़ा में जारी हुआ अटल विश्वास पत्र
■ नागरिकों के सुझाव पर भाजपा ने बनाया अपना वचन पत्र

रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हम राज्यभर में रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स स्थापित करेंगे, जो युवाओं के लिए उद्यमशीलता, व्यक्तित्व विकास और रोजगार के अवसर को बढ़ाएंगे। यू.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को 1 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए प्रत्येक नगर निगम में महापौर सम्मान निधि की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, हम विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा सुनिश्चित करेंगे, जिससे छात्र डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन संसाधनों का लाभ उठा सकें। यह कदम केंद्र सरकार के हालिया बजट में घोषित स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों के लिए ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लक्ष्य के अनुरूप रहेगा।

श्री मद्दी ने बताया कि प्रत्येक नगर निकाय के व्यावसायिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। हम उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर चार्ज) से जुड़ी समस्याओं का वाजिब समाधान करेंगे। समाधान योजना के माध्यम से बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान की सुविधा देंगे। यह घोषणा-पत्र न केवल नागरिकों को बेहतर जीवन का वादा करता है, बल्कि उनकी जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए ठोस कदम उठाने की रूपरेखा भी प्रस्तुत करता है। भाजपा के लिए हर चुनाव जनता की सेवा का एक अवसर है। हम सत्ता को सेवा का माध्यम मानते हैं और जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को हल करना हमारी प्राथमिकता है। हमारी पार्टी जनता-केंद्रित है, जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती है। यही सच्चे लोकतंत्र का आधार है। इस बार जनता हमारे विजन को देखेगी और कांग्रेस को हर स्तर पर सत्ता से बाहर करने का संकल्प लेगी। हमने हर वादा पूरा करने का प्रयास किया है, और अब जनता का साथ लेकर कांग्रेस के भ्रष्टाचार को छत्तीसगढ़ से पूरी तरह खत्म करेंगे। यह घोषणापत्र जनता के सुझावों और जरूरतों पर आधारित है— यह केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि जनता के लिए, जनता द्वारा और जनता की सेवा में बनाया गया रोडमैप है। पत्रवार्ता के दौरान विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, नगर पालिका दंतेवाड़ा अध्यक्ष प्रत्याशी पायल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम अभिलाष तिवारी, सुमन प्रभा यादव, सुभाष सुराना, राजेश बोरबन, जीडी बैरागी, निखिल नाग, शिवेंद्र पटेल उपस्थित हुए।

# 5 महिलाओं सहित 6 नक्सलियों का समर्पण

## लोन वर्राटू अभियान के तहत छोड़ी हिंसा




**दंतेवाड़ा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नक्सलियों की घर वापसी के लिए चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान के तहत आज 6 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया। इनमें 5 महिलाएं भी शामिल हैं। समर्पित नक्सली मलांगिर ऐरिया कमेटी के अंतर्गत बुरगुम पंचायत में सक्रिय थे। समर्पित नक्सलियों में सिया डिप्टी कमांडर, आयते मुचाकी, सीएनएम सदस्य श्रीमती शांति, डीएकेएमएस सदस्य हुंगी सोढ़ी, हिड़मे मरकाम, जोगी सोढ़ी शामिल हैं। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 212 ईनामी सहित कुल 900 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। आत्म समर्पण के दौरान डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ राकेश कुमार, एसपी गौरव राय व अन्य अफसर उपस्थित थे। यह आत्म समर्पण अभियान बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है।

**चुनाव के बीच लोकतंत्र पर जतायी आस्था**

# प्रेसर आईईडी ब्लास्ट के चपेट में आने से एक ग्रामीण राजमन कोर्राम हुए घायल

**नारायणपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से क्षेत्र में आईईडी लगाया जाकर सुरक्षा बलों को टारगेट किया जा रहा है। उक्त आईईडी के चपेट में क्षेत्र के ग्रामीण, मवेशी एवं अन्य वन्य जीव जन्तु आ रहे है। नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सली आईईडी विस्फोट की घटना को देखते हुए क्षेत्र में आईईडी डिटेक्शन एवं नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।



5 फरवरी को अमदई निको कंपनी में कार्यरत कर्मचारी थाना छोटेडोंगर ग्राम बड़गांव निवासी राजमन कोर्राम पिता रसिया कोर्राम उम्र 24 वर्षीय का नक्सलियों द्वारा अमदईघाटी डम्प एरिया में लगायें गए प्रेशर आईईडी के चपेट में आने से पैर में सामान्य चोटे आई है जिसे तत्काल ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया। ईलाजरत घायल ग्रामीण की स्थिति सामान्य एवं खतरे से बाहर है।

**इलाजरत घायल ग्रामीण की स्थिति सामान्य एवं खतरे से बाहर है**

पुलिस अधीक्षक नारायणपुर श्री प्रभात कुमार (भा.पु.से.) उक्त घटनाओं को देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील किया गया कि- क्षेत्र में आईईडी की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देवें। ताकि समय रहते आईईडी को निकाला जा सके जिससे सुरक्षा बल, ग्रामीणों, विकास कार्य में लगे कर्मचारियों, शासकीय सेवको एवं वन्य प्राणी को जान माल की हानि होने से बचाया जा सकें। आईईडी की सही जानकारी देने व जब्त करवाने वाले व्यक्तियों *को 5,000 रुपए तक की राशि ईनाम में दी जाएगी ए वं उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# कटेकल्याण में छात्रों के बीच पहुंचे कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा कटेकल्याण ब्लॉक के बेंगलुर, परचेली, चिकपाल, गाटम और कटेकल्याण ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर क्षेत्र के शालाओं और पोटा केबिन में दी जा रही सुविधाओं और पढ़ाई की व्यवस्था की जानकारी ली गई।



कलेक्टर ने बतायी गयी समस्याओं का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस क्रम में उन्होंने यहां प्रगतिरत कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर सर्वप्रथम ग्राम पंचायत बेंगलुर पहुंचे यहां उन्होंने एकलव्य विद्यालय हेतु चिन्हांकित जगह का निरीक्षण किया और तत्पश्चात बेंगलुरु में ही पोटा केबिन का निरीक्षण कर प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। पढ़ाई कर रहे बच्चों से बातचीत करके पोटा केबिन में दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछा। इसके साथ ही उन्होंने, पोटा केबिन में ही बीच के खाली पड़े जमीन को समतलीकरण करने हेतु जनपद सीईओ को निर्देशित किया। तत्पश्चात उन्होंने ग्राम परचेली में संचालित डीएव्ही स्कूल का निरीक्षण कर वहां के समस्याओं से अवगत हुए व तत्काल निराकरण हेतु लोक निर्माण विभाग व जनपद सीईओ को निर्देश दिए। ग्राम परचेली में ही पंचायत चुनाव हेतु तैयार किये गए मतदान केंद्र का उनके द्वारा जायजा लिया गया। इसके साथ ही परचेली में ही कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों तुलाराम और कुंबवती के निर्माणाधीन आवास को निरीक्षण किया, अपने निरीक्षण भ्रमण में कलेक्टर ने ग्राम पंचायत चिकपाल में ग्राम मुनगा होते हुए प्रतापगिरी तक बनाए जा रहे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का भी निरीक्षण किया और उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत कटेकल्याण में नवनिर्मित पुस्तकालय और व्यायाम शाला का निरीक्षण किया गया एवं जल्द से जल्द प्रारम्भ करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने कटेकल्याण में ही संचालित डेनेक्स फैक्ट्री की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और ग्राम पंचायत गाटम में खेल मैदान हेतु जगह का चिन्हांकित जगह का निरीक्षण करते हुए उसे जल्द से जल्द स्वीकृत कर कार्य को पूर्ण कराने हेतु जनपद सीईओ को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, एसडीएम दंतेवाड़ा, डीओ, जनपद सीईओ कटेकल्याण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

■ पोटा केबिन स्कूलों में देखा पढ़ाई का स्तर
■ क्षेत्र में निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

## सार-संक्षेप

### अमृत बने निर्विरोध पंच



**पलारी,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रसौटा के वार्ड क्रमांक 09 से अमृत लाल साय को निर्विरोध पंच चुना गया। साय ने वार्ड के समस्त मतदाता को बधाई प्रेषित कर धन्यवाद देते हुए वार्ड के समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

### बागियों को भाजपा ने दिखाया बाहर का रास्ता, 6 साल के लिए निष्कासित

**गरियाबंद,** 5 फरवरी। भाजपा ने निकाय चुनाव में बागी होकर चुनाव लड़ने वालो पर कड़ी कार्यवाही की है। बागी की भूमिका निभा रहे भाजपा कार्यकर्ताओ को छ साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इसमें बुथ अध्यक्ष से लेकर पूर्व पार्षद भी शामिल है। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारी के रिश्तेदार भी शामिल है। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव दौरान पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने के आरोप एवं अनुशासन भंग करने के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जिले के 28 कार्यकर्ताओ की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करते हुए उन्हे छ साल के निष्कासित कर दिया है। इसमें नगर पालिका गरियाबंद अंतर्गत श्रीमति सुनीता झारिया, पुरूषोत्तम सिन्हा, श्रीमति रेखा सिन्हा, श्रीमति चन्द्रप्रभा सिन्हा, श्रीमति ओमिन कोठारी, इसी प्रकार राजिम नगर पंचायत क्षेत्र में श्रीमति पुष्पा गोस्वामी, बलराम यादव, पुरूषोत्तम लालवानी, तुषार कदम, रवि निर्मलकर, शत्रुघन धीवर को निलंबित किया गया है। देवभोग नगर पंचायत अंतर्गत पंकज ठाकुर, दिनेश ठाकुर, श्रीमति सरिता निषाद, मयुर भट्टर, महादेव पाडें, फिंगेश्वर नगर पंचायत क्षेत्र में डॉ हरीश कुमार हरीत, अरूण साहू, भीष्म साहू, शुभम जैन, बेनी सोनवानी, रमलु टान्डेकर, हैप्पी सोनी, राम तारक, कोमल वर्मा, पवन साहू, राधेश्याम सेन, खेलावन साहू को निलंबित किया गया है।

# पांचों निकाय के बाजार में ईव्हीएम का प्रदर्शन

**दंतेवाड़ा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के तहत मतदान प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जा रहा है।



इस प्रदर्शन के माध्यम से मतदाता न केवल मतदान के प्रति जागरूक हो रहे है बल्कि उनका कहना है कि वे पहले से अधिक आत्मविश्वास के साथ मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकेंगें। मतदान दल भी पूरे उत्साह के साथ मतदाताओं को ईव्हीएम के उपयोग में किसी भी प्रकार की उलझन से बचने के लिए उन्हें सही जानकारी दे रहे है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जाबो के तहत मतदाताओं को मतदान का महत्व बताने के साथ ही उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। चूंकि नगरीय निकायों में मतदान ई.व्ही.एम. मशीन से किया जाना है। अत: इस जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आज नगर पालिका दंतेवाड़ा में साप्ताहिक बाजार व नगर पालिका ऑफिस वार्ड न0 6, नगर पालिका बचेली में साप्ताहिक बाजार, नगर पालिका किरंदूल में साप्ताहिक बाजार व रामपुर कैंप, नगर पंचायत गीदम में साप्ताहिक बाजार व फूलपदर प्रेम पारा, नगर पंचायत बारसूर में वार्ड क्रमांक 05 में शा0 उचित मूल्य के दुकान के समीप, सांस्कृतिक भवन एवं वार्ड क्रमांक 10 में नया पारा, चालकी पारा एवं शहीद चौक में मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.व्ही.एम.) मशीन से वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदाताओं को बताया गया कि नगरीय निकायों में चुनाव के लिए ईव्हीएम. के ऊपर के हिस्से में सफेद लेबल पर अध्यक्ष के प्रत्याशियों का नाम अंकित होगा और निचले हिस्से पर गुलाबी लेबल पार्षद पद के प्रत्याशियों का नाम अंकित होगा। मतदाता को दो बार बटन दबाकर मतदान करना होगा। एक बार अध्यक्ष पद के लिए अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने बटन को दबाकर मतदान करना होगा पुष्टि के लिये बीप की छोटी आवाज आएगी फिर दूसरी बार पार्षद पद के लिये गुलाबी लेबल में अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करेंगें। पुष्टि के लिये बीप की लंबी आवाज आएगी। इस तरह मतदान अंतत: सम्पन्न होगा।

■ मतदाताओं को वोटिंग की मिली जानकारी
■ नगरीय निकायो में 11 को है मतदान

# जिपं की 10 सीटों के लिए 51 उम्मीदवार

**दंतेवाड़ा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय चुनाव के बीच पंचायत चुनाव के लिए भी घमासान मचा हुआ है। दंतेवाड़ा जिला पंचायत की 10 सीटों के लिए 51 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। 6 फरवरी को नाम वापसी की आखिरी तारीख है, इसके बाद ही सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।




जिला पंचायत की सदस्यों की 10 सीटों के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपने समर्थित उम्मीदवारों का ऐलान भी कर दिया है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने नामांकन दाखिल किये हैं। क्षेत्र क्रमांक 1 से कुमारी सरिता भोगामी, तिलेश्वरी नागेश, क्रमांक 2 से अनिता ठाकुर, कमला नाग, लक्ष्मी पोड़ियाम, मंजू सुराना, मिनी मंडावी, रिंकी बेंजाम, संगीता ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 3 से अरविंद कुंजाम, बलराम, मुकेश कर्मा, मुन्ना मरकाम, रामू नेताम, सुखराम कर्मा, क्षेत्र क्रमांक 4 से अर्चना भवानी, जयती अलामी, ममता मंडावी, क्षेत्र क्रमांक 5 से चैनेश्वरी हपका, नमिता पोड़ियामी, सुलोचना कर्मा, सुषमा कोरसा, क्षेत्र क्रमांक 6 से दीपक बाजपेई, प्रवीण राणा, राहुल दुबे, राजेश कश्यप, रमेश यादव, रोशन पवार, संगीता नेताम, सुभाष सुराना, क्षेत्र क्रमांक 7 से नंदलाल मुड़ामी, राजू बारसे, क्षेत्र क्रमांक 8 से भीमाराम मंडावी, भीमाराम मंडावी पिता कोसा, हड़मा कोड़पी, जोगा राम कुंजाम, नंदाराम कुंजाम, पायके मरकाम, सोमारू कड़ती, क्षेत्र क्रमांक 9 से विमला सोरी, लखमे ताती, पार्वती मरकाम, राधिका पोड़ियामी, तुलिका कर्मा, क्षेत्र क्रमांक 10 से चमराराम मंडावी, कृष कुमार मंडावी, गोविंद प्रसाद मरकाम, हेमलाल कुंजाम, जितेन्द्र सोरी, मोहन माड़वी और शंकर कुंजाम ने अपना नामांकन दाखिल किया है। भाजपा से ज्यादा लोगों के नामांकन दाखिल हुए हैं, कांग्रेस में इसकी संख्या कम है। समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में नाम वापसी होती है या नहीं, यह 6 फरवरी को स्पष्ट हो सकेगा। क्षेत्र क्रमांक 6 और 9 पर सब की निगाह रहेगी।

■ आज नाम वापसी के बाद स्पष्ट होगी तस्वीर
■ कांग्रेस की तुलना में भाजपा की ओर से ज्यादा उम्मीदवारी

## प्रादेशिकी का शेष...

### गोलाबेकुर पंचायत के ग्रामीणों...

पंचायत का सर्वे किया जाए और सीट आरक्षित किया जाए इसके बाद छ: माह बाद होने वाले उपचुनाव में नए आरक्षण प्रक्रिया के तहत ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी के लिए मतदान करेंगे। बता दें कि गोलाबेकुर ग्राम पंचायत में 10 पंच पद हेतु 05 पद एसटी और 05 पद ओबीसी के लिए आरक्षित किया गया है।

### बीएमओ ने दिया फाइलेरिया...

भाग्यश्री ठाकुर ,टिकेश्वरी भद्रे ,लोचना कश्यप, करिश्मा पांडे , किशोर बघेल, जयमनी भारती, लव नागे के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानीन काफी संख्या मे उपस्थित थी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के द्वारा सामुहिक दवा सेवन करने हेतु जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी...

परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्ञानवर्धन करते हुए अच्छे परिणाम लाने के लिए शुभकामनाएं दी। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सुंदर रंगोली का निर्माण भी किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य के मार्गदर्शन में व्यायाम अनुदेशक और समस्त शिक्षकों के सहयोग से सफल रहा।

### बीमा कंपनी अदा करेगी उपचार...

के संबंध में कोई साक्ष्य या दस्तावेज भी पेश नहीं किया गया था। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा आवेदक को हुई शारीरिक, मानसिक परेशानी हेतु 20 हज़ार रु पृथक से दिए जाने काआदेश पारित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।

### संवेदनशील मतदान केंद्रों पर...

मतगणना स्थल की व्यवस्था समय पर पूर्ण करने पर चर्चा किए। मतपत्र का प्रूफ रीडिंग कार्य को चरणवार करने पर जोर दिया गया और रूट चार्ट के आधार पर वाहन की व्यवस्था हेतु मतदान में उपयोग करने पर चर्चा किया गया । इसके साथ ही विभागीय बजट की स्थिति व आवश्यकता के संबंध में चर्चा किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे ।

# कुआकोंडा-कटेकल्याण के 671 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत कुआकोंडा एवं कटेकल्याण के पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक अरविन्द शर्मा द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 671 मतदान एवं पीठासीन अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारी-एक को मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया सम्बन्धी प्रशिक्षण के तहत जानकारी दी गई कि ग्रामीण निकाय निर्वाचनों में प्रत्येक मतदानों पर चार पदों के लिए मतदान होता है जिसमें अलग-अलग रंगों के समपत्रों से मतदान होता है। सदस्य जिला पंचायत के लिए (गुलाबी), सदस्य जनपद पंचायत के लिए (पीला), सरपंच, ग्राम पंचायत के लिए (नीला), पंच ग्राम पंचायत के लिए (सफेद) रंग निर्धारित है। एक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त चार मतदान अधिकारी होते है। ग्रामीण निकायों के लिए निर्वाचन मतपत्र और मतपेटी से होगा। मतपत्रों की अलग अलग पहचान के लिए प्रत्येक दल को दो सुभेदक सील, उपलब्ध कराये जाएंगे इनमें से एक का उपयोग जनपद और जिला पंचायत सदस्यता के लिए अभ्यर्थियों के मतपत्रों पर लगाने के लिए होगी, और दूसरा सरपंच और पंच पदों के अभ्यर्थियों के मतपत्रों के लिए होगा। मतदान अधिकारी क्रं.-01 मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का प्रभारी होगा। साथ ही केंद्र पर आने वाले मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चाहे मतदान चार-चार पदों के लिए हो रहे हों, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए एक ही होगी। मतदान अधिकारी क्रं. 2 व 3 क्रमश: सरपंच एवं पंच पदों के अभ्यर्थियों के मतपत्रों और जनपद व जिला पंचायत सदस्य पद के अभ्यर्थियों के मतपत्रों के प्रभारी रहेगें। मतदान अधिकारी क्रं. 4 मतपेटी का प्रभारी होगा। पीठासीन अधिकारी पूरे दल का मुखिया होगा, पूरी मतदान व्यवस्था उसी के देख रेख में और नियंत्रण में होगी। इस प्रकार पूरा मतदान दल एक टीम की तरह कार्य करेगा। इस प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया। अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, मास्टर ट्रेनर्स माधव रेड्डी, आलोक सोनवाने, अंकित गुप्ता, चंद्रप्रकाश चौहान, शंकर चौधरी, चितरंजन लाल शर्मा सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



■ प्रशिक्षण सत्र का सामान्य प्रेक्षक ने किया अवलोकन
■ पंचायत चुनाव के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी

# विद्यालय निरीक्षण के दौरान बीईओ ने परीक्षा में सफलता के दिए कई टिप्स



**आरंग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बुधवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला नगपुरा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनरसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आगामी परीक्षा विषयक चर्चा करते हुए 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए तनाव रहित होकर योजना बद्ध ब्लूप्रिंट की सहायता से तैयारी करने पर जोर दिया एवं कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता किंतु ब्लूप्रिंट में अंकों के विभाजन को समझ लेने पर तैयारी करने में आसानी होती है साथी गत वर्ष के प्रश्न पत्रों को हल करने की सलाह दी, उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा की बधाई भी दी वही नगपुरा के बच्चों को विराम चिन्ह का महत्व बताकर शुद्ध लेखन एवं दैनिक जीवन में उपयोगी गणितीय संक्रियाओं पर फोकस किया। ज्ञात हो कि दसवीं की परीक्षा 3 मार्च से एवं 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ है जबकि प्राथमिक 5 वी परीक्षा 17 मार्च से एवं पूर्व माध्यमिक 8 वी परीक्षा 18 मार्च से प्रारंभ है। इस अवसर पर प्राचार्य राम प्रसाद धुर्वे एवं प्रधान पाठक मुकेश साहू सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने जिले का किया दौरा



## टाटामारी के प्राकृतिक सौंदर्य का लिया आनंद, बेलमेटल निर्माण की बारीकियों को जाना

**कोण्डागांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बस्तर प्रवास पर आए राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी), केंद्रीय रक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के 18 सदस्यीय अधिकारियों के दल ने मंगलवार को कोंडागांव जिले में एक दिवसीय प्रवास के दौरान टाटामारी और शिल्पनगरी का भ्रमण किया। इस दल का स्वागत केशकाल नगर स्थित टाटामारी में किया गया। वहां उन्होंने टाटामारी के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया और इस दौरान टाटामारी की सुंदरता से प्रभावित होकर टाटामारी की व्यू पॉइंट पर इस यात्रा को कैमरे में कैद कर अधिकारियों ने टाटामारी की खुबसुरतवादियों की सराहना की। साथ ही स्थानीय स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर उनके द्वारा किए जा रहे आजीविका संबंधी कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी लिया, खासकर समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गए अरसा रोटी की सभी अधिकारियों ने तारीफ़ की, जिससे समूह की महिलाओं का मनोबल बढ़ा।

**शिल्प नगरी का किया भ्रमण**

राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामरिक अध्ययन भ्रमण 2025 के अंतर्गत वरिष्ठ रक्षा अधिकारी संदीप एस. संधू के नेतृत्व में पहुंचे इस दल का जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने हार्दिक स्वागत किया। इसके बाद उन्हें कोंडागांव को सांस्कृतिक पहचान दिलाने वाली शिल्प नगरी का भ्रमण कराया गया, जहां कलेक्टर ने बेलमेटल से बनी बस्तर की कलाकृतियों के बारे में जानकारी दी। सभी प्रतिनिधि इन कलाकृतियों को देखकर अत्यधिक प्रभावित हुए और उनकी सराहना की। इसके बाद उन्हें बेलमेटल निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई, साथ ही बस्तर प्रवास के दौरान कोंडागांव के यात्रा को स्मरणीय बनाने के लिए दल के सभी अधिकारियों को बेलमेटल पर आधारित कॉफी टेबल बुक की प्रति भी भेंट की गई।

इस दौरान डीएफओ एन. गुरूनाथन, जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम डीआर ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम, एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# चोरी के आरोप में तुलेश्वर गिरफ्तार



**कोण्डागांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। राधा कृष्ण मंदिर में शातिराना तरीके से चोरी करने के आरोप में तुलेश्वर नायक को गिरफ्तार करने के साथ ही आरोपी के कब्जे से चोरी के नगदी रकम 5900 रूपये जप्त करके आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजने में मिली सफलता के सम्बन्ध में कोण्डागांव पुलिस द्वारा 04 फरवरी को प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया गया है कि 16 सितम्बर 2024 की दरम्यानी रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा राधा कृष्ण मंदिर का ताला तोडकर मंदिर के अन्दर प्रवेश करके मंदिर के दान पेटी से 30 से 35 हजार रूपये चोरी कर ले जाने की घटना पर थाना कोण्डागांव में अप.क्र. 269/2024 धारा 331(4), 305 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार आईपीएस से निर्देश प्राप्त हुआ कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर आरोपी तुलेश्वर उर्फ राहुल नायक 20 वर्ष निवासी बडेकनेरा को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया गया, जिसने 16 सितम्बर 2024 की रात्रि करीबन 01-02 बजे कोण्डागांव राधाकृष्ण मंदिर का ताला को तोडकर मंदिर के दान पेटी से चोरी करना कबूल करते हुए चोरी किए 5900 रूपये एवं दान पेटी को पेश करने पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी तुलेश्वर उर्फ राहुल नायक पिता कितूराम नायक 20 वर्ष निवासी बडेकनेरा को विधिवत 04फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, प्रआर 90 नरेन्द्र देहारी, प्रआर. 02 देवार्चन सिदार, प्र.आर. 249 मिथलेस रजक, आर. 596 सूखी राम राजपूत, आर. करण ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए अधिवक्ताओं के साथ बैठक



**कोण्डागांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिवक्ताओं के साथ बैठक किए गए होने की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति से देते हुए बताया गया है कि 5 फरवरी को उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की अध्यक्षता में आगामी नेशनल लोक अदालत 8 मार्च के संबंध में अधिवक्ताओं के साथ जिला न्याय सदन कोण्डागांव में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उत्तरा कुमार कश्यप अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने लोक अदालत के महत्व को रेखांकित किया तथा इस प्रणाली के माध्यम से विवादों को त्वरित और प्रभावी तरीके से निराकरण पर प्रकाश डाला। साथ ही धारा 138 लिखित पराक्राम्य अधिनियम के तहत लंबित चेक बाउंस से संबंधित मामलों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत किये जाने के संबंध में तथा दावा प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किये जाने के संबंध में बीमा कम्पनियों के अधिवक्ताओं चर्चा की गई। इस अवसर पर कु.गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष तथा समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

# नए कानूनों को लेकर पुलिस ने स्कूल में किया जागरूकता कार्यक्रम

**कोण्डागांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। भारत में लागू नवीन अपराधिक कानूनों के संबंध में फरसगांव पुलिस द्वारा स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतियोगिता आयोजित किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किए जाने के सम्बन्ध में थाना फरसगांव द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई कि पुलिस महानिदेशकों के सम्ममेल में प्रधान मंत्री से प्राप्त निर्देशों के पालन में थाना फरसगांव पुलिस के द्वारा 05 फरवरी को शासकीय हाई स्कूल व हायर सेकेण्ड्री स्कूल बरकई में नवीन अपराधिक कानून का प्रचार-प्रसार व जन-जन तक पहुंचाने हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, अन्य अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी फरसगांव निरीक्षक संजय सिन्दे के नेतृत्व में ग्रामीणों व स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच भाषण /प्रतियोगिता का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरकई के प्राचार्य संतराम कवाची, उप प्राचार्य कमलकांत पटेल अन्य व्याख्याता, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण करीबन 400 की संख्या में उपस्थित हुए। जिनमें से कई विद्यार्थी, शिक्षकों ने नये कानून के संबंध में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृश्ट प्रदर्षन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणजन, शिक्षकगण तथा समस्त विद्यार्थीगण भारत में 01 जुलाई 2024 से लागू नवीन कानून जो महिलाओं एवं बच्चों के हित में बने सरल शीघ्र न्याय देने वाले कानून के बारे में जानकर खुश हुए तथा थाना फरसगांव पुलिस को अपने बीच एक मित्र के रूप में पाकर समस्त ग्रामीण, शिक्षक, विद्यार्थीगण धन्यवाद देते हुये अभार व्यक्त किये।



## स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को किया पुरस्कृत

# ईवीएम का द्वितीय चरण का हुआ रेंडमाइजेशन



**कोण्डागांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की उपस्थिति में 5 फरवरी को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में ईवीएम का द्वितीय चरण का रेंडमाइजेशन हुआ। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद कोण्डागांव, नगर पंचायत फरसगांव और केशकाल के मतदान केन्द्रों के लिए ईवीएम का रेंडमाइजेशन किया गया। इस प्रक्रिया में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित प्रतिनिधियों को ईवीएम के बारे में लोगों को जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सभी रिटर्निंग ऑफिसर और नोडल अधिकारी ईवीएम सुश्री निकिता मरकाम उपस्थित थीं।

## सार-संक्षेप

### कल स्वीप आमंत्रण रैली का आयोजन

**कांकेर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका, नगर पंचायत व त्रि-स्तरीय ग्राम पंचायत निर्वाचन हेतु आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला एवं विकासखंड मुख्यालय स्तर पर सभी अनुभाग अंतर्गत विकासखंड नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु च्स्वीप आमंत्रण रैलीज् का आयोजन 07 फरवरी को प्रात: 10 बजे शासकीय नरहरदेव विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने जिला स्तरीय मुख्यालय में निवासरत अधिकारी कर्मचारियों, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, मेडिकल छात्र, कृषि कालेज छात्र, डाइट एवं बीएड कालेज के स्टाफ व छात्र छात्राओं को भाग लेने हेतु आमंत्रित किए हैं। यह रैली शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग मरीन ड्राईव, कचहरी चौक, मस्जिद चौक, पुराना बस स्टैण्ड, कलेक्ट्रेट चौक में समाप्त होगी। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा शहर वासियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु आमंत्रण पत्र दिया जाएगा तथा उन्हे मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।

### व्यय प्रेक्षक द्वारा 8 को किया जाएगा लेखा परीक्षण

**दंतेवाड़ा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत व्यय लेखा निरीक्षण हेतु निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 3 फरवरी को व्यय प्रेक्षक एम. ए मुस्तफा द्वारा जिले के नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों में प्रथम निरीक्षण किया गया था। इसके साथ ही अब 8 फरवरी को पुन: द्वितीय निरीक्षण किया जाना है। इस संबंध में सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अभ्यर्थियों, अभिकर्ताओं को सूचित किया गया है कि नियत समय पर सभी व्यय लेखा दस्तावेजों के साथ अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिससे व्यय प्रेक्षक के द्वितीय निरीक्षण का कार्य शीघ्रता पूर्वक पूर्ण हो सके।

# बिजली बिल, कर पटाने वाले नागरिकों को भी पीएम आवास देगी भाजपा सरकार : नीलकंठ टेकाम

**कांकेर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगरीय निकाय चुनाव हेतु जारी घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र में जनता के लिए किए वादे को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बताया ।

विधायक नीलकंठ टेकाम ने विश्वास पत्र पर बात करते हुए कहा कि छग की भाजपा सरकार ने जनता से वादा किया है कि जिन लोगो का नगरीय निकाय क्षेत्र में नजूल पट्टा है उन्हें स्थाई पट्टा जारी किया जाएगा । बाहर गावँ से शहरी क्षेत्र में बसने वाले ऐसे परिवार जिनके पास जमीन का कब्जा तो है परंतु किसी भी प्रकार का कागज नही है ऐसे सभी परिवारों को टैक्स रसीद, बिजली बिल, पहचान पत्र के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा । श्री टेकाम ने बताया कि शहरों में आने वाले श्रमिको के लिए विश्रामगृह बनाया जाएगा । सभी नगरीय निकाय क्षेत्रो में छात्रों के अध्ययन के लिए नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। मुफ्त नेट सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा । महिलाओं और महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिये मुफ्त सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध कराया जाएगा । युवाओं को स्किल आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा । महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिला स्वयं सहायता समूहों को ढाई लाख तक का ऋण दिया जाएगा । शहरों में स्ट्रीट वेंडरों के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी । नए व्यवस्थित व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा । शहरों में पार्किंग की समस्या का समाधान किया जाएगा । महिलाओं के लिये पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जाएगा । श्री टेकाम ने बताया कि रुके हुए पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को, और वर्तमान में स्वीकृत हुए 3 लाख क्ख्ड्ड- घरों को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही, जो बिजली बिल और समेकित कर पटाते है, उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी। महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रॉपर्टी कर में 25 फीसदी की विशेष छूट प्रदान करेंगे। प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को 10त्न की विशेष छूट प्रदान करेंगे। प्रत्येक नगर निगम में च्महापौर सम्मान निधिज् की स्थापना करेंगे, जिसके तहत यू.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा (ख्ड्डह्स) उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को 1 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष राजा देवनानी, जिला मीडिया प्रभारी निपेन्द्र पटेल, राजेंद्र गौर, डॉ ईश्वर सिन्हा आदि उपस्थित रहे।



# शिवेंद्र कोमरे ने विद्यालय में कराया न्यौता भोज



**कोण्डागांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के विकास खंड कोंडागांव अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा के प्रधान अध्यापक शिवेंद्र कोमरे ने बसंत पंचमी एवं अपने जन्म दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला बकोदागुड़ा में अध्ययनरत विद्यार्थियों, एसएमसी सदस्यों व पालकों को न्यौता भोज कराया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक द्वारा खीर, पूड़ी नमकीन व मीठा खिलाया गया। बसन्त पंचमी के अवसर पर मां शारदे के चलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, उपस्थित सदस्यों, पालकों व बच्चों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात् न्यौता भोज के तहत स्वल्पाहार खीर पूड़ी व दाल, चांवल, सब्जी, मीठा आदि परोसा गया। उक्त व्यवस्था प्रधान अध्यापक शिवेंद्र कोमरे प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा के प्रधान अध्यापक सी.एस.मातलाम, शिक्षक अशोक भारती, सुरेश भेड़िया, नीलकंठ साहू, शिक्षिका कुसुम साहू एवं रेणु तिवारी एसएमसी उपाध्यक्ष कांता भंडारी, सदस्य असपती भंडारी, समूह अध्यक्ष बसमती सेठिया, रैमती कश्यप, भानो भण्डारी, सेवती, चंद्रिका सुदनी, लखमी कश्यप, असली पांडे, जयलाल पटेल के अलावा अध्ययनरत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# ईव्हीएम का किया गया प्रथम चरण का रैंडमाइजेशन



**कांकेर,** 5 फरवरी(देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के तहत नगरीय निकाय के तहत आज सुबह 11.30 बजे ईव्हीएम मशीनों के प्रथम चरण का रैंडमाइजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित ऑनलाइन रैण्डमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल ने बताया कि नगरीय निकाय आम निर्वाचन के दौरान उपलब्ध ईव्हीएम मशीन की बैलेट युनिट और कंट्रोल युनिट की संख्यात्मक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में ईव्हीएम के कुल 166-166 कंट्रोल और बैलट युनिट का रैण्डमाइजेशन उपरांत उपलब्ध हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगरपालिका परिषद कांकेर के 21 मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम की कंट्रोल व बैलट युनिट 46-46 तथा नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और नगर पंचायत पखांजूर के 15-15 मतदान केन्द्रों के लिए 30-30 कंट्रोल और बैलट युनिट का रैण्डमाइजेशन आज सम्पन्न हुआ। यानी जिले में नगरपालिका और नगर पंचायतों के कुल 81 मतदान केन्द्रों के लिए इव्हीएम की 166-166 कंट्रोल और बैलट युनिट का रैण्डमाइजेशन आज सम्पन्न हुआ। इसके इस दौरान उपस्थित अभ्यर्थियों को रैंडमाइजेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने साइबर क्राइम के बारे में दी जानकारी




**कोण्डागांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दिए जाने के सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई जानकारी में बताया गया है कि 4 फरवरी को शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला सितली डोंगरीपारा जिला कोण्डागांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों को साइबर क्राईम के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के निर्देश एवं कु.गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागाव के कुशल नेतृत्व में श्रीमती हसीना खान पैरालीगल वालिंटियर के द्वारा किया गया। शिविर में श्रीमती हसीना खान ने बच्चों को साइबर क्राइम के विभिन्न रूपों के बारे में बताया, जैसे कि फिशिंग, ऑनलाईन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि वे साइबर क्राइम से कैसे बच सकते हैं और यदि वे किसी साइबर क्राईम का शिकार होते हैं तो उन्हें क्या करना चाहिए। श्रीमती हसीना खान ने बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए बताया कि अपने पासवर्ड को कभी भी किसी के साथ साझा न करें, किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, ऑनलाईन किसी भी अजनबी से बात न करें, यदि आपको कोई साइबर क्राइम होता हुआ दिखाई दे, तो तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षक को बताएं। शिविर में गिरधर देवांगन हेड मास्टर शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला, सुश्री जरीना बानों पैरालीगल वालिंटियर एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि में हुई वृद्धि

**कोण्डागांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2024-25 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 17 फरवरी 2025 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. के प्राचार्यों और छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा ऑन लाइन पंजीकरण, स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया पद/ पर की जा रही है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन (नवीन व नवीनीकरण) के लिए अंतिम तिथि 17 फरवरी 2025, ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने की तिथि 28 फरवरी 2025 और सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और छात्रवृत्ति संबंधी कोई भी प्रक्रिया संपन्न नहीं की जा सकेगी। यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी इस अवधि के भीतर आवेदन नहीं करते हैं, तो वे छात्रवृत्ति से वंचित रह सकते हैं और इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। विद्यार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे समय पर सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी करें, ताकि वे छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकें।

**उल्टा पुल्टा**

बेटा- पापा आप अंधेरे से डरते हैं?
पापा- नहीं बेटा
बेटा- बादल, बिजली और शेर से
पापा- बिल्कुल नहीं!
बेटा- इसका मतलब है आप मम्मी को छोड़कर किसी से भी नहीं डरते हैं।

## संपादकीय

# निर्माण सामग्रियों से होते हादसे

*छत्तीसगढ़ में हमेशा कई तरह के निर्माण कार्य चलते रहते है। इसके कारण स्वाभाविक है कि बड़े पैमाने पर निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता पड़ती है। निजी, सरकारी या स्थानीय निकाय विभिन्न निर्माण कार्य कराते हैं। इन सभी तरह के निर्माण कार्यों में अक्सर जो बात देखने को मिलती है, वह है इसके लिये आवश्यक सामग्रियों का कहीं भी डाल दिया जाना। इनमें सरिया, बालू, ईंटें. बजरी, गिट्टी आदि समेत कई तरह की वस्तुएं होती हैं। सामग्री इस तरह खुले में भंडारण करने वालों की इस बात की कतई चिंता नहीं रहती कि इसके कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है या इससे हादसे हो सकते हैं। राज्य सरकार और स्थानीय निकायों को चाहिये कि उन लोगों पर सख्त कार्रवाई करें जो लापरवाहीपूर्वक भवन निर्माण सामग्रियों को इस तरह से रखते हैं कि जिनसे लोगों को असुविधा हो या कोई अनहोनी हो जाये।*

*प्रदेश भर में कहीं भी देखें तो सड़कों के दोनों ओर सामग्रियों के ढेर नज़र आयेंगे। फिर, उन्हें इतनी अदूरदर्शितापूर्वक रखा जाता है कि आवाजाही करने वाले वाहनों को या तो गति धीमी करनी होती है या बहुत सम्हाल कर चलाना पड़ता है। इसके बावजूद हादसे हो ही जाते हैं। अंबिकापुर के नज़दीक मेंड्राकला के पास एक बाइक सवार गिट्टी के ढेर से टकराकर बुरी तरह से गिर पड़ा। इस दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। इस तरह की दुखद घटनाएं होती रहती हैं। दिन में तो ये सामग्रियां दिख भी जाती हैं परन्तु रात में ये नहीं दिखाई देतीं। यह भी नहीं पता चलता कि ये ढेर कितने बड़े हैं। कुछ समय पहले रायपुर नगर निगम ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू की थी पर वह जारी नहीं रही।*

*शहर हों या कस्बे अथवा गांव, जहां भी किसी तरह का कोई निर्माण होता है तो सामग्रियां रख दी जाती हैं। बार-बार सामान न लाना पड़े इसके लिये अक्सर इसे बड़े पैमाने पर लाकर रख दिया जाता है। फिर, ये कई दिनों तक पड़े रहते हैं। संकरी गलियां हों तो आना-जाना तक मुश्किल हो जाता है। होना तो यह चाहिये कि सामग्रियों का भंडारण इस प्रकार से हो कि लोगों को असुविधा न हो तथा काम भी चलता रहे।*

*इस बात को स्वीकार किया जा सकता है कि लोगों के पास और कोई विकल्प नहीं रहता, सिवाय इसके कि वे सामग्री सड़क किनारे रखें। गरीब व मध्यवर्गीय कोई भूखंड लेकर घर बनाते हैं या मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कराते हैं तो उनके पास पर्याप्त जगह नहीं होती, परन्तु जिन लोगों के पास पर्याप्त स्थान होता है वे भी इसकी परवाह नहीं करते। सामग्रियों के परिवहनकर्ता भी इसकी चिंता नहीं करते। उन्हें जहां सुविधा होती है वहां सामग्री गिराकर चले जाते हैं। जनता हेतु असुविधा पैदा करने वालों के खिलाफ़ कार्रवाई हो।*

# निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी तेज

## रायपुर में लगेंगी 2390 बैलेट व 1290 कंट्रोल यूनिट

**रायपुर**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय एवं त्रि.स्तरीय पंचायत आम चुनाव पर कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में ईवीएम का रेंडमाइजेशन हुआ। इसमें सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत में कुल 240 वार्ड में कुल 1290 मतदान केंद्र शामिल हैं। इस प्रकार यहां के मतदान केंद्र में 2390 बैलेट और 1290 कंट्रोल यूनिट लगाई जाएगी। साथ ही रिजर्व में 2140 बैलेट यूनिट और 610 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगर निगम रायपुर में 70 वार्ड में कुल 1095 मतदान केंद्र हैं।

**2190 बैलेट यूनिट और 1095 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाई जएगी**

यहां प्रति मतदान केंद्र में 2 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केंद्र में 2190 बैलेट यूनिट और 1095 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाई जाएगी। रिजर्व में 1260 बैलेट यूनिट और 225 कंट्रोल यूनिट रहेगी। ऐसे ही नगर पालिका परिषद आरंग में 17 वार्ड में 25 मतदान केंद्र हैं। यहां प्रति मतदान केन्द्र में एक बैलेट यूनिट लगेगी। यहां के मतदान केंद्र में 25 बैलेट यूनिट एवं 25 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाई जाएगी। रिजर्व में 95 बैलेट यूनिट और 35 कंट्रोल यूनिट रहेगी।




नगर पालिका परिषद गोबरा.नवापारा में 21 वार्ड में 26 मतदान केंद्र हैं। प्रति मतदान केन्द्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। यहां मतदान केंद्र में 26 बैलेट यूनिट व 26 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाई जाएगी। रिजर्व में 114 बैलेट यूनिट और 44 कंट्रोल यूनिट रहेगी। नगरपालिका परिषद तिल्दा में 22 वार्ड में 31 मतदान केंद्र हैं। इनसे 4 वार्ड के 5 मतदान केंद्रों में 2 बैलेट यूनिट व अन्य मतदान केंद्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। यहां के मतदान केंद्र 36 बैलेट यूनिट व 31 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाई जाएगी।

रिजर्व में 114 बैलेट यूनिट और 49 कंट्रोल यूनिट रहेगी। नगरपालिका परिषद मंदिर हसौद में 20 वार्ड में 23 मतदान केंद्र हैं। यहां प्रति मतदान केंद्र में एक बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केंद्र 23 बैलेट यूनिट एवं 23 कंट्रोल यूनिट लगाई जाएगी। रिजर्व में 107 बैलेट यूनिट और 47 कंट्रोल यूनिट रहेगी। नगरपालिका परिषद अभनपुर में 15 वार्ड में 15 मतदान केंद्र हैं। यहां प्रति मतदान केंद्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। यहां के मतदान केंद्र 15 बैलेट यूनिट एवं 15 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाई जाएंगी। रिजर्व में 75 बैलेट यूनिट और 35 कंट्रोल यूनिट रहेंगी।

इसी प्रकार नगर पंचायत कूरा माना कैंप खरोरा समोदा चंदखुरी में 15 वार्ड में 15 मतदान केंद्र हैं। यहां प्रति मतदान केंद्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केंद्र 15 बैलेट यूनिट एवं 15 कंट्रोल यूनिट लगाई जाएंगी। साथ ही रिजर्व में 75 बैलेट यूनिट और 35 कंट्रोल यूनिट रहेगी। बैठक में सामान्य प्रेक्षक इफ्फत आरा उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे डीआईओ पी.सी वर्मा उपस्थित थे।

# कांग्रेस के लिए मुस्लिम सिर्फ दूध में मक्खी की तरह : मीनल चौबे

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर से भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने एक ऐसा बयान दिया जिससे सियासी बवाल मचना लाजमी है। मीनल चौबे ने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों को जरूरत के समय इस्तेमाल करती है और फिर फेंक देती है जैसे दूध से मक्खी को बाहर निकाल फेंक दिया जाता है।

दरअसल, प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव का प्रचार जोरों पर चल रहा है। राजनीतिक दल पूरे प्रदेश में धुआंधार प्रचार में जुटे हुए हैं। रायपुर में भी बीजेपी से महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे रोड शो के जरिये जनता तक पहुंच रही हैं। इसी बीच आज रोड शो के दौरान बातचीत में उन्होंने कांग्रेस पर मुस्लिम समुदाय पर वोट की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कांग्रेस पर वार करते हुए है की कांग्रेस हमेशा से मुस्लिम समाज को वोट बैंक की



तरह उपयोग करती है। जब उनका काम खत्म हो जाता है तो दूध से मक्खी की तरह निकाल फेंकते हैं। कांग्रेस ने दूसरे समाज के लोगों को उपयोग किया है। शायद इसीलिए किसी डर से पूर्व महापौर को गायब कर दिया है।

मीनल चौबे ने यह बात पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कांग्रेस के प्रचार अभियान से गायब होने पर कही है। भाजपा प्रत्याशी का कहना है कि कांग्रेस को एजाज ढेबर से डर लगने लगा है। इसीलिए कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे के पोस्टर और पार्षदों के प्रचार अभियान से एजाज ढेबर की तस्वीर पूरी तरह से

**■ प्रचार से एजाज ढेबर को किया गायब!**

गायब है।

मामले में पूर्व पीसीसी चीफ धनेन्द्र साहू का भी बयान सामने आया है। उन्होंने मीनल चौबे के इस बयान को बीजेपी की ओछी मानसिकता बताई है जो बीजेपी के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सर्व धर्म संभव के सिद्धांत पर चलते हैं, जहां हर समुदाय के लिए स्थान है और हर धर्म के लोग जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि एजाज ढेबर खुद और उनकी पत्नी भी चुनाव लड़ रहे है जिसकी व्यस्तता है जिसके चलते अभी वो शामिल नहीं हो सके हैं। लेकिन आगे प्रचार में वो बेशक शामिल होंगे।

# सुरक्षा के साथ खदान संचालन में पॉवर कंपनी अव्वल



**■ गारे पेलमा के पांच ईनाम श्रेष्ठ कार्यों के प्रतीक : सुबोध सिंह**

**रायपुर**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड को गारे पेलमा खदान के संचालन में सुरक्षा संबंधी मापदण्डों के पालन हेतु वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा में केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीनस्थ महानिदेशालय खान सुरक्षा द्वारा पांच महत्वपूर्ण पुरस्कारों से नवाजा गया है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह ने उत्पादन कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह हमारी टीम की प्रतिबद्धता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीनस्थ महानिदेशालय खान सुरक्षा द्वारा वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर ➤➤ *शेष पृष्ठ 4 पर* ➤

# गाड़ियों के प्रदूषण की जांच अब पेट्रोल पंपों में

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर समेत प्रदेश के सभी शहरों में कार्बन मोनोऑक्साइड, लेड और सल्फर गैसों का प्रदूषण और घटाने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए हैं। इसे अभियान के तौर पर शुरू करते हुए परिवहन विभाग ने पहले चरण में गाड़ियों की प्रदूषण जांच का स्टेट ऑफ़ द आर्ट सिस्टम बनाने की तैयारी कर ली है। ये तय हुआ है की गाड़ियों की प्रदूषण जाँच के बिखरे हुए सिस्टम को सबसे पहले सेंट्रलाइज़ करते हुए प्रदूषण जाँच केंद्र पेट्रोल पंपों में शुरू किए जाएँ। इसके लिए कमिश्नर एस प्रकाश के निर्देश पर अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर ने प्रदेश के सभी तेल कम्पनियों के अधिकारियों की शुक्रवार को दोपहर 2 बजे बैठक बुलाई है।

**प्रदेश के शहरों में पॉल्यूशन रोकने परिवहन विभाग बदलेगा सिस्टम**

**अपर परिवहन आयुक्त रविशंकर ने तेल कंपनियों की बुलाई बैठक**

अपर आयुक्त रविशंकर ने तेल कंपनियों इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम और रिलायंस पेट्रोलियम के अधिकारियों तथा परिवहन अफसरों की बैठक की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि साय की मंशा के अनुरूप प्रदूषण जांच केंद्रों को सिस्टमाइज करने तथा आम लोगों को सुविधा देने के लिए ही प्रदूषण जांच केंद्रों को पेट्रोल पंपों में रखने का फैसला लिया गया है। उस मामले में पेट्रोलियम कंपनियों की राय और सुझाव लेने बैठक बुलाई गई है। अभी गाड़ियों की प्रदूषण जांच के लिए मोबाइल वैन हैं, लेकिन आम लोगों को इनका निश्चित पता नहीं होता है। इसलिए अधिकांश वाहनों की दो-तीन साल से प्रदूषण जांच नहीं होने के मामले आते हैं। जांच नहीं होने से हजारों गाड़ियां ऐसी कंडीशन में होंगी कि उनके धुएं में घातक तत्वों और गैस की मात्रा सीमा से काफी अधिक रहने की आशंका है। इसी पर नियंत्रण के लिए सिस्टम बनाया जा रहा है, ताकि शहरों में गैसीय प्रदूषण को कंट्रोल में लाया जा सके।

# छत्तीसगढ़ को पहली बार तैराकी में मिला पदक, भूमि ने जीता कांस्य

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। 38वें राष्ट्रीय खेल के सातवें दिन छत्तीसगढ़ को तैराकी में कांस्य पदक मिला है। अलग राज्य बनने के बाद यह पहला मौका है, जब राष्ट्रीय खेल में तैराकी में छत्तीसगढ़ को पदक मिला है।

हल्द्वानी में आयोजित तैराकी खेल में छत्तीसगढ़ की भूमि गुप्ता ने 200मीटर आईएम में 2.31.30 का समय लेते हुए फाइनल के लिए के लिए क्वालीफाई किया। फिर फाइनल इवेंट में भूमि गुप्ता ने 200 मीटर आईएम में अपने समय में और सुधार करते हुए 2.29.54 का समय लेते हुए अपने प्रदेश के लिए पहली बार कांस्य पदक प्राप्त जीता।

**कुल 12 पदक मिल चुके**

छत्तीसगढ़ को 38वें राष्ट्रीय खेल में अब तक 12 पदक मिल चुके हैंए जिसमें 5 स्वर्ण और 7 कांस्य पदक शामिल हैं।



**तीरंदाजी टीम सेमीफाइनल में हारी**

तीरंदाजी की इंडियन राउंड महिला टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ ने असम को 6.4 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ को मणिपुर के हाथों 1.5 से हार का सामना करना पड़ा। अब छत्तीसगढ़ कांस्य पदक के लिए 7 फरवरी कसे उत्तराखंड की चुनौती को पार करना पड़ेगा। टीम में सुलोचना चांदनी साहू सुशीला नेताम और हर्षिता साहू शामिल है।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी बधाई**

नेशनल गेम्स में पदक जीतने वाले पहले तैराकी उपलब्धि भी भूमि ने अपने नाम कर लिया। भूमि गुप्ता को पदक जीतने पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु देव साय महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया समेत समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# ईडी ऑफिस जल्द शिफ्ट होगा मेयर दफ्तर के पास

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय ;ईडी त्तीसगढ़ सब जोनल ऑफिस जल्द टिकरापारा के पुजारी पार्क से नेताजी सुभाष स्टेडियम सिथत महापौर दफ्तर के पास शिफ्ट होगा। स्टेडियम परिसर की दूसरी मंजिल पर इसे शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। विभागीय अमला इसके कवायद में जुटा हुआ है। इस समय नए दफ्तर में फर्नीशिंग और अन्य कार्य हो रहे हैं।

**विभागीय अमला जुटा शिफ्टिंग की तैयारी में**

**15 तक शिफ्ट करने की तैयारी चल रही**


नया दफ्तर पुराने से तीन गुना बड़ा है। यहां पूछताछ के लिए इंट्रोगेशन रूमए अफसरों के चेंबरए रिकॉर्ड रूमए आधुनिक मशीनों के साथ डिजिटल एविडेंस लैब भी बनाए जा रहे हैं। बताया जाता है कि निर्माण कार्य में विलंब के चलते दफ्तर को शिफ्ट नहीं किया गया है। इसके 15 फरवरी तक शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। ईडी ने बीते 25 जनवरी को ही अपने मुख्यालय और देशभर के जोनलए सब जोनल आफिस के नए सेटअप मंजूर कर नई नियुक्तियां की थी। इसके तहत रायपुर के सब जोनल ऑफिस को पूर्णकालिक जोनल आफिस प्रोन्नत कर संयुक्त निदेशक पदस्थ किया है। ईडी के सब जोनल दफ्तर को जोनल के रूप में प्रोन्नत करने के बाद 2013 बैच के आईआरएस अफसर प्रभाकर प्रभात को संयुक्त निदेशक बनाया गया है। साथ ही स्टाप बढ़ाने की अनुमति दी गई है। बता दें कि इस समय उप निदेशक ;डीडीद्धए सहायक निदेशकए प्रवर्तन अधिकारी सहायक प्रवर्तन अधिकारियों ;जो इंस्पेक्टर स्तर के होते हैंद्ध के लिपिकीय स्टाफ कार्यरत है। सब जोनल ऑफिस अब तक मुंबई जोनल ऑफिस के अधीन कार्य कर रहा था। जोनल ऑफिस बनाने के बाद सीधे ईडी मुख्यालय दिल्ली के अधीन कार्य करेगा। मनी लॉन्ड्रिंग व शासकीय धन के दुरुपयोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए रायपुर में 8 साल पहले ईडी का दफ्तर शुरू किया गया है।

# लीजेंड 90 टूर्नामेंट के लिए स्टेडियम तैयार

**रायपुर**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 6 फरवरी से शुरू होने जा रहे लीजेंड्स 90 लीग के लिए तैयार हो गया है। मैदान की साफसफाई से साथ गैलरी की कुर्सियां भी बदली जा रही हैं। पिच का निर्माण तेजी से चल रहा है। इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए सुरेश रैना शिखर धवन और हरभजन सिंह जैसे लीजेंड क्रिकेटर रायपुर आ रहे हैं।

उद्घाटन मैच छत्तीसगढ़ वारियर्स और दिल्ली रॉयल रायल्स की टीमें में भिड़ंत होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के कप्तान सुरेश रैना के धुरंधर और दिल्ली के ब्रिगेड शिखर धवन की अगुवाई में सामने.सामने होंगे। यह मैच शाम 7 बजे से खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए रैना और धवन के अलावा ड्वेन ब्रावोए यूसुफपठानए कोरी एंडरसन जैसे लीजेंड्स क्रिकेटर भी आ रहे हैं। इस टूर्नामेंट के सभी मुकाबले रायपुर में खेले जाएंगे। 18 फरवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा। खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था शहर के भीतर की गई है। क्रिकेट जगत के कई पूर्व अनुभवी सितारे प्रशंसकों को रोमांचित करते नजर आएंगे।

बता दें कि 6 से 17 फरवरी तक मैच रायपुर में खेला जाएगा। अधिकांश दिनों में डबल.हेडर मैच निर्धारित होने के कारण टूर्नामेंट चालीफायर की ओर बढ़ेगा और 17 फरवरी को ग्रैंड फिनाले में समाप्त होगा। डबल.हेडर मैच में पहला मैच शाम 4 बजे से रात 7 तक चलेगा जिसके बाद दूसरा मैच रात 7 के बाद रात 10 तक चलेगा। एक मैच लगभग तीन घंटे का होगा। लीजेंड 90 लीग में 90 बॉल अर्थात 15 ओवर का मैच होगा। क्रिकेट का नया फार्मेट रायपुर में देखने को मिलेगा। 15 ओवर का मैच होने से यह क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करेगा।



**अपर और लोअर सीट की बुकिंग अधिक**

लीग में सबसे सस्ती टिकट 100 रुपए हैए तो वहीं अधिकतम कीमत 1000 रुपए है। ऊपर की ओर सीट 100 में मिलेगी तो वहीं लोअर सीट 250 और सिल्वर 500 और गोल्ड 750 रुपए रखा गया है। 1000 रुपए प्लेटिनम टिकट तय किया गया है।

स्टेडियम में ऊपर और लोअर सीट की बुकिंग अधिक बताई जा रही है। अधिक से अधिक दर्शक मैच देखने पहुंचेए इसलिए लीग मैच की टिकट को सस्ती रखी गई है। सभी टीम 6 मैच खेलेगी।

**ओपनिंग सेरेमनी में तमन्ना भाटिया की प्रस्तुति**

लीग की ओपनिंग सेरेमनी भव्य रूप से स्टेडियम में होगी जिसमें बॉलीवुड़ एक्टर तमन्ना भाटियाए हुमा कुरैशीए आयुष्मान खुराना साथ ही गायक विशाल मिश्राए सोनू निगम हार्डी सन्धु जैसे सितारे व छालीवुड के सितारे परफॉर्मेंस देंगे।

आईपीएल की तर्ज पर लोगों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी।

## स्टेडियम में दर्शकों के लिए 6 हजार नई कुर्सियां

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की मेजबानी में लीजेंड 90 लीग टूर्नामेंट का आगाज 6 फरवरी को होने जा रहा है। इससे पहले स्टेडियम में खराब हो चुकी 6 हजार कुर्सियां को बदलकर नया लगाया गया है। अब अपर सीट के दर्शक आरामदायक नई कुर्सी में मैच का आनंद उठाएंगे। स्टेडियम में लंबे समय से कुर्सियां बदली नहीं गई थीं। लीग टूर्नामेंट से पहले व्यवस्था को बेहतर कर लिया गया है। लीजेंड 90 लीग को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। क्रिकेट के लिए पिच को तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा लंबी घास को भी मशीन के जरिए काटा जा रहा। बता दें कि आज सुबह से सभी 6 टीमों के 60 से अधिक खिलाड़ी रायपुर पहुंचने लगेंगे। संभवत: छत्तीसगढ़ और दिल्ली की टीम शाम को अभ्यास करेगी। मैदान के चारों और लाइट सिस्टम लगाया जा रहा है। आईपीएल की तर्ज पर दर्शकों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी।

**स्टेडियम में नहीं रहेगी खाने की सुविधा**-मैच के दौरान इस बार दर्शकों के लिए खाने की सुविधा नहीं रहेगी।



पानी लेकर साथ में लेकर आना होगा। लीजेंड 90 लीग में दर्शकों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो चुकी है। पहले दिन के लिए टिकट खरीदी जा रही है। स्टेडियम में ऑफलाइन भी टिकट मिलेगी। आयोजक द्वारा व्यवस्था बनाई जा रही है। ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले दर्शक टिकट को स्कैन करवाकर सीधे स्टेडियम में प्रवेश करेंगे।

**शहर के होटल में रहेंगे खिलाड़ी**

खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था शहर के भीतर की गई है। क्रिकेट जगत के कई पूर्व अनुभवी सितारे प्रशंसकों को रोमांचित करते नजर आएंगे। बता दें कि 6 से 17 फरवरी तक मैच रायपुर में खेला जाएगा। अधिकांश दिनों में डबल.हेडर मैच निर्धारित होने के कारण टूर्नामेंट चालीफायर की ओर बढ़ेगा और 17 फरवरी को ग्रैंड फिनाले में समाप्त होगा। डबल.हेडर मैच में पहला मैच शाम 4 बजे से रात 7 तक चलेगाए जिसके बाद दूसरा मैच रात 7 के बाद रात 10 तक चलेगा। एक मैच लगभग तीन घंटे का होगा। लीजेंड 90 लीग में 90 बॉल अर्थात 15 ओवर का मैच होगा। क्रिकेट का नया फार्मेट रायपुर में देखने को मिलेगा। 15 ओवर का मैच होने से यह क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करेगा।

## लालबहादुर नगर में भाजपा की आज चुनावी सभा

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में आज भाजपा नेताओ द्वारा पार्टी के उम्मीदवार देवेंद्र साहु के पक्ष में चुनावी सभा ली जाएगी । बताया जा रहा है कि पहली बार यहां अध्यक्ष व पार्षदों का चुनाव सम्पन्न हो रहा है भाजपा से देवेंद्र साहू सहित 15 वार्डो के लिए पार्षद प्रत्याशियों को भाजपा द्वारा मैदान में उतारा गया है।

# वामपंथी समर्थकों ने राजधानी में बजट का जलाया पुतला

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय बजट के खिलाफ मजदूरों किसानों के राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के आव्हान पर आज रायपुर में अम्बेडकर चौक में जनविरोधी बजट का पुतला जलाकर विरोध गया।

आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन के महासचिव धर्मराज महापात्र,सीटू के राज्य महासचिव एम के नंदी, संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल के सचिव एस सी भट्टाचार्य, आरडी आईईयू के अध्यक्ष राजेश पराते,महासचिव सुरेंद्र शर्मा ने कहा भाजपा की केंद्र सरकार ने पिछली गलतियां सुधारने की बजाय इस बार भी अमीर परस्त बजट ही पेश किया है द्य मध्यम वर्ग को आयकर में बहुत मामूली राहत मिली है, जिसका काफी ढिंढोरा पीटा जा रहा है द्यलेकिन मजदूरों, किसानों और आम मेहनतकश जनता को मुश्किल हालातों में ऐसे ही छोड़ दिया गया है जो चिन्ताजनक हैद्य उन्हें राहत देने के लिए आवश्यक उपभोक्ता सामग्री पर जीएसटी में कमी करने और जनकल्याण योजनाओं में खर्च बढ़ाने की जरूरत को अनदेखा किया गया है. कॉरपोरेटों और अमीरों पर टैक्स बढ़ाने के लिए सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी साफ तौर पर उजागर हो रही हैद्य निजी क्षेत्र के लगातार बढ़ रहे मुनाफे के बावजूद सरकार की प्राथमिकता अमीरों पर टैक्स बढ़ाने की जगह जनकल्याण, सामाजिक, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च कम करने की है द्य यह बिल्कुल जनविरोधी दिशा हैद्य बजट में बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफ डी आई का प्रस्ताव पूर्णत देश विरोधी है।

> **यह बजट सुपर रिच को राहत देकर गरीबों का बोझ बढ़ाने वाला बजट है**

सरकार ने पिछले साल पूंजीगत निवेश बढ़ाने की घोषणा कर खुद ही अपनी तारीफों के पुल बांध दिये थे, लेकिन सच्चाई सामने आ रही है कि घोषणा से 1.84 लाख करोड़ रुपये कम खर्च किये गये है! इस बजट में जरूरी क्षेत्रों में खर्च न बढ़ा कर सरकार की गलत दिशा में जारी प्राथमिकतायें फिर से उजागर हुई हैं। आंकड़े स्पष्ट बता रहे हैं कि कुल बजट खर्च में दिख रही बढ़ोतरी का करीब 40 प्रतिशत तो लिये गये कर्ज का अतिरिक्त ब्याज चुकाने में ही खर्च हो जायेगा द्य सरकार जानती है कि कॉरपोरेट घरानों का मुनाफा चार गुना तक बढ़ गया है, फिर भी सरकार कॉरपोरेटों पर टैक्स नहीं बढ़ाना चाहती।

आज के प्रदर्शन के दौरान बजट की प्रतियों का पुतला जलाकर विरोध व्यक्त किया गया द्य संयुक्त प्रदर्शन में सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन, संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल, दवा प्रतिनिधि संघ, सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन सहित विभिन्न जन संगठनों से जुड़े सैकड़ो लोग शामिल हुए।

### स्थानीय निकाय निर्वाचन

## सेक्टर अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता पूर्वक करे निर्वहन : आरओ



**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। स्थानीय निकाय निर्वाचन 2025 के परिपेक्ष्य में आज रेडक्रास भवन के सभागृह में सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें रायपुर नगर निगम के चुनाव ड्यूटी लगे अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। मास्टर टेनर ने बताया कि सेक्टर अधिकारी मतदान दल और रिटर्निंग अधिकारी के बीच की कड़ी होती है। इनकी भूमिका को विस्तार से समझाया। आचार संहिता लागू होने से खत्म होने तक उनके दायित्व के जानकारी दी। उन्होने कहा कि सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्र के पहुंच की जानकारी हो उन्हे ईव्हीएम के संचालन की जानकारी हो ताकि वे इस प्रक्रिया को अच्छे से समझ सके। मास्टर टेनर श्री अजीत हुडेंट ने बैलेट युनिट, कंट्रोल यूनिट की जानकारी देते हुए कमीशनिंग की जानकारी दी। रिटर्निंग अधिकारी श्री कीर्तिमान सिंह राठौर ने कहा सभी सेक्टर अधिकारी अपने मतदान केन्द्र का दौरा कर यह सुनिश्चित कर लें कि मतदान केन्द्र तक पहुंचने पर कोई बाधा न हो। साथ मतदान केन्द्र में यह देखे कि वहां आवश्यक मूलभूत सुविधा पेयजल, प्रकाश शौचालय एवं रैम्प की व्यवस्था हो। इस बैठक में एआरओ सहित सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

# आयुक्त ने गोकुल नगर गौठान एवं गोधन केन्द्र का किया निरीक्षण



**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रषासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देषानुसार नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम जोन 6 के क्षेत्र के तहत आने वाले गोकुल नगर गौठान और गोधन केन्द्र की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा की उपस्थिति में किया।

नगर निगम के गोकूल नगर गौठान में पूर्व स्वीकृति अनुसार बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बाउंड्रीवाल निर्माण के प्रगतिरत कार्य का अवलोकन किया। आयुक्त ने गोकूल नगर गौठान में पूर्व में निर्मित किये जा चुके शेड की व्यवस्था का निरीक्षण किया। गौठान में गौमाता और गौवंश के संरक्षण की दृष्टि से शेड बनवाये गये है। पूर्व स्वीकृति अनुसार गोकूल नगर गौठान के विस्तारीकरण की कार्यवाही प्रगति पर है। इसके अंतर्गत गौठान में एक साथ 700 गौवंश को रखने की व्यवस्था पूर्व स्वीकृति अनुसार की जा रही है। आयुक्त ने गोधन केन्द्र में निर्मित किये जा रहे गोबर के कंडो की व्यवस्था देखी । आयुक्त ने गोकूल नगर गौठान के संचालन एवं संधारण पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे निरंतरता से सुव्यवस्थित तरीके से संचालित व संधारित करने कहा।

## मतदान के प्रति जन-जागरूकता लाने किया जा रहा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय आम चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह के निर्देशन तथा जाबो कार्यक्रम के नोडल श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में जाबो (जागव बोटर) कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर शहर स्थित सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज के युवा मतदाताओं को स्थानीय चुनाव के महत्व एवं उनके वोट की महत्ता समझाई गई तथा उन्हें ईवीएम मशीन से मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई ताकि उनका मतदान और ईवीएम को लेकर विश्वास बढ़े। इस दौरान एक ईवीएम मशीन से महापौर एवं पार्षद दो प्रतिनिधियों के लिए मतदान की प्रक्रिया को प्रचारित करने की शपथ ली गई। साथ ही आगामी निकाय चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य, विभागाध्यक्ष सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# निगम ने ली मोवा अंडरब्रिज की सुध



**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग को मोवा अंडरब्रिज में गंदगी के आलम से संबंधित प्राप्त जनषिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने नगर निगम जोन 3 व जोन 9 की सफाई टीम द्वारा मोवा अंडरब्रिज की सफाई करवाये जाने का कार्य स्थल निरीक्षण कर करवाया। आयुक्त के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नगर निगम जोन 3 एवं जोन 9 के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को निरीक्षण कर मोवा अंडरब्रिज का अवलोकन कर उसकी शत प्रतिषत साफ सफाई किये जाने एवं भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति ना हो इस हेतु निर्देषित किया गया है। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोवा अंडरब्रिज में गंदगी के आलम से संबंधित प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया है।

> **शिकायत के बाद कराई सफाई**

## प्रयागराज कुंभ हादसे पर जमात ए इस्लामी हिन्द द्वारा गहरा शोक व्यक्त

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। हम प्रयागराज के महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं, जिसमें कई निर्दोष श्रद्धालुओं की जान चली गई है। इस दुख की घड़ी में मेरी हार्दिक संवेदनायें उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। हम उन लोगों के साथ एकजुटता से खाहे हैं और इस दुख की घड़ी में उनमें धैर्य और शक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना एक बार फिर इस महत्व को रेखांकित करती है कि इतने विशाल सम्मेलन के लिए सतर्क योजना और भीड प्रबंधन की तत्काल आवश्यकता है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सामान्य श्रद्धालुओं के लिए निर्वाध व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, और प्रशासन को वीआईपी के लिए विशेष सेवाओं और पहुंच के बजाय उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देने की मूलभूत जिम्मेदारी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अपनी व्यवस्था में कमियों को तुरंत दूर करना चाहिए। सामान्य तीर्थयात्रियों के जीवन को वीआईपी और विशेष अतिथियों के समान देखभाल और सुरक्षा का हक है। मैं अधिकारियों से आग्रह करता हूं कि भविष्य में ऐसी बासदियों को रोकने के लिए सुधारात्मक कदम उठाएं।

## व्यय प्रेक्षक ने की नपा परिषद गोबरा-नवापारा के अभ्यर्थियों के लेखाओं की जांच



**रायपुर,** 5 फरवरी। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के परिपेक्ष्य में जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक सुशील गजभिये द्वारा नगर पालिका परिषद गोबरा-नवापारा के लिए गठित व्यय अनुवीक्षण व लेखा परीक्षण टीम का शास. हरिहर उच्चतर. माध्य. विद्यालय गोबरा-नवापारा की व्यय अनुवीक्षण सेल में अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम परीक्षण तिथि को प्रस्तुत किए गए लेखाओं की जांच की तथा निगरानी हेतु बनाए गए दल को मैदानी स्तर में कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही व्यय प्रेक्षक ने व्यय अनुवीक्षण टीम को उचित रीति से अभ्यर्थियों द्वारा लेखा लिए जाने के निर्देश दिए।

# जिपं क्षेत्र 8 बाजार अतरिया के प्रत्याशी जमुना नरेश कुर्रे से चुनाव को लेकर हुई सार्थक चर्चा

**खैरागढ़,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 बाजार अतरिया में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जमुना नरेश कुर्रे से चुनावी चर्चा को लेकर हुई बात चीत में श्रीमती कुर्रे ने मीडिया को बताया कि मुझे जिला पंचायत सदस्य का प्रत्याशी बनाया गया है। मैं जनता के बीच में जाकर अपनी बात बखूबी से रखूंगी मुझे आशा और विश्वास है कि मैं बाजार अतरिया क्षेत्र के मतदाता मेरी बातों को सुनेंगे।



**राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएंगे**

बाजार अतरिया क्षेत्र क्रमांक 8 के प्रत्याशी जमुना नरेश कुर्रे सरल सहज स्वभाव के धनी है श्रीमती कुर्रे ने कहा कि मैं जनता के बीच में जाकर क्षेत्र में पेयजल, प्रधानमंत्री आवास महतारी वंदन योजना के जिन हितगाहियों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उसे चुनाव के बाद चालू कराने का भरपूर प्रयास करेंगे और क्षेत्र के मतदाता महिला बुजुर्ग युवा साथियों का सहयोग आशीर्वाद भी मिल रहा है। जमुना नरेश कुर्रे पूर्व में ग्राम पंचायत जोरातरई में सरपंच के पद पर भी रही है। उन्होंने अपने कार्यकाल में ग्राम जोरातरई में विभिन्न कार्य कराई है। जिसका सीधा फायदा भी उन्हें जिला पंचायत के चुनाव में मिल सकता है। जमुना नरेश कुर्रे ने यह भी बताया क्षेत्र क्रमांक 8 बाजार अतरिया में 23 पंचायत व 43 गांव शामिल है। जो ग्राम काचरी से प्रारंभ होकर ग्राम भोथी में समाप्त होगा

> ■ राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर जनता तक जायेंगे
> ■ जनता का मिल रहा भरपूर आशीर्वाद

**कार्यकर्ताओं की हो रही लगातार बैठक**

बाजार अतरिया क्षेत्र में जमुना नरेश कुर्रे के द्वारा नाम अधिकृत होने के बाद रोज भाजपा के कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के मतदाताओं से रूबरू हो रहे है। चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद क्षेत्र क्रमांक 8 में जोर शोर से प्रचार प्रचार चालू किया जाएगा और राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक भली भांति रूप से पहुंचाने व जनता को समझाने का प्रयास करेंगे और हमारी जीत इस चुनाव में जरूर होगी क्षेत्र के मतदाताओं का भरपूर स्नेह प्यार आशीर्वाद लगातार मिल रहा है।

## मीडियाकर्मियों को ईव्हीएम मशीन के संबंध में दी जानकारी



**डोंगरगढ़,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम मशीन के सम्बंध में मीडियाकर्मियों को विस्तार से जानकारी दी गई । इस दौरान निर्वाचन अधिकारी मनोज मरकाम , पुलिस अनु विभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम ,तहसीलदार मुकेश ठाकुर ,मास्टर ट्रेनर डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, विजय भारद्वाज भेल सिंह वर्मा, अशोक साहू, मोहन साहू उपस्थित थे। अधिकारियों ने ईव्हीएम मशीन के संबंध में जानकारी साझा करते हुए बताया कि किस तरह से इस नगरी निकाय चुनाव में ईव्हीएम मशीन का इस्तेमाल किया जाना है। नगर पालिका डोंगरगढ के अध्यक्ष एवं पार्षद चुनाव ईव्हीएम मशीन के माध्यम से होना है। रिटर्निंग आफिसर ने ईव्हीएम मशीन का डेमोस्ट्रेशन कर जानकारी देते हुए बताया कि इस चुनाव में मतदाता के द्वारा अध्यक्ष व वार्ड पार्षद दोनों प्रत्यासी को एक ही मशीन पर वोट किया जा सकता है। जिसमे मशीन के ऊपर साईड पर अध्यक्ष प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह के साथ छ बटन दिया गया है जिसे चुनकर मतदाता अध्यक्ष के लिए अपना वोट कर सकता साथ ही उसके नीचे एक नोटा का बटन दिया गया है। फिर नीचे साइड पर संबधित वार्ड के पार्षद प्रत्याशीयो के चुनाव चिन्ह के साथ बगल में बटन दिया गया जिसपर बटन दबाकर मतदाता अपने पसंदीदा पार्षद प्रत्यासी का चुनाव कर सकता है। अगर मतदाता किसी भी प्रत्याशी पर वोट नही करना चाहता तो इस पर भी नोटा का विकल्प दिया गया है अगर मतदाता अध्यक्ष या पार्षद दोनों ही प्रत्याशी पर अपना वोट नही करना चाहता हो तो सबसे नीचे इंड का बटन दिया है जिसे दबाने पर ही वोटिंग पूर्ण हो पाएगी। निर्वाचन अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया गया कि इसी तरह मतदाताओं को भी ईव्हीएम मशीन के इस्तेमाल की जानकारी उपलब्ध कराए जाने के लिए सभी बूथों पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है ताकि आम मतदाताओं को वोटिंग करते समय किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## नपं माना कैंप के अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत लेखाओं का व्यय प्रेक्षक ने किया परीक्षण



**रायपुर,** 5 फरवरी। नगरीय निकाय निर्वाचन के मद्देनजर व्यय प्रेक्षक सुशील गजभिये ने नगर पंचायत माना कैंप के लिए गठित व्यय अनुवीक्षण व लेखा परीक्षण टीम के साथ कार्यालय नगर पंचायत माना कैंप की व्यय अनुवीक्षण सेल में अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम परीक्षण तिथि को प्रस्तुत किए गए लेखाओं की जांच की। इस दौरान व्यय प्रेक्षक श्री गजभिए ने व्यय अनुवीक्षण टीम को उचित रीति से अभ्यर्थियों द्वारा लेखा लिए जाने के निर्देश दिए।

### कैपिटल जोन का शेष...

## सुरक्षा के साथ खदान संचालन में ...

खदानों के रखरखाव और कार्य-निष्पादन का आकलन किया जाता है।

वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विश्रामपुर में किया गया, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में गारे पेलमा सेक्टर तीन, कोयला खदान को विविध पुरस्कार प्राप्त हुए। ओवरऑल ग्रुप ई (उत्पादन क्षमता 3 मिलियन टन से 5 मिलियन टन तक) में प्रथम, इंजीनियरिंग एक्सेवेशन में प्रथम, सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान में प्रथम, डस्ट सप्रेशन में द्वितीय, इल्यूमिनेशन (मांइस में लाइट की व्यवस्था) में द्वितीय, एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) में द्वितीय, गारे पेलमा सेक्टर तीन कोयला खदान द्वारा प्रदर्शित एक्सीबिशन एवं स्टॉल हेतु द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। ओवरऑल ग्रुप ई (उत्पादन क्षमता 3 मिलियन टन से 5 मिलियन टन तक) की श्रेणी में गारे पेलमा सेक्टर तीन कोयला खदान को विगत चार वर्षों से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो रहा है, जो कि सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस. के. कटियार, कार्यपालक निदेशक श्री एम. आर. बागड़े द्वारा ये पुरस्कार पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह को सौंपे गये। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी परिवार के लिए गौरव का विषय है। हमारी टीम की मेहनत, प्रतिबद्धता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता ने हमें इस सम्मान तक पहुंचाया है। सुरक्षा हमारे संचालन की प्राथमिकता है और हम हमेशा अपने खनिकों के सुरक्षित कार्य वातावरण को सुनिश्चित करने के लिये प्रयासरत रहेंगे। श्री सिंह ने पूरी टीम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये बधाई दी और भविष्य में इसी समर्पण के साथ आगे बढ़ने की आशा व्यक्त की है। वहीं श्री कटियार ने कहा है कि सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता उच्च कोटि की है। इसे बनाये रखने के लिए उत्पादन कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयास जारी रहेंगे।

## भव्य मड़ई मेला में छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी और चौसर प्रतियोगिता में शामिल हुए कल्पना योगेश तिवारी

**बेमेतरा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। विधानसभा के नगर पंचायत भिभौरी में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य मड़ई मेला में कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी और उनकी पत्नी कल्पना तिवारी सहित सपरिवार शामिल हुए।



योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवा शक्ति का प्रतीक है, जो व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ समाज में एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान योगेश तिवारी ने विजेता टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस तरह के खेल आयोजन महत्वपूर्ण हैं और खेल के माध्यम से अनुशासन, धैर्य और आत्मनिर्भरता को विकसित किया जा सकता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और ग्रामीणजन उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से जशिमन्दर सिंह सिंधु, लखन चक्रधारी, राजेंद्र वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, अमर साहू, दिनेश पाटिल, रमेश पाटिल, मोतीलाल साहू, चंद्रहास वर्मा, अजय शर्मा, राजू साहू, राजेश पाल, चंद्रविजय धीवर, मेहतर साहू, लोकेश सिन्हा, सोमेश पाटिल, विक्रम साहू, खिलेश्वर साहू, विजय धीवर, रवि वर्मा, राहुल साहू, शीतल साहू, सेवाराम पाठक, लेखराम साहू, लिकेश साहू, चिरंजीत धीवर, परस यदु, सौरभ साहू, गजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने योगेश तिवारी जी का भव्य स्वागत किया और उनके प्रेरणादायक विचारों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

## व्यय प्रेक्षक ने किया अभ्यर्थियों के लेखाओं की जांच



**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। व्यय प्रेक्षक श्री सुशील गजभिये द्वारा दिनांक नगर पालिका परिषद अभनपुर के लिए गठित व्यय अनुवीक्षण व लेखा परीक्षण टीम का निरीक्षण कार्यालय नगर पालिका परिषद अभनपुर में व्यय अनुवीक्षण सेल में किया अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम परीक्षण तिथि को प्रस्तुत किए गए लेखाओं की जांच की गई। लेखा जांच हेतु निर्धारित तिथि को इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री उत्रसेन गहिरवारे और भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री शिवनारायण बघेल उपस्थित नहीं हुए अतः अध्यक्ष पद के दोनों प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया गया था। 04 फरवरी को कार्यालयीन समय शाम 5:30 तक 24 घण्टे के अंदर भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी उपस्थित हो गए किन्तु इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री उत्रसेन गहिरवारे लेखा जांच के लिए उपस्थित नहीं हुए। अतः व्यय प्रेक्षक श्री गजभिए द्वारा उन्हें पुनः नोटिस जारी करने हेतु व्यय लेखा दल को निर्देशित किया गया। साथ ही व्यय अनुवीक्षण टीम को उचित रीति से अभ्यर्थियों द्वारा लेखा लिए जाने के निर्देश दिए गए।

### निधन

**आशा देवी पंजवानी**



**रायपुर,** 5 फरवरी। अवंती बिहार, कविता नगर निवासी श्रीमती आशा देवी पंजवानी का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे भोजराज पंजवानी की पत्नी, दीपक, महेश, प्रियेश पंजवानी की माता एवं गगन, मनोज पंजवानी की भाभी थी।

**लक्ष्मीनाथ ठाकुर**



**दुर्ग,** 5 फरवरी। शिक्षक नगर निवासी लक्ष्मीनाथ ठाकुर पिता केदार नाथ ठाकुर का आज शाम आकस्मिक निधन हो गया । वे 67 वर्ष के थे। श्री ठाकुर जिला भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व शहर अध्यक्ष रह चुके थे। श्री ठाकुर बाबूलाल ठाकुर के अनुज तथा राम नारायण, लोचन, दीपक उमरे के चाचा थे।

# म्यूल बैंक अकाउंट पर कार्रवाई जारी, 13 एजेंट-ब्रोकर गिरफ्तार

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। साइबर ठगी के लिए बैंक अकाउंट खुलवाने और ऑपरेट करने वाले आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के निर्देशानुसार रेंज साइबर थाना रायपुर द्वारा की गई जांच में अब तक कुल 85 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मंगलवार को पुलिस ने 13 और एजेंट.ब्रोकरों को गिरफ्तार किया जन पर म्यूल अकाउंट के जरिए साइबर ठगी की रकम को ट्रांसफर करने का आरोप है।




**10 स्थानों पर छापेमारी करोड़ों की ठगी का शक :** पुलिस के अनुसारए पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर 10 अलग.अलग स्थानों पर छापेमारी की गईए जिसमें 13 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ये आरोपी ठगी की रकम को बैंक खातों के माध्यम से इधर.उधर करने और ऑपरेट करने में शामिल थे।

**अब तक 85 आरोपी सलाखों के पीछे**

**गिरफ्तार आरोपियों की सूची :** अजय सोनी 27 वर्ष टिकरापारा, राहुल वर्मा 19 वर्ष गुढ़ियारी, पारूल वर्मा 25 वर्ष खमतराई, नीलकंठ साहू 33वर्ष गुढ़ियारी, शुभम शर्मा 25 वर्ष खम्हारडीह, विरेन्द्र पटेल 28वर्ष खमतराई, हरमित सिंह मक्कड़ 24 वर्ष बिरगांव, राजेश निषाद 30वर्ष गुढ़ियारी, रिजवान खान 25वर्ष टिकरापारा, साकेत सिंह ठाकुर 23 अवंति विहार, विजय टेकचंदानी 35वर्ष बिलासपुर, संदीप साहू 21 नयापारा, अमित देवांगन 20 नयापारा

**जेल भेजे गए आरोपी :** गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि आगे भी जांच जारी रहेगी और इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**क्या है म्यूल बैंक अकाउंट :** म्यूल अकाउंट वे बैंक खाते होते हैं जो ठगी से प्राप्त राशि को ट्रांसफर करने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। इन्हें संचालित करने वाले व्यक्ति साइबर अपराधियों के लिए बैंकिंग नेटवर्क का हिस्सा बनकर धोखाधड़ी को बढ़ावा देते हैं।

# पुलिस ने चाकूबाजों की निकाली हेकड़ी



**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर की पुलिस ने आज सभी चाकूबाजों की इकट्ठे क्लास ली ह पुलिस ने क्राइम ब्रांच थाने में कुल 50 नए और पुराने सभी चाकूबाजों को लाकर उनसे उठक.बैठक और पुश.अप कराकर उनकी हेकड़ी निकाली दी है इस दौरान पुलिस ने बदमाशों को शहर में मारपीट या चाकूबाजी न करने और शहर में शांती रखने की सख्त चेतावनी दी है प्रदेश में आगामी निकाय चुनाव और होली त्यौहार को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है वहीं त्यौहारों और चुनाव के साथ ऐसी आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए रायपुर पुलिस लगातार बदमाशों की क्लास ले रही

**उठक-बैठक कराकर शांति बनाए रखने की दी चेतावनी**

# मोबाइल वाहन चालकों पर कोर्ट ने लगाया 40 हजार का जुर्माना

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु यातायात पुलिस लगातार नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 01 फरवरी को शहर के प्रमुख मार्गो पर बगैर परमिट के मोडिफाई वाहन में यातायात को बाधित करते हुए आम रोड पर व्यवसाय करने वाले मोबाईल विक्रेता वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान कार्यवाही करते हुए 06 वाहनों को जप्त कर प्रकरण निराकरण के लिए माननीय न्यायालय भेजा गया था जहाँ माननीय न्यायालय द्वारा उक्त सभी 06 मोबाईल विक्रेता वाहनों के विरूद्ध मोटरयान के प्रावधानों के तहत 40,000 हजार रूपये का भारी भरकम जुर्माने से दण्डित किया गया। कुछ व्यापारियों द्वारा छोटे मालवाहक वाहन को बिना परिवहन विभाग से परमिट लिऐ बिना वाहनों को मोडिफाई कर शहर के व्यस्ततम मार्गो में लापरवाही पूर्वक नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर व्यवसाय किया जा रहा था जहाँ मोबाईल कवर खरीदने के दौरान ग्राहकों द्वारा रोड पर वाहन खड़ी करने से सामान्य यातायात बाधित हो रहा था एवं दुर्घटना की आशंक बनी भी हुई थी जिसे तत्काल यातायात पुलिस द्वारा उक्त वाहनों के विरूद्ध जप्ती की कार्यवाही करते हुए पंचनामा तैयार कर प्रकरण निराकरण के लिए न्यायालय भेजा गया




# प्रेमिका शादी के लिए बना रही थी दबाव कर दी हत्या

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने अमलेश्वर के खम्हारिया खार से मिली युवती की लाश के मामले को सुलझा लिया है चूकि मृतिका प्रेमी युवक पर शादी करने के लिए लगातार दबाव बना रही थी इसलिये उसने योजना बना कर उसकी हत्या कर दी पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया बताया गया कि 31 जनवरी को प्रार्थी गंगा के द्वारा अपनी भांजी कुरचना सोना के अपने घर गीता नगर से कहीं चली गई है और नहीं मिल रही है कि सूचना पर तत्काल गुम इंसान दर्ज कर जांच कार्यवाही में लिया गया मामले की गंभीरता और मामला महिला संबंधी होने से तत्काल आसपास के क्षेत्रों के फुटेज और तकनीकी आधार पर और आसपास के लोगों से बारीकी से पूछताछ कर गुम इंसान की बरामदगी और किसी अनहोनी घटना होती है तो कठोर से कठोर कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त होने तत्काल फुटेज और आसपास के लोगों से गहन पूछताछ करने पर संदेही विवेक के ऊपर संदेह हुआ। जिसे पूछताछ करने पर 2 दिनों तक गुमराह करते रहा जिससे लगातार पूछताछ किया गया अंततः टूट कर अपना जुर्म कबूल किया और बताया कि मृतिका रचना सोना से प्रेम सम्बन्ध था और मेरी शादी किसी और लड़की से हो रही थी जिस से नाराज थी और बार बार शादी करने का दबाव बनाती थी और नहीं करने पर जेल भेजने की धमकी देती थी और बार बार मिलने बुलाती थी । जिससे परेशान होकर 30 जनवरी की दोपहर 1. 2 बजे के बीच हत्या करने की नीयत से प्लान बनाकर अनुपम गार्डन के पास बुलाया और अपने वाहन एक्टिवा में बैठाकर घूमने चलते है बोलकर थाना अमलेश्वर के खमहरिया के खार के एक झोपड़ी में ले गया जहां पर पुनः मृत्तिका के द्वारा शादी करने और शादी नहीं करने पर जेल भेजने की धमकी दी। जिस से मौका देखकर दोनों हाथों से गला दबाया जिसके उसकी मृत्यु हो गई और वहां से भाग के आ गया। आरोपी की निशानदेही पर मृत्तिका के शव को अमलेश्वर के खमहरिया खार से बरामद किया गया और फॉरेंसिक की टीम से भी मौके पर प्रारम्भिक परीक्षण कराया गया आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



**आरोपी युवक पुलिस की हिरासत में**

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की बिक्री करते युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियो थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत भोईपारा स्थित सुलभ के पास दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी करते हुये चिन्हांकित किया गया। व्यक्ति से बात करने का प्रयास करने पर वह भागने लगा जिसे टीम के सदस्यों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया।



पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शशांक पाण्डेय उर्फसेम निवासी रायपुरा डी डी नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके एक्टिवा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन की डिक्की में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया। शशांक पाण्डेय उर्फसेम से उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था।

जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी शशांक पाण्डेय उर्फसेम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 220 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बिक्री रकम 18 000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन क्रमांक सी जी 04ध्पी बी 4311 जुमला कीमती लगभग 50 000ध्. रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# ई-रिक्शा की लूट, 4 आरोपी हिरासत में

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)।2 फरवरी को रात्रि करीबन 09.00 प्रार्थी सालिक राम केवर्त पिता भागबली केवर्त उम्र 34 वर्ष निवासी मस्जिद के पास बंजारी नगर रावांभाठा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने ई रिक्शा को चलाते हुये रेल्वे स्टेशन रायपुर से रावांभाठा अपने घर जा रहा था प्रार्थी जैसे ही डी आर एम आफिस के पास पहुंचा था उसी समय तीन अज्ञात लड़के प्रार्थी के आटो को आते देख रोका और प्रार्थी को मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट कर प्रार्थी के ई रिक्शा क्रमांक ब्लुट कर ले गये आरोपीगण एक दुसरे का नाम मोंटी शेखर हुलेश कहकर बोल रहे थे कि प्रार्थी कि रिपोर्ट पर धारा 309 ;6द्ध बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि तीन व्यक्ति शमशान घाट के पास संयासी पारा खमतराई में ई रिक्शा के पार्ट को अलग. अलग कर बेचने के फिराक में है कि मुखबीर के बताये स्थान पर दबिश देकर तीन व्यक्तियो को पकड़कर नाम पता पूछने पर आदित्य उर्फमोन्टी सोना शेखर वर्मा हुलेश सागर बताये कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना में प्रार्थी सालिक राम केवर्त के साथ मारपीट कर इनके ई रिक्शा को एक विधि के साथ संघर्षरत् बालक के साथ लूट करना बताये। आरोपियो के कब्जे से ई रिक्शा 100000 रूपये को बरामद कर कार्यवाही किया गया।




# बालको एवं वृद्धजनों के लिए बनेगा एक और आश्रय स्थल : डॉ. रमन



**बाल आश्रम के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर नवीन भवन का लोकार्पण**

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बाल आश्रम के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर नवीन भवन का लोकार्पण बुधवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डाण्रमन सिंह ने इस बात पर प्रसन्नता जतायी जब उन्हे संस्था की ओर से अवगत कराया गया कि बच्चों व वृद्धजनों के लिए एक और आश्रय स्थल बनाया जायेगा। उन्होने कहा कि जो भी सहयोग उनसे बनेगा करेंगे बल्कि मुख्यमंत्री से भी आग्रह करेंगे सहयोग प्रदान करने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुप में उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी एक . दो संस्था ही हैं जिसने अपनी स्थापना के 100 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किए हों । इस संस्था के संस्थापक सदस्यों महंत लक्ष्मी नारायण दास जीए माधवराव सप्रे जीए सेठ शिवदास डागा सेठ बालकृष्ण नत्थानी इत्यादि ने इस संस्था की नींव रखी संस्था प्रारम्भ में आर्थिक रुप से सुदृंढ नहीं थी इसलिए छत्तीसगढ़ के पारम्पिक परम्परा छेर.छेरा का अनुगमन करते हुए दान इत्यादि एकत्र कर संस्था का संचालन किया जाता था। इस संस्था में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी एवं प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी के चरण पड़े हैं। यह संस्था मंदिर के समान पवित्र है और मैं तो यह कहूँगा कि यह मात्र एक संस्था नहीं है बल्कि एक आंदोलन है। विशेष अतिथि सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि यह संस्था निरंतर आगे बढ़ते हुए ऐसे बच्चों का पालन पोषण कर रही है जो माता.पिता विहिन है। संस्था में ऐसे बच्चों को आश्रय देकर उनका सर्वांगीण विकास किया जाता है। लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हूँ यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित राजेश्री महंत डा रामसुंदर दास अपने उद्बोधन में कहा कि यह संस्था 100 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई थी उस समय एक मजदूर परिवार में माता.पिता की सड़क दुघर्टना में मृत्यू हो गई थी जिनके बच्चों को आश्रय देने के लिए इस संस्था की स्थापना हुई थी। यह संस्था जिसका स्वण् महंत लक्ष्मी नारायण दास जी ने एक छोटे से पौधे के रुप में बीजारोपण किया था वह आज एक विशालकाय वृक्ष के रुप में परिवर्तित हो चुकी है जिसकी छाया में सैकड़ों.हजारों बच्चें रह चुके हैं एवं अपना भविष्य सफल बना चुके हैं। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अजय तिवारी गोकुल दास डागा ए श्री देवीचंद श्रीश्रीमाल डॉ कमलेश्वर अग्रवाल मदन लाल तालेड़ा रुपचंद श्रीश्रीमाल नरेशचंद्र गुप्ता विजय दानी डॉ सुरेश शुक्ला राजकिशोर नत्थानी गोवर्धनदास डागा निखिल अम्बिलकर हरिवल्लभ अग्रवाल आदि उपस्थित थे। संस्था के सदस्य नरेशचंद्र गुप्ता ने मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह को यह जानकारी दी कि निकट भविष्य में बाल आश्रम समिति के द्वारा एक ऐसी संस्था प्रारम्भ करने की योजना है जिसमें बालक एवं वृद्धजनों को संयुक्त रुप से आश्रय एंप संरक्षण प्रदान किया जा सकेण्बाल आश्रमए राष्ट्रीय विद्यालय एवं पी जी डागा कन्या महाविद्यालय द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट स्वरुप प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। डॉ रमन सिंह ने बाल आश्रम के बच्चों को भी अपना आर्शीवाद प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में बाल आश्रम समिति के सचिव राजकिशोर नत्थानी न आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ऑनलाइन शॉपिंग में धोखाधड़ी

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। ऑनलाइन खरीदारी करते समय अब ग्राहकों पर एक नए तरह की धोखाधड़ी के शिकार होने का खतरा मंडरा रहा है। पुलिस के उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक रोजाना लगभग 10 लोग ऐसे धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। हाल ही में वालफोर्ट इंक्लेव पचपेड़ी नाका में एक ऐसा मामला सामने आयाए जिसमें सास्वत सुराना नामक आवेदक ने अपने रिपोर्ट में बताया गया कि उनकी साथी प्रियंका जैन ने फेसबूक के माध्यम से ऑनलाइन सामान का ऑर्डर दिया था।

प्रियंका जैन ने जिस वेबसाइट पर ऑर्डर दिया था। वह नकली माल और धोखाधड़ी का जरिया निकला। जब खरीदे गए सामान में कोई गलती या असुविधा होने पर उसे वापस करने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की गईए तो आरोपी जो मोबाइल फोन धारक थाए उन्होंने एक लिंक भेजा। इस लिंक पर क्लिक करने के बाद प्रियंका जैन के स्टेट बैंक खाते से तुरंत 50000 रुपए काट लिए गए। घटना के बारे में जानकारी मिलते ही वालफोर्ट एन्क्लेव पचपेड़ी नाका स्थित पुलिस थाने में सास्वत सुराना ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपी के संपर्क और लेन.देन की पूरी जांच.पड़ताल की है। जांच अधिकारियों के अनुसारए यह मामला ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक नया उदाहरण हैए जिसमें सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर ग्राहकों के खातों से सीधे धन की हेरफेर की जाती है।

**लिंक पर क्लिक करते ही खाते से उड़े 50 हजार**

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि ऑनलाइन शॉपिंग करते समय ध्यानपूर्वक वेबसाइट और उससे जुड़े लिंक की सत्यता की जाँच करें। किसी भी अनजान स्रोत से प्राप्त लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी विश्वसनीयता का पुष्टि कर लें। बैंक खातों की सुरक्षा के लिए दो.स्तरीय प्रमाणीकरण का उपयोग करने की सलाह दी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सास्वत सुराना के नाम से भी जुड़ा हुआ बताया जा रहा हैए परंतु जांच के परिणाम आने तक आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है।

सभी नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की गई है। यह मामला ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते प्रचलन के साथ.साथ धोखाधड़ी के नए तरीकों पर ध्यान देने का एक उदाहरण बन चुका है। पुलिस द्वारा इस दिशा में सख्त कार्रवाई की जा रही हैए ताकि भविष्य में ऐसे मामलों को रोका जा सके। लोगों के वित्तीय नुकसान को कम किया जा सके।

## धारदार चाकू के साथ आरोपी पकड़ाया

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व चाकुबाजो के ऊपर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकूबाज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि प्रहलदवा तालाब पार में एक लड़का पीला बाउ नाम का ग्रे चेक दार शर्ट व नीला जींस पहना है। जो अपने पास अवैध रूप से चाकू रख कर संदिग्ध रूप से घूम रहा है। की सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटनास्थल पर रवाना हुआ मुखबिर के बताए अनुसार लड़का घटना स्थल पर खड़ा था पुलिस को देख भागने की कोशिश की किंतु पुलिस के तत्परता से आरोपी भागने में असफल रहा।आरोपी का तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से एक नग लोहे का चाकु रखे मिला आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।

# गांजा तस्करी करते महिला सहित 2 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत नर्मदापारा स्थित गुप्ता गेस्ट हाउस के एक कमरे में कुछ व्यक्ति ठहरे है जो अपने पास गांजा रखें है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त गेस्ट हाउस में जाकर गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 03 में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान कमरे में 01 महिला एवं 01 पुरूष सहित 02 व्यक्ति उपस्थित थे जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद जावेद एवं नूरजहां निवासी गाजियाबाद उ.प का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी मोहम्मद जावेद एवं नूरजहां को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 21.610 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 2,15,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। एक अन्य मामलें में



उल्टा पुल्टा

बेटा- पापा आप अंधेरे से डरते हैं?
पापा- नहीं बेटा
बेटा- बादल, बिजली और शेर से
पापा- बिल्कुल नहीं!

बेटा- इसका मतलब है आप मम्मी को छोड़कर किसी से भी नहीं डरते हैं.

# कांग्रेस-भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में महिलाओं पर खास मेहरबानी, स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों पर भी फोकस

## भाजपा का घोषणा पत्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने, कांग्रेस का घोषणा पत्र पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया जारी

**दुर्ग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। दुर्ग नगर निगम चुनाव के लिये आज कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों ने अपने अपने चुनावी घोषणा पत्र जारी किये। दोनों ही दलों ने अपने अपने घोषणा पत्रों में महिलों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्राथमिकता से निराकरण करने का भरोसा दिया है। इसके अलावा स्कूल कालेज की छात्र छात्राओं के लिये विविध सुविधाएं बढ़ाने का भी वादा किया है। कांग्रेस व भाजपा दोनों ही के घोषणा पत्रों में समाज के सभी वर्गो को लोकलुभावन वादों से रिझाने की कोशिश की गई है। कांग्रेस का घोषणा पत्र राजीव भवन में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरूण वोरा प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल



### शहर के प्रत्येक वार्ड में खुलेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र : कांग्रेस

कांग्रेस के 34 सूत्रीय घोषणा पत्र में महिलाओं की सुरक्षा, स्कूली व कालेज की छात्राओं को फ्री सेनेटरी पेड देने, स्कूल कालेजों में हर तरह की बेहतर सुविधाएं देने, घाटों व तालाबों में महिलाओं के लिये चेंजिंग रूम बनाने, शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिलाओं के लिये प्रसाधन की व्यवस्था करने, महिलाओं की सुरक्षा के लिये पुलिस कंट्रोल रूम की स्थापना करने, पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य बैठाते हुए सभी चौक चौराहों व स्कूल कालेज के पास सीसीटीवी कैमरा लगाने कन्या विवाह के लिये सभी नगरीय निकायों में नि:शुल्क सामुदायिक भवन उपलब्ध कराने, महिला स्वसहायता समूहों को रोजगार देने विशेष पहल करने व सभी वार्डो में आंगनबाड़ी केन्द्रों ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤



### नजूल भूमि पर मालिकाना हक देगी : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सरोज पाण्डेय ने घोषणा पत्र जारी करते हुए नजूल भूमि के लिये नया कानून बनाने बनाकर पट्टाधारियों को भू स्वामी हक देने का वादा किया है। महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्ति पर संपत्ति कर पर 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। प्रतिमाह 7 तारीख से पूर्व संपत्ति कर पटाने वालों को 10 प्रतिशत की विशेष रियायत दी जायेगी। इसके अलावा यूजर चार्ज के युक्तिकरण एवं प्रत्येक नगर निगम के व्यवसायिक केन्द्रों में बिजली सड़क शौचालय एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था का वादा भी किया गया है। स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिये बर्तन बैंक की स्थापना करने, स्कूल कालेज की महिलाओं ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# जैन संत कल्पज्ञ सागर के देवलोक गमन महाप्रयाण डोल यात्रा में प्रदेशभर से जुटे जैन समाज के लोग



**दुर्ग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। दुर्ग जैन संत श्री कल्पज्ञ सागर जी महाराज का कल रात्रि 7 बजे निजी चिकित्सालय में देवलोक गमन हो गया वे विगत कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे थे।

आज उनकी महाप्रयाण डोल यात्रा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से गुरु भक्त परिवार अंतिम विदाई देने बड़ी संख्या में जैन समाज के अनुयाई पहुंचे थे।

खतरगक्ष आचार्य श्री जिन मनोज्ञसुरी महाराज के शिष्य रत्न दुर्ग जैन संध के गोरव तपस्वी स्वध्यायी वयोवृद्ध संत कल्पज्ञ सागर विगत कुछ वर्षों से दुर्ग नगर में विराजमान थे। आज शीतलनाथ जैन मंदिर पदमनाभपुर से महाप्रयाण यात्रा प्रारम्भ हूई जो पटेल काम्प्लेक्स सुराणा कालेज रविशंकर स्टेडियम बस स्टेंड फरिश्ता काम्प्लेक्स होटल मान होते हुए हरना बांधा मुक्ति धाम पहुंची जहां उनके सांसारिक पुत्र निमेश छाजेड़ एवं परिवार जनों ने मुखाग्नि दी ।

राजस्थान की भुमि बलेवाजिला बाड़मेर में जन्म लेने वाले किशन लाल छाजेड़ की प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान में ही हुई कुशाग्र बुद्धि के धनी किशन लाल छाजेड़ अपने परिवार का पालन पोषण करने दुर्ग आ गए और संघर्ष करते हुए ठेकेदारी का व्यवसाय प्रारंभ किया ओर अपने

**शहर के जैन प्रतिष्ठान रहे बंद**

परिवार के सदस्यों को पढ़ाई लिखाई कराकर योग्य बनाया । वे एक पुत्र ओर तीन पुत्री सहित भरा.पुरा परिवार पीछे छोड़ गए । उनके पिता प्रताप चंद और माता देमीबाई थे।

धर्मसभा में संतों ने दिवंगत को श्रद्धासुमन किया अर्पित

उपाध्याय प्रवर महेंद्र सागर एवं मनीष सागर महाराज के सानिध्य में आज दोपहर 2.30 बजे श्री सुधर्म जैन पोषध शाला में श्रद्धा सुमन अर्पित करने गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया जिसे संत उपाध्याय महेंद्र सागर मनीष सागर साध्वी दर्शन प्रभा ने धर्म सभा को संबोधित किया।

संत महेंद्र सागर महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा अपनी कही बातों पर हमेशा अडिग रहना कल्पज्ञ सागर का स्वभाव था जीवन के अंतिम पड़ाव में भी समता भाव में समाधि में लीन हुए ।

संत मनीष सागर महाराज ने कहा मनुष्य के न रहने पर हम उसे याद करते हैं और अपनी आत्मा को भी हम उसके जाने के पश्चात ही महसूस करते हैं संम भाव में में रहते हुए अपनी आत्मा के लिए जीना अपनी आत्मा के लिए कर्म करना जीवन का एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए जब मनुष्य जीवन के अंतिम पड़ाव की ओर रहता है तब उसे धर्म की महिमा का मर्म समझ आता है साध्वी दर्शन प्रभा ने कहा आज हम संत कल्पज्ञासागर महाराज की गुणानुवाद करने यहां उपस्थित हुए हैं हमें गुणानुवाद को गुणानुराग में बदलना है। जैन समाज के गणमान्य लोगों ने उनके गुणानुवाद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों का गुणगान किया। कार्यक्रम का संचालन का संतोष जैन ने किया।

# एटीएम फ्राड के एक नए तरीके का शिकार हुआ बीएसएफ जवान

**दुर्ग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। एटीएम में रुपए निकाल रहे हैं तो सावधान हो जाएं क्योंकि शातिरों ने एटीएम फ्रॉड का एक नया तरीका निकाल लिया है। दरअसल मोहन नगर थाना क्षेत्र में बीएसएफके एएसआई को दो शातिरों ने गुमराह कर उसका एटीएम हड़प लिया। जब तक बीएसफ का जवान समझ पाता उसके खाते से 19 हजार 400 रुपए निकल गए। इस मामले में बीएसएफके एएसआई की शिकायत मोहन नगर पुलिपु स ने धारा 318(4),3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**दो ठगों ने उसके एटीएम कार्ड से निकाल लिए 19 हजार 400**

मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफमें पदस्थ सहायक उप निरीक्षक दिनेश पाल सिह ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उसने अपनी शिकायत में बताया कि वर्तमान में उसकी ड्यूटी रेल्वे स्टेशन दुर्ग में लगी है। 3 फरवरी की सुबह करीबन 8 बजे उसने दीपक नगर स्थित एसबीआई से 4000 रुपए निकाले। इसके बाद दोबारा 10.10 बजे उसी एटीएम में रुपए निकालने पहुंचा तो उसके पीछे दो शख्स खड़े थे। दिनेश पाल ने दो हजार रुपए निकाले और इस दौरान एटीएम फंस गया। काफी निकालने के बाद भी एटीएम नहीं निकला। इस पर पीछे खडे व्यक्ति ने कहा कि एटीएम मशीन के उपर जो नंबर लिखा है उससे बात कर लो वह गार्ड का नंबर है। इसके बाद दिनेश पाल ने उक्त नंबर पर कॉल किया तो ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# आईएमए बेस्ट ब्रांच प्रेसिडेंट अवार्ड डॉ. राजू एवं एकेडमिक एक्सिलेंस अवार्ड डॉ. त्रिनाथ को मिला



**दुर्ग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा वर्ष2024 का बेस्ट लोकल ब्रांच प्रेसिडेंट अवॉर्ड डॉ. राजू भैसारे को दिया गया है । यह अवार्ड उन्हे छत्तीसगढ.राज्य आई.् एम.ए.के 20 वे दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आई.् एम.ए.सी जी कॉन .2025 में दिया गया है । इसका आयोजन आई एम ए दुर्ग भिलाई द्वारा दुर्ग में किया गया है । कार्यक्रम में नेशनल आई.एम.ए.प्रेसिडेंट डा.दिलीप भानुशाली, प्रोफेसर डॉ.रणदीप गुलरिया, पूर्व डायरेक्टर एम्स नई दिल्ली आदि उपस्थित थे।

यह अवॉर्ड डॉ.राजू भैसारे द्वारा सन 2024 में आईएमए दुर्ग शाखा द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यो हेतु दिया गया है । दुर्ग आईएमए को बेस्ट हाईटेक ब्रांच का भी अवार्ड प्राप्त हुआ। दुर्ग. भिलाई से डॉ.सुधीर शुक्ला को डॉ.एम. एल. राठी ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# हेमचंद विवि ने की वार्षिक परीक्षा की समय-सारिणी जारी

**दुर्ग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग द्वारा सत्र 2024-25 के अंतर्गत आयोजित हाने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर अमहाविद्यालयीन की परीक्षाओं के लिए समय-सारिणी घोषित की जा चुकी है। घोषित परीक्षाएं संबंधित परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न होगी। परीक्षार्थिओं की सुविधा हेतु समय-सारिणी वि.वि. की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। विस्तृत समय सारिणी हेतु परीक्षार्थी वि.वि. की अधिकृत वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षाएं तीन पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली की परीक्षाएं प्रात: 7 बजे से प्रारंभ होंगी, द्वितीय पाली की परीक्षाएं प्रात: 11 बजे तथा तृतीय पाली की परीक्षाएं दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होंगी।

# जितेन्द्र वर्मा बनाए गए दुर्ग जिला पर्यवेक्षक



**दुर्ग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु जिला पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने की है।

श्री वर्मा जिला पर्यवेक्षक के रूप में दुर्ग नगर निगम के अलावा कुम्हारी एवं अमलेश्वर नगर पालिका, उतई धमधा एवं पाटन नगर पंचायत और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद सदस्य पाटन, धमधा दुर्ग में चुनाव प्रचार की समीक्षा कर प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेगें।

### रमशीला साहू अमलेश्वर नपा चुनाव में समन्वयक नियुक्त

अमलेशवर नगर पालिका के चुनाव में प्रदेश की पूर्व मंत्री रमशीला साहू को समन्वयक बनाया गया है। इसके अलावा उपकार चंद्राकर एवं सुरेन्द्र साहू सहसमन्वयक बनाये गये है। उनकी नियुक्ति जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक द्वारा की गई है।

# महाकुंभ स्पेशल ट्रेन 10 फरवरी को दुर्ग से होगी रवाना

**दुर्ग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के लोगों को महाकुंभ यात्रा कराने रेलवे द्वारा लगातार स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी जा रही है। इसी कड़ी में दुर्ग व रायपुर से दो स्पेशल ट्रेनें अलग.अलग तिथियों में चलाई जाएंगी। एक ट्रेन इतवारी जंक्शन से भी चलाया जाएगा। दुर्गदु र्गसे गाड़ी संख्या 08767/08768 दुर्ग-टुंडला.दुर्ग महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08753/08754 रायपुर.टुंडला. रायपुर महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व गाड़ी संख्या 08863/08864 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी).टूण्डला.नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन की सुविसु धा दी जा रही है।

दुर्ग - टुंडला-दुर्ग महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का रायपुर, भाठापारा, उसलापुर,

**9 फरवरी को रायपुर से भी, शेड्यूल जारी**

पेंडरारोड, अनुपनु, शहडोल, उमरिया, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी , मैहर, सतना जंक्शन, माणिकपुर जंक्शन, प्रयागराजए फ्तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन, टुंडला रेलवे स्टेशनों में ठहराव की सुविधा दी जा रही है। इस कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 02 एसी टू, 09 थ्री, एसी थ्री, 02 स्लीपर, 01 एसएलआरडी, 02 सामान्य सहित 16 कोच के साथ चलेगी ।

08767 दुर्ग-टूण्डला कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन दुर्ग 10.40 बजे रवाना होकर रायपुर 11.20/11.25 बजे, भाटापारा 12.10/12.12 बजे, उसलापुर 13.20/13.30 बजे, पेंडरारोड 14.48/14.50 बज, अनुपपुर 15.30/15.35 बजे, शहडोल 16.19/16.24 बजे, उमरिया 17.22/17.24 बज, कटनी 19.35/19.45 बजे, मैहर 20.33/20.35 बजे, सतना 22.00/22.05 बजे, माणिकपुर 00.23/00.25 बजे, प्रयागराज 02.05/02.10 बजे, ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# दुर्ग जिला अस्पताल में बच्चों की अदला बदली के मामले का अब होगा डीएनए टेस्ट से निपटारा

**दुर्ग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। दुर्ग जिला अस्पताल में पिछले दिनों नवजात शिशुओं की अदला बदली के बहुचर्चित मामले का पटाक्षेप अब डीएनए टेस्ट के बार ही होगा। इस संबंध में न्यायपीठ बाल कल्याण समिति ने डीएनए टेस्ट का आदेश पारित करते हुए सिविल सर्जन जिला अस्पताल को आगे की कार्रवाई के लिये निर्देशित किया है।

उल्लेखनीय है कि लगभग दस-बारह दिन पूर्व जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में दो नवजात शिशु आपस में बदल गये। प्रसव के आठ दिन बाद कुरैशी परिवार को बच्चे के बदल जाने का संदेह हुआ। तब उन्होंने प्रशासन से शिकायत की। मामलों को लेकर कुरैशी व सिंह परिवार जिनके बच्चे बदले है के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। विवाद को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जांच समिति गठित की गई। जांच समिति ने जांच कर नियमानुसार जांच रिपोर्ट न्यायपीठ बाल कल्याण समिति को सौंप दी। इस पर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति ने डीएनए टेस्ट का आदेश पारित कर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन को आगे की कार्रवाई के लिये निर्देशित कर दिया है।

दरअसल मामला सिंह और कुरैशी परिवार से जुड़ा हुआ है। दोनों परिवारों की महिलाओं ने लगभग एक ही समय पर अस्पताल में शिशु को जन्म दिया था। अस्पताल के स्टाफने लापरवाही बरतते हुए नवजात बच्चों को कथित तौर पर गलत परिवारों को सौंप दिया। शुरुआत में किसी को इस अदला.बदली की भनक नहीं लगी लेकिन आठ दिन बाद जब कुरैशी परिवार को संदेह हुआ तब उन्होंने बच्चे की जन्म के समय की तस्वीरों की जांच शुरू की। जन्म के समय की तस्वीरों में बच्चा अलग दिखने पर परिवारों ने अस्पताल प्रशासन से शिकायत की और डीएनए टेस्ट कराने की मांग की।

# क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से की मुलाकात

**बेमेतरा**,5 फरवरी (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बसंत पंचमी के सुअवसर पर खारुन नदी के किनारे गोमची स्थित मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से मुलाकात की। यह जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ भाजपा के के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम पहुँचे थे। उन्होंने निवास रत वृद्धों से मुलाकात की। साथ ही आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का प्रत्यक्ष



अवलोकन किया।

मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ भाजपा के के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने वृद्ध जनों को संबोधित किया। श्री जामवाल ने कहा आज बसंत पंचमी के सुअवसर पर आप बुजुर्गों से मुलाकात कर मन प्रफुल्लित है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी भी उपस्थित थी।



# सेल-एनटीपीसी ने यूथ हॉस्टल को दी एंबुलेंस



**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया राउरकेला यूनिट को एनएसपीसीएल से एक एम्बुलेंस प्रदान की गई है। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर तहत यह पहल की गई है। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एनएसपीसीएल की पहल का स्वागत करते हुए इसे अनुकरणीय बताया है। राउरकेला इकाई के अध्यक्ष प्रताप कुमार स्वैन, उपाध्यक्ष जी.एन. श्रीवास्तव और संगठन सचिव सरोज पटनायक ने यह एम्बुलेंस प्राप्त की। जिसमें मनोज जौहरी और ओडिशा राज्य अध्यक्ष पी.एन.दवे का विशेष सहयोग व मार्गदर्शन रहा। राज्य शाखा अध्यक्ष सुनील विश्नोई, सतीश शुक्ला, हुकुमचंद जैन, शैलेश शुक्ला, वरुण जैन, चेयरमैन संदीप सेठ, के. सुब्रमण्यम एवं भिलाई इकाई के अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, चेयरमैन के.सुब्रमण्यम, सुबोध देवांगन ने सेल एनटीपीसी की इस पहल पर आभार जताया है। वाईएचएआई पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में बीएसपी और एनटीपीसी प्रबंधन का सहयोग मिलेगा। इस सराहनीय कार्य के लिए साधुवाद प्रेषित किया है।

# शासकीय भूमि को विक्रय करने वाले गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। प्रार्थिया क्षमा यदू 32वर्ष अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग द्वारा थाना भिलाई नगर 21 मार्च 2023 को लिखित शिकायत दर्ज कराई की खसरा न-5407/7 रकबा 0.023 हेक्टेयर जोन कमांक 2 वार्ड न-14 बाबादीप सिंह नगर से संबंधित जमीन की आवेदक मुकेश यावने को अनावेदक एन.धन राजु के द्वारा विक्रय किया गया एवं एन. धन राजु को उक्त जमीन अरविन्द के द्वारा विक्रय किया गया है। उक्त भूमि अभिलेख्खा अनुसार आम छावनी स्थित भूमि खसरा नं.-01 व 2 है जो उद्योग विभाग के नाम से दर्ज है कि रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में धारा 420, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक, सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के निर्देशन में थाना वैशाली नगर के धारा 420, 34 के विवेचना क्रम में 18 जुलाई 2021 को हरिश चन्द द्वारा खसरा क्रमांक-5407/3, 5407/4 रकबा 0.07, 0.09 हेक्टयर का छदम आदमी अरविन्द भाई के नाम पर पुरुषोत्तम 65 साल पता चिखली को खड़ा कर फर्जी पहचानकर्ता गवाह तिलकचंद 34 साल पता राजनांदगांव व खेमचन्द 28 साल राजनांदगांव को खड़ा कर स्वयं के नाम पर पावर आफ अटर्नि लिया। जिसमें पुरुषोत्तम, अरविन्द का फर्जी ड्रायविंग लायसेंस बनवाया। जो लायसेंस ईश्वर यादव के नाम पर पर दिखता है। बनाकर पॉवर आफ अटर्नि में लगाया। इस तरह कूट रचना कर हरिश राठौर द्वारा पॉवर आफ अटर्नि तैयार कर ऋण पुस्तिका हेमंत सोनवानी से 5000 रूपये में प्राप्त किया। प्रकरण में एन धनराजू तथा संतोष द्वारा हरिश से सम्पर्क कर उक्त दस्तावेजो के आधार पर स्वयं के नाम पर 10-10 लाख रूपये 20 जुलाई 2017 को रजिस्ट्री कराया। जिसकी कीमत प्रत्येक 10.10 लाख रुपये लेख किया गया। जिसमें से 5.5 लाख नगद भुस्वामी द्वारा 2011 से किस्तों में प्राप्त करना लेख किया गया है। बकाया राशि 5 लाख रूपये् एचडीएफसी बैंक भिलाई तथा चिखली से संतोष नाथ द्वारा चेक एन धनराजू द्वारा लेख किया है, जबकि एन धनराजू द्वारा मुल स्वामी अरविन्द भाई के खाते की जानकारी रजिस्ट्री में लेख नहीं की गयी है और न ही अब तक की विवेचना में किसी के अरविन्द या पुरूषोत्तम के खाते में भुमि के संबंध में पैसा देने संबंधी कोई प्रवृष्टि प्रस्तुत की है। आरोपी में अरविन्द भाई 65 छदम व्यक्ति अरविन्द की जगह पावर आफ अटर्नि देने हेतू उप पंजीयक के सामने खड़े होकर कुट रचित दस्तावेज प्रस्तुत करना तथा स्वयं को अरविन्द भाई होना बताया। धारा 420, 467, 468, 471,120 बी का आरोपी पाया गया। पावर ऑफ अटर्नि गवाहन तिलकचंद, खेमचन्द को धारा 120 बी का आरोपी पाया गया। हरिशचन्द सेक्टर 2, संतोष कुमार, दीपक, हेमन्त सोनवानी, टीकाराम महोब, संजय शर्मा कोटवार तलाश जारी है, संतोष नाथ, एन. धनराजू अग्रिम जमानत पर है।

# ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा



**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष संजय कुमार साहू के अध्यक्षता में सेक्टर 4 कार्यालय में किया गया। संयंत्र में कार्यरत ठेका समस्त श्रमिकों की समस्या एवं सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए चर्चा की गई। संयंत्र में 70 प्रतिशत से अधिक कार्य ठेका श्रमिकों द्वारा किया जा रहा है। उपाध्यक्ष मनोहर लाल ने कहा की यूनियन के प्रयास से संयंत्र के ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा चालू किया गया लेकिन अभी भी बहुत सी ठेका कंपनियों ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा नहीं करवाया गया है जिसके कारण ठेका श्रमिकों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसे 10 लाख का दुर्घटना बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है एवं 10 लाख का दुर्घटना बीमा को निरंतर जारी रखा जाए। बीएसपी प्रबंधन से मिलकर इस पर जल्द सभी ठेका श्रमिकों का बीमा करवाया जाए। प्रबंधन द्वारा संयंत्र के ठेका श्रमिकों को 3700 ए डब्ल्यू ए देने का निर्णय लिया है लेकिन अभी भी इंजीनियरिंग एस्टीमेट में ठेका होने के बाद भी ठेका कंपनियों ठेका श्रमिकों को 3700 नहीं दे रहे हैं। जिससे ठेका श्रमिकों में आक्रोश है। संयंत्र में कार्य ठेका श्रमिकों का गेट पास ठेका कंपनियों द्वारा 2 साल का ठेका होने के बाद भी गेट पास 3 महीना या 6 महीना या 1 साल के लिए बनाया जाता है। ठेका श्रमिकों की मांग है की 2 साल का ठेका होता है तो गेट पास 2 साल का बनाया जाए। अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों के सुविधाओं के बढ़ोतरी के लिए लगातार संयंत्र प्रबंधन से चर्चा की जा रही है एवं दुर्घटना बीमा और अन्य विषयों पर जल्द ही संयंत्र को ज्ञापन दिया जाएगा एवं ठेका श्रमिकों के वेतन में हो रहे शोषण को रोकने के लिए उचित कदम उठाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में सी पी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, आर दिनेश, मनोहर लाल, गुरुदेव साहू, जसवीर सिंह, डीपी खरे, जयराम ध्रुव, रिखी राम साहू, संतोष ठाकुर, सुरेश दास टंडन, कान्हा देवेंद्र कुमार कुलेश्वर, रामू, कृष्ण कुमार वर्मा, बलराम वर्मा कामता प्रसाद उपस्थित थे

# अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में लगा प्यूरीफायर




**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत कांकेर जिला स्थित अनुसूचित जनजाति के दो छात्रावासों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वाटर प्यूरीफायर स्थापित किया। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने 21 नवंबर 2024 को अपनी समिति के सदस्यों के साथ संयंत्र का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने संयंत्र द्वारा अनुसूचित जनजाति के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। आयोग के सचिव ने संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कांकेर जिले के दो छात्रावासों पूर्व माध्यमिक कन्या छात्रावास, अलबेला पारा और आदिवासी कन्या आश्रम, सिंगारभाट, डूमर पारा में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। संयंत्र प्रबंधन ने अनुरोध पर विचार कर तत्काल कार्रवाई करते हुए सीएसआर अधिकारियों को दोनों छात्रावासों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद दोनों छात्रावासों में 50 लीटर क्षमता वाले एक्वागार्ड वाटर प्यूरीफायर लगाने का निर्णय लिया गया। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा दोनों छात्रावासों में वाटर प्यूरीफायर लगाया गया

# होटल चेकिंग के दौरान तीन हुए गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस के द्वारा ऑनलाईन फ्रॉड करने वाले गिरोह के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिले मे वीआईपी प्रवास के मद्देनजर होटल, लॉज चेकिंग के दौरान आरोपी पकडे गये। आरोपियो के कब्जे से 05 नग मोबाईल, चेक बुक, एटीएम एवं बैंक चेक बुक व एटीएम गुमने की फर्जी रिपोर्टए एक हुंडई कार जप्त किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर ने बताया कि 3 फरवरी को जिला में वीआईपी प्रवास एवं आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए थाना, चौकी क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल, लॉज, ढाबा की चेकिंग हेतु निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी सुपेला के नेतृत्व में उप निरीक्षक गुरविन्दर सिंह संधू चौकी प्रभारी स्मृतिनगर के स्टाफ के साथ रवाना हुये थे। जो होटल, लॉज, ढाबा चेकिंग के दौरान जुनवानी चौक के पास स्थित लेण्डमार्क की चेकिंग किया। जहां राजेश, संजय एवं सुनील के पास एक जीआरपी रायपुर में दर्ज दस्तावेज गुमने का फार्म मिला। जिसमे केनरा बैंक ब्रांच मनेन्द्रगढ़ का चेक बुक, एटीएम गुम होना लेख किया गया था, जो उक्त चेक व एटीएम संदेहियो के पास मिला। संदेहियो से पूछताछ करने पर बताये कि अनुपपुर मध्यप्रदेश में कार मे आकर प्लेटफॉर्म टिकट कटाकर उपरोक्त दस्तावेज गुम होने की सूचना देकर उक्त चेक एवं एटीएम को संगठित होकर योजनाबद्ध तरीके से ऑनलाईन ठगी में उपयोग करना बताये। आरोपीगणो के विरूद्ध चौकी स्मृतिनगर धारा 318 (4) 61(2),111(3) बीएनएस कायम कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी सुपेलाए उप निरीक्षक गुरविन्दर सिंह संधू चौकी प्रभारी स्मृति नगर, प्रआर पंकज चौबे, प्रआर मो. अहफाज़ खान, आरक्षक कमल नारायण, गोविन्द साहू, हर्षित शुक्ला, कौशलेन्द्र, अनिकेत चंद्राकर की कार्यवाही में सराहनीय योगदान रहा।

# पूर्व सांसद अनवर के आने से मजबूती मिलेगी कांग्रेस को : शर्मा

**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखरद्ध के राष्ट्रीय महासचिव आर. पी शर्मा ने राज्यसभा से दो बार सांसद रहे वंचित समुदाय की मुखर आवाज वरिष्ठ राजनेता अली अनवर अंसारी के कांग्रेस में शामिल होने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि इससे न सिर्फ कांग्रेस को मजबूती मिलेगी बल्कि देश में फिरकापरस्त तत्वों को मात मिलेगी। आर पी शर्मा ने कहा है कि पसमांदा मुस्लिम महाज के माध्यम से मुस्लिम समुदाय के वंचित और पिछड़े समुदाय की आवाज अली अनवर अंसारी ने हमेशा मुखरता से उठाई है। पेशे से पत्रकार रहे अली अनवर का



भिलाई से गहरा नाता रहा है और इस्पात नगरी में ही उनका ससुराल है। भिलाई वासियों से उनकी हमेशा आत्मीयता रही है। इसलिए यहां लोग उनके इस कदम का सर्वथा स्वागत कर रहे हैं। आर पी शर्मा ने कहा है कि अली अनवर जैसे धर्मनिरपेक्ष राजनेताओं की उपेक्षा हो रही थी। ऐसे में अली अनवर अंसारी, माउंटेन मैन दशरथ मांझी के बेटे भागीरथ मांझी और सामाजिक कार्यकर्ता फ्रैंक हुजूर सहित कई प्रमुख लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के समक्ष सभी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

# जीई फाउंडेशन की वार्षिक स्मारिका विमोचित

**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की वार्षिक स्मारिका का विमोचन भिलाई स्टील प्लांट के कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन ए. के.चक्रवर्ती ने अपने कार्यालय में एक संक्षिप्त समारोह में की। शुरुआत में जीई फाउंडेशन की ओर से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने अपने स्वागत भाषण में संस्था के हाल के प्रमुख कार्यों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। विमोचन के उपरांत ईडी एमएम ए के चक्रवर्ती ने कहा कि भिलाई स्टील प्लांट के ही कुछ कर्मियों ने दिव्यांग व वंचित समुदाय के बच्चों के लिए स्वेच्छा से जो पहल



कीए वह बेहद अनुकरणीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जीई फाउंडेशन का कार्य भविष्य में देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाएगा। इस अवसर पर रिफ्रैक्ट्रीज इंजीनियरिंग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक प्रसनजीत दास, सामग्री प्रबंधन विभाग के के मुख्य महाप्रबंधक ए.के. मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक मंजु शुक्ला और जीई फाउंडेशन की ओर से जावेद खान, के वी विनोद, तारिक खान, अजीत सिंह भी उपस्थित थे। ब्लड प्रेशर और वजन जांचने की मशीन मिलने से श्रमिक बस्ती के लोगों को मिली राहत भिलाई। रूआबांधा क्षेत्र की श्रमिक बस्ती झिरिया पारा के लोगों को अपनी स्वास्थ्य की जांच के लिए अब भटकना नहीं पड़ता। सेवाभावी चिकित्सक डॉ. उदय कुमार व उनकी पत्नी प्रेरणा धाबर्डे ने हाल ही में डॉ.आंबेडकर सामुदायिक भवन झिरिया पारा को एक ऑटोमेटिक ब्लड प्रेशर तथा वजन जांच करने की मशीन प्रदान की है। जिससे अब बस्ती के लोग यहां पहुंच कर अपना ब्लड प्रेशर आसानी से पता कर लेते हैं। वहीं अपना वजन जानने भी लोगों को किसी क्लिनिक का रुख नहीं करना पड़ता है। रूआबांधा बस्ती वासियों ने धाबर्डे दंपति का इस पहल के लिए आभार जताया है। डॉ. उदय कुमार ने बताया कि डॉ अंबेडकर सामुदायिक भवन झिरिया पारा में आने वाले सभी सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

# 150 कर्मचारी, कचरा संग्रहण कार्य पर रखी जा रही नजर



**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)।रिसाली निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने आयुक्त मोनिका वर्मा समेत अधिकारी कर्मचारी 31 वार्डो में 150 से ज्यादा कर्मचारी डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण कार्य पर नजर रखे हुए है। इसका मुख्य उद्देश्य घरों से निकलने वाले कचरे का पूर्ण रूप से निष्पादन करना है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने मॉर्निंग विजिट के तहत एक के बाद एक वार्ड का भ्रमण कर रही है। इस दौरान न केवल नागरिकों को सहयोग करने की अपील कर रही है, बल्कि अपने मातहत कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों से वार्ड वार गीला सूखा कचरा अलग.अलग होने या फिर नहीं होने का फिड बैक भी ले रही है। आयुक्त बुधवार को मैत्रीनगर, शक्ति विहार, इस्पात नगर, आशीष नगर एवं आजाद मार्केट वार्ड के कचरा संग्रहण कार्य की समीक्षा की। आयुक्त के निर्देश पर 67 कर्मचारी अलग.अलग वार्डो में घर.घर दस्तक दे रहे है। जन स्वास्थ्य विभाग के सफाई दरोगा मॉनिटरिंग कर रहे है। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि नदारद कर्मचारियों का वेतन कटौती करे।

# क्रिकेट का महाकुंभ : 4 मैच खेले गए



## दो सेमी फाइनल मैच एक तृतीय स्थान के लिए एवं फाइनल मैच

**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात मजदूर संघ यूनियन के द्वारा आयोजित टेनिस बॉल फ्लड लाइट्स क्रिकेट टूर्नामेंट के फइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संयंत्र के ईडी पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । आयोजन समिति भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के महामन्त्री चन्ना केशवलू ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संयोजक वशिष्ठ वर्मा, अध्यक्ष गौरव कुमार, सचिव वीरेंद्र गोस्वामी, भानु प्रताप साहू, विवेक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन, आई पी मिश्रा, डिल्ली राव, प्रदीप कुमार पाल, जगजीत सिंह, सुधीर गडेवाल, अनिल गजभिये, जोगिंदर कुमार, राजनारायन सिंह, भूपेन्द्र बंजारे, ए. वेंकट रमैया, संजय कुमार साकुरे, पूरन लाल साहू, गंगा राम चौबे, अखिलेश उपाध्याय, राकेश उपाध्याय, संतोष सिंह, राजेंद्र सिंह ठाकुर, सुबोधित आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने फाइनल मैच पहुँचने वाली दोनों टीमों से परिचय लिया। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने संयंत्र के कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने के लिए साधुवाद दिया। यूनियन द्वारा आयोजित 7 दिवसीय क्रिकेट ट्राफी 2025 महाकुंभ में का आज समापन समारोह सम्पन्न हुआ। कुल 25 टीमों ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लिया।समापन समारोह में भाग लेने वाली सभी टीमों के कप्तान एवं पूरी टीम उपस्थित थी ।भाग लेने वाली सभी टीमों को इस टूर्नामेंट में भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के महामन्त्री एवं पदाधिकारियों ने अपनी तरफसे एक क्रिकेट किट बैग दिया गया। फाइनल मैच तेलुगु टाइटंस विरुद्ध मेडिकल परिणाम तेलुगू टाइटन्स ने आठ विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ़ द मैच टीम के कप्तान अविनाश वेगी बल्लेबाजी मेडिकल 65 रन पर आउट उदय मीणा ने 16 रन अमन ने तेरा रन बनाएं गेंदबाजी तेलुगू टाइटंस अविनाश वेगी ने चार विकेट महेश ने दो विकेट लिए ।

# चंद्रा मोर्या टाकिज से अवैध मोटर पम्प, पैनल बोर्ड, पानी निकासी पाइप जप्त किया गया



**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र जोन क्रं. 3 चैहान स्टेट एवं चंद्रा मोर्या टाकिज के बीच में नागरिको की सुविधा के लिए अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। जो हजारो लोगो के लिए आवागमन का प्रमुख मार्ग है। निर्माण के कुछ दिनों बाद से शिकायत मिल रही थी कि उसके नीचे पानी भर जाता है। जिसके निवारण के लिए निगम द्वारा मोटर लगाकर पानी खींचने का प्रबंध प्रतिदिन शिफ्ट अनुसार कर्मचारियो की डयूटी लगाकर किया जा रहा है। जिससे नागरिको को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निगम के अभियंता द्वारा कई बार स्थल का निरीक्षण करके निदान का उपाय खोजा जाता रहा है। फिर भी पानी भर जाता था, अंतिम विकल्प के रूप में मोटर पम्प से पानी निकालना पड़ता था। आज निगम के अधिकारियो द्वारा औचक रूप से निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि चंद्रा मोर्या टाकिज के बेसमेंट लगभग 8000 वर्ग फूट में हमेशा पानी भरा रहता है। साथ ही टाकिज में हजारों दर्शक, कर्मचारियो के निस्तारी का पानी को चंद्रा मोर्या टाकिज के प्रशासन द्वारा स्थाई रूप से पाईप लाईन बिछाकर अंडर ब्रिज में चोरी छिपे मोटर पम्प लगाकर पुरा पानी छोड़ा जा रहा था। यह इतना सिनोयोजित ढंग से किया जा रहा था, जिससे यह ज्ञात होता था, कि दूर से पानी सीपेज के रूप में आ रहा है। उसको निकालने के लिए निगम द्वारा बरसो से लाखो रूपये का व्यय करना पड़ता था। आज जोन आयुक्त सतीश यादव, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे द्वारा संयुक्त टीम बनाकर चंद्रा मोर्या टाकिज पहुंच कर मोटर पम्प, पैनल बोर्ड, पाईप वहां के कर्मचारियो की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर जप्ती किया गया। इस कार्यवाही से अंडरब्रिज मे अब पानी भरने की संभावना कम रहेगी। आम नागरिकों को बहुत बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यवाही के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, श्याम ठाकुर, रोहित यादव, यश कुलदीप, दुर्गा माधव पाड़ी, जयंत मेश्राम, रामसाय पारकर, राहुल राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# सीमांकन के बाद तालाब से हटाया अवैध अतिक्रमण



**भिलाईनगर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। शासन के आदेश अनुसार नगर निगम भिलाई क्षेत्र के शासकीय तालाबों का सीमांकन किया जा रहा है। जिससे उसकी चौहद्दी ज्ञात हो सके और वहां पर बोर्ड लगाकर सूचना बोर्ड लगाकर लिखा जाएगा तालाब का क्षेत्रफल कितना है और कहां से कहां तक है। जिससे वहां पर कोई अवैध कब्जा न कर सके। निगम भिलाई क्षेत्र के जोन-2 वैशालीनगर स्थित नकटा तालाब सीमांकन के बाद ज्ञात हुआ कि पांच लोगों द्वारा अवैध रूप से धर निर्माण किया गया था। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को आदेश दिये। आदेश के परिपालन में जोन 2 का राजस्व अमला मौंके का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां पर 5 स्थानीय निवासियों द्वारा तालाब के पार में अवैध रूप से धर ईट एवं शीट से धर निर्माण किया गया था। उनको पूर्व में हटा लेने के लिए दो बार नोटिस दिया गया था लेकिन उनके द्वारा नहीं हटाया गया। जिसे जिसे आज जे.सी.बी. के माध्यम से ध्वस्त कर मलवे को हटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त पाण्डेय को शिकायत प्राप्त हुई थी, कि कुछ स्थानीय नागरिको द्वारा नकटा तालाब के पार में अवैध रूप से निर्माण किया गया है। जिसका स्थल जांच करने के लिए जोन 2 का राजस्व अमला मौके पर पहुंचे। वहां पाया गया कि तालाब के किनारे अवैध अतिक्रमण कर निवास कर रहे है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कुलेश्वर खुंटे, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, पुलिस बल की उपस्थिति में अपने दल के साथ अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया और बिजली सामग्री एवं धर पर रखे सामानो को जप्त किया गया। संबंधित कब्जाधारियों को पीएम आवास योजना के फार्म के साथ आवश्यक जानकारी दी गई। जिसमें निर्धारित शुल्क जमा करके अपने नाम से नियमानुसार मकान आवंटन करा सकते हैं । इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, हरिओम गुप्ता, जामुल थाना प्रभारी मेहफज खान, ललित पटेल एवं मदर मोहन तिवारी, हरि ताम्रकार, गुप्तानंद तिवारी, कार्तिक राम, समीर, मंगल जांगड़े, विष्णु सोनी, खेमलाल यादव, लोकेश बया, गौकरण कुर्रे उपस्थित रहे।

**लालबहादुर नगर में भाजपा की आज चुनावी सभा**

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में आज भाजपा नेताओ द्वारा पार्टी के उम्मीदवार देवेंद्र साहु के पक्ष में चुनावी सभा ली जाएगी । बताया जा रहा है कि पहली बार यहां अध्यक्ष व पार्षदों का चुनाव सम्पन्न हो रहा है भाजपा से देवेंद्र साहू सहित 15 वार्डो के लिए पार्षद प्रत्याशियों को भाजपा द्वारा मैदान में उतारा गया है।

# जिपं क्षेत्र 8 बाजार अतरिया के प्रत्याशी जमुना नरेश कुर्रे से चुनाव को लेकर हुई सार्थक चर्चा



**खैरागढ़,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 बाजार अतरिया में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जमुना नरेश कुर्रे से चुनावी चर्चा को लेकर हुई बात चीत में श्रीमती कुर्रे ने मीडिया को बताया कि मुझे जिला पंचायत सदस्य का प्रत्याशी बनाया गया है। मैं जनता के बीच में जाकर अपनी बात बखूबी से रखूंगी मुझे आशा और विश्वास है कि मैं बाजार अतरिया क्षेत्र के मतदाता मेरी बातों को सुनेंगे।

- राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर जनता तक जायेंगे
- जनता का मिल रहा भरपूर आशीर्वाद

**राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएंगे**

बाजार अतरिया क्षेत्र क्रमांक 8 के प्रत्याशी जमुना नरेश कुर्रे सरल सहज स्वभाव के धनी है श्रीमती कुर्रे ने कहा कि मैं जनता के बीच में जाकर क्षेत्र में पेयजल, प्रधानमंत्री आवास महतारी वंदन योजना के जिन हितगाहियों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उसे चुनाव के बाद चालू कराने का भरपूर प्रयास करेंगे और क्षेत्र के मतदाता महिला बुजुर्ग युवा साथियों का सहयोग आशीर्वाद भी मिल रहा है। जमुना नरेश कुर्रे पूर्व में ग्राम पंचायत जोरातरई में सरपंच के पद पर भी रही है। उन्होंने अपने कार्यकाल में ग्राम जोरातरई में विभिन्न कार्य कराई है। जिसका सीधा फायदा भी उन्हें जिला पंचायत के चुनाव में मिल सकता है। जमुना नरेश कुर्रे ने यह भी बताया क्षेत्र क्रमांक 8 बाजार अतरिया में 23 पंचायत व 43 गांव शामिल है। जो ग्राम काचरी से प्रारंभ होकर ग्राम भोथी में समाप्त होगा

**कार्यकर्ताओं की हो रही लगातार बैठक**

बाजार अतरिया क्षेत्र में जमुना नरेश कुर्रे के द्वारा नाम अधिकृत होने के बाद रोज भाजपा के कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के मतदाताओं से रूबरू हो रहे है। चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद क्षेत्र क्रमांक 8 में जोर शोर से प्रचार प्रचार चालू किया जाएगा और राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक भली भांति रूप से पहुंचाने व जनता को समझाने का प्रयास करेंगे और हमारी जीत इस चुनाव में जरूर होगी क्षेत्र के मतदाताओं का भरपूर स्नेह प्यार आशीर्वाद लगातार मिल रहा है।

# भव्य मड़ई मेला में छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी और चौसर प्रतियोगिता में शामिल हुए कल्पना योगेश तिवारी



**बेमेतरा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। विधानसभा के नगर पंचायत भिभौरी में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य मड़ई मेला में कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी और उनकी पत्नी कल्पना तिवारी सहित सपरिवार शामिल हुए।

योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवा शक्ति का प्रतीक है, जो व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ समाज में एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान योगेश तिवारी ने विजेता टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस तरह के खेल आयोजन महत्वपूर्ण हैं और खेल के माध्यम से अनुशासन, धैर्य और आत्मनिर्भरता को विकसित किया जा सकता है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और ग्रामीणजन उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से जशिमन्दर सिंह सिंधु, लखन चक्रधारी, राजेंद्र वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, अमर साहू, दिनेश पाटिल, रमेश पाटिल, मोतीलाल साहू, चंद्रहास वर्मा, अजय शर्मा, राजू साहू, राजेश पाल, चंद्रविजय धीवर, मेहतर साहू, लोकेश सिन्हा, सोमेश पाटिल, विक्रम साहू, खिलेश्वर साहू, विजय धीवर, रवि वर्मा, राहुल साहू, शीतल साहू, सेवाराम पाठक, लेखराम साहू, लिकेश साहू, चिरंजीत धीवर, परस यदु, सौरभ साहू, गजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

ग्रामवासियों ने योगेश तिवारी जी का भव्य स्वागत किया और उनके प्रेरणादायक विचारों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

## शिमं उमावि में वार्षिक उत्सव एवं मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह



**डोंगरगढ़,** 5 फरवरी। विद्यालय में भैया बहनों के शैक्षणिक विकास एवं उत्साहवर्धन हेतु वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामजी भारती ,प्रदेश महामंत्री भाजपा पूर्व विधायक ,अध्यक्षता विनोद खांडेकर पूर्व विधायक ,विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सोनी सेवा निवृत प्रधान पाठक, सुनील जैन अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति डोंगरगढ़ ,नीलम चोपड़ा सचिव, प्रकाश गिरधर कोषाध्यक्ष, श्रीमती मीना गिरधर उपाध्यक्ष , सुशील जैन सह सचिव, प्रभाकर राव गिरधर ,नारायण लाल अग्रवाल ,सुरेश सोनी पूर्व अध्यक्ष, राजेंद्र जैन सदस्य अविनाश ब्राह्मण, महेंद्र भाई पटेल, पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती वैशाली देशकर, प्राचार्य प्रकाश यादव, संभाग समन्वयक दीपक सोनी ,प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद आदि उपस्थित अतिथियों के पूजा अर्चना द्वारा कार्यक्रम का आरंभ हुआ उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया, तत्पश्चात बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया साई कुमार साहू, मयंक निषाद अमन वर्मा, योगेश्वरी वर्मा, हर्षिता जँघेल ,रेनू साहू, सोम दुबे ,पलक अग्रवाल इसके साथ-साथ विद्यालय के कुछ विशेष प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया । विद्यालय परिवार द्वारा उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात विद्यालय में गीत ,संगीत ,नृत्य नाटिका, एकल अभिनय ,मराठी , पंजाबी, गुजराती, गरबा नृत्य, योग प्रदर्शन ,कत्थक प्रदर्शन रीमिक्स डांस गुजराती नृत्य एवं नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने किया ,कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ आचार्य थैलेथ साहू ने किया।

## मीडियाकर्मियों को ईव्हीएम मशीन के संबंध में दी जानकारी



**डोंगरगढ़,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम मशीन के सम्बंध में मीडियाकर्मियों को विस्तार से जानकारी दी गई । इस दौरान निर्वाचन अधिकारी मनोज मरकाम , पुलिस अनु विभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम ,तहसीलदार मुकेश ठाकुर ,मास्टर ट्रेनर डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, विजय भारद्वाज भेल सिंह वर्मा, अशोक साहू, मोहन साहू उपस्थित थे। अधिकारियों ने ईव्हीएम मशीन के संबंध में जानकारी साझा करते हुए बताया कि किस तरह से इस नगरी निकाय चुनाव में ईव्हीएम मशीन का इस्तेमाल किया जाना है। नगर पालिका डोंगरगढ के अध्यक्ष एवं पार्षद चुनाव ईव्हीएम मशीन के माध्यम से होना है। रिटर्निंग आफिसर ने ईव्हीएम मशीन का डेमोस्ट्रेशन कर जानकारी देते हुए बताया कि इस चुनाव में मतदाता के द्वारा अध्यक्ष व वार्ड पार्षद दोनों प्रत्यासी को एक ही मशीन पर वोट किया जा सकता है। जिसमे मशीन के ऊपर साईड पर अध्यक्ष प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह के साथ छ बटन दिया गया है जिसे चुनकर मतदाता अध्यक्ष के लिए अपना वोट कर सकता साथ ही उसके नीचे एक नोटा का बटन दिया गया है। फिर नीचे साइड पर संबधित वार्ड के पार्षद प्रत्याशीयो के चुनाव चिन्ह के साथ बगल में बटन दिया गया जिसपर बटन दबाकर मतदाता अपने पसंदीदा पार्षद प्रत्यासी का चुनाव कर सकता है। अगर मतदाता किसी भी प्रत्याशी पर वोट नही करना चाहता तो इस पर भी नोटा का विकल्प दिया गया है अगर मतदाता अध्यक्ष या पार्षद दोनों ही प्रत्याशी पर अपना वोट नही करना चाहता हो तो सबसे नीचे इंड का बटन दिया है जिसे दबाने पर ही वोटिंग पूर्ण हो पाएगी। निर्वाचन अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया गया कि इसी तरह मतदाताओं को भी ईव्हीएम मशीन के इस्तेमाल की जानकारी उपलब्ध कराए जाने के लिए सभी बूथों पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है ताकि आम मतदाताओं को वोटिंग करते समय किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर साधा निशाना



**गंडई पंडरिया,** 5 फरवरी। नगरीय निकाय चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल पूरा जोर लगा रहे हैं। सभी ने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पूरी ताकत झोंक दिए हैं। इसी बीच प्रचार कमान संभालने अब स्टार प्रचारक भी मैदान पर उतर गए हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को रात्रि 8 बजे गंडई नगर के दैहान चौक पहुंचे। जहां पर भूपेश ने बीजेपी को घेरा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर के 15 वार्डों के कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर वोट मांगे।

मंच से भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में अध्यक्ष प्रत्याशी लाल टारकेश्वर शाह खुसरो के लिए कहा कि च्राजा नही फ़कीर है गंडई की तक़दीर हैज्ज आगे उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना सादा। आगे भूपेश बघेल ने कहा कि गंडई का हॉस्पिटल, मंडी, बस स्टैंड और कॉलेज सब कांग्रेस की ही देन है। मेरे कार्यकाल में गंडई को पूर्ण तहसील का दर्जा, हाईटेक फल सब्जी मंडी, पटेल समाज भवन और आत्मानंद स्कूल सहित कई विकास कार्य किया गया है। उन्होंने बीजेपी पर योजनाओं में वादा खिलाफी करने का आरोप लगाया। भूपेश बघेल के आगमन से लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस बीच गंडई नगर सहित क्षेत्र के आम जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी और स्थानीय जनता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## अमृत बने निर्विरोध पंच



**पलारी,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रसौटा के वार्ड क्रमांक 09 से अमृत लाल साय को निर्विरोध पंच चुना गया। साय ने वार्ड के समस्त मतदाता को बधाई प्रेषित कर धन्यवाद देते हुए वार्ड के समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

## चुरकी में भव्य मड़ई मेला आज

**बागबाहरा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत खल्लारी से लगे हुए ग्राम पंचायत चुरकी में आज गुरुवार 6 फरवरी को ग्रामवासियों द्वारा इस वर्ष भी भव्य मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। जहाँ रात्रि में दर्शकों के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी जेवरा (बसना) का कार्यक्रम रखा गया है। यहाँ ग्रामीणों द्वारा आयोजित मड़ई मेला में शामिल होने की अपील सरपंच प्रतिनिधि लेखराम बरिहा एवं युवा कार्यकर्ता बीरेश दीवान ने की है।

## निधन

### आशा देवी पंजवानी



**रायपुर,** 5 फरवरी। अवंती बिहार, कविता नगर निवासी श्रीमती आशा देवी पंजवानी का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे भोजराज पंजवानी की पत्नी, दीपक, महेश, प्रियेश पंजवानी की माता एवं गगन, मनोज पंजवानी की भाभी थी।

### लक्ष्मीनाथ ठाकुर



**दुर्ग,** 5 फरवरी। शिक्षक नगर निवासी लक्ष्मीनाथ ठाकुर पिता केदार नाथ ठाकुर का आज शाम आकस्मिक निधन हो गया । वे 67 वर्ष के थे। श्री ठाकुर जिला भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व शहर अध्यक्ष रह चुके थे। श्री ठाकुर बाबूलाल ठाकुर के अनुज तथा राम नारायण, लोचन, दीपक उमरे के चाचा थे।

# बड़े-बड़े वादों के साथ कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

**राजनांदगांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश कार्यालय सहित सभी जिलों में एक साथ घोषणा पत्र जारी किया। इसी क्रम में राजनांदगांव प्रेस क्लब में कांग्रेस के नेताओं ने घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान चुनाव प्रभारी गिरीश देवांगन प्रदेश महामंत्री शाहिद खान भी मौजूद रहे। जिसके अनुसार, सभी निकायों में तालाबों घाटों के सौंदर्यीकरण के साथ महिलाओं के लिए निकाय के तालाबों में बनाए चेंजिंग रूम बनाए जाने सहित कई वादे किए हैं। जारी घोषणा पत्र के अनुसार, सभी निकायों में सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन की स्थापना की जाएगी। पौनी पसारी में महिलाओं को प्राथमिकता के साथ शहरी व्यावसायिक क्षेत्र में प्रसाधन की व्यवस्था होगी। आटो और ई-रिक्शा के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने और तलाबों का संरक्षण व सौन्दर्याकरण की विषेश पहल का वादा किया है। साथ ही घाटो एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेजिंग रूम बनाये जायेंगे। शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिला प्रसाधन की व्यवस्था की जाएगी।

घोषणा पत्र के प्रमुख बिंदु

0 महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य कर सभी चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेज के समीप में सी.सी. कैमरा लगाने की व्यवस्था।

0 सर्व-सुविधायुक्त ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था।

0 श्रद्धांजली राशि योजना के बीपीएल कार्डधारियों को 2000 रू. से बढ़ाकर 5000 रू. किया जाएगा।

0 निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

0 सम्पत्तिकर, समेकितकर एवं जल उपभोक्ता शुल्क का घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी।

0 आगामी 6 माह में जहां-जहां ऑनलाईन भवन अनुज्ञा की सुविधा नहीं है वहां सुविधा दी जायेगी।

0 मकान आबंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत एवं पारदर्शी करते हुए सभी आवासहीनो को पात्रतानुसार मकान दिया जाएगा।

0 प्रत्येक वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मी की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जायेगी।

0 प्रत्येक निकाय में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सर्व-सुविधायुक्त नि:शुल्क लायब्रेरी खोला जाएगा।



0 नगरीय निकाय के द्वारा आमजनों को दशगात्र, बेटी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में पानी टैंकर नि:शुल्क प्रदाय किया जाएगा।

0 यूजर चार्ज का युक्ती-युक्तकरण किया जायेगा।

0 शहर को धुल मुक्त बनाने आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

0 पौनी-पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और स्थान को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा।

0 चलित ठेले व्यवसायियों को संरक्षण दिया जायेगा और वार्डों के प्रमुख स्थानों पर वेंडिग-जोन चिन्हांकित कर व्यवसाय के लिए उचित स्थान दिया जाएगा।

0 विकास कार्य में पारदर्शिता सामुहिक जिम्मेदारी एवं कसावट की दृष्टि से निकायों के अध्यक्षों के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिये गये अधिकार वापस करते हुए प्रत्येक भुगतान में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों के चेक हस्ताक्षर करने के अधिकार वापस दिलाने हेतु प्रयास किया जाएगा।

0 कन्या विवाह के लिये सभी निकाय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन नि: शुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।

0 सामुदायिक भवन की ऑनलाईन बुकिंग सिस्टम लागू करेगें।

0 शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि धारण करने हेतु धारणा अधिकार दिया जाएगा।

0 सभी को पात्रतानुसार वृद्धा, दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों को पेंशन सुविधा प्राप्त हो सुनिश्चित किया जाएगा।

0 समस्त सरकारी स्कूल और आत्मानंद स्कूल में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा।

0 सभी वार्डों में सर्व-सुविधायुक्त आंगनबाडी केन्द्रों का निर्माण।

0 स्कूली और महाविद्यालयीन छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन देंगे। 0 जन्म-मृत्यु और मैरिज सर्टीफिकेट को घर पहुंच सुविधा प्रदान की जाएगा। 0 युवाओं को रोजगार देने के लिये सभी निकाय क्षेत्रों में यूथ हब बनाया जायेगा।

0 महिला स्वसहायता समूहों को रोजगार देने विशेष पहल।

0 सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान करेंगे।

0 कांग्रेस शसित सभी निकायों में जनता को उनके कार्यों के पूर्ण होने की समय सीमा निर्धारित कर सिटीजन चार्टर बनाया जायेगा।

0 संपत्तिकर की राशि नियमित समयावधि पर पर भूगतान करने पर विषेश छुट प्रदान की जायेगी।

0 सभी नगर निगमों में पत्रकारों के लिये हाईटेक रेस्ट रूम बनाया जायेगा। 0 प्रत्येक वार्ड में सब्जी बाजार बनाया जायेगा।

0 नगरों को आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाया जायेगा।

## देवांगन समाज ने मनाई मां परमेश्वरी जयंती



**गंडई पंडरिया,** 5 फरवरी। गंडई राज देवांगन समाज इकाई गंडई द्वारा 4 फरवरी मंगलवार को बसंत पंचमी के अवसर पर नगर में अपनी आराध्य देवी मां परमेश्वरी जयंती धूमधाम से मनाई। शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में समाज के युवतियों, महिलाओं द्वारा सर पर कलश धारण कर यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा टिकरीपारा सामाजिक भवन से दोपहर लगभग 11 बजे निकाली गई और सीधे मां गंगई मंदिर पहुंची। जहां से वापसी मुख्य ए मार्केट तिरंगा चौक से होते हुए सामाजिक भवन पहुंची। रास्ते भर जगह-जगह पेयजल का वितरण भी किया गया। शोभायात्रा में समाज के पुरुषो, महिलाओ एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान समाजिक युवकों ने रास्ते भर खूब आतिशबाजी किए। इन दिनों नगर में चुनावी दंगल देखने को मिल रहा है। राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जब देवांगन समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई तो जगह जगह कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों ने पानी और शीतल पेय जल वितरण कर समाज से समर्थन एवं माता से आशीर्वाद मांगते नज़र आए हैं। शोभायात्रा में समाज के अध्यक्ष जय देवांगन, सचिव भुनेश्वर देवांगन, गिरधारी देवांगन, मंत्रराम देवांगन, संजू, विवेक, पुष्पेंद्र, संजीव, शैलेंद्र, चेतन, रोहित, ऋषि, क्रांति, अंकित, राजकुमार, जगेशर, पूरन, मेघनाथ, कामता प्रसाद, भीखेराम, दुष्यंत, रघु, शिव, कैलाश, जनक, विक्की, थनवार, राजू, कृष्णा, उदय, अवध, जीवन, श्रवण, त्रिभुवन, प्रीत, नरेश, राहुल, अशोक, रामायण, खेलावन, दीपक, शिवनारायण, लक्ष्मण, गयाराम, आशीष, रमेश्वर, योगेंद्र, ललित, विवेक, सहित समाज के महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कांग्रेस-भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में...

प्रत्याशी प्रेमलता साहू एवं पोषणा साहू सहित अन्य नेतागण शामिल रहें। इसी तरह भाजपा की ओर से पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सरोज पाण्डेय ने पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी का घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र के नाम से जारी किया। इस अवसर पर भाजपा के दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक एवं मीडिया प्रभारी राजा महोबिया उपस्थित रहें।

### शहर के प्रत्येक वार्ड में खुलेगें ...

के निर्माण का वादा किया गया है।

इसके अलावा तालाबों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण आटो ईरिक्शा स्टैंड में सर्वसुविधायुक्त उपलब्ध कराने व फ्री में चार्जिंग की व्यवस्था की जायेगी। बीपीएल कार्डधारियों के लिये श्रद्धांजलि योजना के तहत 5 हजार रूपये देने, नगर निगमों में अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का प्रयास किया जायेगा। संपत्तिकर समेकित कर एवं जल उपभोक्ता शुल्क के घर बैठे भुगतान की व्यवस्था की जायेगी। जहां जहां आनलाईन भवन अनुज्ञा पत्र की सुविधा नहीं है आगामी 6 माह में सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी। मकान आबंटन की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जायेगा। सभी आवासहीनों को पात्रतानुसार मकान दिया जायेगा। विद्यार्थियों के लिये प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिये सर्वसुविधा युक्त नि:शुल्क लाइब्रेरी की व्यवस्था की जायेगी। यूजरचार्ज का युक्तिकरण करने चलित ठेले व्यवसाइयों को संरक्षण देते हुए वेंडिंग जोन बनाने, सामुदायिक भवन की आनलाईन बुकिं करने शासकीॉ भूमि पर काबिज व्यक्ति को भूमि धारण अधिकार पत्र दिया जायेगा। संपत्तिकर की नियमित व समयावधि के भीतर भुगतान करने पर विशेष रियायत दी जायेगी इसके अलावा सभी नगर निगम क्षेत्रों में पत्रकारों के लिये हाईटेक रेस्ट रूम बनाने प्रत्येक वार्ड में सब्जी बाजार बनाने व नगरों से आवारा पसुओं से मुक्ति दिलाने का वादा भी कांग्रेस के घोषणा पत्र में किया गया है।

### नजूल भूमि पर ...

के लिये मुफ्त सैनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना को पूर्ण रूप से लागू करते हुए पात्र परिवारों को गैस कनेक्शन दिया जायेगा। रूके हुए पीएम आवास शहरा परियोजनाएं तेजी से पूरी की जायेगी। महाविद्यालयों, विद्यालयों में फ्री वाई फाई सेवाएं देने, प्रत्येक नगर निगम क्षेत्रों में सड़क बिजली शौचालय पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं दी जायेगी। बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिये पिंक टायलेट की सुविधा दी जायेगी। स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 75 हजार रूपये की वित्तीय सुविधा दी जायेगी। समाधान योजना के तहत बिना जुर्माना पर ब्याज के पुराने संपत्ति कर का एकमुश्त निपटान किया जायेगा। महतारी वंदना योजना का लाभ पाने वाली महिलाओं को ढाई लाख तक का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण दिया जायेगा। यूजर चार्ज का युक्तिकरण किया जायेगा। स्मार्ट सिटी एप लांच कर नगर निगम की सभी आनलाईन सेवाएं सुनिश्चित की जायेगी। प्रत्येक जोन में एक एकीकृतकरण सेवा केन्द्र की स्थापना की जायेगी। स्वच्छ पानी हर घर में पहुंचाने पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करेगें, छत्तीसगढ़ सिकिलसेल एनिमिया मुक्त राज्य बनाने नगर निगम क्षेत्रों में स्क्रीनिंग केन्द्र स्थापित करेगें। गोकुल नगर का विस्तार कर गौवंश संरक्षण के लिये बेहतर व्यवस्था की जायेगी। प्रमुख नगरीय निकायों में नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केन्द्र शुरू की जायेगी व पुस्तकालयों में सीटों की संख्या भी बढ़ायी जायेगी।

### एटीएम फ्राड के ...

सामने वाले कहा कि आप पहले इंटर बटन दबा कर अपना पिन नंबर डालो जिससे आपका कार्ड निकालने का आप्सन आयेगा फिर उसने वैसा ही किया तब भी कार्ड मशीन से बाहर नही निकला। इसके बाद उसने फिर से उसी नंबर पर कॉल किया तो सामने वाले कहा कि 12.30 बजे एटीएम गाडी आएगी तो कार्ड मिल जाएगा।

**एटीएम पहुंचा तो नहीं मिला कार्ड**

यह सुनने के बाद दिनेश पाल वहां से चला गया। बाद में जब वह फिर से एटीएम में अपना कार्ड लेने पहुंचा तो मशीन में कार्ड नहीं था और वह शख्स भी नहीं था। यही नहीं एटीएम मशीन के ऊपर जो नंबर लिखा हुआ स्टीकर लगा था वह भी निकाल लिया गया। इसके बाद खाता चेक करने पर 10,000 रुपय एवं 9400 रुपए निकाल लिए गए। सेक्टर 1 के स्टेट बैंक शाखा में जाकर पता लगाने पर अधिकारियों ने बताया कि उक्त रुपए साइंस कालेज एटीएम से निकाले गए हैं । इसके बाद एएसआई को समझ में आ गया कि दोनों ने पूरी साजिश के तहत उसे फंसाया और उसके एटीएम से रुपए निकाल लिए। बैंक से एएसआई ने अपना एटीएम ब्लॉक कराया। अब इस मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**अब जानते हैं आखिर कैसे हुआ फ्रॉड**

दरअसल एएसआई से एटीएम फ्रॉड करने वालों ने मशीन में कुछ छेड़छाड़ की जिससे की रुपए निकलने के बाद कार फंस गया। पहले से शातिर ने अपने दूसरे साथी का मोबाइल नंबर स्टीकर के माध्यम से मशीन पर चस्पा कर दिया था। कार्ड फंसने पर उसने एएसआई को उस नंबर पर कॉल करने कहा जो कि उसके ही साथी का था। इसके बाद कॉलर के बताए अनुसार एटीएम पिन डाला जिसे वहां खड़े शातिर ने देख लिया। इसके बाद भी कार्ड नहीं निकला। अब एटीएम गाड़ी की बात कही गई। इसके बाद एएसआई वहां से गया तो शातिरों ने कार्ड निकाला और दूसरे एटीएम से रुपए निकाल लिए।

### आईएमए बेस्ट ब्रांच प्रेसिडेंट अवार्ड ...

ऑरेशन से नवाजा गया । डॉ.त्रिनाथ दाश, कंसल्टेंट . चेस्ट फिजिशियन को आई.एम.ए. छत्तीसगढ़ स्टेट एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड एवं डॉ.संजय दानी को एच.पी.सराफपेरेंट्स मेमोरियल अवार्ड प्राप्त हुआ । लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड बिलासपुर के डॉ.अखिलेश वर्मा एवं डॉक्टर ऑफ्द ईयर अवार्ड रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर संदीप दवे को प्राप्त हुआ । आई.एम.ए.सी जी कॉन ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के चेयरमैन एवं छग आई.एम.ए.अध्यक्ष डॉ.प्रभात पांडे, सेक्रेट्री डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर को.चेयरमैन डॉ.शरद पाटणकर, डॉ अजय गोवर्धन, क्लिनिक सेक्रेट्री डा.रविशुक्ला, डॉण् संतोष नशीने, पूर्व आईएमए स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. एस.पी. सक्सेना, डॉ.सुधीर शुक्ला एवं डॉ.अहमद हमदानी ने इस सफलता हेतु बधाई दी है।

### महाकुंभ स्पेशल ट्रेन ...

फ्तेहपुर 03,28/03.30 बजे, गोविंद पुरी 05.15/05.20 बजे, इटावा जंक्शन 06.38/06.40 बजे तथा टुंडला रेलवे स्टेशन 09.30 बजे पहुचेगी।

इस प्रकार विपरीत दिशा में समय सारणी इस प्रकार है :. 08768 टूण्डला.दुर्ग कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन टुंडला से 11.30 बजे रवाना होकर इटावा जंक्शन 12.33/12.35 बजे, गोविंद पुरी 15.00/15.05 बजे, फ्तेहपुर 16.28/16.30 बजे, प्रयागराज 18.50/18.55 बजे, माणिकपुर 22.43/22.45 बजे, सतना 00,30/00,40 बजे, मैहरमै 01.08/01.10 बजे, कटनी 02.05/02.15 बजे, उमरिया 03.25/03.27 बजे, शहडोल 04.30/ 04.32 बजे, अनुपपुर 05.10/05.15 बजे, पेंडरारोड 05.55/ 06.00 बजे, उसलापुर 10.00/10.10 बजे, भाटापारा 10.52/10.54 बजे, रायपुर 11.40/11.45 बजे तथा दुर्ग 12.40 बजे पहुचेगी।

**रायपुर-टुंडला-रायपुर महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन**

दक्षिण पूर्वपू र्वमध्य रेलवे से चलने वाली कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाँव, गोंदिया, बालाघाट, नैन पुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना जंक्शन, माणिकपुर,जंक्शन, प्रयागराज, फ्तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा रेलवे स्टेशनों में ठहराव की सुविधा दी जा रही है। यह कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 02 एसी टू, 09 थ्री, एसी थ्री, 02 स्लीपर, 01 एसएलआरडी, 02 सामान्य सहित 16 कोच के साथ चलेगी ।

08753 रायपुर.टूण्डला कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन रायपुर से 07:15 बजे रवाना होकर दुर्ग 08:10/ 08:12, राजनांदगांव 08:33 / 08:35, डोंगरगढ़ 08:57/08:9, गोंदिया 10:56 / 11रू06 . बालाघाट 12:01/12:03, नैनपुर 13:46/ 13:56, जबलपुर 18:15/ 18:25, कटनी 19:40/ 19:50, सतना 20:33/ 20रू35, मानिकपुर 22:00/ 22:05, प्रयागराज 00:03/ 00:05, फ्तेहपुर 02:05/ 02:10, कानपुर 03:28 03:30, इटावा 05:15/ 05:20, फिरोजाबाद 06:38 06:40, एवं टुंडला 09रू30 बजे पहुँचेगी ।

08754 टूण्डला.रायपुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन टुंडला से 11-30 बजे रवाना होकर फिरोजाबाद 12-33/ 12-35,इटावा15: 00/ 15:05, कानपुरपु 16:28/ 16:30, फ्तेहपुर 18:50/ 18:55, प्रयागराज 20:20 / 20:22,मानिकपुर 22: 43/22:45, सतना 23:50/ 23:55, कटनी 02:00 /02:10, बालाघाट 08/01/ 08:03, गोंदिया 10:50/11:10, डोंगरगढ़ 12:10/ 12:12, राजनांदगांव 12: 34/ 12:36, दुर्ग 14: 25/ 14:7, एवं रायपुर 15: 30 बजे पहुँचेगी ।

# भाजपा ने झोंकी ताकत किया नामांकन दाखिल

**जिपं के सदस्य व जनपद सदस्यों ने किया सामूहिक नामांकन**



**खैरागढ़,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में त्रिस्तरी पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा पार्टी के नेताओं द्वारा 3 फरवरी सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन भाजपा पार्टी के द्वारा खैरागढ़ में जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य अधिकृत प्रत्याशियों द्वारा जिला भाजपा कार्यालय से मोटर साइकिल में रैली निकाल कर तहसील कार्यालय व कलेक्ट्रेट कार्यालय में नामांकन के आखिरी दिन जनपद व जिला पंचायत सदस्यों का नामांकन फार्म सामूहिक रूप से दाखिल किया गया नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा कार्यकर्ता व प्रत्याशियों के मतदाताओं की भीड़ देखने को मिला खैरागढ़ में 3 फरवरी को मंडई व मेला का माहौल बना रहा होटल में भी काफी भीड़ भाड़ व सड़कों पर काफी चहल-पहल रहा पुलिस प्रशासन के द्वारा पहले से ही पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था बढ़ा दी गई थी इस दौरान विक्रांत सिंह पंचायत चुनाव के प्रभारी घम्मन साहू भाजपा जिला अध्यक्ष बिशेसर साहू, पराखदास कोसरे, शैलेंद्र, मिश्रा, शैलेंद्र त्रिपाठी, सुरेखा गणेश वर्मा, जमुना नरेश कुर्रे,लखन साहू, सरस्वती यदु सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व उनके मतदाता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भूपेश बघेल कांग्रेस के सर्व मान्य नेता, रविन्द्र चौबे ने किया चुनावी घोषणा पत्र जारी

**बेमेतरा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में स्थित राजीव गांधी कांग्रेस भवन में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए जन घोषणा पत्र को जारी किया गया इस संबंध में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चौबे जी ने कहा कि हम नगरीय चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं उन्होंने बताया कि दाढ़ी कुसमी भिंभौरी को नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा की गई जहां पर सभी नगर पंचायत में कांग्रेस के द्वारा अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है आम लोगों से चर्चा करके ही जन घोषणा पत्र को बनाया गया है उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव में पहले सुशासन का शब्द इस्तेमाल किया गया था फिर मोदी की गारंटी की बात कही गई थी अब अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर अटल विश्वास पत्र नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा द्वारा जारी किया जा रहा है।

चौबे जी ने कहा कि कानून व्यवस्था खराब है हत्या का दौर चल रहा है नरसंहार का तांडव हो रहा है शराब का अवैध कारोबार चल रहा है प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब है शहरी विकास के लिए पैसा नहीं है उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में वातावरण है वही एक प्रश्न के उत्तर में चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में दीपक बैंज और चरण दास जी महंत स्वयं नेतृत्व कर रहे हैं रही सवाल भविष्य में किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा तो इसका बेहतर जवाब चरणदास जी ही दे सकते हैं उन्होंने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस का सर्व मान्य नेता भी करार दिया।बेमेतरा जिला के पूर्व अध्यक्ष बंसी पटेल द्वारा कुछ दिन पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिए जाने के संदर्भ में कहा कि बंसी पटेल वरिष्ठ कांग्रेसी नेता है जिन्होंने जिला मुख्यालय में राजीव गांधी कांग्रेस भवन निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है बेमेतरा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने अपनी कार्यकाल में हुए विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व में निर्माण करके कार्य के लिए आवंटित राशि को भाजपा सरकार द्वारा वापस ले लिया गया है सरकार आर्थिक संकट से गुजर रही है इसके साथ ही उन्होंने जन घोषणा पत्र के सिलसिलेवार जानकारी दिया जिसमें

घाटो एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेजिंग रूम बनाये जायेंगे। शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिला प्रसाधन की व्यवस्था, महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य कर सभी चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेज के समीप में सी.सी. कैमरा लगाने की व्यवस्था सर्व-सुविधायुक्त ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था,श्रद्धांजली राशि योजना के बीपीएल कार्डधारियों को 2000रू. से बढ़ाकर 5000रू. किया जाएगा, निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा,

सम्पत्तिकर, समेकितकर एवं जल उपभोक्ता शुल्क



का घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी ,आगामी 6 माह में जहां-जहां ऑनलाईन भवन अनुज्ञा की सुविधा नही है वहां सुविधा दी जायेगी, मकान आबंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत एवं पारदर्शी करते हुए सभी आवासहीनो को पात्रतानुसार मकान दिया जाएगा।

प्रत्येक वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मी की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जायेगी।

, प्रत्येक निकाय में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सर्व-सुविधायुक्त निःशुल्क लायब्रेरी खोला जाएगा।

नगरीय निकाय के द्वारा आमजनों को दशगात्र, बेटी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में पानी टैंकर निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा, यूजर चार्ज का युक्ती-युक्तकरण किया जायेगा। शहर को धुल मुक्त बनाने आवश्यक कदम उठाये जायेगे,

पौनी-पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी एवं स्थान को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा।

चलित ठेले व्यवसायियों को संरक्षण दिया जायेगा एवं वार्डों के प्रमुख स्थानों पर वेंडिग-जोन चिन्हांकित कर व्यवसाय हेतु उचित स्थान दिया जाएगा,

विकास कार्य में पारदर्शिता सामुहिक जिम्मेदारी एवं कसावट की दृष्टि से निकायों के अध्यक्षों के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिये गये अधिकार वापस करते हुए प्रत्येक भुगतान में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों के चेक हस्ताक्षर करने के अधिकार

वापस दिलाने हेतु प्रयास किया जाएगा,

कन्या विवाह के लिये सभी निकाय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन निःषुल्क उपलब्ध कराया जायेगा

, सामुदायिक भवन की ऑनलाईन बुकिंग सिस्टम लागु करेगें शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि धारण करने हेतु धारणा अधिकार दिया जाएगा, सभी को पात्रतानुसार वृध्दा, दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों को पेंशन सुविधा प्राप्त हो सुनिश्चित किया जाएगा,

समस्त सरकारी स्कूल एवं आत्मानंद स्कूल में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा।

सभी वार्डों में सर्व-सुविधायुक्त आंगनबाडी केन्द्रों का निर्माण ,

स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन देंगे, जन्म-मृत्यु एवं मैरिज सर्टीफिकेट को घर पहुंच सुविधा प्रदान की जाएगा,

युवाओ को रोजगार देने के लिये सभी निकाय क्षेत्रो में यूथ हब बनाया जायेगा, महिला स्वसहायता समूहो को रोजगार देने विषेष पहल , सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान करेंगे,कांग्रेस शसित सभी निकायो में जनता को उनके कार्यों के पूर्ण होने की समय सीमा निर्धारित कर सिटीजन चार्टर बनाया जायेगा।

संपत्तिकर की राशि नियमित समयावधि पर पर भूगतान करने पर विषेश छुट प्रदान की जायेगी

प्रत्येक वार्ड में सब्जी बाजार बनाया जायेगा

नगरो को आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाया जायेगा

**गुरु दयाल बघेल ने नवागढ़ क्षेत्र का उठाया मामला**

नवागढ़ क्षेत्र के पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे ने पत्रकार वार्ता में बताया कि नवागढ़ को नगर पंचायत से नगर पालिका की बनाने की घोषणा किया गया है जिसका सारी प्रक्रिया हो गई है केवल नोटिफिकेशन बस नहीं हो पाया है इसी तरह संबलपुर में कॉलेज की घोषणा किया गया था जिससे वहां से हटकर कुंरा के पास ले जाया गया है इसके साथ ही 15 प्रधानमंत्री के आवास योजना की मकान को तोड़ा गया है जिसकी जांच जारी है और मामला अभी कोर्ट में है इसके साथ ही उन्होंने नांदघाट संबलपुर को भी नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा में केवल नोटिफिकेशन नहीं होने की बात कही इस संबंध में गुरदयाल ने कहा कि दयाल दास बघेल विकास नहीं चाहते आचार संहिता की उल्लंघन करने की बात कहते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी से करने की बात कहा गया है इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ललित विश्वकर्मा और नवीन ताम्रकार भी उपस्थित थे ।

# नगर की सेवा ही हमारा संकल्प नागरिकों की आवाज ही मेरी आवाज होगी: विजय सिन्हा

**बेमेतरा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। शहर के मेरे देव तुल्य जनता जनार्दन की सेवा ही मेरा संकल्प है भारतीय जनता पार्टी के पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा का चुनाव प्रचार अभियान हरेक वार्डों में जारी रखते आज भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा का एक संकल्प पत्र जारी किया गया ।जिसमें भाजपा का विकास वाक्य हमने बनाया है हम ही संवारेंगे,ह्रदय की अंतरिम गहराइयों से आपके चरणों में सादर प्रणाम करता हूं, सदैव आपके सुख-दुख में सहभागी बनने वाला आपका अपना विजय भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में आपके सामने खड़ा हूं। यह चुनाव केवल एक पद का नहीं है, बल्कि हमारे नगर की प्रगति, विकास और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। आज हमारे नगर को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो न केवल जनता की समस्याओं को समझे, बल्कि उन्हें सुलझाने के लिए पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करे। बीते वर्षों में भाजपा ने विकास और पारदर्शिता का जो मापदंड स्थापित किया है, वह आप सभी के सामने है।

मैंने सदैव यह प्रयास किया है कि नगर की हर गली,हर मोहल्ले और हर परिवार की आवाज बनूं ।अब, मुझे आपके समर्थन की आवश्यकता है, ताकि हम सब मिलकर बेमेतरा को समृद्ध और खुशहाल बना सकें।

प्रत्याशी विजय सिन्हा ने आगे कहा मैंने



हमारे बेमेतरा शहर के योजनाबद्ध विकास के लिए निम्न प्राथमिकताएं तय किया है।

विकास का वादा- बेमेतरा नगर का समग्र विकास बेहतर सड़कों, स्वच्छ जल,कुशल परिवहन व्यवस्था और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हूं ।पारदर्शी प्रशासन व्यवस्था रख आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके एक एक पैसे का सही उपयोग होगा ।भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह प्रशासन की नींव रखी जाएगी ।युवा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और महिलाओं के लिए सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता में है।आपकी आवाज मेरी आवाज है मैं हर नागरिक की समस्याओं को सुनूंगा और यथा संभव यथा शीघ्र समाधान के लिए तत्परता दिखाऊंगा।

पर्यावरण पर सुधार मेरा पुरजोर प्रयत्न होगा शहर में विकास के साथ साथ पर्यावरण को समृद्ध और संरक्षित करने की दिशा में हर संभव को मूर्त रूप दे सकूं। साथ ही इस दिशा में कार्य करने वाले प्रत्येक नागरिक और संगठन को हमेशा प्रोत्साहित करता रहूं। मेरा कार्यालय आप जनता जनार्दन लिए हमेशा खुला रहेगा ।

संकल्प पत्र में आगे लिखा है यह चुनाव केवल विजय सिन्हा का चुनाव नहीं है,यह बेमेतरा की जनता का चुनाव है। यह चुनाव हमारे बच्चों और युवाओं के उज्जवल भविष्य का चुनाव है। यह चुनाव हमारे नगर की नई पहचान बनाने का चुनाव है। इस बार कमल के निशान पर अपना अमूल्य वोट देकर भाजपा को मजबूती प्रदान करें।

प्रत्याशी ने चुनाव मीडिया प्रभारी दीपक पाण्डे द्वारा जारी विज्ञप्ति में आगे लिखा मुझे आपके विश्वास, समर्थन और आशीर्वाद की आवश्यकता है, ताकि हम सब मिलकर बेमेतरा को विकास और खुशहाली की नई ऊंचाइयों पर ले जा सकें।

आइए, साथ मिलकर संकल्प लेकर एक नए, समृद्ध और आत्मनिर्भर बेमेतरा का निर्माण करें ।भाजपा म हे मोर विश्वास हमर नगर म होही विकास ।

आज के जनसंपर्क में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा वार्ड 15 हेमलता शर्मा वार्ड 16 नीतू कोठारी वार्ड 17 गौरव साहू वार्ड 18 आकिब मलकानी जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र शर्मा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू ,चुनाव संचालक राजेश शर्मा हर्षवर्धन तिवारी सतीश कसार मनोज मिश्रा गोलू कोसले रामानंद त्रिपाठी राकेश मोहन शर्मा अमरीका निर्मलकर वैभव तिवारी छोटू ठाकुर प्रकाश साहू अभिनव ठाकुर संदीप यादव भागीरथी यदु ,पार्षद दीना साहू मनोज मिश्रा रोहित साहू धर्मेंद्र साहू का विशेष सहयोग रहा।

# सत्संग में वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन को बदल देते है: पंडित मोहन नारायण शास्त्री



**थान खमरिया,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। थान खमरिया में आयोजित श्रीमद देवी भागवत में श्री मोहन नारायण शास्त्री जी कहा कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं होते

भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देना चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होते हैं उसे जैसा चाहे वैसा बनाया जा सकता है कथा के दौरान शास्त्री जी ने जड़भरत की कथा में कहा कि हमे कभी आसक्ति नहीं करनी चाहिए असक्ति ही थी जिसके कारण भरत जी महराज को हिरण का जन्म मिला

पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी इसके लिए श्रीमद देवी भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायचित बताया हैं अजामिल उपखयान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नर्सिंग रूप में लोहे के खंबे को फाड़कर प्रकट होना बताया है कि प्रह्लाद को विस्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंबे मे भी है और उस बिश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी मे से प्रकट हुए हिरण्यकशयप के वधकर प्रहलाद के प्राणों की रक्षा की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहें हैं

# चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बालोद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। 02 फरवरी को ग्राम घुमका में मंडाई का कार्यक्रम के दौरान ग्राम घुमका निवासी भावेश कुमार साहू घर के पास मोबाईल से अपने भाई चेतन साहू के साथी युवराज साहू को गलत कार्य नही करने के लिए समझाईश दे रहा था। उसी बीच दोनो के बीच हाथापाई होने से चेतन साहू नाराज होकर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे एक स्टील नुमा चाकू से बांए सीने में मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी इंदूर राम साहू के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद सुरजन राम भगत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद अशोक कुमार जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांश सिंह राठौर व थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के द्वारा तत्काल टीम गठित कर 24 घंटे के अंदर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि देवकुमारी साहू, प्रण्आरण् भगवान सिंह, आरक्षक तुमेश सिन्हा, आरक्षक डिगेश पटेल का सराहनीय कार्य रहा। आरोपी चेतन कुमार साहू पिता छन्नु लाल साहू उम्र 18 वर्ष 02 माह घुमका थाना व जिला बालोद का रहने वाला है।

# भावना बोहरा ने पांडातराई के वार्डों में जनसंपर्क कर प्रत्याशियों के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

**कवर्धा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव मे प्रत्याशी और पार्टी अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार कर जनता से मतदान करने की अपील कर रहें हैं। पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा भी लगातार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायतों एवं नगर पालिका क्षेत्रों में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से मतदान करने की अपील कर रही हैं।

बुधवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6,7 एवं 8 में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी सरिता रामकुमार सोनी एवं वार्ड प्रत्याशियों के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के अटल संकल्प में किये वादों की जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस के 5 वर्ष के कुशासन और भ्रष्ट सरकार के राज में पंडरिया नगर विकास से कोसो दूर हो गया। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही केवल एक वर्ष में पांडातराई नगर को 12 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्यों को स्वीकृति मिली और आज यह कार्य डबल इंजन की रफ़्तार से प्रगति पर हैं। पांडातराई नगर में यातायात सुविधाओं को दुरुस्त करने से लेकर भारी



वाहनों के रूट को डायवर्ट करने के लिए बाईपास निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग भी भाजपा सरकार में पूरी हो रही है। हाल ही में भाजपा ने हमारे शहरों और नगर पंचायतों के विकास के लिए अटल संकल्प पत्र जारी किया है।

इस संकल्प पत्र में में हमारे स्ट्रीट वेंडर्स और ठेला एवं गुमटी लगाकर अपनी आजीविका चलाने वाले व्यापारियों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत उन्हें 30,000 रुपए की वित्तीय सहायता देने का हमने संकल्प किया है ।पंडरिया, पांडातराई और इंदौरी नगर में बनेगा नालंदा परिसर की तर्ज पर होगा लाइब्रेरी का निर्माण, महतारी वंदन योजना के स्वसहायता समूह की बहनों को मिलेगा 2.50 लाख तक का लोन, महिलाओं के लिए साफ़, सुरक्षित एवं सुविधाजनक शौचालय हेतु पिंक टॉयलेट का निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 3 लाख अतिरिक्त पीएम आवास निर्माण जैसे कई जनहित और विकास कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया है जिसे हम माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी और डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में अपने क्षेत्रों के तिगुनी विकास के लिए जरुर पूरा करेंगे।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि पांडातराई नगर में केवल एक वर्ष में हुए विकास कार्य आज जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहें हैं जिससे जनता को सुविधा मिल रही है। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आज पांडा तराई नगर अंतर्गत 2021 विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए की आर्थिक सहयता, 1586 परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ, 2696 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक निःशुल्क उपचार, 650 से अधिक किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस एवं लगभग 1000 किसानों से 3100/ चिंटल की दर से धान खरीदी की गई, भूमिहीन किसानों को प्रतिवर्ष 10000 रुपए की आर्थिक सहयता एवं युवाओं के लिए सरकारी नौकरी एवं पीएससी घोटाले की जांच से उनके उज्ज्वल भविष्य की राह आसान हुई है। ऐसी कई योजनाएं एवं जनहित के कार्य हैं जिनसे हमारे प्रदेश के किसान, युवा, महिला, बुजुर्ग और सर्व समाज के हितों के लिए कार्य किये गए हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि पांडातराई की जनता 11 फ़रवरी को होने वाले मतदान में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर क्षेत्र की प्रगति व उन्नति के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी।

# भाजपा का घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र को बेमेतरा विधायक दीपेश ने किया जारी

**बेमेतरा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा के विधायक दीपेश साहु ने भाजपा का घोषणापत्र अटल विश्वास पत्र को जारी किया गया इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में भाजपा का घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र को रायपुर में जारी किया गया है उसी अटल विश्वास पत्र यहां पर जारी किया गया है उन्होंने बीते कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीते 5 साल में कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार कमीशन खोरी का बोलबाला रहा कांग्रेस ने 5 साल पहले जो वादा किया था उसे भी पूरा नहीं किया है इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री बिष्णु देव साय के द्वारा किया गया वादे को पूरा करने की बात कही इसके संबंध में 18लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना शामिल करने हर महिला को एक एक हजार रुपए महिने देने राम लला का निःशुल्क दर्शन कराने योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया विधायक दीपेश साहु ने अटल विश्वास पत्र के संबंध में जानकारी देते हुए कहा

कि अटल विश्वास पत्र नगरीय निकाय क्षेत्र के भविष्य को तय करने का संकल्प है। आने वाले समय में नगरीय निकाय क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा जो काम करने वाली है, वह अटल विश्वास पत्र के रूप में हमारे सामने है। इसे बीस बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई है जिसमें प्रमुख रूप नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे। साथ ही, हम सभी पट्टा धारकों को भू- स्वामी बनाएंगे।

रुके हुए पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को, और वर्तमान में स्वीकृत हुए 3 लाख क्क्ष्ड्ड- घरों को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही, जो बिजली बिल और समेकित कर पटाते है, उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी।

महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रॉपर्टी कर में 25त्न की विशेष छूट प्रदान करेंगे। प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को 10त्न की विशेष




छूट प्रदान करेंगे। बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधाओं का विस्तार करेंगे, ताकि उन्हें साफ, सुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय मिल सके।

36स्थानों मुफ्त वाई-फाई की सुविधा सुनिश्चित करेंगे

स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग के लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से ?30,000 की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, हम स्मार्ट वेंडिंग ज़ोन, फूड स्ट्रीट्स की स्थापना करेंगे और एक समुचित नीति बनाएंगे, जिससे सड़क व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

समाधान योजना के माध्यम से हम बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान प्रदान करेंगे। विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए फ्री सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे ।स्वयं-सहायता समूहों (स्॥त्रद्य) के लिए हर नगर निगम में बर्तन बैंक की स्थापना करेंगे। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के स्॥त्र लाभार्थियों को ?2.5 लाख तक का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बने ।यूजर चार्ज का युक्त युक्तिकरण करेंगे ।स्वच्छ और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हर घर में कचरा बाल्टी मुहैया कराएंगे और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गों की ट्रैकिंग करेंगे। 6स्थानों पर वाटर ए टी एम सहित हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए नल से जल की व्यवस्था को बेहतर करेंगे, नए जल टैंक बनाएंगे और पुराने कुओं का संरक्षण और पुनरुद्धार करेंग छत्तीसगढ़ को सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश बनाएंगे, जिसके तहत निगम क्षेत्रों में स्क्रीनिंग केंद्र स्थापित करेंगे और सभी मरीज़ों को सिकल सेल एनीमिया पहचान पत्र जारी करेंगे।

प्रत्येक तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित करेंगे और इसे एस.टी.पी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से जोड़ेंगे ताकि तालाबों की स्वच्छता हो सके।

गोकुल नगरज का विस्तार करेंगे, ताकि गोवंश संरक्षण, उनकी देखभाल और आवास के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके ।शहरों में शासकीय जगहों पर कार और दोपहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण करेंगे, जिससे यातायात पार्किंग की समस्याओं और जाम का समाधान सुनिश्चित होगा।

6 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र शुरू करेंगे और पुस्तकालयों में सीटों की संख्या भी बढ़ाएंगे इसके निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गया है इसके पहले पूर्व पार्षद नीलू राजपूत ने उपस्थित सभी लोगों का परीचय कराया इस अवसर पर बेमेतरा जिला के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नगरपालिका क्षेत्र के भाजपा संचालक हर्षवर्धन तिवारी, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोंटी साहु ,प्रदेश महिला मोर्चा के सदस्य निशा चौबे उपस्थित थे ।

## बालक दास महात्यागी का आगमन आज

थान खम्हरिया, 5 फरवरी (देशबन्धु)। आज राष्ट्रीय संत श्री राम बालक दास जी महा त्यागी का आगमन चंडी महायज्ञ में दोपहर 4 से 5 1 घंटा सभा को संबोधित करेंगे सब चंडी यज्ञ समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है



# भाजपा का अटल विश्वास पत्र जनता के विश्वासों का बनेगा मजबूत आधार स्तम्भः अभिषेक सिंह

**राजनांदगांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने जनता के लिए वादों का पिटारा वाली अटल विश्वास पत्र जारी किया है।इस अटल विश्वास पत्र में कहा गया कि भाजपा द्वारा जनता की भलाई के लिए किया गया वादा जनता के विश्वासों का मजबूत आधार स्तम्भ साबित होगा।

जिले के पूर्व सांसद अभिषेक ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सन्नी चावला, मीडिया प्रभारी अशोक लोहिया अमल ललवानी आदि की उपस्थिति में कहा कि पिछले पांच सालों में हमारे नगरीय निकायों में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिख दिया है। कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार की हर जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में हमेशा बाधा उत्पन्न की गई। केंद्र सरकार की योजनाओं के सही तरीके से क्रियान्वयन में उसने हमेशा रोड़े अटकाए, जिससे जनता को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाया।

पूर्व सांसद ने बताया कि नगरीय निकायों के लिए जो विश्वास पत्र तैयार किया गया है वह जनता के मूल्यवान सुझावों और अपेक्षाओं के आधार पर है। जिसे 20 बिंदुओ पर जनता के सामने रखा गया है जिसे नगरीय निकाय में भाजपा की सरकार बनने पर अवश्यमेंव पूरा किया जाएगा।



■ नगरीय निकायों में कांग्रेस ने पिछले 5 साल में लिखा भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय

### जनता के लिए किए गए प्रमुख वादे

भाजपा द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया गया कि नगरीय निकाय चुनाव में जनता ? के हित के लिए किए गए प्रमुख वादों में नजूल भूमि के पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनना, इसके लिए नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाने,,

रुके हुए पीएम आवास - शहरी परियोजना को तथा वर्तमान में स्वीकृत हुए 3 लाख पी एम ए वाय - यू घरों को तेजी से पूरा करने,एवं बिजली बिल और समेकित कर पटाने वालों को आवास की पात्रता। महिलाओं के नाम दर्ज संपत्तियों पर प्रापर्टी टैक्स में 25 प्रतिशत की छूट, ।

### महापौर सम्मान निधि की स्थापना

भाजपा के वादों में कहा गया है कि हर नगर निगम में महापौर सम्मान निधि की स्थापना की जाएगी जिसके तहत यूपीएससी मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रत्येक नगर निकाय के व्यावसायिक केन्द्रों में बिजली, सड़क , शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था। बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टायलेट। विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा। स्ट्रीट वेंडर के सहयोग लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से 30 हजार की वित्तीय सहायता। स्मार्ट वेंडिंग जोन, फूड स्ट्रीट्स की समुचित नीति बनाने। समाधान योजना के माध्यम से बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुरानी संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान की व्यवस्था। विद्यालयों व महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए फ्री में सैनेटरी नैपकिन की उपलब्धता।

### निगम में बर्तन बैंक की स्थापना

स्व- सहायता समूहों के लिए हर नगर निगम में बर्तन बैंक की स्थापना। महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को ढाई लाख तक ऋण,और मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान। यूज़र चार्ज का युक्त युक्तीकरण । हर घर में कचरा बाल्टी व रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था का इंतजाम। स्मार्ट वेस्ट मानिटरिंग,सिस्टम के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गों का ट्रेकिंग। नगर निगम की आन लाइन सेवाओं ?को सुनिश्चित करने माई सिटी एट का लांच। हर जोन में एक एकीकृत सेवा केंद्र की स्थापना।

नल से जल की व्यवस्था को बेहतर करने नए जल टंकी आ निर्माण, पुराने कुंओ का संरक्षण और पुनरोद्धार। छत्तीसगढ़ को सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश बनाना। इसके लिए निगम क्षेत्र में स्क्रीनिंग केंद्र की स्थापना। तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली की स्थापना और इसे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ना।

गो- वंश संरक्षण व उनकी देखभाल के लिए गोकुल नगर का विस्तार। शहरों के शासकीय जगहों में कार व दोपहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण ।नगर निकाय में नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र व पुस्तकालयो में सीटों की इजाफा। इस तरह 20 बिंदुओं में भाजपा द्वारा जनहित के लिए वादा किया गया हैं।

# कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें: कलेक्टर

**बालोद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष मे आयोजित साप्ताहिक समय.सीमा की बैठक में शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने 01 मार्च से प्रारंभ होने वाले कक्षा 12वीं एवं 03 मार्च से शुरू होने वाले 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं की आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने जिले में निर्विघ्न रूप से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डाण् संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में श्री चन्द्रवाल ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी से अभी हाल में ही संपन्न प्री बोर्ड परीक्षा के परीणाम के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में बोर्ड परीक्षा के परिणाम को उत्कृष्ट बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के आयोजन के तैयारी हेतु बुधवार 05 फरवरी को समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने जिले में 09 फरवरी को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना करकाभाट के प्रबंध संचालक से शक्कर कारखाना में गन्ने की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जिले में गन्ने के पैदावार बढ़ाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। श्री चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक को इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र राठिया एवं शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक को स्थल निरीक्षण कर गन्ने के पैदावार बढ़ाने हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी लेने के निर्देश भी दिए।

# जिला पंचायत सदस्य हेतु प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की गई संवीक्षा, कुल 56 आवेदनों में से 55 आवेदन स्वीकृत

**बालोद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सदस्य पद हेतु अभ्यर्थियों से प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। इस दौरान रिटर्निंग आफिसर ;पंचायतद्ध एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉण् संजय कन्नौजे द्वारा जिला पंचायत सदस्य हेतु अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए कुल 56 नाम निर्देशन पत्रों के संवीक्षा के उपरांत 55 नाम निर्देशन पत्रों को स्वीकृत किया गया है। इस दौरान पंचायत विभाग के उप संचालक श्री आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारीए अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावकगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थिता नाम वापस लेने की तिथि गुरूवार 06 फरवरी को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके अलावा गुरूवार 06 फरवरी को निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य और पंच एवं सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने के अलावा सूची का प्रकाशन और प्रतीक चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा।

# नपं डौण्डी,भाजपा सरकार बनाते ही ट्रिपल इंजन की रफ्तार के साथ होगा विकास: अध्यक्ष प्रत्याशी चौरका

**डौंडी,**5 फरवरी(देशबन्धु)।11 फरवरी को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो चुकी है इसी के तहत नगर पंचायत डौंडी से भाजपा की अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी मोहंतिन चौरका अपने जनसंपर्क पर फोकस करते हुए नगर के प्रत्येक जन से संपर्क कर रहे हैं अपने वार्ड पार्षद प्रत्याशियों मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा भाजपा के विरिष्ट नेता दिनेश अग्रवाल सहित सभी कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्येक वार्डो के घर घर जा कर अपनी जीत का आशीर्वाद मांग रही है । साथ ही यह भी मतदाताओं से कहा रही की आगामी नगरी निकाय चुनाव में भाजपा की सरकार बनते ही ट्रिपल इंजन की रफ्तार के साथ नगर के विकास के कार्य होंगे। मोहंतिन चौरका ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ वादा ही नहीं करती जबकि किए हुए वादों को सायङ्कसाय पूरा भी करती है ।केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने मिलकर गरीबों को रहने के लिए पक्का आवास योजना बनाया व महिलाओं के लिए शौचालय। मोहंतिन ने कहा कि भाजपा के सभी वार्डो के पार्षद प्रत्याशी को भी विजय बनाना है ताकि नगर में विकास ही विकास के कार्य बिना किसी भ्रष्टाचार के हो। मोहंतिन चौरका ने लगातार नगर में अपने समर्थकों के साथ प्रचार प्रसार कर रही है और उन्हें सबका साथ भी मिल रहा है। चुनाव जनसंपर्क में भाजपा नेता मनीष झा रूपेश नायक दिनेश अग्रवाल मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने की अपील कर रहे हैं और कहा रहे हैं की डबल इंजन भाजपा सरकार में डौण्डी नगर को निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रहा है। अब हमें 11 फरवरी को होने वाले चुनाव में डौण्डी नगर पंचायत में तीन गुनी रफ्तार से विकास करने के लिए ट्रीपल इंजन की भाजपा सरकार बनाना है इसके लिए आप सभी से निवेदन है की भाजपा प्रत्याशी के लिए अपना आशीर्वाद दिजिये व भाजपा के पक्ष में मतदान करें।



# कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी रवि जायसवाल नगर मतदाता से जन संपर्क कर मांगा आशीर्वाद

**दल्लीराजहरा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका दल्लीराजहरा अध्यक्ष पद के युवा संघर्षशील प्रत्याशी रवि जायसवाल का पुरे नगर में संगठन जनसंपर्क निरंतर जारी है। रवि जायसवाल अपने जन संपर्क में अपने सभी वार्ड पार्षद व महिला पुरूष युवाओं के साथ नगर के सभी वार्डो कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्येक मतदाता के घर घर जा कर अपने जीत का आशीर्वाद मांग रहे हैं। विधायक अनिला भेड़िया भी कांग्रेस अध्यक्ष रवि जायसवाल के लिए व सभी 27 वार्ड पार्षद के लिए नगर में जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांग रही है। साथ सभी मतदाताओं से कह रही है ।जिस प्रकार आप सभी मेरे कार्यों को देखते हुए मुझे लगातार 15 सालों से विधायक बना कर विधान सभा में भेजा है ठीक उसी प्रकार नगर पालिका में भी आप फिर से कांग्रेस के प्रत्याशीयों को जीत दिलाने में अपना आशीर्वाद दिजिये ।पालिका में अध्यक्ष और पार्षद भाजपा का चुने जाने से विकास आप के दरवाजे तक पहुंचेगा यह में आप सब को आश्वासन देती हूं। अध्यक्ष प्रत्याशी रवि जायसवाल नगर के वार्ड के मतदाताओं से घर घर जाकर लोगों की समस्याओं को समझने का वादा करने में जूटे है। इस अवसर पर रवि जायसवाल ने देशबन्धु से कहा की दल्लीराजहरा नगर के देवतुल्य एक एक जनता से मिलने का मेरा प्रयास रहेगा ,नगर के प्रति उनका क्या विचार है समझने का प्रयास भी करूंगा । साथ ही वे मतदाताओं से यह भी कहा की नगर की मतदाता मेरा मान सम्मान है।आप लोगों का आशीर्वाद मुझे मिला तो में आप सभी को भरोसा देता हू की अपने कार्यकाल में नगर की दशा और दिशा के साथ आप की समस्याओं का निराकरण करने में मेरी पुरी टीम तैयार रहेगी।



# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से होगा गुरुर में मतदान

**गुरुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में आम मतदाताओं को ईव्हीएम के माध्यम से मतदान करने के संबंध में गुरुर नगर के विभिन्न वार्डो मे जागरूक करने एवं वोटिंग मशीन की जानकारी देने के लिए ईव्हीएम प्रदर्शन किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से गुरुर नगर के वार्ड क्रमांक 13 कलामंच में अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए वार्डवासी एवं मतदाताओं को वोटिंग संबंधी जानकारी दी गई। युवा एवं नए मतदाताओं को बताया गया कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के माध्यम से किस तरह प्रत्याशियों को वोट दिया जाता है। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग के लिए भी सभी को अपील किया।

गौरतलब है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद गुरुर नगर में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए अधिकृत प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार किया जा रहा है। मतदान को अब कुछ ही दिन ही शेष है ऐसे में जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से मतदान के लिए सभी को जानकारी देकर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# विकासखंड में गन्ना फसल क्षेत्र विस्तार के लिए किसानों को किया जा रहा प्रोत्साहित

**गुरुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। शासन प्रशासन द्वारा निर्देश मिलने के बाद अब गुरुर विकासखंड में किसानों को गन्ना फसल क्षेत्र विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व बालोद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल स्वयं गुरुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में घूमकर किसानों को गन्ना फसल लगाने के लिए प्रेरित किया था।



जिसके फलस्वरुप अब गुरुर सहित ग्राम पलारी, अर्जुनी, सोरर, कपरमेटा, बरपारा, कोचेरा, भोथली, बासीन, कँवर जैसे अन्य ग्रामीणों में किसानों द्वारा इसके लिए तैयारी की जा रही है।

440 एकड़ में गन्ना लगाने का लक्ष्य

गौरतलब है कि ब्लॉक मुख्यालय गुरुर से 10 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम करकाभाट में बालोद जिले का एकमात्र मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना संचालित है।

लेकिन गुरुर के अलावा बालोद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में गन्ने की आवक नहीं होने से शक्कर कारखाना में नियमित रूप से पेराई नहीं हो पाता, ऐसे मे जिला प्रशासन द्वारा गन्ना फसल क्षेत्र के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि शक्कर कारखाना में नियमित रूप से गन्ना पेराई जारी रहे।

वर्तमान में गन्ने की आवक कम होने की वजह से मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में अब ब्रेकडाउन की स्थिति बनने लगी है, ऐसे में इस तरह समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विभाग से जानकारी मुताबिक गुरुर विकासखंड में इस वर्ष 440 एकड़ में गन्ना फसल क्षेत्र विस्तार के लिए लक्ष्य रखा गया है, जहां 55 एकड़ खेतों में गन्ने की खेती हेतु तैयारी हो चुकी है। जबकि पिछले वर्ष 390 एकड़ खेतों में किसानों द्वारा गन्ने की खेती की गई थी।

कृषि विभाग द्वारा लक्ष्य को पूरा करने तथा गन्ना फसल क्षेत्र विस्तार के लिए गांव-गांव में जाकर, चौपाल लगाकर किसानों को इस तरह प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि इसका लाभ किसानों को भी मिल सके।

# लाखों की लागत से लगाए गए स्ट्रीट लाइट को असामाजिक तत्वों ने पहुंचाया नुकसान

**गुरुर,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद पंचायत गुरुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम कपरमेटा में लाखों की लागत से लगाए गए सोलर पैनल स्ट्रीट लाइट को असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचा दिया गया है। स्ट्रीट लाइटों को नुकसान पहुंचाने के बाद ग्राम पंचायत द्वारा भी उसकी मरम्मत हेतु कोई ध्यान नहीं दिया गया। आलम यह है कि यहां तालाब के पास लगाए गए स्ट्रीट लाइट जमीन में गिर गया है तथा सोलर पैनल एवं लाइट गायब हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में यह स्ट्रीट लाइट मुख्य मार्ग किनारे सतबहिनी तालाब किनारे लगाया गया था लेकिन सोलर पैनल स्ट्रीट लाइट को नुकसान पहुंचाने के बाद गांव में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, चुकि यह ग्राम कपरमेटा जंगलों से घिरा हुआ है जहां दन्तेल हाथी, भालू तेंदुआ जैसे विभिन्न तरह से वन्य प्राणी यहां दस्तक देते रहते हैं ऐसे में यहां अनहोनी के आशंका बढ़ गई है।



### शाम होते ही छा जाता है अंधेरा

उपरोक्त स्थान के एक तरफ छोटे पारा एवं दूसरी तरफ बड़े पारा स्थित है जहां आवागमन के दौरान ग्रामीणों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में ग्रामीणों ने उपरोक्त लाइटों की शीघ्र ही मरम्मत करने की मांग जिला प्रशासन से की।

ग्राम पंचायत कपरमेटा से जानकारी के मुताबिक उपरोक्त स्थान पर कुल 7 नग सोलर पैनल स्ट्रीट लाइट को लगाया गया था, जिसमें दो स्ट्रीट लाइट खंभा सहित पूरी तरह से गिर चुका है जबकि अन्य सोलर पैनल को भी नुकसान पहुंचाने से यहां शाम होते ही अंधेरा छा जाता है जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा।

# एटीएम में फेविक्विक लगा कर करते थे रूपये पार,आरोपी हजारीबाग, झारखण्ड के धरे गए

**राजनांदगांव,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। आज नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक ने पत्रकारवार्ता बसंतपुर थाने में आहूत कर धोखाधड़ी के अंतरराज्यीय आरोपियों के पकड़े जाने को लेकर विस्तृत जानकारी दी मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी शिव दयाल रंघाटी पिता स्व0 श्री आनंद राम निवासी सृष्टि कॉलोनी राजनांदगांव थाना बसंतपुर का शिकायत आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 03.02.2025 को प्रात: 09:00 बजे यह सृष्टि कॉलोनी स्थित ए0टी0एम0 में पैसा निकालने के लिए गया हुआ था और ए0टी0एम से पैसा निकालने के लिए के दो बार प्रयास किया किन्तु पैसा नही निकला उसी दौरान इसके पीछे खडा व्यक्ति इसका ए0टी0एम0 का पिन नंबर देख लिया तथा उस अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसे सलाह दिया कि इस ए0टी0एम0 में पैसा नही है आगे के ए0टी0एम0 से निकल जायेगा तब प्रार्थी महामाया चौक स्थिति ए0टी0एम0 में पैसा निकलने के लिए गया तो उसके पहले वह अज्ञात व्यक्ति उस ए0टी0एम0 में पहले से पहुँच चुका था। प्रार्थी द्वारा पैसा आहरण के लिए अपना ए0टी0एम0 कार्ड ए0टी0एम0 में डाला तो उसका ए0टी0एम0 कार्ड मशीन में फंस गया तथा अज्ञात व्यक्ति के द्वारा प्रार्थी को ए0टी0एम0 मैनेजमेंट का मोबाईल नंबर दिया जिससे प्रार्थी द्वारा बात करने पर 11:00 बजे आने की सलाह दिये जाने पर प्रार्थी चला गया। प्रार्थी जब बैंक गया तो प्रार्थी को पता चला कि इनके खाते का पैसा उस अज्ञात व्यक्ति द्वारा योजनाबद्व तरीके से ए0टी0एम0 के माध्यम से 39,500/रूपये की धोखाधडी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध सदर पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग (भा0पु0से0) के मार्ग दर्शन एवं राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर नेतृत्व पर अज्ञात आरोपियो की गिरफ्तारी व पता तलाश हेतु अलग-अलग टीम तैयार किया गया था। प्रार्थी के बताये अनुसार घटना स्थल महामाया चौक ए0टी0एम0 के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक करने पर प्रार्थी के आगे पीछे संदिग्ध स्थिति में चार व्यक्ति आते जाते दिखाई दिये। घटना स्थल से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज का लगातार मिलान, शहर में लगे कैमरो से करने पर पता चला कि आरोपीगण महाराष्ट्र नंबर की हुण्डई कार में दुर्ग रायपुर की ओर जाना पता चलने पर, घटना के संबंध में दुर्ग रायपुर एवं बिलासपुर की पुलिस से संपर्क कर घटना से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। राजनांदगांव बसंतपुर पुलिस टीम आरोपीगणो का लगातार पीछा कर रही थी। जिन्हे बिलासपुर पुलिस की मदद से घेराबंदी करके पकडा गया। आरोपीगणो को हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। आरोपीगणो से पूछताछ करने पर मुख्य आरोपी शिव शंकर प्रसाद के द्वारा प्रार्थी से अपने साथियो के साथ धोखाधडी कर घटना कारित करना स्वीकार किया तथा अपने कथन मे बताया कि राजनांदगांव में घटना कारित करने के बाद रेल्वे स्टेशन दुर्ग से लगा ए0टी0एम0 में भी इसी प्रकार की घटना को अंजाम दिये है। रायपुर में भी ए0टी0एम0 के आसपास घटना कारित करने का प्रयास कर रहे थे किन्तु सफल नही हो पाये, जिसके बाद बिलासपुर से होते हुए अपने गांव हजारीबाग (झारखण्ड) जा रहे थे तभी पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड लिया। आरोपियों के विरूद्ध थाना बसंतपुर राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 57/25 धारा 318, 3(5) भारतीय न्याय संहिता दर्ज होने से चारो आरोपीगणों को विधिवत् माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। जहॉ जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।



### नए तरीके की ठगी,ऐसे देते थे घटना को अंजाम

आरोपीगण पहले से ए.टी.एम. के आसपास रहकर बुजुर्ग व निशक्त व्यक्ति की रेंकी करते है व जैसे ही कोई बुजुर्ग व्यक्ति इनको ए.टी.एम. आते दिखाई देता है तो इस टीम का एक सदस्य ए.टी.एम. कार्ड अंदर डालने वाले स्थान पर सावधानी पूर्वक फेवीचिक डाल देते है, तथा दूसरा सदस्य ए.टी.एम संचालित करने वाले व्यक्ति के पीछे खडे होकर पिन नंबर नोट कर लेता है। पैसा निकलने के प्रोसेस होने के बाद ए.टी.एम. कार्ड मशीन में ही फंस जाता है, फिर इस टीम का तीसरा व्यक्ति पीछे से आकर मदद करने के बहाने से ए.टी.एम.का टोल फ्री नंबर है बोलकर अपने चौथे साथी का नंबर देकर कॉल करने बताते है। आरोपीगणो का चौथा साथी फोन रिसिव ए0टी0एम0 का ब्रांच पूछकर उस ब्रांच के बैंक में 02 घंटे बाद आने को बोलता है। प्रार्थी ए0टी0एम0 संचालक के बाहर निकलने के बाद सावधानी पूर्वक अपने शातिर तरीके से फंसे हुए ए0टी0एम0 को बाहर निकाल कर उस खाते में बचे हुए पैसे को जल्द से जल्द निकाल कर घटना को अंजाम देते है।

उल्टा पुल्टा

पति- मैच वाला चैनल लगाओ।
पत्नी- नहीं लगाऊंगी, क्या करोगे?
पति- देख लूंगा।
पत्नी- क्या देख लोगे?
पति- वही, जो चैनल तुम देख रही हो।

संपादकीय

## निर्माण सामग्रियों से होते हादसे

छत्तीसगढ़ में हमेशा कई तरह के निर्माण कार्य चलते रहते है। इसके कारण स्वाभाविक है कि बड़े पैमाने पर निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता पड़ती है। निजी, सरकारी या स्थानीय निकाय विभिन्न निर्माण कार्य कराते हैं। इन सभी तरह के निर्माण कार्यों में अक्सर जो बात देखने को मिलती है, वह है इसके लिये आवश्यक सामग्रियों का कहीं भी डाल दिया जाना। इनमें सरिया, बालू, ईंटें. बजरी, गिट्टी आदि समेत कई तरह की वस्तुएं होती हैं। सामग्री इस तरह खुले में भंडारण करने वालों की इस बात की कतई चिंता नहीं रहती कि इसके कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है या इससे हादसे हो सकते हैं। राज्य सरकार और स्थानीय निकायों को चाहिये कि उन लोगों पर सख्त कार्रवाई करें जो लापरवाहीपूर्वक भवन निर्माण सामग्रियों को इस तरह से रखते हैं कि जिनसे लोगों को असुविधा हो या कोई अनहोनी हो जाये।

प्रदेश भर में कहीं भी देखें तो सड़कों के दोनों ओर सामग्रियों के ढेर नज़र आयेंगे। फिर, उन्हें इतनी अदूरदर्शितापूर्वक रखा जाता है कि आवाजाही करने वाले वाहनों को या तो गति धीमी करनी होती है या बहुत सम्हाल कर चलाना पड़ता है। इसके बावजूद हादसे हो ही जाते हैं। अंबिकापुर के नज़दीक मेंड्राकला के पास एक बाइक सवार गिट्टी के ढेर से टकराकर बुरी तरह से गिर पड़ा। इस दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। इस तरह की दुखद घटनाएं होती रहती हैं। दिन में तो ये सामग्रियां दिख भी जाती हैं परन्तु रात में ये नहीं दिखाई देतीं। यह भी नहीं पता चलता कि ये ढेर कितने बड़े हैं। कुछ समय पहले रायपुर नगर निगम ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू की थी पर वह जारी नहीं रही।

शहर हों या कस्बे अथवा गांव, जहां भी किसी तरह का कोई निर्माण होता है तो सामग्रियां रख दी जाती हैं। बार-बार सामान न लाना पड़े इसके लिये अक्सर इसे बड़े पैमाने पर लाकर रख दिया जाता है। फिर, ये कई दिनों तक पड़े रहते हैं। संकरी गलियां हों तो आना-जाना तक मुश्किल हो जाता है। होना तो यह चाहिये कि सामग्रियों का भंडारण इस प्रकार से हो कि लोगों को असुविधा न हो तथा काम भी चलता रहे।

इस बात को स्वीकार किया जा सकता है कि लोगों के पास और कोई विकल्प नहीं रहता, सिवाय इसके कि वे सामग्री सड़क किनारे रखें। गरीब व मध्यवर्गीय कोई भूखंड लेकर घर बनाते हैं या मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कराते हैं तो उनके पास पर्याप्त जगह नहीं होती, परन्तु जिन लोगों के पास पर्याप्त स्थान होता है वे भी इसकी परवाह नहीं करते। सामग्रियों के परिवहनकर्ता भी इसकी चिंता नहीं करते। उन्हें जहां सुविधा होती है वहां सामग्री गिराकर चले जाते हैं। जनता हेतु असुविधा पैदा करने वालों के खिलाफ़ कार्रवाई हो।

## राजिम में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला



**निर्दलीय भी मार रहे जोर**

**राजिम,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में इन दिनों नगरीय निकायों के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का जोर अपने पूरे शबाब पर पहुच चुका है. नगरीय निकायों में जहां आगामी 11 फरवरी को वोटिंग है इसलिए ज्यादा उफान यही देखने मिल रहा है । राजिम नगर पंचायत में 6 प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे है जिसमे कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला देखने मिल रहा है शेष निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर लगा रहे है नगर की जनता का अभिमत तो मतपेटियों से होकर निकलेगा लेकिन जमीनी हकीकत को देख और सुनकर अनुमान लगाना कठिन है. ।

कांग्रेस प्रत्याशी पवन सोनकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके है इस कारण चुनाव के वे सभी पैतरो से वाकिफहै जो विरोधी उनके खिलाफइस्तेमाल करने वाले है इसलिए वे औरो की अपेक्षा ज्यादा चौकस और चौकन्ने है. विरोधियों को कैसे पटखनी देना है चुनावी बिसात बिठाकर वे प्रचार में निकले है जिसकारण अपार जनसमर्थन उनके साथ दिखाई देने लगा है. सत्तापक्ष से निपटना उन्हें भलीभांति आता है. इससे पूर्व वे निर्दलीय की हैसीयत से नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जीत चुके है. पांच साल का सफल कार्यकाल बीताकर और बेदाग राजनीति चेहरा वाले प्रत्याशी माने जाते है. उनके कार्यकाल में विकास की अन्तहीन गाथा लिखी गई जिससे राजिम नगर की छबि में चार चाँद लगा और राजिम की पहचान एकबार फिर धर्मनगरी के रूप में प्रतिष्ठित हुई जिससे राजिम नगर के वाशिंदों में दो राय नहीं रह गया है. ।

भाजपा प्रत्याशी अधिवक्ता महेश यादव और कांग्रेस प्रत्याशी पवन सोनकर आपस में मितान है और दोनों को एक दूसरे की कमजोर नब्ज़ मालूम है ।पवन सोनकर के मुकाबले महेश यादव को कमजोर नहीं माना जा सकता महेश यादव के बारे में नगर भर में चर्चा है की पार्टी से कई वर्षों से जुड़ा है सत्तापक्ष से होने का फायदा भी मिलेगा। चुनाव प्रचार में पार्टी के स्थानीय नेताओ का समर्थन मिल रहा है। जिससे पवन सोनकर और महेश यादव के बीच कांटे की टक्कर है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## कसडोल नप अध्यक्ष के निर्दलीय प्रत्याशियों ने बिगाड़ा कांग्रेस एवं भाजपा का समीकरण




**कसडोल/बलौदाबाजार,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बहुप्रतिष्ठित कसड़ोल नगर पंचायत के अध्यक्ष एव पार्षद पद को लेकर निर्दलीय प्रत्थाशीयो ने कांग्रेस, भाजपा का समीकरण बिगाड दिया है। अध्यक्ष एवं 15 वार्डों के पार्षदों के लिए नामांकन वापसी के बाद तस्वीर अब साफहो चुकी है मैदान मे अध्यक्ष पद के सामान्य सीट होने से 6 प्रत्याशी रह गये है जिसमें से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी चंदन साहू और भाजपा के नागेश्वर साहू के अलावा 4 स्वतंत्र प्रत्याशी चुनावी मैदान मे है।

उल्लेखनीय है कि इस बार सामान्य सीट होने से दोनो प्रमुख पार्टी कांग्रेस और भाजपा से क्रमश: ऋत्विक मिश्रा और प्रदीप मिश्रा प्रबल दावेदार रहे है पर दोनो पार्टी ने इन दोनो को टिकिट नही दी जिस पर भाजपा के प्रदीप मिश्र ने स्वतंत्र चुनाव लडने का फैसला किया वही नाम वापसी के अंतिम दौर मे कांग्रेस के ऋत्विक मिश्रा ने अपना नामांकन वापस ले लिया तथा कांग्रेस से ही युवक कांग्रेस तथा एन एस यू आई के पदाधिकारी रहे भावेश यादव कांग्रेस के बागी प्रत्याशी के रूप मे चुनावी मैदान मे है, जिससे अब कसड़ोल नगर पंचायत का चुनाव दिलचस्प और त्रिकोणी संघर्ष मे तब्दील हो गया है।इसी तरह 15 वार्ड पार्षदों के बीच भी निर्दलीय प्रत्याशीयो के दमखम से चुनावी मैदान मे होने से दोनों राष्ट्रीय दलो की परेशानीयां बढ गई है। एक ओर भाजपा नागेश्वर साहू को मैदान मे उतार कर विश्वास जताया है। वही कांग्रेस अपनी सीट बरकरार रखने चंदन साहू को मैदान मे उतारा है। लेकिन कसड़ोल ग्राम पंचायत मे पंच तथा नगर पंचायत गठन के बाद अब तक पार्षद तथा उपाध्यक्ष एव सहकारी समिति के 20 वर्षो से निर्वाचित सदस्य रहे प्रदीप मिश्रा के स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप मे चुनावी मैदान होने से चुनावी माहौल दिलचस्प हो गया है। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्र प्रत्याशी प्रदीप मिश्रा की स्वस्फूर्त प्रतिदिन सैकडो महिला पुरूष युवाओ की रैली निकल रही है। जिसमे प्रदीप मिश्रा सेवा का अवसर प्रदान करने अपील करते देखे जा रहे है।

कांग्रेस के प्रत्याशी चंदन साहू के पक्ष मे विधायक संदीप साहू ने नगर के विभिन्न वार्डो मे सधन जन संपर्क कर फिर से कांग्रेस को जिताने की अपील करते हुए कहा कि जिस तरह से आप सब ने मिलकर मुझे विधायक बनाया है उसी तरह चंदन साहू को विजयी बनाना है। भाजपा मे संगठन के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता धर थर जाकर चुनाव प्रचार मे लगे हुए है वही 6 फरवरी को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष मे मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सांसद कमलेश जांगडे, अनूप शर्मा विधायक धरसीवा, आनन्द यादव जिला भाजपा अध्यक्ष तथा डा अजय राव रैली मे सम्मिलित होगे।

## कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में आज सभा करेंगे भूपेश बघेल



**बलौदाबाजार,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बलौदाबाजार नगरीय निकाय चुनावों के चलते आज बलौदाबाजार नगर पालिका में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुरेंद्र जायसवाल एवम सभी 21 वार्डो से लड़ रहे कांग्रेस पार्टी से अधिकृत पार्षद प्रत्याशियों के सर्मथन में वोट की अपील एवं चुनाव प्रचार करने 6 फरवरी को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन बलौदा बाजार में हो रहा है। भूपेश बघेल स्थानीय गार्डन चौक में शाम 4 बजे कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण अध्यक्ष रूपेश ठाकुर एवं विक्रम गिरी ने कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियो एवं कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में गार्डन। चौक में शाम 4 बजे उपस्थित होने की अपील है।

## विधायक रोहित साहू के प्रथम आगमन पर ब्रह्माकुमारी दीदी अंशु ने किया स्वागत



**राजिम,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। राजिम विधायक रोहित साहू का खड़मा के ब्रह्माकुमारीज़ मे प्रथम आगमन पर ओम शांति भवन में संस्थान की संचालिका ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने आत्म स्मृति का तिलक एवं गुलदस्ता से स्वागत किया। विधायक साहू ने संस्थान की स्वच्छ व शांत वातावरण से प्रभावित हो कर तारीफकिया। अंशु दीदी ने विधायक साहू को संस्थान की ओर से ईश्वरीय सौगात भेट की। इस अवसर पर बी. के गोविंद , बी. के. लवण साहू, बी. के. भोज ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य द्वय चंद्रशेखर साहू एवं केशरी ध्रुव, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, सरपंच प्रेमा पूर्णिमा कंवर मंग ... अध्यक्ष पंकज निर्मलकर, सोमन यादव, प्र सिन्हा, संदीप पाण्डे, गुलशन सिन्हा सहित संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, क्षेत्रीय कार्यकर्ता ग्रामवासी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने जारी किया 20 बिंदुओं का अटल विश्वास पत्र



**बिजली बिल, समेकित कर पटाने वाले पीएम आवास के लिए बनेंगे पात्र**

**महासमुंद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। स्थानीय भाजपा कार्यालय में नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने 20 बिंदुओं का अटल विश्वास पत्र के नाम से चुनावी घोषणा जारी करते हुए मतदाताओं को आकर्षिक करने वायदों की झड़ी लगाई है।प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने अटल विश्वास पत्र जारी करते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र को काला चिट्ठा बताया अधिकांश घोषणाएं भाजपा से कापी की गई है। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व मंत्री पूनम चंद्राकर, शहर अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, सतपाल सिंह पाली, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू आदि मौजूद थे। अटल विश्वास पत्र जारी करते हुए कहा गया है कि हमारे प्रमुख वायदों में नजूल भूमि के स्वामित्व में नया कानून बनाएंगे। पट्टा धारकों को भू स्वामी बनाया जाएगा। रूके हुए पीएम आवास शहरी परियोजनाओं को और वर्तमान में स्वीकृत हुए 3 लाख पीएम आवास घरों को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही जो बिजली बिल और समेकित कर पटाते हुए उन्हें आवास की पात्रता दी जाएगी। महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट, प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले संपत्तिकर का भुगतान करने वालों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। नगर निकाय के व्यवसायिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय, पेयजल की सुविधा, महिलाओं के लिए बाजार क्षेत्र में पिंक टायलेट, विद्यालय व महाविद्यालयों में मुफ्त वाईफाई, स्टीट वेंडर के सहयोग के लिए पीएम स्वनिधि से 30 हजार की वित्तीय सहायता, समाधान योजना के माध्यम से बिना जुर्माना ब्याज लगाए संपत्तिकर का एकमुस्त निपटान, छात्राओं के लिए फ्री सेनेटरी नेपकिन, युजर जार्च का युक्तिकरण, स्वच्छ और स्वस्थ छग के लिए हर घर में कचरा बाल्टी उपलब्ध कराया जाएगा। रात्रिकालीन सफाई सुनिश्चित करेंगे। स्मार्ट वेस्ट मानिर्टिग सिस्टम के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गो की ट्रैकिंग, माई सिटी एपलांच हर जोन में एक-एक सेवा केंद्र समेत गोकुल नगर विस्तार व निर्माण,शासकीय जगहों पर पार्किग व्यवस्था, निकायों में नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र शुरू किया जाएगा। श्री गुप्ता ने बताया कि पुराने कुंओं का संरक्षण व पुनरुद्धार किया जाएगा। इसी तरह प्रदेश को सिकलसेल एनीमिया मुक्त प्रदेश बनाने के लिए भी कार्य किया जाएगा।

## कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी



**कांग्रेस शासित निकायों में दशगात्र, बेटी विवाह जैसे कार्यक्रमों में पानी टेंकर नि:शुल्क,बागियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्रवाई**

**महासमुंद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। लोक लुभावन वायदों के साथ स्थानीय कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में विजय मिलने पर आमजनों को नगर पालिका द्वारा दशगात्र, बेटी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में पानी टेंकर नि:शुल्क प्रदाय किया जाएगा। उन्होंने 34 बिंदुओं का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार किया गया है। बुधवार को सभी जिला मुख्यालय में एक साथ घोषणा पत्र जारी किया जा रहा है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, पूर्व मंत्री अध्यक्ष हीरा बंजारे, पूर्व नपा उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू, दाऊलाल चंद्राकर, प्रकाश साकरकर, नरेंद्र दुबे, नारायण नामदेव, रवि साहू आदि मौजूद थे। जारी घोषणा पत्र में तालाबों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण, घाटों एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेजिंग रूम, शहरी व्यापारी क्षेत्रों में महिला प्रसाधन, पुलिस कंट्रोल रूम से सामंजस्य स्थापित कर सभी चौक चौराहों, स्कूल कालेज के समीप सीसी कैमरा, सर्वसूविधा युक्त इ रिक्शा, आटो रिक्शा के लिए पार्किग व चार्जिंग की व्यवस्था, बीपीएल कार्डधारियों को 2 हजार से बढ़ाकर 5 हजार रुपए श्रद्धांजलि योजना, अनियमित कर्मचारियों की नियमितिकरण, संपत्तिकर ,समेतिककर, जल उपभोक्ता शुल्क घर बैठे भुगतान की सुविधा, आनलाईन भवन अनुज्ञा की सुविधा, मकान आबंटन प्रक्रिया को सरलीकृत कर पात्रतानुसार आवासहीनों को मकान, प्रत्येक वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मियों की सार्वजनिक रूप से जानकारी, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सर्वसुविधायुक्त निशुल्क लाइफबेरी, युजरचार्ज का युक्तिकरण, शहर को धूल मुक्त बनाने की योजना, चलित ठेले व्यवसायियों को संरक्षण, पौनी पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता, सभी वार्डो में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, स्कूली व महाविद्यालयीन छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेफकिन, प्रत्येक वार्डो में सब्जी बाजार, नगरों को आवारा पशुओं से मुक्त, संपत्तिकर की राशि नियमित समयावधि में भुगतान करने पर विशेष छूट, सार्वजनिक स्थलों पर मुक्त वाईफाई की सुविधा, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा के अध्यक्ष संजय शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया



**धमतरी,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। पिछले माह 24 जनवरी को थाना बिरेझर क्षेत्रान्तर्गत घटित गंभीर सड़क दुर्घटना में 02 लोगों की मृत्यु हुई थी दुर्घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए घटना स्थल का निरीक्षण अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा के अध्यक्ष संजय शर्मा के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान यातायात उप पुलिस अधीक्षक मोनिका मरावी, यातायात प्रभारी खेमराज साहू, प्रकरण के विवेचक सउनि दक्ष कुमार साहू, सड़क सुरक्षा सेल प्र.आर. चमन सिंह उपस्थित थे।

घटना स्थल के निरीक्षण के दौरान सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा के द्वारा दुर्घटना स्थल के बारिकी से निरीक्षण करने पर पाया गया कि उक्त स्थान पर जामगांव की ओर से आने वाले ग्रामीण रांग साईड होकर वाहन चलाते हुए मार्ग को पार करते है, जिससे दुर्घटना की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है।

दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने, जीवन रक्षा उपाय हेतु घटना स्थल के आसपास के ग्रामीणों को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## कन्या महाविद्यालय में पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**धमतरी,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में आयोजित सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेलकूद गतिविधियों में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने हेतु पुरस्कार वितरण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। समस्त प्राध्यापकों के स्वागत अभिनंदन के उपरांत सत्र के अंतर्गत हुए साहित्यिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्राओं को प्राचार्य एवं प्राध्यापकगणों के करकमलों से पुरस्कृत किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनिता राजपुरिया ने छात्राओं की उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए कहा कि पुरस्कार तो प्रथम, द्वितीय, तृतीय को ही प्रदान किया जाता है परंतु अधिक से अधिक छात्राएं अपनी रूचि के अनुरूप विविध विधाओं में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करें क्योकि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। उन्होंने छात्राओं से आव्हान किया कि जो छात्राएं पुरस्कार प्राप्त नहीं कर पायी है वे भी अगली बार दुगुने उत्साह और विश्वास के साथ प्रयास करें ताकि अगली बार वे भी पुरस्कृत हो सके। क्रीड़ाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर बांधें ने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने हेतु उनके नाम की घोषणा की। इसी तरह सहायक प्राध्यापक रोली जांगड़े ने साहित्यिक गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने हेतु कार्यक्रम संचालन के दरम्यान उद्घोषणा की। सांस्कृतिक गतिविधि के अंतर्गत वार्षिक स्नेह सम्मेलन में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक रोली जांगड़े एवं आभार छात्रसंघ प्रभारी डॉक्टर रोहिणी मरकाम ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डी.आर. चौधरी, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## नवापारा में भाजपा का केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

**क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू, चुनाव प्रभारी अंजय शुक्ला के सानिध्य में हुआ**




**नवापारा राजिम,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका गोबरा नवापारा के अध्यक्ष पद प्रत्याशी ओमकुमारी संजय साहू के केंद्रीय चुनावी कार्यालय का मंगलवार शाम को विधायक इंद्र कुमार साहू और भाजपा के पालिका चुनाव प्रभारी अंजय शुक्ला के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया ।इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, संजय साहू सहित अन्य पार्षद प्रत्याशी व पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दोनों ही नेताद्वय द्वारा पालिका में अध्यक्ष सहित पूरे 21 वार्डो में च्कमलज्ञ खिलाने कार्यकर्ताओं को आपसी मनभेद मिटाकर एकजुट होकर काम करने का आव्हान किया । दोनों ने कहा कि पिछले 20 सालों से पालिका में भाजपा की सत्ता नहीं आई है जबकि इस दौरान 15 वर्षों तक राज्य में भाजपा की सरकार थी। इससे स्पष्ट होता है कि हमारे कार्यकर्ता यहां की जनता के समक्ष भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्यों को सही ढंग से नहीं रख पाए।

उद्बोधन के पश्चात पार्टी द्वारा एक शोक सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पार्टी के कर्मठ कार्यकर्त्ता रहे पूर्व एल्डरमेन मुश्ताक सुलड़ा, छत्तीसगढ़ी कलाकार राजेश अवस्थी व भाजपा कार्यकर्ता पंकज देवांगन के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल ने कहा पूर्व एल्डरमेन मुस्ताक सुलड़ा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ना है यह हाईकमान का विशेषाधिकार : धनेंद्र



**महासमुंद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। एक दिनी प्रवास पर आए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव बाबा टीएस सिंह देव के नेतृत्व में लड़े जाने की बात पर उनकी निजी विचार होने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ना है, यह हाई कमान का विशेषाधिकार है। कांग्रेस के चरणदास महंत वरिष्ठ नेता है और उनकी बातों पर टिप्पणी करना उचित नही है। बसना नगर पंचायत में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी द्वारा नाम वापस लेने से संबंधित पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा प्रजातंत्र का गला घोंट रही है, बसना में कांग्रेस-आप के प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लिया गया है यह धन का प्रलोभन हो सकता है और दबाव का लगता है। भाजपा को प्रजातांत्रिक तरीके पर भरोसा नही है यह गंभीर और जांच का विषय है। धमतरी नगर निगम में प्रत्याशी का नामांकन निरस्त कर दिया गया जिस तरह की घटनांए >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## 8 को सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन

**अर्जुनी/बलौदाबाजार**, 5 फरवरी। 8 फरवरी दिन शनिवार को सुबह 9 बजे छत्तीसगढ़ कन्नौजे सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण योगीद्वीप गुर्रा मे रखा गए हैं। भाटापारा परिक्षेत्र एवं अर्जुनी परिक्षेत्र का सामाजिक विकास, शैक्षणिक विकास एवं अन्य विषय पर चर्चा पर परिचर्चा किया जाएगा।

# भाजपा ने निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया



**गरियाबंद**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा ने बुधवार को निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया। जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा पत्र के मुख्य बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो महिलाओं, युवाओं, गरीबों, फुटकर व्यापारियों और वेंडरों सहित सभी वर्गों के विकास के लिए काम करेगी।

पूर्व मंत्री साहू ने बताया कि नजूल भूमि पर बसे लोगों को पट्टा दिया जाएगा। आवास योजना में निर्माण को प्राथमिकता मिलेगी। बिजली बिल और समेकित कर जमा करने वालों को भी आवास योजना का लाभ मिलेगा। महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स में 25 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। सात तारीख से पहले संपत्ति कर भरने वालों को 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। पुराने संपत्ति कर बकाया पर बिना जुर्माने के एकमुश्त भुगतान का अवसर दिया जाएगा।

महिलाओं के लिए अलग से पिंक टॉयलेट बनाया जाएगा। युवाओं को स्कूल और कॉलेज में फ्री वाईफाई की सुविधा मिलेगी। स्कूल-कॉलेज में सैनेट्री पैड उपलब्ध कराए जाएंगे। बर्तन बैंक की सुविधा दी जाएगी। गुमटी और ठेले वालों को 30 हजार रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी, जो पहले 10 हजार थी। उनके लिए अलग से वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। फूड स्ट्रीट भी स्थापित की जाएगी। स्वच्छ और स्वस्थ नगर के लिए हर घर में कचरा प्रबंधन के लिए हरा और नीला डब्बा दिया जाएगा। शाम के समय सफाई व्यवस्था होगी। नई जल टंकी का निर्माण किया जाएगा। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी। युवाओं के लिए नालंदा मॉडल पर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। फायर ब्रिगेड की सुविधा बढ़ाई जाएगी। यातायात व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में ऑक्सी जोन और वृक्षारोपण किया जाएगा। स्ट्रीट लाइट सौर ऊर्जा से संचालित होंगी। नगर के सार्वजनिक स्थानों पर फ्री वाईफाई की सुविधा दी जाएगी। प्रेस भवन की सुविधाओं का विस्तार कर पुस्तकालय बनाया जाएगा।

**कांग्रेस ने वादे किए, पूरे नहीं किए**

पूर्व मंत्री साहू ने कहा कि कांग्रेस ने पांच साल पहले कई वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद एक भी पूरा नहीं किया। महिला थाना बनाने की बात कही, लेकिन एक ईंट तक नहीं रखी। सी-मार्ट योजना फेल हो गई। महिलाओं को एक हजार रुपये पेंशन देने का वादा अधूरा रह गया। फूड पार्क, शहरी विकास, पार्किंग प्लान और गरीबों के आवास निर्माण को रोका गया। सस्ती बिजली देने का वादा भी झूठा निकला।

# आरंग में कमल खिलेगा, ट्रिपल इंजन सरकार बनाएंगे : गुरु खुशवंत साहेब



**आरंग**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में आरंग में भव्य जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने किया। उन्होंने नगरवासियों से च्ट्रिपल इंजन सरकारज्ज बनाने का आह्वान किया और आरंग के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की।

जनसंपर्क अभियान की शुरुआत बाबा बागेश्वर नाथ वार्ड से हुई, जहां से कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नगर के प्रमुख क्षेत्रों बागेश्वर पारा, मछली चौक, लोधी पारा, रामनगर, केवशी लोधी पारा, शीतला पारा, इंदिरा चौक होते हुए भक्त माता कर्मा चौक तक डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 11 में भाजपा प्रत्याशी बीरेंद्र (गोलू) कंडरा के कार्यालय का शुभारंभ भी किया गया।

इस अवसर पर गुरु साहेब ने कहा- डबल इंजन सरकार ने प्रदेश और देश में जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, अब समय आ गया है कि नगर सरकार को भी भाजपा का साथ मिले। ट्रिपल इंजन सरकार बनने से आरंग का बहुआयामी विकास होगा, नगर में अधूरे कार्य तेजी से पूरे होंगे और हर वर्ग को भाजपा सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा का हर प्रत्याशी आरंग की सेवा के लिए संकल्पित है और जनता के सहयोग से हम नगर को सशक्त, समृद्ध और विकसित बनाएंगे।

भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में नगरवासियों का उत्साह देखने लायक था। सैकड़ों समर्थकों के साथ हुए इस जनसंपर्क अभियान में जनता ने कमल का बटन दबाने का संकल्प लिया और आरंग को भाजपा की नगर सरकार देने का वादा किया।

जन संपर्क के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी डॉ. संदीप जैन भाजपा पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, पार्षद प्रत्याशी, पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## ठाकुर देव को देखने उमड़ी भीड़



**जी जामगांव**, 5 फरवरी (देशबंधु) ग्राम जी जामगांव में ग्राम देव ठाकुरदेव के दर्शन करने ग्राम के महिला पुरुष युवक, युवती , छोटे बच्चे ग्राम स्थित मां शीतला माता मंदिर के समीप के तालाब पार में बैगा द्वारा निकाले गए ठाकुर देव को में देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों के आमंत्रण पर बैगा संपत साहू सपत्नी, दुर्गेश यादव,भरत ढीमर ने ग्रामीणों की उपस्थिति में जमीन खोदाई किया गया सभी ने ठाकुरदेव को देखकर गदगद हो गए लोगो का कहना था आज हमारे गांव के लिए सौभाग्य की बात है जिनका दर्शन मिला हमारे गांव की कुशलता ,सम्मपनता और शुभदायक संकेत प्रतीत हो। यही ठाकुरदेव से आशीर्वाद मांगते है कहा। इस मौके पर ग्राम प्रमुख हरिराम संतु साहू, मनबोधि ध्रुव, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अवैध गांजा की तस्करी करने वाले 2 गिरफ्तार

**पलारी**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। च्ऑपरेशन विश्वासज्ज के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 02 आरोपियों को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर दिनांक 04.02.2025 को थाना पलारी से सहायक उप निरीक्षक राजेश सेन, प्रधान आरक्षक अरशद खान, आरक्षक संजय गुप्ता, दीपक कुमार साहू, सुनित कुमार भानु, महिला आरक्षक आशा भारती की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रोहांसी सेमरिया रोड टेमरी नाला के पास घेराबंदी कर अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो आरोपियों को पकड़ा गया है।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों एवं उसके मोटरसाइकिल का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों की मोटरसाइकिल की डिक्की से पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 2.139



किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?10,000 है। साथ ही प्रकरण में आरोपियों से मोटरसाइकिल क्रमांक छ्ठ04 र्ह 8584 भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना पलारी में आरोपियों संजू पारधी राजकुमारी पारधी के विरुद्ध अपराध क्र. 51/2025 धारा 20क्रहछ्ठक्क एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

## बागियों को भाजपा ने दिखाया बाहर का रास्ता, 6 साल के लिए निष्कासित

**गरियाबंद**, 5 फरवरी। भाजपा ने निकाय चुनाव में बागी होकर चुनाव लड़ने वालो पर कड़ी कार्यवाही की है। बागी की भूमिका निभा रहे भाजपा कार्यकर्ताओ को छ साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इसमें बुथ अध्यक्ष से लेकर पूर्व पार्षद भी शामिल है। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारी के रिश्तेदार भी शामिल है। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव दौरान पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने के आरोप एवं अनुशासन भंग करने के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जिले के 28 कार्यकर्ताओ की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करते हुए उन्हे 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इसमें नगर पालिका गरियाबंद अंतर्गत श्रीमति सुनीता झारिया, पुरूषोत्तम सिन्हा, श्रीमति रेखा सिन्हा, श्रीमति चन्द्रप्रभा सिन्हा, श्रीमति ओमिन कोठारी, इसी प्रकार राजिम नगर पंचायत क्षेत्र में श्रीमति पुष्पा गोस्वामी, बलराम यादव, पुरूषोत्तम लालवानी, तुषार कदम, रवि निर्मलकर, शत्रुघन धीवर को निलंबित किया गया है। देवभोग नगर पंचायत अंतर्गत पंकज ठाकुर, दिनेश ठाकुर, श्रीमति सरिता निषाद, मयुर भट्टर, महादेव पाडें, फिंगेश्वर नगर पंचायत क्षेत्र में डॉ हरीश कुमार हरीत, अरूण साहू, भीष्म साहू, शुभम जैन, बेनी सोनवानी, रमलु टान्डेकर, हैप्पी सोनी, राम तारक, कोमल वर्मा, पवन साहू, राधेश्याम सेन, खेलावन साहू को निलंबित किया गया है।

## अमृत बने निर्विरोध पंच



**पलारी**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रसौटा के वार्ड क्रमांक 09 से अमृत लाल साय को निर्विरोध पंच चुना गया। साय ने वार्ड के समस्त मतदाता को बधाई प्रेषित कर धन्यवाद देते हुए वार्ड के समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

## चुरकी में भव्य मड़ई मेला आज

**बागबाहरा**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत खल्लारी से लगे हुए ग्राम पंचायत चुरकी में आज गुरुवार 6 फरवरी को ग्रामवासियों द्वारा इस वर्ष भी भव्य मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। जहाँ रात्रि में दर्शकों के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी जेवरा (बसना) का कार्यक्रम रखा गया है। यहाँ ग्रामीणों द्वारा आयोजित मड़ई मेला में शामिल होने की अपील सरपंच प्रतिनिधि लेखराम बरिहा एवं युवा कार्यकर्ता बीरेश दीवान ने की है।

## निधन

### आशा देवी पंजवानी



**रायपुर**, 5 फरवरी। अवंती बिहार, कविता नगर निवासी श्रीमती आशा देवी पंजवानी का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे भोजराज पंजवानी की पत्नी, दीपक, महेश, प्रियेश पंजवानी की माता एवं गगन, मनोज पंजवानी की भाभी थी।

### लक्ष्मीनाथ ठाकुर



**दुर्ग**, 5 फरवरी। शिक्षक नगर निवासी लक्ष्मीनाथ ठाकुर पिता केदार नाथ ठाकुर का आज शाम आकस्मिक निधन हो गया । वे 67 वर्ष के थे। श्री ठाकुर जिला भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व शहर अध्यक्ष रह चुके थे। श्री ठाकुर बाबूलाल ठाकुर के अनुज तथा राम नारायण, लोचन, दीपक उमरे के चाचा थे।

## निर्दलीय सभी प्रत्याशियों को चौंका रहे हैं





**कोहका-नेवरा**, 5 फरवरी। पालिका चुनाव में निर्दलीय दिखा रहे हैं अपने दम तिल्दा नेवरा नगर पालिका चुनाव में पूरे 22 वार्डों में भाजपा कांग्रेस से असंतुष्ट प्रत्याशी निर्भीक खड़े होकर दोनों दल के नाक में दम खड़े कर दिया है वार्ड नंबर 14 से चरण जांगड़े भाजपा में पूरे 5 वर्षों तक पार्टी का कार्य किया लेकिन पार्टी लुकराम बघेल को टिकट दे कर आश्चर्य किया इसी तरह वार्ड 19 में भाजपा कांग्रेस के अलावा दो-दो निर्दलीय उम्मीदवार है दो निर्दलीय गर्व जोशी के साथ प्रचार प्रसार कर रहे हैं नगर के पूरे वार्डों में बैनर पोस्ट चिपक चुका है अजय वर्मा अपने समर्थकों के साथ प्रचार प्रसार कर रहे हैं वहीं निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी दिनेश साहू भी अपने समर्थकों के साथ मैदान में डटे हुए हैं भाजपा कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी के नाक में दम कर रखा है पूर्व पंचवर्षीय में दिनेश साहू को अच्छे वोट मिला था इसके साथ नवयुवक की टोली लगातार वार्डों में प्रचार कर रहा है देशबंधु के पूछने पर कहा कि मैं पार्षद बनने पर जनहित के साथ महापुरुषों का मूर्ति स्थापित करूंगा वही अजय वर्मा का भी कहना है कि मेरे साथ वार्ड के युवक सती का साथ है मेरा जीत निश्चित है बिजली पानी के साथ आवास के लिए प्रयास करूंगा भ्रष्टाचार से दूर रहकर जनता का सेवा करूंगा मतदान 11 फरवरी को है सभी प्रत्याशी अपने-अपने जीत के प्रति अस्वस्थ है।

## 7400 मतदाता करेंगे अध्यक्ष, पार्षदों का फैसला





**पिथौरा**, 5 फरवरी। नगर पंचायत में 11 फरवरी को मतदान 74 00 मतदाता करेंगे अध्यक्ष, पार्षदों का फैसला, पिथौरा नगर में करीब 7400 की आबादी वाले पिथौरा नगर पंचायत क्षेत्र में आगामी 11 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए भाजपा एवं कांग्रेस के प्रत्याशी भी जी जान से जूटे हुए हैं पिथौरा नगर में भाजपा, कांग्रेस में सीधी टक्कर है एकमात्र वार्ड नंबर 14 में ही एक निर्दलीय प्रत्याशी सहित तीन लोग चुनावी मैदान में हैं कुल मिलाकर नगर में कांटे की टक्कर होनी तय है दोनों राष्ट्रीय दलों द्वारा स्थानीय स्तर के लिए राज्य स्तरीय घोषणा पत्र जारी कर दिया गया है मतदाता अब देवसिंह निषाद या आत्माराम यादव किसको ताज पहनाएंगे 15 फरवरी को पता चलेगा नगर के सभी प्रत्याशियों का वार्ड वाइज चुनावी कार्यालय खुल चुके हैं जहां देर रात तक गहमा गहमी रहती है सभी दलों के कार्यकर्ता दोपहर एवं शाम तक मतदाता के घरों तक पहुंच रहे हैं तथा अपने पार्टी को जिताने की मांग कर रहे हैं पिथौरा नगर के मतदाता निम्नानुसार है।

## क्र. 1 से रमेश कांग्रेस प्रत्याशी घोषित



**सिमगा**, 5 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से चित्रा रमेश धृतलहरे को कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। चित्रा रमेश धृतलहरे ने इसके लिए कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है । कांग्रेस पार्टी के द्वारा अधिकृत होने के उपरांत क्षेत्र में सघन जनसंपर्क में लगे हुए हैं। जिन्हें आम जनमानस का भरपूर समर्थन मिल रहा है। क्षेत्र क्रमांक से ही रमेश धृतलहरे जिला पंचायत सदस्य रह चुके है। जिन्हें जनता पहले से परिचित है।

# आरंग में महिला अपने तीन बच्चों के साथ लापता

## परिवार वालों ने लोगों से की मदद की अपील

**आरंग**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। आरंग में एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ लापता हो गई है। परिजनों ने आरंग पुलिस थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि आरंग के नया बिजली ऑफिस के पास खमतराई रोड में रहने वाले कैलाश लोधी की पत्नी शकुन लोधी( उम्र 26 वर्ष) अपने तीन बच्चों के साथ लापता हो गई ।29 जनवरी दिन बुधवार को शकुन अपने दो बेटे प्रियांशु लोधी( उम्र 08 वर्ष),हिमांशु (06 वर्ष) को स्कूल छोड़ने के लिए घर से निकली थी।शकुन के साथ छोटी बेटी रत्ना (उम्र 03) भी थी। लंबे समय तक जब शकुन अपनी बेटी के साथ घर नहीं लौटी तो परिजन स्कूल गए। स्कूल में पता चला कि दोनों बच्चे स्कूल नहीं आए है। परिजनों ने अपने स्तर पर शकुन और तीनों बच्चों की खोजबीन शुरू की लेकिन चारों का कही पता नहीं मिलने के बाद परिजनों ने आरंग पुलिस थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई है।07 दिन के बाद भी शकुन लोधी और उसके चारों बच्चों का पता नहीं चल पाया है। आरंग पुलिस और उसके परिजनों ने लोगो के मदद की अपील की है और पता चलने पर अपने नजदीकी थाना या आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह









को मो.न. 9479191052 पर सूचित करने की अपील की है। आपको बता दे कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।इससे पहले वर्ष 2019 में भी महिला अपने बच्चों के साथ घर में बिना बताए निकल गए थी जो रायपुर में मिली थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### राजिम में अध्यक्ष पद...

वहीं निर्दलीय प्रत्याशी राघोबा महाडिक के निर्दलीय चुनाव लड़ने से भाजपा कांग्रेस प्रत्याशी की बांछे खिली हुई है क्योंकि दोनों प्रत्याशी राघोबा महाडिक को अपनी जीत का आधार मान रहे हैं ।

### कांग्रेस का घोषणा पत्र...

पात्रतानुसार दिव्यांग, वृद्धा एवं निराश्रित लोगों को पेंशन सुविधा को सुनिश्चित,कन्या विवाह के लिए सभी निकाय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन नि.शुल्क उपलब्ध कराने के अलावा विकास कार्य में पारदर्शिता, सामुहिक जिम्मेदारी एवं कसावट की दृष्टि से निकायों के अध्यक्षों को पूवर्ती सरकार द्वारा दिए गए अधिकार वापस करते हुए प्रत्येक भुगतान में नगर निगम, नगर पालिका एवं नपं अध्यक्षों के चेक हस्ताक्षर करने के अधिकार वापस दिलाने हेतु प्रयास किया जाएगा। पूछे गए सवालों के जवाब देते हुए श्री साहू ने कहा कि जिला स्तर और स्थानीय स्तर के हिसाब से अलग से घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। बागियों के खिलाफ एक दो दिनों में कार्रवाई करने की बात जिलाध्यक्ष डा. रश्मि चंद्राकर ने कही।

### अंतर्विभागीय लीड एजेंसी ...

यातायात नियमों का पालन कराने जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करने बताया गया। ट्राफिक काम्बिग उपाय के तहत क्रॉसिंग के दोनो ओर रंबल स्ट्रीप लगाने एवं चेतावनीपरक बोर्ड लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान रांग साईड से आ रहे वाहन चालकों को रांग साईड नही चलने समझाईश दिया गया एवं चालानी कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस धमतरी सभी ग्रामीणों एवं वाहन चालकों से अपील करती है, कि निर्धारित किये गये कासिंग से ही अपनी वाहन कास कर अपने वाहन को पार कराये, रांग साईड से वाहन न चलायें, यातायात नियमों का पालन करें। सुरक्षित सफर का आनंद लें।

### कन्या महाविद्यालय में पुरस्कार...

डॉ जे.एल. पाटले, ओ.पी. चंदे, राजेश जांगड़े, दामिनी ठाकुर, हुकेश मार्कण्डेय, दानेश्वर साहू, आकाश साहू, रामचंद्र सोनी, मघुमाधव देव, डॉ जयश्री रणसिंह, डॉ पूर्णिमा साहू, डॉ सुषमा साहू, गीतांजलि टण्डन, पोखराज साहू, तीजन साहू, नरेंद्र साहू, सतीश साहू सहित कार्यालयीन स्टाफ, बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

### नवापारा में भाजपा का...

पार्टी के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता थे, निकाय चुनाव के दौरान हमेशा वे मुस्तैदी के साथ केंद्रीय कार्यालय में अपनी ड्यूटी देते थे. आज उनके दिवंगत होने के पश्चात हम सभी उन्हें बहुत ही याद कर रहे हैं, यह भाजपा के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसे हम कभी नहीं भूला सकते.

### किसके नेतृत्व में चुनाव...

भाजपा द्वारा की जा रही है वह निदंनीय है। उन्होंने भाजपा की 13-14 माह के कार्यकाल निराशाजनक बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा जो कार्य स्वीकृत हो गए थे वे सभी कार्य भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। जिसके कारण विकास पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। वोटिंग मशीन से चुनाव पर उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वीवीपेट अनिवार्य किया गया था किंतु नगरीय निकाय चुनाव में यह सिस्टम नही है। जिससे संदेह उत्पन्न होता है सही मायने में मतपत्रों के माध्यम से ही चुनाव होना चाहिए।

# स्वयंघोषित शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद तुरंत माफी मांगे अन्यथा छग में प्रवेश प्रतिबंधित : डॉ. प्रेमासाई महाराज



**जीजामगांव**, 5 फरवरी। सनातन धर्म की रक्षा और उत्थान के लिए सदियों से शंकराचार्य पद की स्थापना की गई है। यह पद उन संतों के लिए है, जो धर्म के सिद्धांतों का पालन करते हुए सत्य और अध्यात्म का मार्ग दिखाते हैं, धर्म योद्धाओं को आशीर्वाद देते हैं और सनातन धर्म के अनुयायियों का मार्गदर्शन करते हैं। सनातन धर्म के चार प्रधान है, शंकराचार्य धर्म के चार प्रमुख स्तंभ हैं, जिनका मुख्य कार्य धर्म की रक्षा करना, धर्म का प्रचार-प्रसार करना और धर्म योद्धाओं को संरक्षण प्रदान करना है। यह पद अत्यंत गरिमामय और पवित्र माना जाता है। लेकिन स्वयंघोषित शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का आचरण और वक्तव्य सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों और परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने बार-बार अपने बयानों और कार्यों से धर्म योद्धाओं और सनातन धर्म के आयोजनों का अपमान किया है। उनके बयानों में क्रोध, अहंकार और सनातन धर्म के प्रति असंवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। अविमुक्तेश्वरानंद का व्यवहार अक्सर धर्म विरोधी और अपमानजनक रहा है। उन्होंने कई अवसरों पर सनातन धर्म के हितों के खिलाफ टिप्पणियां की हैं, जिससे सनातन धर्म की छवि को गहरा नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, उनके अनुयायी भी भ्रामक प्रचार करके धर्म की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं। मैं अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य के रूप में स्वीकार नहीं करता और न ही उनका सम्मान करता हूं। मैं केवल उस सिंहासन का सम्मान करता हूं, जिस पर वे जबरन विराजमान हैं। यह कामना करता हूं कि शीघ्र ही कोई योग्य धर्म योद्धा इस सिंहासन को सुशोभित करें, ताकि सनातन धर्म की रक्षा और उत्थान हो सके। हम यह स्पष्ट रूप से कहते हैं कि अविमुक्तेश्वर तुरंत सभी प्रमुख अखाड़ों, अन्य शंकराचार्यों और योगी आदित्यनाथ जी से माफी मांगें।

अविमुक्तेश्वरानंद बोहोत क्रोधी है इस संतो को मातृ ऋदई होणा चाहिये ना की क्रोधी. यदि उन्होंने शीघ्र माफी नहीं मांगी, तो छत्तीसगढ़ में उनका प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। छत्तीसगढ़ की भूमि पर ऐसे किसी भी व्यक्ति का स्वागत नहीं होगा, जो धर्म की पवित्रता को ठेस पहुंचाए।

## बीमार के आधार पर निर्वाचन ड्यूटी से नाम हटाने की अर्जी देने वाले की हो रही मेडिकल जांच

**बिलाईगढ़**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिले के मतदान दल गठन शाखा की ओर से 1 फरवरी से प्रतिदिन प्राप्त आवेदनों का मेडिकल जांच किया जा रहा है। यह आवेदन सरकारी कर्मी निर्वाचन ड्यूटी से बचने या अपनी असमर्थता के कारण दिया जा रहा है। इन आवेदनों को जिला प्रशासन की ओर से सीएमएचओ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को भेजा जा रहा है। इन आवेदनों पर मेडिकल परीक्षण उपरांत दिए गए अभिमत पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निर्णय लेंगे। आवेदन देने वाले सरकारी कर्मी को प्राप्त आवेदन के दूसरे दिन (शासकीय अवकाश को छोड़कर) मेडिकल जांच के लिए भेजा जा रहा।

# विद्यालय निरीक्षण के दौरान बीईओ ने परीक्षा में सफलता के दिए कई टिप्स



**आरंग**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। बुधवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला नगपुरा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनरसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आगामी परीक्षा विषयक चर्चा करते हुए 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए तनाव रहित होकर योजना बद्ध ब्लूप्रिंट की सहायता से तैयारी करने पर जोर दिया एवं कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता किंतु ब्लूप्रिंट में अंकों के विभाजन को समझ लेने पर तैयारी करने में आसानी होती है साथी गत वर्ष के प्रश्न पत्रों को हल करने की सलाह दी, उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा की बधाई भी दी वही नगपुरा के बच्चों को विराम चिन्ह का महत्व बताकर शुद्ध लेखन एवं दैनिक जीवन में उपयोगी गणितीय संक्रियाओं पर फोकस किया। ज्ञात हो कि दसवीं की परीक्षा 3 मार्च से एवं 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ है जबकि प्राथमिक 5 वी परीक्षा 17 मार्च से एवं पूर्व माध्यमिक 8 वी परीक्षा 18 मार्च से प्रारंभ है। इस अवसर पर प्राचार्य राम प्रसाद धुर्वे एवं प्रधान पाठक मुकेश साहू सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# भाजपा का कमल खिलाकर नगर को विकसित बनाने का समय आ गया है : अरुण साव

**भाटापारा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रामलीला मैदान मे रखा गया जिसमे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित हुये कार्यक्रम के उदबोधन भाषण में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत मकानों का निर्माण तेजी से पूरा किया जायेगा..



**भाटापारा आने पर मन मे दर्द है:** अरुण साव ने कहा कि भाटापारा आने पर मेरे मन मे दर्द है कि आपके क्षेत्र से भाजपा के विधायक के रुप मे शिवरतन शर्मा नही बैठे है और यह दर्द हर कार्यकर्ताओं को भी होगा कि हम विधायक नही बना पाये,, उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है .. आप सभी इस बार भाटापारा नगपा मे भाजपा के 32 कमल खिलाने की अपील करता हूँ, पिछले 5 सालों मे भाटापारा विकास मे पिछड़ा है परंतु अब भाटापारा कि तकदीर व तस्वीर बदलने का समय आ गया है.

अरुण साव ने कहा की पुरे प्रदेश में जनता जनार्दन एवं आप सभी कार्यकर्त्ताओ का यह उत्साह बता रहा है कि भाजपा के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों का विजय सुनिश्चित है,क्योंकि जनता भाजपा सरकार के महतारी वंदन से खुश है।

अरुण साव ने आगे कहा की भाटापारा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के हमारे भाजपा के दमदार प्रत्याशी अश्वनी शर्मा एवं पार्षद प्रत्याशियों को देवतुल्य जनता का भरपूर समर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है, निश्चित ही हमारी जीत प्रचंड मतो से होंगी,,डिप्टी सीएम साव ने कहा कि, अश्वनी शर्मा सरल, सहज और जमीनी व्यक्तित्व वाले प्रत्याशी हैं, उनके नेतृत्व में भाटापारा शहर सुशासन एवं विकास के पथ पर अग्रसर होगा। जनता उनकी विकास परख सोच और संकल्प पर विश्वास जरूर जताएगी।

**नगर जनादेश मिलने पर भाटापारा के विकास की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की रहेगी**

**शिवरतन शर्मा के कहने पर ही सिमगा नगर पंचायत से पालिका बना:** उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि नगर विकास के लिये 15 करोड़ कि राशि दी गई है उन्होंने कहा कि शिवरतन शर्मा के ही कहने से मैने सिमगा को नगर पंचायत से नगर पालिका बनाया पिछले सरकार ने शराबबंदी कि बात कहकर वादाखिलाफी किया व अनेक घोटाले हुये वही हमने नगपा मे जनता को अध्यक्ष चुनने का अधिकार दिया वही 32 कमल खिलाने पर मेरा अगला भाटापारा आगमन स्वागत अभिन्दन करने हेतु होगा साथ ही आपके जनादेश मिलने पर भाटापारा के विकास कि जिम्मेदारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पर रहेगा. हमने शिवरतन शर्मा के ही कहने पर 8 दिनों के अंदर नगर पंचायत से नगरपालिका सिमगा बना कर दिया.

**नगपा मे भाजपा सत्ता मे आया तो नगर विकास के अनेक अवसर : शिवरतन शर्मा**

कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा नगपा के सत्ता मे काबिज होता है तो नगर विकास के अनेक अवसर खुलेंगे सबसे पहले स्वच्छ सुन्दर व्यवस्थित शहर का निर्माण करना नगर के ऐतिहासिक तालाबों का सौन्दर्यीकरण व अनेक दुरगामी विकास कि योजनाएं है उन्होंने कहा कि अपने विधायकी कार्यकाल मे अनेक मूलभूत कार्य हुये जिसमे से प्रमुख अन्डर ब्रीज निर्माण स्नाकोत्तर महाविद्यालय का दर्जा एग्रीकल्चर कालेज विधि महाविद्यालय अनेक मूलभूत सुविधाएं जो नगर को प्राप्त हुआ है, यह भाजपा का ही देन है महत्तारी वंदन योजना भाजपा की ही देन है.. जिसका विरोध विपक्षी कर रहे थे उन्होंने कहा कि नगपा का पिछले 5 सालों मे जो दुर्दशा हुआ है उसका जिम्मेदार विपक्षी किंग मैकर ही रहे है

**शिवरतन शर्मा क्षेत्र के विकास के लिये सदैव प्रयत्नशील : जिला भाजपा अध्यक्ष**

जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि क्षेत्र व नगर विकास के लिये शिवरतन शर्मा सदैव प्रयत्न व संघर्ष शील रहे है जिसका लाभ क्षेत्र कि जनता को मिल रहा है और इसी कारण उन्हें विकास पुरुष के नाम जाना जाता है विपक्ष हमेशा वर्चस्व कि लडाई लडता रहा पर क्षेत्र कि विकास को लेकर कोई चिंतन मनन नहीं किया गया. विकास के सभी कार्यों के लिए अगर श्रेय जाता है तो शिवरतन शर्मा को ही जाता है..

नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी देवजी भाई पटेल ने कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये कहा कि भ्रष्टाचारी सरकार को हटाकर भाजपा राज्य कि सत्ता मे काबिज हुआ उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष का नेतृत्व नगर पालिका होता है तो शहर का विकास तीव्र गति से होगा विकास कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी वही शिवरतन शर्मा ने नगर विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आगे भी शहर का ऐतिहासिक विकास कराने अवसर है

भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा ने कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाटापारा मे ट्रीपल इंजन कि सरकार बैठाने का एक सुनहरा अवसर है पिछले 5 सालों से शहर कि जो दुर्दशा रही है उसे विकास के पटरी मे लाने अवसर है वही उन्होंने कहा कि नगर कि जनता भाजपा को पूर्ण बहुमत से नगपा के सत्ता मे काबिज होने का जनादेश देकर कांग्रेसियों के शहर कि दुर्दशा के करणी का करारा जवाब देगा.. हम सभी को आश्वास्थ करते है की हम नगर को एक सुंदर स्वच्छ, विकसित नगर बना कर देंगे।

# भाजपा के बागी प्रत्याशियों पर चला अनुशासन का डंडा

**राजिम,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत राजिम में नगरीय निकाय चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों पर अनुशासन का डंडा चलाते हुये पार्टी विरोधियों को 06 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने और अनुशासन भंग करने के मामले में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने बड़ा फैसला लेते हुए गरियाबंद, राजिम, फिंगेश्वर और देवभोग के कई कार्यकर्ताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया । जिसमें राजिम नगर पंचायत से पार्षद चुनाव लडने वाले वागी प्रत्याशी बलराम यादव, पुरूषोत्तम लालवानी, तुषार कदम, रवि निर्मलकर, शत्रुघन धीवर प्रमुख हैं ।



**राजिम में पार्टी विरोधी नेताओं को 6 वर्षों के लिए किया निष्कासित**

राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि भाजपा ने यह कार्रवाई करते हुए साफसंदेश दिया कि संगठन के अनुशासन से समझौता नहीं किया जाएगा।पार्टी के भीतर बगावती तेवर अपनाने वालों को अब सख्त नतीजे भुगतने होंगे।

**भाजपा में रहना है तो अनुशासन में रहो, प्रदेश नेतृत्व का साफसंदेश : रिकेश साहू**

मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि भाजपा के इस बड़े एक्शन के बाद प्रदेशभर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक जानकार इसे भाजपा का आंतरिक अनुशासन मजबूत करने की दिशा में लिया गया कड़ा फैसला मान रहे हैं। अब देखना होगी कि पार्टी के इस कड़े रुख का क्या असर पड़ता है और क्या निष्कासित नेता अब कोई नई सियासी रणनीति तो नहीं अपना रहे ।

विदित हो कि नगर निकाय चुनाव के दौरान कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी की आधिकारिक रणनीति को दरकिनार कर निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया था। पार्टी की नीतियों के विरुद्ध जाकर चुनाव लड़ना भाजपा नेतृत्व को नागवार गुजरा और प्रदेशाध्यक्ष किरणसिंह देव ने सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दे दिया।

# भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा का सघन जनसंपर्क

**भाटापारा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव के अंतर्गत सभी प्रत्याशी अपने अपने स्तर अपने पक्ष मे मतदाताओं से मतदान हेतु सघन जन सम्पर्क कर रहे है इसी जनसंपर्क के अंतर्गत महावीर वार्ड व सुभाष वार्ड मे भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा व पार्षद प्रत्याशी दीपा दशरथ साहू द्वारा वार्ड मतदाताओं से सघन जनसंपर्क कर शहर विकास व वार्ड विकास हेतु भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी व पार्षद प्रत्याशी को बहुमूल्य वोटर देकर विजय बनाने कि अनुरोध किया गया जिससे नगर मे ट्रीपल इंजन कि सरकार बनने से शहर का ऐतिहासिक विकास कराने का अवसर मिल सके जिसमे नगरवासियों का बहुमत अति महत्वपूर्ण होगा वही ढोल बाजे के साथ निकले सघन जनसंपर्क मे वार्ड वासियों द्वारा पुष्प माला पहनाकर व विजय तिलक लगाकर शुभकामनाएं व आशीर्वाद भी दिये उक्त अवसर भारी संख्या मे वार्डवासियों सहित भाजपा कार्यकर्ता गण भी उपस्थित रहे..



# व्यक्ति को शांति एवं समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र है भागवत : रुचिता तिवारी

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। संत गुरु घासीदास के जन्मभूमि गिरौदपुरी से लगभग 06 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर दिशा में स्थित ग्राम नरधा में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन विश्वमंगल हेतु किया गया है। कथा का समापन 11 फरवरी को गीतापाठ, हवन, तुलसी वर्षा के साथ होगा। कथा प्रतिदिन लगभग दोपहर 2:30 बजे से प्रारंभ होकर हरि इच्छा तक जारी है।



छत्तीसगढ़ के न्यायधानी बिलासपुर से आई हुई लाडली रूचिता तिवारीजी ब्यासासीन होकर अपनी मधुर सहज सरल सुबोध शैली में ज्ञान पूर्ण भावमयी कथा का रसपान करा रही है।4 फरवरी 2025 को कलशयात्रा, देवपूजन स्थापन, वंदन एवं नाम संकीर्तन के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का शुभारंभ करती हुई लाडली रुचिता तिवारी ने बोली कि यह कथा बहुत जन्मों के पुण्य का उदय होने पर भगवत्कृपा से श्रवण करने को प्राप्त होता है। यह मानव देह हम लोगों को भगवत्कृपा से भगवत् प्रेम की प्राप्ति के लिए मिला हुआ है। यह शरीर नाशवान एवं क्षणभंगुर है, पता नहीं कब साथ छोड़ दे। श्रोता वक्ता दोनों का उद्देश्य भगवतप्राप्ति या भगवत् प्रेम की प्राप्ति के लिये होना चाहिए। कथा अहंकार को छोड़कर मन बुद्धि चित्त लगाकर श्रवण किया जाए तो भगवतप्रेम की प्राप्ति होती है। नि:स्वार्थ प्रेम की प्राप्ति होने पर मानव जीवन सफल हो जाता है। कथा सुनने से जीव की व्यथा मिटती है। कथा में कही गई बातों को चिंतन मनन कर अमल में लाने से घर परिवार सहित देश समाज का भला होता है। कथा में कही गई बातों को आचरण में लाने से घर परिवार में सुख-शांति बढ़ती है एवं आपसी मनमुटाव दूर होता है। कथा आयोजन समिति पुरानी बस्ती नरधा के निवासीगण ने अधिक से अधिक लोगों को समयानुसार उपस्थित होकर इस कथा से लाभ उठाने की अपील की है।

# भव्य मिश्रा को मिला स्वर्ण पदक- विद्यालय के लिए गौरवशाली उपलब्धि

**भाटापारा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा सातवीं च्अज्के छात्र भव्य मिश्रा ने सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं संपूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर अमीटी इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली में 29 जनवरी 2025 से 1 फरवरी 2025 तक आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के होनहार युवा वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

भव्य मिश्रा की यह उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा, अटूट समर्पण और गहन वैज्ञानिक जिज्ञासा का प्रमाण है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रभर के युवा वैज्ञानिकों के साथ प्रतिस्पर्धा की और विजयी होकर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल किया।



विद्यालय के प्रबंधक श्री अश्वनी शर्मा, विद्यालय निदेशक श्री संदीप गोयल, प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट सहित समस्त शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर भव्य मिश्रा और उनके प्रशिक्षक राहुल भटालिया को हार्दिक बधाई दी। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल भव्य मिश्रा के लिए बल्कि पूरे विद्यालय के लिए अविस्मरणीय एवं प्रेरणादायक क्षण है।

**सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में**

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट ने कहा, च्भव्य मिश्रा की इस सफलता पर हमें गर्व है। उनका यह स्वर्ण पदक विद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगा कि वे विज्ञान और अनुसंधान में रुचि लें और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ें।

इस उपलब्धि पर भव्य मिश्रा ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, च्यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं अपने शिक्षकों, विद्यालय और माता-पिता का आभार प्रकट करता हूँ, जिनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से मैं इस मुकाम तक पहुँच सका।

ज्ञात हो कि भव्य मिश्रा का मार्गदर्शन श्री श्याम बहादुर, श्री राहुल भटालिया और श्री योगेश पोपट ने किया था।

विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी भव्य मिश्रा को सम्मानित करने की घोषणा की है और भविष्य में छात्रों को विज्ञान व अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विशेष विज्ञान एवं नवाचार प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू करने का संकल्प लिया है।

यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि संपूर्ण समुदाय के लिए गर्व का विषय है और यह सिद्ध करती है कि मेहनत, लगन और वैज्ञानिक सोच से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# हरिहर शाला में वार्षिकोत्सव संपन्न

**नवापारा राजिम,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। अंचल के प्रतिष्ठित पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में दो दिवसीय लईका मड़ई के व्दितीय दिवस के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक्जीक्यूटिव इंजिनियर शिव गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पीडब्ल्यूडी के इंजिनियर ऋषि सेन सहित संस्था प्राचार्य फखरा खानम दानी, सेवानिवृत्त व्याख्याता एलएन बांसवार, एसआर सोन, शाला प्रबंधन समिति के प्रदीप मिश्रा, डॉ. रमेश सोनसायटी, एलआर साहू, महेशराम नेताम, अशोक साहू, श्रीमती माया सोनी मंचस्थ थे। सभी अतिथियों को शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया वहीं मुख्य अतिथि शिव गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि ऋषि सेन को स्मृति चिन्ह से भी सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीगुप्ता ने कहा कि आज मुझे उन दिनों की याद आ रही है जब मैं इसी स्कूल में अध्ययन करता था। वर्ष 1996 में मैने इस संस्था से हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। मेरा सौभाग्य है कि आज मैं यहां आपके सामने मंच पर उपस्थित हूं। कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ ही विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लेकर विद्यालय सहित नगर का नाम रौशन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी माता सरस्वती को अपना आदर्श बनाएं, जिससे लक्ष्मी माता अपने आप आ जाएंगी और इसी रास्ते से ही आगे बढ़ा जा सकता है। शिक्षक भगवान होता है उनके निर्देशों का हर विद्यार्थी को पालन करना चाहिए

वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीसेन ने कहा कि विद्यालय में सभी छात्रों को समान अवसर मिलता है, जरूरत है अवसर का लाभ लेने की। आप सभी को इस अवसर का लाभ लेना चाहिए। आप लोगों को पढ़ाई के साथ विभिन्न गतिविधियों का भी लाभ लेना चाहिए।

प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्था प्राचार्य श्रीमती दानी ने नगर के दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे दानदाताओं के बदौलत ही विद्यालय की व्यवस्था में सुधार हो रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवं बच्चों की मेहनत के कारण आज विद्यालय के बच्चे ब्लाक, जिले ही नहीं अपितु राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय सहित नगर का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं अनेकों आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रकांत धनगर ने किया।

# सभी सहकारी समितियों को ई-पैक्स मॉड्यूल में परिवर्तित कराएं : कलेक्टर

**बलौदाबाजार,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी नें मंगलवार को संपर्क केंद्र से सभी सहकारी समिति प्रबंधको की ऑनलाइन बैठक लेकर सभी 129 सहकारी समितियों को 31 मार्च 2025 तक ई-पैक्स मॉड्यूल में तब्दील कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी उपरांत उपार्जन केंद्रों में रखे गये धान का तेजी से उठाव कराने के निर्देश दिये।



कलेक्टर नें कहा कि जिले में धान खरीदी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है जिसमें समिति स्तर से लेकर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग रहा है। इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। धान उठाव में तेजी लाने के लिए जिला विपणन अधिकारी को ओवर राईट दिया गया है जो आवश्यकता अनुसार उपार्जन केंद्र से धान उठाव के लिए आवश्यक कार्यवाही करेंगे। उन्होंने बताया कि समितियो को ई -पैक्स के लिए डाटा एंट्री एवं अन्य तकनीकको सहायता के लिए नेक्टर इंफोटेक द्वारा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने किसान पंजीयन अभियान अंतर्गत किसानों के पंजीयन कार्य में भी तेजी लाने कहा। इसके लिए लोक सेवा केंद्र के व्हीएलई को समितियों में बैठाकर किसान पंजीयन में सहयोग लेने कहा। बताया गया कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को मजबूत करने के लिए भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने इन समितियों के कम्प्यूटरीकरण की परियोजना शुरू की है। इस परियोजना का मकसद, पैक्स की दक्षता बढ़ाना और इनके संचालन को आसान बनाना है। इस परियोजना के तहत पैक्स को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग आधारित सॉफ्टवेयर पर लाया जा रहा है। इस परियोजना के जरिए पैक्स को अपने काम ऑनलाइन करने में सक्षम बनाना, पैक्स के संचालन में पारदर्शिता बढ़ना, किसानों के बीच पैक्स के कामकाज में विश्वसनीयता लाना मुख्य उदेश्य है।

## महाकुम्भ में लोक प्रयाग नवापारा की सांस्कृतिक व मनमोहक प्रस्तुतियों ने किया भाव विभोर, 7 दिन दी प्रस्तुति



**नवापारा राजिम,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की लोक सांस्कृतिक संस्था राजेश साहू कृत लोक प्रयाग नवापारा राजिम के 25 कलाकारो के दल ने दिनाँक 25 जनवरी से 31 जनवरी को 7 दिवस तक महाकुंभ प्रयागराज, उत्तप्रदेश में अपनी सुमधुर और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां से वहाँ उपस्थित दर्शकों को आनंदित और भाव विभोर कर दिया। लोक प्रयाग राजिम के संरक्षक डॉ विकास अग्रवाल ने बताया कि लोक प्रयाग की पूरी टीम ने लगातार 7 दिनों तक महाकुंभ प्रयागराज के सेक्टर 6 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तैयार किये गए छत्तीसगढ़ पवेलियन में छत्तीसगढ़ की सभी सांस्कृतिक परंपरा, रीति रिवाज, पर्व, लोक गीत, लोक नृत्य, करमा, ददरिया के साथ छत्तीसगढ़ की अनमोल सांस्कृतिक धरोहरों का मंचीय प्रस्तुति दी गयी, जिसे वहाँ उपस्थित दर्शकों के साथ साथ ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों द्वारा भी खूब प्रसंशा की गई।

टीम द्वारा प्रस्तुत किये गए देशभक्ति गीत और भजनों ने पूरे पंडाल को देशभक्ति और आध्यत्मिक रंग में रंग दिया। लोक प्रयाग राजिम की प्रस्तुति के दौरान पूरे 7 दिवस पूरा पंडाल दर्शकों से भरा रहा। वहाँ पहुंचे श्रद्धालु अपने मोबाइल में इन पलों को कैद करते रहे। लोक प्रयाग राजिम को छत्तीसगढ़ शासन के छत्तीसगढ़ संस्कृति व राजभाषा विभाग, नवा रायपुर के द्वारा महाकुंभ प्रयागराज में 25 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रस्तुति हेतु निर्देशित किया गया था।

# बागबाहरा में जनपद सदस्य हेतु 130 लोगों ने किया नामांकन दाखिल

**बागबाहरा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के 25 जनपद सदस्य पदों के लिए कुल 130 ग्रामीणों ने नामांकन पत्र जमा किया है। जिनका आज गुरुवार को नामांकन पत्र वापस लेने का अंतिम दिवस है। इसके पश्चात प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया जाएगा।

बागबाहरा के रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम उमेश कुमार साहू ने बताया कि बागबाहरा जनपद पंचायत में कुल 25 जनपद सदस्य क्षेत्र है। जिनके लिए ग्रामीण क्षेत्र के कुल 130 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन पत्रों की जाँच पड़ताल के बाद जनपद सदस्य क्रमांक 01 हाडाबंद क्षेत्र से टिकेश्वरी साहू, कमल नारायण साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, चोखे लाल सिन्हा, चंद्रकला साहू, मनोज चंद्राकर, चंदू लाल, क्षेत्र क्रमांक 2 खल्लारी से भूमिका चंद्राकर, सरिता गोष्वामी, भूमिका सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक 03 खुसरुपाली से ललित कुमार दीवान, भूपेंद्र कुमार दीवान, बेनू राम दीवान, शत्रुहन दीवान, जीवन लाल दीवान, क्षेत्र क्रमांक 4 सुखरीडबरी से मोहन लाल साहू, भुवन लाल साहू, भारत सिंह ध्रुव, समीर चंद्राकर, बालकृष्ण चंद्राकर, किशुन लाल पाटले, चिन्मय चंद्राकर, केशव नायक राम चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 05 तेंदूकोना से धनंजय साहू, राजेंद्र चंद्राकर, टेनू राम चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 06 सम्हर से तारेश्वरी पटेल, जाह्नवी नायक, क्षेत्र क्रमांक 07 गांजर से पूरन बाई सिन्हा, गरिमा चंद्राकर, धनेश्वरी दीवान, क्षेत्र क्रमांक 08 बिहाझर से ईश्वर मारकंडेय, नवल कुमार गायकवाड़, नरोत्तम जगत, तरुण व्यवहार, मोहन भारद्वाज, संतलाल सुरमणी, चोवा राम मरकाम, टिकेश्वर कुम्हार, मुकेश कुमार टंडन, पवन कुमार, क्षेत्र क्रमांक 09 बीके बाहरा से जिरऊ राम बरिहा, पूरणों सांवरा, नेपाल ठाकुर, बलराम ध्रुव, माखन सांवरा, थानसिंह दीवान, गोपाल राम, क्षेत्र क्रमांक 10 मामाभांचा से अश्वनी दीवान, आमनी साहू, वेदा साहू, विगेश्वरी साहू, विजय लक्ष्मी साहू, कुंती साहू, धनेश्वरी साहू, क्षेत्र क्रमांक 11 तुसदा से जमुना दीवान, ललिता ध्रुव, चांदनी दीवान, दिव्या दीवान, क्षेत्र क्रमांक 12 खम्हरिया से फूल कुंवर ठाकुर, नीलम ठाकुर, पार्वती ठाकुर, जामीन ठाकुर, महेश्वरी ध्रुव, क्षेत्र क्रमांक 13 बोकरामुड़ाकला से मानबाई मांझी, कमलेश्वरी ध्रुव, क्षेत्र क्रमांक 14 घूंचापाली से कुसुम चंद्राकर, प्रेमलता पटेल, दीपिका यादव, माधुरी साहू, मधुलिता चंद्राकर, रेशम साहू, क्षेत्र क्रमांक 15 कसहीबाहरा मौलीमुड़ा से इंद्रा बंजारे, जयंती जगत, रेणुका मरकाम, सती बाई निराला, संतोषी टंडन, क्षेत्र क्रमांक 16 कोमाखान से चेतना व्यवहार, देवकी गायकवाड़, प्रतिभा निराला, क्षेत्र क्रमांक 17 मुनगासेर से पारसमल सांखला, रविशंकर चंद्राकर, भगवानी बरिहा, नारायण पटेल, टीकू चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 18 डोंगरगांव से गीता दीवान, हेमलाल दीवान, अरुण ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 19 देवरी से राहुल चंद्राकर, कमलेश साहू, राजा राम साहू, राकेश कुमार चक्रधारी, क्षेत्र क्रमांक 20 सिवनीकला से जितेश्वरी साहू, गीतांजलि उपाध्याय, सावित्री साहू, सीमा शर्मा, ममता साहू, रुखमणी साहू, छांया दुबे, क्षेत्र क्रमांक 21 कसेकेरा से पूर्णिमा साहू, चांदनी पटेल, कल्पना यादव, पूजा साहू, कल्पना पांडे, क्षेत्र क्रमांक 22 हाथीबाहरा क्षेत्र से लालाराम मांझी, विद्याधर सोनी, रायसिंग, तुलाराम ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 23 भलेसर से भगवती ठाकुर, नीलेंद्री मांझी, क्षेत्र क्रमांक 24 बिंद्रावन से सरिता त्रिपाठी, लता कुमारी, दुलारी देवी राणा, फूलेश्वरी राणा एवं क्षेत्र क्रमांक 25 नर्रा से किरण यदु, लोचन राम पटेल, उमेश कुमार जैन, देवेंद्र कुमार दिवाकर, पूरन लाल पटेल, पतिराम साहू, गोपाल किशन पटेल, कांशी राम यादव, रंजीत चक्रधारी, मोतीराम पटेल, किशोर कुमार चतुर्वेदी, मेघनाथ यादव, आदि ने नामांकन पत्र दाखिल कर अपनी किस्मत आजमां रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्याशियों का प्रचार प्रसार अभी से शुरु हो गया है।




- नामांकन फॉर्म लेने का आज अंतिम दिवस
- क्षेत्र क्रमांक 25 नर्रा से 13 लोगों ने किया नामांकन दाखिल